वाराणसी, बुधवार, 14 दिसम्बर, 2022

पौष मास, कृष्ण पक्ष 6, वर्ष 11, अंक 306, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अंदर- सारी दिशाएं हमें अविश्वास से देख रहीं



अंदर- बांग्लादेश के खिलाफ पहले ही टेस्ट में द्रविड़ का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं विराट

# यूपी नगर निगम चुनाव में फंसा पेंच

## ओबीसी आरक्षण लागू करने में ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया का पालन न करने का आरोप

**लखनऊ।** यूपी नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना पर हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच द्वारा सोमवार को लगाई गई रोक फिलहाल बुधवार यानि 14 दिसम्बर तक जारी रहेगी। राज्य सरकार पर ओबीसी आरक्षण लागू करने में ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया का पालन न करने का आरोप लगाते हुए दाखिल जनहित याचिका पर न्यायमूर्ति डीके उपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने यह आदेश दिया है। आज हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाब देने के लिए एक दिन का और समय देने की मांग की गई थी जिसे न्यायालय ने मंजूर कर लिया। ट्रिपल टेस्ट जिसके चक्कर में इस साल अक्टूबर में पटना हाईकोर्ट ने बिहार के नगर निकाय चुनाव पर भी रोक लगा दी थी तब बीजेपी ने नीतीश सरकार को काफी घेरा था, लेकिन अब यूपी की योगी सरकार भी इसी ट्रिपल टेस्ट के फेर में है। यहां भी ओबीसी आरक्षण में यह प्रक्रिया न अपनाए जाने को लेकर चुनाव की तारीखों के ऐलान में पेंच फंस गया है। हालांकि बुधवार को सुनवाई के बाद इस पर फैसला आने की उम्मीद है।

**हाईकोर्ट की रोक**

**राज्य सरकार की ओर से जवाब देने के लिए एक दिन का और समय देने की मांग**

**बिहार में भी निर्वाचन आयोग के द्वारा निकाय चुनाव में आरक्षण को लेकर लगाई थी रोक**



बिहार में निकाय चुनाव 2022 का पूरा कार्यक्रम तय कर दिया गया था। मतदान की तारीखों का ऐलान भी हो गया था। इसके मुताबिक 10 और 20 अक्टूबर को मतदान होना था। लेकिन इससे चंद दिन पहले पटना हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के सुझाव के बाद निर्वाचन आयोग के द्वारा निकाय चुनाव में आरक्षण को लेकर लिये गये फैसले पर आपत्ति जता दी। हाईकोर्ट ने इसे सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश की अवहेलना बताया। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद चुनाव पर रोक लगा दी गई। बताया जाता है कि आरक्षण को लेकर जब सरकार का फैसला सामने आया था तो कई प्रत्याशियों को निराशा हाथ लगी थी। उनकी तैयारी वाली सीटें आरक्षित/अतिपिछड़ा श्रेणी में चले जाने के चलते वे अचानक रेस से बाहर हो गए थे।

यूपी में भी नगर निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण लागू करने में प्रक्रिया का पालन न करने का आरोप राज्य सरकार पर लगाते हुए जनहित याचिका दाखिल की गई है। इसी याचिका पर सुनवाई करते हुए सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रदेश के नगर निकाय चुनावों में आरक्षण की अधिसूचना पर मंगलवार तक के लिए रोक लगा दी थी। मंगलवार को इस मामले पर फिर से सुनवाई हुई जिसमें राज्य सरकार ने जवाब देने के लिए एक दिन का और समय देने की मांग की जिसे न्यायालय ने स्वीकार कर लिया। अब बुधवार को इस मामले में फैसला आने की सम्भावना है। सोमवार को जारी आदेश में न्यायालय कहा था कि प्रथम दृष्टया हमें लगता है कि यदि राज्य सरकार सर्वोच्च न्यायालय द्वारा तय की गई प्रक्रिया को अपनाने की मंशा रखती तो 5 दिसम्बर को जारी ड्राफ्ट नोटिफिकेशन में ओबीसी सीटों को शामिल नहीं किया जाता क्योंकि ओबीसी सीटों को तभी अधिसूचित किया जा सकता है जब ट्रिपल टेस्ट औपचारिकता को पूरा कर लिया जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति देवेन्द्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव की खंडपीठ ने वैभव पांडेय की याचिका पर पारित किया। न्यायालय ने अधिसूचना के साथ-साथ नोटिफिकेशन पर भी रोक लगा दी।

**क्या है ट्रिपल टेस्ट**

सुप्रीम कोर्ट ने सुरेश महाजन मामले में आदेश दिया था कि ट्रिपल टेस्ट के तहत स्थानीय निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण दिए जाने के लिए एक आयोग का गठन किया जाएगा जो निकायों में पिछड़ेपन की प्रकृति की जांच करेगा, तत्पश्चात ओबीसी के लिए आरक्षित सीटों को प्रस्तावित करेगा तथा सुनिश्चित करेगा कि आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक न हो। ओबीसी आरक्षण में आई हैं सर्वाधिक आपत्तियां महापौर और अध्यक्ष सीटों और वार्डों के आरक्षण की जारी अनंतिम अधिसूचना पर सबसे अधिक आपत्तियां पिछड़ी जाति को लेकर आई है। आरक्षण पर आपत्ति व सुझाव देने के अंतिम दिन सोमवार को अधिकारी पूरे दिन आपत्तियों को श्रेणीवार छांटने में जुटे रहे।

## सुप्रीम कोर्ट जज के लिए पांच न्यायाधीशों के नाम की सिफारिश



**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने मंगलवार को शीर्ष कोर्ट के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए हाईकोर्ट के पांच न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश की। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किए जाने की सिफारिश करने वाले पांच न्यायाधीशों में न्यायमूर्ति पंकज मिथल (राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश), न्यायमूर्ति संजय करोल (पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश), न्यायमूर्ति पीवी संजय कुमार (मणिपुर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश), अहसानुद्दीन अमानुल्लाह (पटना हाईकोर्ट के न्यायाधीश) और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा (इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश) न्यायमूर्ति शामिल हैं।




## शरद पवार को मिली जान से मारने की धमकी देने वाला शख्स बिहार का

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार को जान से मारने की धमकी मिली है. जानकारी के मुताबिक मंगलवार को एक अज्ञात शख्स ने पवार के घर सिल्वर ओक पर फोन कर पवार को मारने की धमकी दी और कहा कि वो मुंबई आकार देसी कट्टे से उन्हें जान से मार देगा. सूत्रों ने बताया की फोन करने वाले शख्स ने हिंदी में धमकी दी। शरद पवार के बंगले पर तैनात पुलिस ऑपरेटर की शिकायत पर गामदेवी पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है. आपको बता दें कि सोमवार 12 दिसंबर को राकांपा अध्यक्ष पवार का जन्म दिन था और मंगलवार को उन्हें जान से मारने की धमकी मिलने से खलबली मच गई है. पुलिस ने मामले को काफी गंभीरता से लिया है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक शरद पवार को धमकी देने वाला शख्स हिंदी में बात कर रहा था. वह कह रहा था कि देशी कट्टे से वह उन्हें जान से मार देगा. लेकिन जान से मारने की धमकी देने की वजह सामने नहीं आई है. फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 294 506 (2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# सैन्य झड़प पर सरकार व विपक्ष आमने-सामने


## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को घटना वाली जगह पर ले जाने की मांग

**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन के साथ हुई सैन्य झड़प पर हंगामा बरपा हुआ है। विपक्ष की मांग पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद में बयान देकर देश को स्थिति से अवगत कराया। लेकिन इसके बाद भी मोदी सरकार पर विपक्षी नेताओं के हमले कम नहीं हो रहे हैं। विरोध दलों के नेता मोदी सरकार पर चीन के सामने घुटने टेकने और देश की संप्रभुता की रक्षा में असलफ रहने का आरोप लगा रहे हैं। इस बीच ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुसलमीन (एआईएमआईएम) के मुखिया और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को एलएसी पर उस जगह ले जाने की मांग की है जहां भारत और चीन की सेनाओं के बीच ताजा झड़प हुई है।

**तवांग मामला**

**झड़प पर आई चीन की प्रतिक्रिया - चीन ने कहा स्थिति अब नियंत्रण में है**

उधर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी सरकार के रुख पर सवाल उठाकर कहा कि रक्षा मंत्री बयान पढ़कर चले गए। सरकार हमारे सवालों से बच रही है। उन्होंने कहा राज्यसभा में सत्ता पक्ष के नेता पीयूष गोयल और सदन के उप-सभापति ने हमें स्पष्टीकरण मांगने का मौका दिए जाने का भरोसा दिलाया था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वहां हमें सुनने को तैयार ही नहीं हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा यह देश के लिए उचित नहीं है। आखिर वहां हमें स्पष्टीकरण क्यों नहीं दे रहे हैं। सभी विपक्षी नेताओं ने सदन से वॉकआउट करने का निर्णय लिया है। हम अपने देश की एकता और अखंडता के लिए एकजुट हैं और अपने सैनिकों के साथ हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने बीजेपी नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी फाउंडेशन को चीन से मिली फंडिंग और फाउंडेशन का एफसीआएर लाइसेंस कैंसल होने का इस मुद्दे से कोई लेनादेना नहीं है। उन्होंने कहा अगर हम दोषी हैं तब हमें फांसी पर लटका दो। इस बीच बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बेहद सधी प्रतिक्रिया देकर कहा कि भारतीय सेना पर पूरा भरोसा है कि वह हमारी सीमाओं को सुरक्षित रखेगी।



वहीं ओवैसी ने कहा कि मोदी सरकार चीन की अतिक्रमणकारी नीतियों पर पदेर्दारी कर रही है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री राजनीतिक नेतृत्व के मामले में नाकाम साबित हो रहे हैं। 9 तारीख को ये झड़प होती है और आप संसद में आज बताते हैं। अगर मीडिया इस पर बात नहीं करती तब फिर आप तब खामोश बैठ जाते। ये सब इनकी नाकामी है। उन्होंने मोदी सरकार से विपक्षी नेताओं के प्रतिनिधिमंडल को एलएसी पर ले जाने की मांग की। ओवैसी बोले आप हम सभी को उस जगह पर लेकर जाइए। वहीं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ओवैसी के बयान पर नाराजगी जाहिर की है। धामी ने कहा कुछ लोग देश की सेना की वीरता पर हमेशा सवाल उठाते रहे हैं। इन लोगों के लिए देश से ज्यादा अपनी राजनीति जरूरी है इसलिए मैं इसतरह के लोगों पर ज्यादा टिप्पणी नहीं करूंगा।

## यूपी में नगर पंचायतों का कार्यकाल समाप्त

**लखनऊ।** नगर निकाय चुनाव में हो रही देरी को देखते हुए शासन ने निकायों के संचालन की व्यवस्था प्रशासकों में हाथ में देने का फैसला किया है। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया है।

शासनादेश में कहा गया है कि 12 दिसंबर के बाद जिन निकायों का कार्यकाल खत्म होता जा रहा है उन निकायों के प्रबंधन की व्यवस्था नगर आयुक्त या अधिशासी अधिकारी संभालेंगे। बता दें कि नगर निकाय निगम अधिनियम के मुताबिक निकायों के गठन के बाद महापौर अध्यक्ष का कार्यकाल 5 साल का होता है। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद निकायों के कार्यकाल की गणना बोर्ड की पहली बैठक के दिन से होती है। इस प्रकार तमाम ऐसे निकाय है। जिनका कार्यकाल 12 दिसंबर से ही खत्म होना शुरू हो चुका है। उधर निकाय चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने और नगर निकायों के गठन होने में अभी कम से कम एक महीने से अधिक का समय लग सकता है। ऐसे में नगर निकायों का कार्य प्रभावित न होने पाए इसलिए शासन ने सभी डीएम को उन निकायों प्रशासक नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं, जिन निकायों में महापौर या अध्यक्ष का कार्यकाल खत्म हो गया है।

**शासनादेश जारी**


**शासन ने निकायों के संचालन की व्यवस्था प्रशासकों को सौंपी**

# सेना ने चीनियों को दिया मुंहतोड़ जवाब

## लोकसभा में हंगामे के बीचे बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश में भारत और चीनी सैनिकों के बीच हुई झड़प को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार (13 दिसंबर 2022) को लोकसभा में बयान दिया। रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि हमारे किसी सैनिक की मृत्यु नहीं हुई है, न ही कोई गंभीर रूप से घायल हुआ है। इससे पहले राजनाथ सिंह ने इस मसले पर अपने आवास पर बैठक बुलाई थी। इस हाई लेवल बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर, सीडीएस लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख, एनएसए अजीत डोभाल समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी संसद स्थित अपने दफ्तर में तवांग में हुई भारत-चीन झड़प पर वरिष्ठ मंत्रियों के साथ मीटिंग की।

अरुणाचल प्रदेश के तवांग में चीनी सेना से झड़प के मसले पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दोपहर 12 बजे लोकसभा में लिखित बयान पढ़ा।



**बयान**

**हमारे किसी सैनिक की मृत्यु नहीं, न ही कोई गंभीर रूप से घायल**

उन्होंने कहा, 9 दिसंबर को तवांग सेक्टर के यांग्त्से क्षेत्र में पीएलए के सैनिकों ने अतिक्रमण किया और यथास्थिति को बदलने का प्रयास किया। इस प्रयास का हमारे सैनिकों ने दृढ़ तरीके से सामना किया। हमारे सैनिकों ने बहादुरी से पीएलए को हमारे क्षेत्र में अतिक्रमण करने से रोका और उन्हें अपनी पोस्ट पर वापस जाने के लिए मजबूर किया। लोकसभा में रक्षा मंत्री ने कहा कि इस मामले को राजनयिक माध्यमों से चीन के साथ भी उठाया गया है। मैं सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमारी सेनाएं हमारी सीमाओं की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं और इसे चुनौती देने के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए तैयार हैं। राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि इस आमने-सामने की लड़ाई में दोनों पक्षों के कुछ सैनिकों को चोटें आईं। मैं इस सदन को बताना चाहता हूं कि हमारे किसी भी सैनिक की मृत्यु नहीं हुई या उसे कोई गंभीर चोट नहीं आई। भारतीय सैन्य कमांडरों के समय पर हस्तक्षेप के कारण, पीएलए सैनिक अपने स्थान पर पीछे हट गए हैं। कहा कि इस घटना के पश्चात क्षेत्र के स्थानीय कमांडर ने 11 दिसंबर 2022 को अपने चीनी समकक्ष के साथ स्थापित व्यवस्था के तहत एक फ्लैग मीटिंग की और इस घटना पर चर्चा की।

# गोंड को एसटी में शामिल करने का बिल सदन में पेश

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में गोंड समुदाय को अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में शामिल करने के लिए एक विधेयक पेश किया। आदिवासी मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने लंच ब्रेक के बाद अपराह्न 2 बजे ऊपरी सदन के फिर से शुरू होने पर विधेयक पेश प्रस्ताव पेश किया। संविधान (अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति) आदेश (दूसरा संशोधन) बिल, 2022 इस साल अप्रैल में लोकसभा से पारित हो चुका है। बिल संविधान (अनुसूचित जनजाति) (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967 (एसटी आदेश) और संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 (एससी आदेश) को उत्तर प्रदेश में इसके आवेदन के संबंध में संशोधित करने के लिए है।

यह उत्तर प्रदेश के चार जिलों- चंदौली, कुशीनगर, संत कबीर नगर, और संत रविदास नगर में गोंड समुदाय को अनुसूचित जाति के रूप में अनुसूचित जाति के आदेश में संशोधन करने वाला है। कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने बिल का समर्थन किया, लेकिन हैरानी जताई कि प्रस्तावित कानून के दायरे से अन्य समुदायों को क्यों बाहर रखा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता में आती है तो देश में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के खिलाफ अत्याचार बढ़ जाते हैं।

**विधेयक**

**लोकसभा से मिल चुकी है मंजूरी, कांग्रेस ने किया समर्थन, सरकार पर लगाया आरोप**

**तृणमूल कांग्रेस ने भी किया समर्थन, उठाए सवाल, विपक्ष ने सरकार को दिया सुझाव**

तृणमूल कांग्रेस के शांतनु सेन ने कहा कि मैं इस बिल का समर्थन करता हूं, लेकिन मैं इस सरकार द्वारा एससी और एसटी के कल्याण के नाम पर किए जाने वाले प्रतीकवाद का विरोध करता हूं। उन्होंने सरकार को सुझाव दिया कि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए घड़ियाली आंसू बहाने के बजाय वास्तव में देश के पिछड़े समुदायों की भलाई के लिए सकारात्मक सोचने का प्रयास करें। सेन ने कहा कि सरकार को अलग-अलग बिल लाने के बजाय अलग-अलग राज्यों में कुछ अन्य समुदायों को शामिल करने के लिए व्यापक उपाय करने चाहिए थे। सदन में विपक्षी सदस्यों ने पार्टी लाइन से हटकर प्रस्तावित कानून का समर्थन किया लेकिन अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की श्रेणियों में अधिक समुदायों को शामिल करने का आह्वान किया। बीजद के निरंजन बिशी, वाईएसआरसीपी के सुभाष चंद्र बोस पिल्ली और सीपीआई (एम) के वी शिवदासन ने विधेयक का समर्थन किया। वहीं बसपा के रामजी ने भी बिल का समर्थन किया लेकिन दावा किया कि देश में आदिवासियों के खिलाफ अत्याचार बढ़ गए हैं।



# 2025 का चुनाव तेजस्वी के नेतृत्व में : नीतीश

## विधायक दल की बैठक में बोले मुख्यमंत्री, कहा-2024 में भाजपा को हटाना है लक्ष्य

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यू के नेता नीतीश कुमार ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के नेता और राज्य के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव 2025 में महागठबंधन का नेतृत्व करेंगे। बिहार में महागठबंधन विधायक दल की बैठक में सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि न तो मुझे प्रधानमंत्री बनना है और न ही मैं मुख्यमंत्री बनना चाहता हूं। उनका एकमात्र लक्ष्य भाजपा को हराना है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि 2025 में महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव ही होंगे। मंगलवार को शुरू हुए विधानसभा के शीतकालीन सत्र से ठीक पहले सीएम नीतीश कुमार ने हुई बैठक में यह बात कही। इस बैठक में महागठबंधन के सभी सातों दलों के नेता मौजूद रहे।

**सियासत**

**तेजस्वी यादव बोले- हमारी लड़ाई संघ की विचारधारा से है**

**राजद के नेता ने कहा-कुछ लोग बिहार से नफरत करते हैं**

सीएम ने बताया कि वह अगले चुनाव में महागठबंधन के नेता नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा, 2024 में भाजपा को हटाना है और 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के नेतृत्व के लिए तेजस्वी यादव को आगे करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगे तेजस्वी यादव ही गठबंधन के लिए काम करेंगे। वह जो करेंगे अच्छा करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग आपस में लड़ाते हैं, लेकिन हमें लड़ना नहीं है। इससे बचना है।



इससे पहले सोमवार को नालंदा में एक कार्यक्रम के दौरान बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा, आने वाले दिनों में राजनीतिक लड़ाई नागपुर और नालंदा के बीच होगी। कहा कि नागपुर आरएसएस का मुख्यालय है और नालंदा प्राचीन शिक्षा का एक बड़ा केंद्र है। उन्होंने कहा, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि नालंदा वह भूमि रही है जहां विश्व का पहला विश्वविद्यालय अस्तित्व में आया। आने वाले दिनों में राजनीतिक लड़ाई नालंदा और नागपुर के बीच होगी। आप सभी जानते हैं कि कैसे नागपुर वाले समाज में तनाव पैदा करने की कोशिश करते हैं, एक समुदाय को दूसरे समुदाय के खिलाफ खड़ा करते हैं। कहा कि हमारी लड़ाई संघ की विचारधारा से है।

राष्ट्रीय जनता दल के नेता ने बिना किसी का नाम लिये कहा, हमारे मुख्यमंत्री बिहार के लिए विशेष श्रेणी के दर्जे की मांग करते रहे। हम मांग को दोहराते रहे। लेकिन हमें कुछ नहीं मिला। कुछ लोग बिहार से नफरत करने लगते हैं। वे नहीं चाहते हैं कि बिहार का विकास हो। महागठबंधन की बैठक पर राष्ट्रीय जनता दल के नेता ऋषि कुमार ने कहा कि हमने अपनी राजनीतिक रणनीति पर बैठक की थी। उन्होंने (नीतीश कुमार) कहा कि वह आने वाले समय में सीएम नहीं बनना चाहते हैं। ऐसे में दूसरे नंबर के नेता हैं तेजस्वी यादव। अगर सीएम पद पर नहीं बने रहना चाहते हैं तो दूसरे मेन इन कमांड उनकी जगह लेंगे।

## केंद्रीय कर्मचारियों को वित्त मंत्रालय का तगड़ा झटका

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने केंद्रीय कर्मचारियों को झटका दिया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि महंगाई भत्ते के 18 माह का बकाया नहीं मिलेगा। कोरोना काल में केंद्रीय कर्मचारियों को छमाही आधार पर मिलने वाले महंगाई भत्ता और पेंशनभोगियों के महंगाई राहत पर रोक लगा दी गई थी। केंद्रीय कर्मचारी और पेंशनर्स सरकार से लगातार कोरोना काल के दौरान बंद किए गए डीए में बढ़ोतरी को देने की मांग कर रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर कर्मचारी संगठनों का वित्त मंत्रालय और संबंधित विभागों के अधिकारियों के बीच कई दौर की बातचीत हो चुकी है।

**नहीं मिलेगा 18 माह का बकाया**

## संप्रग सरकार ने लिया था सीएसआर कोष सरकारी राहत कोष में देने का फैसला


**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि 2013 में तत्कालीन संप्रग सरकार ने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कोष केंद्र सरकार के विभिन्न राहत कोषों के लिए मुहैया कराने का निर्णय लिया था। वित्त मंत्री प्रश्नकाल के दौरान मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) सदस्य वी शिवदासन के एक पूरक सवाल का जवाब दे रही थीं कि सीएसआर कोष राज्यों में मुख्यमंत्रियों के राहत कोष में क्यों नहीं दिया जा सकता है।



उन्होंने कहा कि शिवदासन ने सवाल किया था कि सीएसआर कोष केंद्र सरकार की कुछ योजनाओं को दिया जा सकता है जबकि यह मुख्यमंत्रियों के राहत कोष में नहीं दिया जा सकता है। उन्होंने कहा 2013 में तत्कालीन सरकार ने यह तय किया था। इससे पहले कॉरपोरेट मामलों के मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने सीएसआर कोष से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा कि किसी कंपनी का बोर्ड फैसला करता है कि सीएसआर कोष फंड को किन गतिविधियों पर खर्च किया जाना है। कंपनी कानून 2013 के तहत सामाजिक कल्याण गतिविधियों में सीएसआर परियोजनाओं के लिए खर्च अनिवार्य है एवं कंपनियों को अपने मुनाफे का कम से कम दो प्रतिशत सीएसआर के तहत खर्च करना जरूरी है।

## संक्षेप

### ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ चला अभियान



**वाराणसी।** ट्रैफिक विभाग ने मंगलवार की शाम ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान ब्रेथ एनलाइजर से वाहन चालकों की जांच की गयी कि वो नशे में ड्राइव तो नहीं कर रहे हैं। इस दौरान कई पीकर वाहन चलाते पकड़े गये जिनके खिलाफ चालान की कार्रवाई की गयी। एडीसीपी डीके पूरे ने बताया कि ये अभियान शाम पांच बजे से 7.30 बजे तक चला। इस दौरान बाइक, कार समेत अन्य वाहन चालकों की जांच की गयी। जगह-जगह चले इस अभियान के दौरान लोगों को शराब पीकर वाहन नहीं चलाने का सख्त निर्देश दिया गया और पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहने को कहा गया।

### सब्जी खरीदारी के दौरान मोबाइल गायब

**वाराणसी।** लालपुर पांडेयपुर थाना क्षेत्र के लालपुर रोड पर मंगलवार की देर शाम सब्जी खरीद रही महिला का मोबाइल उचक्कों ने उड़ा दिया। पुलिस लाइन निवासी वर्तमान में एसीपी कैन्ट के यहां तैनात जय बहादुर सिंह की पत्नी गायत्री सिंह सब्जी खरीद रही थीं। उसी दौरान उचक्कों ने मौका देख उनकी मोबाइल गायब कर दिया। कुछ देर बाद ध्यान आया तो महिला ने मोबाइल खोजना शुरू किया। लेकिन कहीं पता नहीं चल सका और कुछ देर बाद मोबाइल फोन स्विच ऑफ हो गया। सूचना पर पहुंची पांडेयपुर पुलिस सीसी कैमरे की मदद से उचक्कों की तलाश में जुट गई है।

### हत्या का साक्ष्य छिपाने वाला गिरफ्तार

**लोहता।** लोहता थाना क्षेत्र में 10 दिसम्बर शनिवार को महमूदपुर तकिया मोहल्ले में क्रिकेट खेलने के दौरान 16 वर्षिय किशोर हुसैन की छूरी से हत्या करने वाले बाल अपचारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया वहीं इस हत्याकांड में साक्ष्य छिपाने वाले सह अभियुक्त सईद उल हक को भी पुलिस ने दबोचा। थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने बताया कि हत्या काण्ड में विवेचना के दौरान सईद उल हक का नाम प्रकाश में आया। सईद उलहक ने मृतक के खून से सने कपड़े को किरोशीन के तेल से जलाया था और हत्या में प्रयुक्त लोहे की छूरी को छिपाया था। मंगलवार को मुखबीर की सूचना पर धमरिया पुल से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये जेल भेज दिया गया।

### घर से निकली किशोरी लापता

**तरना।** शिवपुर थाना क्षेत्र की लक्ष्मणपुर निवासी 17 वर्षीय किशोरी लापता हो गई, किशोरी के पिता के अनुसार शनिवार को सायंकाल लगभग 7 बजे बिना बताए घर से निकली और लौटकर नहीं आई। काफी खोजबीन करने के बाद किशोरी के पिता ने शिवपुर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराया।

### बाइकों में आमने-सामने टक्कर, दो घायल

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र रूपापुर गांव स्थित ओवरब्रिज के पास हाइवे की सर्विस लेन पर सोमवार की रात दो बाइकों में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में गौर (बरमपर) गांव निवासी प्रवेश उपाध्याय उर्फ मुकुंद व गुड़िया गांव निवासी कन्हैयालाल नामक बाइक सवार घायल हो गए।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भेजा।

### महिला से छेड़खानी करने वाले दो मनचले गिरफ्तार

**लोहता।** सड़क पर खड़ा होकर फिल्मी स्टाइल में आने जाने वाली युवतियों को देख कर फब्तियां कसने पर दो युवकों को लोहता पुलिस ने धर दबोचा। लोहता बाजार के धमरिया पुल के पास आने जाने वाली युवतियों से अभद्र ब्यवहार व फब्तियां कसने पर जितेंद्र प्रसाद 26 वर्ष, जीउत लाल 28 वर्ष निवासी भट्टी लोहता को थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने गिरफ्तार करते हुए धारा 294 के तहत जेल भेज दिया।

### महिला से छेड़खानी करने वाला गया जेल

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के कछवांरोड चौकी क्षेत्र स्थित एक गांव निवासी महिला के घर में घूसकर उसके साथ जबरदस्ती संबन्ध बनाने का प्रयास करने वाले आरोपी को पुलिस ने शांति भंग में चालान किया। महिला के पति का आरोप है कि गांव के ही संतलाल यादव ने उसकी पत्नि के साथ जबरन संबन्ध बनाने का प्रयास किया। हालांकि पुलिस जांच में विवाद का मामला सामने आया। पुलिस ने संतलाल को शांति भंग में जेल भेजा।

### दो पक्षों में विवाद, मड़ई जली

**मिर्जामुराद।** बहेड़वा गांव में सोमवार की रात दो पक्षो में विवाद हो गया। आग से मड़ई भी जल गई। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर मड़ई फूंकने का आरोप लगाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्ष से श्रीगौड़, रामलाल, आकाश, जीवनाथ, दीपक व दूसरे पक्ष के प्यारे लाल दूबे को गिरफ्तार कर शांति भंग की आशंका में चालान किया।

### हादसे में घायल युवकों की हालत गंभीर

**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र के नुवाव इलाके में ओवरब्रिज के ऊपर डंफर में टकराने से घायलों दोनों युवकों की हालत गंभीर बनी हैं। दोनों का बीएचयू ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा हैं। दोनों मीरजापुर चुनार थाना के पचराव गांव के रहने वाले हैं। घायलों में शेरू 30 साल और सुनील 33 साल का हैं। शेरू की हालत काफी गंभीर है। दोनों डाफी से प्लबर का काम करके वापस लौट रहे थे। नुवाव ब्रिज पर आगे चल रहा डंफर चालक ने अचानक गाड़ी को रोक दिया और बाइक सहित डंफर में घुस गया।

### महिला के खाते से जालसाज ने रुपये उड़ाए

**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र के रश्मि नगर कॉलोनी में रहने वाली मधु तिवारी नामक महिला को जालसाज ने फोन कर ओटीपी प्राप्त कर खाते से 2.13 लाख निकला लिया। महिला की शिकायत पर लंका पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई। मधु का सेंट्रल बैंक भारतीय स्टेट और बदौड़ा बैंक में खाता हैं। जालसाज ने 19 अक्टूबर को फोन कर झासे में लिया और ओटीपी प्राप्त कर पैसा निकाला।

### युवक को मारपीट कर किया घायल

**मंडुवाडीह।** मंडुवाडीह क्षेत्र के चितईपुर चौराहे पर सोमवार की देर रात अभिषेक गुप्ता निवासी जानकी नगर कॉलोनी थाना भेलूपुर को कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। अभिषेक गुप्ता ने थाने पर दी गयी तहरीर में कहा कि सोमवार की देर रात वह अपने दोस्त के यहां से जन्मदिन समारोह से वापस लौट रहा था तभी चितईपुर चौराहे पर खड़े राहुल दुबे ने अपने 4-5 दोस्तों के साथ मिलकर उसे मारा पीटा। पुलिस ने राहुल तथा अज्ञात के खिलाफ धारा 323, 147 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही में जुट गयी।

### चाइनीज मंझे से युवक घायल

**वाराणसी।** चाइनीज मंझे से मंगलवार की शाम बाइक सवार सुमित सिंह 35 घायल हो गया। ककरमत्ता पुल पर चाइनीज मंझे की चपेट में आया गया। उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार फुलवरिया निवासी सुमित सिंह बाइक से किसी काम से लंका जा रहा था। ककरमत्ता पुल पर पहुंचा ही था कि मंझे की चपेट में आने से वह बाइक समेत गिर पड़ा।

### ट्रेन की चपेट में आयी महिला, मौत

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन पर मंगलवार को ट्रेन से उतरते समय पैर फिसलने से एक वृद्ध महिला के दोनों पैर कट गये, आरपीएफ ने ईलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार रांची भोजपुरी जिले के विशुनपुर निवासी 60 वर्षीय कांति देवी पत्नी उमेश सिंह रांची बनारस से वाराणसी आ रहीं थी। उक्त महिला के साथ उसकी बेटी व नाती भी था ट्रेन के कैंट स्टेशन पर रुकने के बाद महिला ट्रेन से उतरी लेकिन कुछ देर के बाद महिला वॉशरुम में लिए फिर ट्रेन में चढ़ गयी तब तक ट्रेन चल दी, घबराहट में महिला चलती ट्रेन से उतरने लगी कि उसका पैर ट्रेन के नीचे चला गया, ट्रेन में महिला के पैर फसता देख प्लेटफार्म पर हो हल्ला शुरू हो गया गार्ड को सूचना के बाद ट्रेन को रोकवाया गया। मौके पर पहुंची आरपीएफ की टीम ने महिला को बाहर निकाला इस हादसे में महिला के दोनों पैर कट चुके थे, इलाज के लिए उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**

**सूचना**

I,Tanveer Kaifi, S/o Mohd Arif, R/o B-18/87-A, Nagina Maidan, Rewdi Talab, Bhelupur, Varanasi - 221010 declares that in my High School Certificate & Marksheet my name is mentioned as Tanveer Kaifee whereas my actual name is Tanveer Kaifi. Both Tanveer Kaifi & Tanveer Kaifee are same person. I shall be known as Tanveer Kaifi for all future purposes

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**- प्राचार्य एवम् विधि प्रवक्ता स्वामी विवेकानंद लॉ कॉलेज दुनियापुर हरहुआ वाराणसी योग्यता/वेतनमान यूजीसी तथा बीसीआई मानक अनुसार। **संपर्क**- 9554888872, 9151669991

**आवश्यकता है**

निर्मल मूलचानी फार्मेसी कालेज नसीरपुर, हंसराजपुर गाजीपुर में एम0 फार्मा प्राचार्य एक पद (अनुभव पांच वर्ष) एम0 फार्मा उप प्राचार्य एक पद (अनुभव तीन वर्ष) एवं बी0 फार्मा प्रवक्ता तीन पद (अनुभव तीन वर्ष) की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान पी0 सी0 आई0 के मानक के अनुसार। योग्य अभ्यर्थी अपने शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र के साथ विज्ञापन प्रकाशन के तीन दिन के अंदर अपना आवेदन करें।

प्रबन्धक
मो0-9451753866

**आवश्यकता है**

दूधनाथ फार्मेसी कालेज मोलनापुर, जखनिया, गाजीपुर में एम0 फार्मा प्राचार्य एक पद (अनुभव पांच वर्ष) एम0 फार्मा उप प्राचार्य एक पद (अनुभव तीन वर्ष) एवं बी0 फार्मा प्रवक्ता तीन पद (अनुभव तीन वर्ष) की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान पी0 सी0 आई0 के मानक के अनुसार। योग्य अभ्यर्थी अपने शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र के साथ विज्ञापन प्रकाशन के तीन दिन के अंदर अपना आवेदन करें।

प्रबन्धक
मो0-8574168972

# सीपी ने दो थानों का किया निरीक्षण

**निर्देश**

विवेचनाओं के निस्तारण का आदेश

निरीक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों की समस्याओं को सुना और दिया सुझाव

थानेदारों को स्पष्ट संदेश लापरवाही पर कार्रवाई तय

जनसंदेश न्यूज




चौबेपुर में थाने का निरीक्षण करते सीपी

**चौबेपुर।** पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन ने मंगलवार को चौबेपुर थाना और सिंधोरा थाने का औचक निरीक्षण किया। यहां व्याप्त कमियों को दूर करने के साथ ही पुलिस कर्मियों की समस्याओं को दूर करने की बात कही। उन्होंने यहां पार्टिशन कर कमरों को जरूरतमंद पुलिस कर्मियों के परिवार को दिये जाने को कहा। सिंधोरा में निरीक्षण के दौरान डीसीपी गोमती जोन विक्रांतवीर भी साथ रहे। चौबेपुर थाने में सीपी ने अपराध रजिस्टर की जांच की। इस दौरान लंबित विवेचनाओं के बाबत थानेदार से पूछताछ की। थाना प्रभारी ने बताया किस करीब 200 विवेचना पेंडिंग था जिसे निपटाया जा रहा है। करीब 120 मामले अभी बचे है उन्हें भी जल्द ही निपटा लिया जायेगा।

सीपी ने ऐसे अपराधियों को दबोचने को निर्देश दिया जो अपराध के बाद फरार चल रहे है। अशोक मुथा जैन ने स्पष्ट कहा कि अगर कोई थानेदार काम में लापरवाही बरतेगा तो और इस बात की जानकारी उनतक पहुंची तो कार्रवाई के लिए तैयार रहे। इस दौरान 23 नवम्बर को चौबेपुर बाजार में लाठी डंडे से पीटकर हत्या करने वाले बदमाशों को एक सप्ताह के अंदर गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। इस मामले में पीड़ित का परिवार सीपी से मिला और अपनी व्यथा सुनाई। केवल ग्राम प्रधान को छोड़ बाकि सभी हत्यारोपी फरार है। सीपी ने उक्त परिवार को न्याय का भरोस दिया साथी थानेदार को इस मामले में गंभरता पूर्वक काम करने को कहा। वहीं निरीक्षण के दौरान सिंधोरा थाने की कार्यशैली संतोषजनक मिली।

## शादी में शामिल होना पड़ा भारी, हो गयी चोरी



चोरी के बाद बिखरा सामान

**तरना।** शिवपुर थाना क्षेत्र के कादीपुर निवासी ऑटो चालक के घर को चोर ने निशाना बनाया। परिवार जबलपुर शादी समारोह में गया था। इस बीच मौका पाकर चोर घर में घुसे और नकदी समेत करीब चार लाख के गहने पार कर दिया। भुक्तभोगी ने शिवपुर पुलिस को मामले से अवगत कराया। शीतला प्रसाद पांडेय कादीपुर खुर्द के निवासी हैं और ऑटो चालक हैं। सात दिसंबर को जबलपुर स्थित अपने ससुराल शादी समारोह में सम्मिलित होने गए थे। 10 दिसंबर को पुलिस से फोन पर सूचना मिली कि उनके घर में चोरी हो गई है। 11 तारीख को वापस आकर उन्होंने देखा की मेन गेट सहित घर के अन्य कमरों का ताला टूटा हुआ था और बक्से के अंदर रखे अटैची में से लगभग 3.5 लाख रुपये का गहना और चार हजार रुपया नगद चोरी हो गया था। घटना के संदर्भ में पीड़ित ने शिवपुर पुलिस को दिया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की तफ्तीश कर रही है।

# बेटी से रेप के आरोपी पिता को आजीवन कारावास

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** नौ साल की बेटी से रेप के आरोपी पिता को विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) अनुतोष कुमार शर्मा की अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही 51 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया। अदालत में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक मधुकर उपाध्याय ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार लंका थाना क्षेत्र की रहने वाली वादिनी ने लंका थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उसे चार पुत्र व एक पुत्री है और वह लोगों के घरों में चौका-बर्तन करने का काम करती है। आरोप था कि उसके पति उसके काम पर जाने के बाद उसकी पुत्री के साथ गलत काम करते थे और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देते थे। जब उसकी पुत्री ने उसे रोते-बिलखते अपनी आपबीती सुनाई तो उसने अपने पति से विरोध किया तो वह आगबबूला हो गया। जिसके बाद उसके पति ने उसे व उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी देने लगे। जिससे डरकर वादिनी ने अपनी पुत्री को अपने मायके अपने मां-बाप के पास भेज दिया। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजने के साथ ही पीड़िता का मेडिकल मुआयना व अदालत में कलम बंद बयान दर्ज कराया था।


### रिश्ता टूटने के बाद मेल मिलाप पड़ा भारी

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र अंतर्गत रिंग सेरेमनी के बाद किसी बात को लेकर रिश्ता टूट गया और युवक की शादी कहीं और हो गयी। लेकिन जिस लड़की से रिंग सेरेमनी हुई थी उससे बातचीत का दौर जारी था। रविवार की रात युवती से मिलने पहुंचा युवक को लड़की के घर वालों ने दबोच लिया और उसे थाने लेकर आये। यहां घंटो चली पंचायत के बाद दोनों पक्षों में सुलह समझौता हुआ। जानकारी के अनुसार ज्ञानपुर नहर किनारे पड़ने वाले एक गांव निवासी युवक की शादी कछवांरोड पुलिस चौकी अंतर्गत पड़ने वाले एक गांव निवासिनी युवती से तय हुई। दोनों के बीच रिंग सेरेमनी का रस्म भी हुई। इसके बाद रिश्ता टूट गया और शादी की निर्धारित तिथि पर युवक की शादी हो गयी। इसके बाद भी युवक उक्त युवती से फोन पर सम्पर्क में रहा। युवक उक्त युवती को मिलने के लिए लंका थाना क्षेत्र में किसी जगह बुलाया। युवती उक्त स्थान पर पहुंचने के बाद घरवालों को सूचना दे दी। घरवाले दोनों को लेकर मिर्जामुराद थाने आ गए। पंचायत में रिश्ता तोड़ने के बाद भी फोन से युवती के सम्पर्क में रहने के कारण युवक पर ढाई लाख रुपए का हर्जाना लगाया गया।

# महान कवि सुब्रमण्यम भारती के जीवन कृतित्व पर तैयार हो ग्रंथ : प्रो. त्रिपाठी

**वाराणसी।** भारतीय भाषा उत्सव एवं महाकवि सुब्रमण्यम भारती के जन्म जयंती पर मंगलवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत जयंती समारोह का आयोजन हुआ। अध्यक्षता कर रहे संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने कहा कि यहां के आचार्य श्रेष्ठ स्वतंत्रता सेनानी एवं महाकवि सुब्रमण्यम भारती के जीवन व्यक्तित्व पर शोधकर एक ग्रंथ का निर्माण करें जिसे इस संस्था के द्वारा प्रकाशित कराया जायेगा। कुलपति ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने संपूर्ण भारत को एक समन्वय विचारधारा से एक भारत श्रेष्ठ भारत के भाव से भारतीय संस्कृति को एकरूपता बनाने की दिशा में यह एक अनूठा पहल है।

वेदों मे निहित काशी और कांची का मिलन प्राचीन परंपरा रही है जिसे अंग्रेजो ने तोड़ने का कार्य किया था आज पुनः काशी- तमिल संगमम इसी की आधार शिला है। कार्यक्रम में प्रो. हीरक कांत चक्रवर्ती, प्रो. हरिप्रसाद अधिकारी और प्रो. सुधाकर मिश्र अपने विचार रखें। वहीं डॉ. कुप्पा विल्वेश स्वामी ने उन्हें आधुनिक तमिल शैली का जनक बताया, उन्हे धन्यवाद ज्ञापन प्रो. राजनाथ व संचालन प्रो. शैलेश कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर प्रो. राम किशोर त्रिपाठी, प्रो. रमेश प्रसाद, प्रो. शंभू नाथ शुक्ल, डॉ. विशाखा शुक्ला, डॉ. रविशंकर पांडेय, डॉ. राजा पाठक, डॉ. मधुसूदन मिश्र आदि मौजूद रहे।



### इन पाठ्यक्रमों में 16 तक करें आवेदन

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ में आठ पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सीटों की तुलना में कम आवेदन प्राप्त किए गए थे। इनमें प्रवेश के लिए इच्छिक अभ्यार्थि 16 तक पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। इन पाठ्यक्रमों में एमए आईआरपीएम, एमए फिलासफी, एमए संस्कृत, एमए उर्दु सहित कुल आठ पाठ्यक्रम हैं। जिनमें प्रवेध मेरिट के आधार पर लिए जाएंगे। उक्त जानकारी जनसंपर्क अधिकारी डॉ. नवरत्न सिंह ने दी।

## बोर्ड परीक्षा केंद्र निर्धारण में लगाया धांधली का आरोप

### शीघ्र ही सही व उचित निर्णय नहीं लिया तो हाईकोर्ट जाने के लिए होंगे बाध्य

**वाराणसी।** शिक्षक नेता सुधांशु शेखर त्रिपाठी ने माध्यमिक विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाए जाने व पूर्व के 22 केंद्रों को डिबार किए जाने का पर आपत्ति जताते हुए धांधली का आरोप लगाया है। बताया कि यदि शीघ्र ही इस पर सही व उचित निर्णय जिला प्रशासन या सक्षम प्राधिकारी द्वारा नहीं लिया जाता तो सभी पीड़ित विद्यालय हाईकोर्ट जाने के लिए बाध्य होंगे।

शासन की परीक्षा केंद्र निर्धारण नीति में प्रथमतया राजकीय एवं सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाए जाने का निर्देश दिया गया है। जबकि वाराणसी में ठीक उल्टा ही कर दिया गया है। बोर्ड परीक्षा 2022 में सरदार पटेल इं कालेज बावनबीघा को परीक्षा केंद्र बनाया गया था जहां शुचिता पूर्ण नकलविहीन परीक्षा संपन्न हुआ, बावजूद इसके कॉलेज को बोर्ड परीक्षा 2023 में परीक्षा केंद्र नहीं बनाया गया। ऐसा संज्ञान में आया है कि जनपद के 22 माध्यमिक विद्यालयों को डिबार किया गया है, जिसकी सूचना कभी भी किसी विद्यालय को नहीं दिया गया साथ ही सुनवाई का अवसर भी नहीं दिया गया। कमलाकर चौबे आदर्श इंटर कालेज, अमर शहीद इंटर कालेज आयर जैसे विद्यालयों को भी डिबार कर दिया गया है। शासन द्वारा निर्धारित परीक्षा केंद्र निर्धारण की सभी शर्तों को पूरा करने के बावजूद भी विद्यालयों को परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाना जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की एवं परीक्षा केंद्र निर्धारण समिति की कार्यप्रणाली पर पूरी तरह से प्रश्न चिन्ह खड़ा हो रहा है। वहीं दूसरी ओर जनपद के 22 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है जो परीक्षा केंद्र निर्धारण की आवश्यक शर्तों को पूरा ही नहीं कर पा रहे हैं। जिस कारण से सभी राजकीय माध्यमिक विद्यालयों द्वारा परीक्षा केंद्र नहीं बनाए जाने का प्रत्यावेदन भी दिया गया हैं। यह जांच का विषय है।

# 73.57 प्रतिशत पड़े मत, गणना आज

**बीबीए चुनाव**

कचहरी परिसर में रही गहमा गहमी,मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था रही तगड़ी



बनारस बार एसोसिएशन के चुनाव में मतदान करते अधिवक्ता

**वाराणसी।** गहमा-गहमी के बीच मंगलवार को बनारस बार एसोसिएशन (बीबीए) का चुनाव संपन्न हुआ। इस दौरान प्रत्याशियों ने अपने पक्ष में जमकर वोट मांगे। परिसर में गहमा-गहमी का माहौल रहा और सुरक्षा के लिहाज से पुलिस की तैनाती सभी जगहों पर रही। अध्यक्ष महामंत्री समेत आठ पदों पर 33 प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटी में कैद हो गया। बीबीए चुनाव में कुल 73.57 प्रतिशत वोट पड़े। मतपेटी को पुलिस सुरक्षा के बीच रखा गया है।

मतदान सुबह 10 बजे से शुरू शाम चार बजे समाप्त हुआ। मतदान स्थल के बाहर प्रत्याशियों और समर्थकों की लंबी लाइन के बीच मतदाताओं को मतदान स्थल तक पहुंचने में काफी संघर्ष करना पड़ा। 4901 मतदाताओं में से 3606 ने अपने मत का प्रयोग किया। मतदान के लिए 60 बूथ बने थे वहीं मतपत्र देने के लिए 15 टेबल। मतदाताओं की सूची क्रमांक जिला जज पोर्टिको में लगाया गया था।

एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन क्षत्रधारी सिंह के नेतृत्व में सदस्यगण प्रमोद कुमार पाठक, अवधेश कुशवाहा, संजय वर्मा, धर्मेंद्र नाथ शर्मा गुड्डू, सहायक प्रदीप श्रीवास्तव, अजय बरनवाल और पर्यवेक्षक में दीनानाथ सिंह, राधेश्याम चौबे, सौरभ कुमार श्रीवास्तव बनारस बार अध्यक्ष धीरेन्द्र नाथ शर्मा महामन्त्री रत्नेश्वर पाण्डेय, रितु श्रीवास्तव, शालिनी श्रीवास्तव , अनिता सिंह , अंशुमान त्रिपाठी आदि समेत 70 सहायक चुनाव अधिकारियों के सहयोग से चुनाव संपन्न कराया गया। ततगणना बुधवार की सुबह आठ बजे शुरू होगी। प्रत्याशी या उसका कोई एक प्रतिनधि अंदर रह सकेगा।

## दहेज हत्या में पति समेत तीन को सजा

**वाराणसी।** फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय आराधना कुशवाहा की अदालत ने दहेज हत्या के मामले में आरोपी पति नंद लाल, ससुर जग्गू व सास सविता को दोषी पाते हुए सजा सुनाई। पति को दस साल और सास , ससुर को सात-सात साल की सजा सुनाई। कोर्ट ने तीनो आरोपी पर पांच पांच हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट में अभियोजन की और से मनोज गुप्ता ने पैरवी की।

अभियोजन पक्ष के अनुसार मधुमक्खी कपसेठी निवासी वादी ने वर्ष 2016 में रोहनिया थाने में मुकदमा दर्ज कराया। आरोप था कि उनकी बेटी पूनम पटेल की शादी वर्ष 2015 में शांहशाहपुर रोहनिया निवासी नंदलाल के साथ हुआ था। ससुराल वाले दहेज के पूनम को आय दिन प्रताड़ित करते थे। आरोपी नंद लाल पटेल घटना वाले दिन वादी के घर से पूनम को ले कर गया था और बाद में उसकी लाश गांव के तालाब पास झाड़ी में मिली थी।

# संविधान आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

जनसंदेश न्यूज



सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे

**चौबेपुर।** सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट की ओर से बारहवीं तक के विद्यालयों में विद्यार्थियों को संविधान से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों, मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य से परिचित कराने के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत चौबेपुर क्षेत्र के सुभाष इंटर कॉलेज, आश्रम कन्या इंटर कॉलेज एवं काशी बुल्लू इंटर कॉलेज में कक्षा आठ और नौ में पढने वाले बच्चों को संविधान से जुड़ी प्रमुख जानकारियों से युक्त पत्रक उपलब्ध कराए गये। उसी पर आधारित 25 बहुविकल्पीय प्रश्नों की परीक्षा ली गयी. बच्चो ने इस रोचक कार्यक्रम में बहुत रूचि दिखाई। प्रतियोगिता में लगभग 800 बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम संयोजिका डॉ इंदु पांडेय ने बताया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के बीच संविधान की सामान्य समझ विकसित करने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। नगरीय क्षेत्र के 7 और ग्रामीण क्षेत्र के 4 विद्यालयों में प्रतियोगिता का आजोजन किया जा चुका है। कार्यक्रम से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप सिंह ने बताया कि हमारी कोशिश है कि इस प्रक्रिया में हम अधिकतम विद्यालयों तक पहुंचे और बच्चों को रुचिकर ढंग से संविधान की विशेषताओं से परिचित कराएं। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के आयोजन में मुख्य रूप से प्रदीप सइंग, पूजा , मनोज यादव और अनिता देवी का विशेष योगदान रहा।

### दादर-बलिया स्पेशल के फेरों में बढ़ोत्तरी

**वाराणसी।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु चलाई जा रही 01025/01026 दादर-बलिया-दादर विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार सात फेरों तथा 01027/01028 दादर-गोरखपुर-दादर विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार नौ फेरों के लिए किया गया है। जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि 01025 दादर-बलिया त्रैसाप्ताहिक विशेष गाड़ी 16 से 30 दिसम्बर,2022 तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को सात अतिरिक्त फेरों के लिये चलाई जायेगी । 01026 बलिया-दादर त्रैसाप्ताहिक विशेष गाड़ी 18 दिसम्बर,2022 से 01 जनवरी,2023 तक प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार को सात अतिरिक्त फेरों के लिये चलाई जायेगी। 01027 दादर-गोरखपुर विशेष गाड़ी 17 से 31 दिसम्बर,2022 तक सप्ताह में चार दिन प्रत्येक मंगलवार, वृहस्पतिवार, शनिवार एवं रविवार को नौ अतिरिक्त फेरों के लिये चलाई जायेगी। 01028 गोरखपुर-दादर विशेष गाड़ी 19 दिसम्बर,2022 से 02 जनवरी,2023 तक सप्ताह में चार दिन प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, वृहस्पतिवार एवं शनिवार को नौ अतिरिक्त फेरों के लिये चलाई जायेगी।

### मणिपुर के राज्यपाल ने किया बुद्ध प्रतिमा का दर्शन पूजन



**सारनाथ।** मणिपुर के राज्यपाल ने मंगलवार को मूलगन्ध कुटी बौद्ध मंदिर में तथागत की प्रतिमा के समक्ष दर्शन पूजन किया। इसके बाद उन्होंने बोधि वृक्ष का भी दर्शन पूजन किया। मणिपुर के राज्यपाल गणेशन बड़े भाई व भाभी के साथ अपराह्न 12.30 बजे तथागत की प्रथम उपदेश स्थली सारनाथ के मूलगन्ध कुटी बौद्ध मंदिर पहुंचे। उन्होंने विहाराधिपति भिक्षु सुमितानंद थेरो के नेतृत्व में तथागत की धम्म चक्क प्रवत्तन मुद्रा की प्रतिमा के समक्ष बौद्ध परंपरानुसार पूजन-अर्चन किया। इस दौरान भिक्षु सुमितानंद थेरो ने राज्यपाल व उनके परिवार को रक्षासूत्र बांधा। इसके बाद राज्यपाल व उनका परिवार बोधिवृक्ष के नीचे ध्यान साधन कर पूजा अर्चना किया। इसके बाद राज्यपाल का काफिला शिवपुर की तरफ निकल गया। इस मौके पर पर्यटन अधिकारी कीर्तिमान श्रीवास्तव, एसीएम द्वितीय अशोक कुमार यादव, एसीएम तृतीय आकांक्षा तिवारी उपस्थित थी।

### गंगा घाटों पर लगाए जाएंगे तीन जेटी

**वाराणसी।** नदेसर स्थित होटल ताज में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में मंगलवार को पीरामल फाउंडेशन ग्रुप के अध्यक्ष अजय पीरामल द्वारा सीएसआर के अंतर्गत नगर आयुक्त प्रणय सिंह को गंगा घाटों पर तीन जेटी लगाए जाने का पत्र सौंपा गया। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि आवश्यकता एवं जनहित के दृष्टिगत घाटों का चयन करने के पश्चात उन घाटों पर जेटी की स्थापना की जाएगी। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने फाउंडेशन ग्रुप के अध्यक्ष को पुष्प गुच्छ एवं रूद्राक्ष की माला भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में स्वाती पीरामल, हरेंद्र सिंह सिक्का, मेजर हेमंत सिंह शेखावत, नगर निगम के पीआरओ संदीप श्रीवास्तव मौजूद थे।

**नीलामी सूचना**

पू0 मा0 वि0 महजूदा वि0 क्षे0- सुरियावां की पुरानी बिल्डिंग (जिसमें 4 बड़े कमरे, 1 बड़ा सटा हुआ बारामदा एवं 1 प्रधानाध्यापक कक्ष बना है) की नीलामी दिनांक 15.12.2022 को अपरान्ह 3:00 बजे होना सुनिश्चित है। सभी इच्छुक व्यक्ति अवश्य प्रतिभाग करें।

सचिव
वि0 प्र0 समिति
पू0 मा0 वि0 महजूदा, सुरियावां



# वाराणसी



## जूडो प्रतियोगिता में जीवनदीप की अंशिका सिंह ने जीता स्वर्ण पदक



**वाराणसी।** सीबीएसई की ओर से आयोजित क्लस्टर वी 2022 की जूडो प्रतियोगिता में जीवनदीप पब्लिक स्कूल की कक्षा 8वीं की छात्रा अंशिका सिंह ने अंडर-17 (52 केजी) में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। एथलेक्टिस प्रतियोगिता में कक्षा 8 की प्रियांशी राव ने (अंडर 14) 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, अंडर-19 में कक्षा 12 की गर्विता चौधरी ने डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके साथ ही कक्षा 12 के कमलेश यादव ने जैवलिन थ्रो में व अजीत यादव ने 200 मीटर दौड़ में रजत पदक प्राप्त किया। कक्षा 8 की इशिता सिंह ने शॉटपुट व कक्षा 12 के नंद कुमार पांडेय ने अंडर 17 की 400 मीटर दौड़ में कास्य पदक प्राप्त किया। विद्यालय की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में विभिन्न प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण रजत व कांस्य पदक प्राप्त प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए संस्था अध्यक्ष डा. अशोक कुमार सिंह ने खेलकूद को और बढ़ावा देने के साथ-साथ उसे अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। प्रधानाचार्या डा. ममता सिंह ने प्रतिमा सिंह, टीम कोच उमेश यादव, श्रीमती सोनी चौहान के कुशल निर्देशन की सराहना की। इस अवसर पर डा. अंशु सिंह, उप प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह सहित विद्यालय के सभी शिक्षक व कर्मचारी मौजूद थे।

# चुनावी रणनीतिकार अमित शाह देंगे गुरुमंत्र

राघवेन्द्र केशरी

**निकाय चुनाव**

**काशी तमिल संगमम के समापन समारोह में शामिल होने आ रहे गृहमंत्री**

**पार्टी सिंबल पर होने वाले महापौर व पार्षदी चुनाव को हल्के में नहीं ले रही भाजपा**

**वाराणसी।** निकाय चुनाव में शत प्रतिशत सफलता के लिए भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व की भी निगाहें काशी पर गड़ गई हैं। पार्टी विधानसभा चुनावों में सफल प्रदर्शन के बाद पार्टी सिंबल पर होने वाले महापौर व पार्षदी चुनाव को हल्के में नहीं नहीं लेना चाहती। इसके लिए तमिम संगमम के समापन समारोह में पार्टी के चाणक्य गृहमंत्री अमित शाह का आगमन हो रहा है। जो पार्टी के पदाधिकारियों संग चुनावी तैयारियों की समिक्षा के साथ आगे की रणनीति के बारे में जानकारी लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र होने के नाते भाजपा के लिए काशी महानगर को जीतना अति आवश्यक है। इसलिए पार्टी के दिग्गज अन्य चुनावों की तरह निकाय चुनाव 2022 को भी काशी से साधने की तैयारी में जुटे हैं।

चुनावी रणनीतिकारों का मानना है कि सपा और कांग्रेस के मुकाबले भाजपा को चुनाव में महापौर ही नहीं बल्कि वार्डों में भी अच्छा प्रदर्शन करने की ललक है। क्योंकि आने वाले आम चुनाव 2024 पर भी इसका प्रभाव पड़ने के आसार साफ तौर पर दिखेंगे। ऐसे में पार्टी के नेताओं पर ज्यादा से ज्यादा वार्डों में जीत हासिल करने का दबाव भी रहेगा। हालांकि पार्टी ने अन्य दलों से पहले ही चुनाव प्रभारियों व



संयोजकों को नियुक्त कर निकाय चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी थी। जिससे पार्टी की मजबूती चुनाव आने तक और भी प्रबल हो सके। दूसरी ओर पार्टी ने चुनाव के लिए 14 मंडलों ही नहीं वार्डों और बूथ स्तर तक प्रभारी, अध्यक्ष और पालक के तौर पर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंप दी है। जिसके लिए बाकायदा सभी को प्रशिक्षण भी दिया गया है। अब परिसीमन और आरक्षण के बाद उम्मीदवारों की सूची तैयार की जा रही है।

### रायशुमारी के जरिए चयनित किए जा रहे उम्मीदवार

पार्टी सूत्रों के अनुसार रायशुमारी बैठक के जरिए उम्मीदवारों का चलन किया जा रहा है। जिसके लिए मंगलवार को महानगर के 14 मंडलों में वार्ड स्तर पर बैठक आयोजित की गई। जिसमें मंडल अध्यक्ष, मंडल पालक, मंडल प्रभारी और महानगर पदाधिकारियों में से एक निर्धारित किए गए प्रभारियों के द्वारा बैठकें आयोजित हुई। इसमें वार्ड के संभावित प्रत्याशियों की स्थिति ओर उनकी जनता के बीच पैठ पर चर्चा हुई। महानगर प्रभारियों द्वारा इनकी सूची तैयार कर निकाय चुनाव के संयोजक व प्रभारी के समक्ष रखी जाएगी।

### एक वार्ड से तीन उम्मीदवारों का आवेदन

पार्टी की ओर से एक वार्ड से तीन उम्मीदवारों का आवेदन लिया जा रहा है। जिनमें से मुख्य चुनाव कमेटी योग्य उम्मीदवार का चयन करेगी। रायशुमारी बैठक के जरिए इन आवेदनों पर चर्चा कर उम्मीदवारों की वार्ड पर स्थिति और उनकी लोकप्रियता पर भी चर्चा की जा रही है। ताकि आंकलन लगाया जा सके कि तय उम्मीदवार आगमी चुनाव में कितना दमखम रख सकेगा। इसी आधार पर पार्टी संभावित उम्मीदवारों के आवेदन भी ले रही है।

### सौंपी 25 हजार कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी

पार्टी ने इस बार के निकाय चुनाव में विजय का परचम लहराने के लिए 26 हजार कार्यकर्ताओं को उतारेगी। इसके लिए पार्टी की ओर से सभी निर्धारित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। बाकायदा इसके लिए सभी को प्रशिक्षित किया जा रहा है। पार्टी आलाकमान की निगरानी में सभी को निर्धारित बुथों और वार्डों में प्रचार के लिए पहले से तैयार रहने को कहा गया है। वहीं महापौर के सीधे चुनाव में छठवीं बार और वार्डों की ज्यादा से ज्यादा सीट निकालने के लिए पार्टी पदाधिकारियों ने कमान थाम ली है।

### निर्धारित 14 मंडलों से तैयार किया जा रहा खाका

भाजपा महानगर कमेटी की ओर से तीन विधानसभा में 12 मंडल निर्धारित किए गए हैं। जिनमें रविदास, महामना, श्यामा प्रसाद, रामनगर, कैंट, दीनदयाल, काशी विश्वनाथ, राजर्षी, सारनाथ, धूपचंडी, मध्यमेश्वर और बागेश्वरी शामिल हैं। जबकि शामिल हुए नए ग्रामीण क्षेत्रों में रोहनिया विधानसभा के दो मंडलों को रखा गया है। इनमें कर्मदेश्वर और शूलटंकेश्वर मंडल को लिया गया है। इनमें महानगर कमेटी के पदाधिकारियों को निगम के 100 वार्डों में निर्धारित किए गए मंडलों के प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# हत्या से पहले पिलाई शराब फिर उतारा मौत के घाट

**खुलासा**

**मोंटी की मारपीट से तंग आ गया था चचेरा भाई और पट्टीदार**

**हत्या कर शव को एक दिन तक बक्से में रखा फिर लगाया ठिकाने**



पुलिस की गिरफ्त में हत्या आरोपित

**वाराणसी।** चितईपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हत्या कर बोरी में फेंके गए शव के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। हत्या को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने दबोचा। हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उससे चचेरे भाई और पट्टीदार बड़ी पियरी निवासी डब्लू यादव और पिंटू यादव ने की थी। हत्या से पहले शराब पार्टी दी गयी और जब मोंटी नशे में हो गया तो उसके चेहरे पर ईंट से एक के बाद एक कई वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया गया। इसके बाद उसके शव को बोरे में रखकर ई रिक्शा में लादकर करौंदी आईटीआई के पास लाया गया और नाले में फेंक दिया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त सामग्री और सामान ईंट, ई-रिक्शा और 2500 रुपए बरामद किया। आगे की कार्रवाई में दोनों को जेल भेजा गया। जानकारी के अनुसार एक दिसंबर को करौंदी स्थित आईटीआई कॉलेज के समीप नाले में एक युवक का शव बोरे में भर कर फेंका मिला था। अगले दिन इस बात की जानकारी होने पर पुलिस उक्त डेड बॉडी की शिनाख्त बड़ी पियरी निवासी मोंटी यादव के तौर पर की। शव को देखते ही लगा कि हत्या कर इसे फेंका गया है। इसके बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और सर्विलांस की मदद हत्यारों की तलाश शुरु की। पुलिस को जांच के दौरान ठोस साक्ष्य मिले इसके बाद दोनों से कड़ाई से पूछताछ में सारे राज उगल दिये। पुलिस की माने तो मोंटी की हरकतों से पिंटू और डब्लू परेशान थे। पूछताछ में सामने आया कि मोंटी दोनों से मारपीट करता था। ऐसे में 28 नवबंर की सुबह पिंटू ने डब्लू से मोंटी को आदमपुर कमरे पर लाने को कहा। उसी दिन शाम 4 बजे शराब पिलाकर उसकी ईंट से कूंचकर हत्या कर दी गयी। शव को ठिकाने लगाने के लिए अगले दिन यानी 29 नवंबर को दालमंडी से बक्सा खरीदा गया और शव को गद्दे में लपेटकर बक्से में रख दिया गया। अगले दिन 30 नवंबर को करौंदी स्थित आईटीआई कॉलेज के समीप बक्से से शव निकाल कर नाले में फेंका दिया गया।

# विधायक ने किया निर्माण कार्यों का शिलान्यास

**विकास कार्य**

**पुराना रामनगर व नगवां वार्ड तथा भीटी ग्राम सभा में बनेगी इंटरलॉकिंग सड़क**

**रामनगर।** कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव की तरफ से प्रतिदिन किये जा रहे शिलान्यासों के क्रम में मंगलवार को पुराना रामनगर वार्ड और ग्राम सभा भीटी में कुल तीन निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया। विधायक सौरभ ने पुराना रामनगर वार्ड में मनोज श्रीवास्तव के आवास से शिवशंकर मंदिर तक 11.03 लाख रुपये की लागत से 164 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य के शिलान्यास का पूजन वरिष्ठ पत्रकार मनोज श्रीवास्तव 'डब्बू' से कराया। भाजपा के महानगर मंत्री डॉ. अनुपम गुप्ता ने नारियल फोड़ पूजन सम्पन्न कराया।

तत्पश्चात विधायक सौरभ ने नगवां वार्ड में डॉ. किरण त्रिपाठी के आवास से सचिन त्रिवेदी के आवास तक 2.18 लाख रुपये की लागत से 30 मीटर इंटरलॉकिंग गली निर्माण कार्य के शिलान्यास का पूजन प्रो. उपेंद्र त्रिपाठी से कराया। मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ ओझा ने नारियल फोड़ पूजन सम्पन्न कराया। विधायक सौरभ ने ग्रामसभा भीटी के मौर्य बस्ती में हौसिला के आवास से नगर पालिका तक 4.16 लाख रुपये की लागत से 66 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य के शिलान्यास का पूजन सावित्री देवी से कराया। संजय सोनकर ने नारियल फोड़ पूजन सम्पन्न कराया।

इन अवसरों पर सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि 'क्षेत्र का समग्र विकास ही मेरा लक्ष्य है। हर घर तक पक्की सड़क और हर घर तक सीवर लाइन पहुंचा कर ही दम लेंगे। विधायक ने उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं व भाजपा कार्यकर्ताओं का अभिनन्दन माल्यार्पण व पुष्पगुच्छ प्रदान करके किया। कार्यक्रम में अभिषेक मिश्रा, अशोक जायसवाल, आशा गुप्ता, सत्येंद्र सिंह पिंटू, विपिन ओझा, विभूति दीक्षित, कृष्णा पांडेय, इंद्रमणि मिश्रा, किरण त्रिपाठी, राघव पांडेय, अभिनव पांडेय, दीपक कन्नौजिया, आलोक सिंह, जितेंद्र पांडेय, संतोष द्विवेदी, नंदलाल चौहान, अजय प्रताप सिंह, राजकुमार सिंह, अशोक अग्रहरि, मुन्ना निषाद, राजेंद्र शंकर सिंह पटेल, मनोज यादव, रितेश पाल गौतम, रितेश राय, सृजन श्रीवास्तव, संतोष गुप्ता, सुनीता गुप्ता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



पुराना रामनगर वार्ड में इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करवाते विधायक सौरभ श्रीवास्तव

## बीएनआई के 11वें चैप्टर डैजल का हुआ शुभारंभ



**वाराणसी।** सिगरा स्थित एक होटल में मंगलवार को बीएनआई के 11वें चैप्टर बीएनआई डैजल का शुभारंभ हुआ। इस दौरान चैप्टर की पहली मीटिंग संपन्न हुई। ज्ञात हो कि बीएनआई (बिजनेस नेट्वर्क इंटनेशनल) 38 सालों से विश्व में व्यापारियों का एक संगठन है, जो रेफरल के माध्यम से एक दूसरे को बिजनेस देता है, ये संस्था शहर में 2017 से है। इसके अब तक 10 चैप्टर लांच हो चुके हैं। इस अवसर पर सीनियर लांच डायरेक्टर हिमांशु गिनोडिया ने बताया कि यह बीएनआई इंडिया का 1,027वां चैप्टर है। 11वें चैप्टर के नांच डायरेक्टर संजय बनर्जी ने बताया कि बीएनआई गिवर्स गेन की फिलॉसफी को फॉलो करता है अगर आप दूसरे के व्यापार को बढ़ाने के लिए आगे आते हैं तो आपको भी व्यापार मिलने की संभावना बढ़ जाती है। इनमें अलावा एक्सिक्यूटिव डिरेक्टर आयुष नर्सरिया, लांच डायरेक्टर कृष्ण मोहन और सपोर्ट ऐंबेसडर अंधू महेरीचा के साथ सपोर्ट ऐंबैसडर गरिमा शाह व सपोर्ट डायरेक्टर अनुभव मिश्रा ने अपने विचार रखें। इस दौरान आए हुए विजिटर्स का विजिटर ओरिएंटेशन किया। इस अवसर पर सपोर्ट ऐंबैसडर सौम्या मेहरोत्रा व सपोर्ट डायरेक्टर वर्षा सिंह और विवेक केशरी ने आए हुए सभी विजिटर्स को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### स्मार्ट स्कूल देख हतप्रभ हुए उड़ीसा के शिक्षक

वाराणसी। उड़ीसा से यहां आए शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मच्छोदरी में बने प्रदेश के पहले स्मार्ट स्कूल का भ्रमण किया। स्मार्ट स्कूल को देखकर उड़ीसा के शिक्षक हतप्रभ रह गए। उड़ीसा के डायट प्राचार्य के साथ 25 लोगों का प्रतिनिधिमंडल काशी में बदलते शैक्षणिक वातावरण का जायजा लेने आया है। मच्छोदरी स्मार्ट स्कूल के टीचर्स व वाराणसी के डायट से भी लोगों ने क्लॉस रूम में बच्चों से काफी सवाल किये। बच्चों ने शालीनता से पूछे गए सवालों का सलीके से जवाब दिया। इस स्मार्ट स्कूल में बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में उड़ीसा के शिक्षकों ने जानकारी ली। प्रधानाध्यापक दीपक पांडेय एवं सहायक अध्यापपिका रीता यादव ने प्रतिधिमंडल का स्वागत करते हुए सभी को क्लास रूम का भ्रमण कराया।

# ...भइया बोतल नयी पर शराब पुरानी

जितेंद्र श्रीवास्तव

करंट विभाग के खेल बड़े ही निराले हैं। निरालापन भी ऐसा कि लोग जानकार दांतों तेल अंगुली दबा लेते हैं। निरालेपन में एक निराला किस्सा यह भी है कि शराब तो वहीं रहती है पर बोतल बदल दी जाती है। जी हां, यहां हम बात कर रहे हैं बिलिंग सिस्टम की। जब तक विभाग की तरफ से उपभोक्ताओं को बिल मुहैया कराया जाता रहा, तब तक तो सबकुछ दुरुस्त चल रहा था। विभाग को भरपूर राजस्व भी मिल रहा था और पब्लिक भी बकायेदारों की श्रेणी में कम ही आती थी। परंतु जब से बिलिंग का निजीकरण हुआ तब से किस्सा ही बदल गया। यहां बोतल नयी और शराब पुरानी वाली कहावत सटीक बैठता है। जानेंगे कैसे तो ऐसे। वर्ष 2008 से लेकर अब तक शत-प्रतिशत उपभोक्ताओं को बिल मुहैया कराने के लिए एजेंसी-दर-एजेंसी बदलने का प्रयोग चल रहा है। लेकिन बिलिंग व्यवस्था है कि पटरी पर आने का नाम ही नहीं ले रही है। जानकार बताते हैं कि सिर्फ एजेंसी बदली जाती है, लेकिन बिल मुहैया कराने वाले कर्मचारी पुराने ही रहते हैं। यह सब वितरण इकाई के लोग जानते हैं, लेकिन वे इसका विरोध करते नहीं, सिर्फ डांट-फटकार कर अपने कर्त्तव्य ही इतिश्री कर लेते हैं। इसी निरालेपन के चलते उच्चाधिकारियों और ठेकेदार मौज कर रहे हैं और पब्लिक परेशान हो रही।

आँख मिचौली

### बड़का बाबू पर भारी मझले बाबू

करंट विभाग के मझले बाबू की कहानी इन दिनों पूरे शबाब है। हो भी क्यों न, उन्होंने सबका पावर जो सीज कर दिया है। किसी के पास इतना भी पावर नहीं छोड़ा है कि किसी चहेते को मनचाही सीट पर बैठा सके। यदि किसी को मनचाही सीट चाहिए भी तो मझले बाबू के शरण में उसे या उसके आका को जाना ही जाना होगा। बात यहीं खत्म नहीं होती, किसी के खिलाफ कार्रवाई की बात हो या फिर किसी को कार्रवाई की जद से बचाने को। तो इन सबकी दवा भी मझले बाबू के पास है। पिछले दिनों चेतगंज इलाके में एक हादसा हो गया। हादसे के शिकार हुए कर्मचारी के परिजनों और नेताओं के दबाव में सिर्फ और सिर्फ अदने से अभियंता को बलि का बकरा बना दिया गया, जबकि वास्तविक दोषियों को बख्श दिया गया। मझले बाबू के इशारे पर जांच रिपोर्ट दबा दी गयी है। बेचारा अभियंता सीधा-साधा है। सो, कोई उसकी पैरवी भी नहीं कर रहा है। यह सब बड़के बाबू के रहते हो रहा हैं। लेकिन अपने बड़का बाबू भी मझले बाबू पर नकेल नहीं कस पा रहे हैं।

### भइया, मौसम भी काफी सुहाना है

करंट विभाग के वितरण इकाई में तैनात अभियंता इन दिनों काफी फीलगुड कर रहे हैं। यह फीलगुड भले ही अपेक्षाकृत राजस्व वसूली न होने से कम हो जा रहा है, लेकिन फीलगुड तो फीलगुड ही होता है। हो भी क्यों न, मौसम में हुए बदलाव के चलते शहरी क्षेत्र में ट्रांसफॉर्मर जो जल नहीं रहे। बावजूद इसके इन अभियंताओं ने उन मोबाइल ट्रांसफॉर्मरों को खाली करने में रूचि नहीं दर्शायी। नतीजा यह है कि मोबाइल ट्रांसफॉर्मर जहां-तहां महीनों से इंगेज है। ट्रांसफॉर्मर न जलने के कारण अभियंताओं की मौज ही मौज है। सिर्फ अभियंता ही नहीं वितरण इकाई के समस्त अफसर भी मस्त है। कहते हैं कि गर्मी के मौसम में ताबड़तोड़ ट्रांसफॉर्मर जलने से मानसिक और शारीरिक तनाव ने बदन को दुबला कर दिया था। फिलहाल यह नौबत नहीं है और भइया, मौसम भी काफी सुहाना है।

### हम किसी से कम नहीं

करंट विभाग के कर्मचारी संगठनों से रत्ती भर भी व्यापारिक संगठनों के लटके-झटके कम नहीं है। जिस प्रकार करंट विभाग के संगठनों में एक-दूसरे को नीचा दिखाने की होड़ लगी रहती है। कुछ उसी तर्ज पर व्यापारिक संगठनों में भी इस बात का नजारा देखने को मिलता है। बात चंद घंटों पहले की है। एक व्यापारिक संगठन ने अपने लाव-लश्कर के साथ जीएसटी की छापेमारी के खिलाफ सड़क पर उतर कर विरोध जताया। जीएसटी विभाग का घेराव किया और अधिकारियों को पत्रक देकर व्यापारियों के हित में अपनी बात मनवाने के लिए विभाग पर दबाव डाला। इस बात की भनक दूसरे व्यापारी संगठन को लग गयी। अब दूसरे व्यापारी संगठन के लोग बेचैन हुए और आनन-फानन में पहुंच कर जीएसटी दफ्तर और अफसरों के साथ बैठक कर छापेमारी पर विरोध जताया। अधिकारियों को पत्रक सौंपा और चलते बने।

### बिजली आपूर्ति ठप होने से पेयजल समस्या

**सारनाथ।** पंचकोसी क्षेत्र में मंगलवार की शाम बिजली आपूर्ति बाधित होने से पेयजल समस्या उत्पन्न हो गयी। इसके चलते लोग पानी के लिए परेशान दिखे। जानकारी अनुसार, पंचकोसी फीडर से बिजली आपूर्ति क्षेत्र के पुलकोहना, भट्ठा में अपराह्न चार बजे से सायं छह बजे तक बाधित रहीं। अभियंता हरीश चंद्र यादव ने बताया कि क्षेत्र में कई जगह एबीसी केबल जर्जर थे। इसे बदलवाने के लिए शटडाउन लिया गया था। शाम करीब छह बजे आपूर्ति बहाल करा दी गयी।

### महापौर ने पाइप लाइन कार्य का किया शिलान्यास

वाराणसी। महापौर मृदुला जायसवाल ने मंगलवार को सिंधौरा रोड पर स्थित भोजूबीर तिराहे से नटिनियादाई मंदिर तक 4400 मीडीआई पाइप लाइन बदलने के कार्य का शिलान्यास किया। जिसकी लागत चार करोड़ 16 लाख है। शिलान्यास के दौरान पार्षद सुनील सोनकर, दिनेश यादव, अशोक मौर्या, राकेश जायसवाल, संजय जायसवाल, पूर्व पार्षद अजय गुप्ता सहित पार्षद प्रतिनिधि अमित ठाकुर व अन्य मौजूद रहे।

# आया आया बाबा का त्यौहार आया.. शिवरात्रि का त्यौहार

जनसंदेश न्यूज

**आयोजन**

**सुबह-सुबह ले शिव का नाम ऊँ नमः शिवाय..**

**अनुराधा पौडवाल के भजनों से गूंजा काशी विश्वनाथ धाम**

**वाराणसी।** काशी विश्वनाथ धाम के एक वर्ष पूरे होने पर मंगलवार को धाम में विविध आयोजन किये गये। धाम में आयोजित हुआ विश्व कल्याण यज्ञ, भजनों और गीतों से हुई शिव की आराधना हुई। इस मौके पर सायंकाल प्रख्यात गायिका अनुराधा पौडवाल का भजन हुआ। भजनों से उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम परिसर स्थित मंदिर चौक में उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कार्यक्रम की शुरूआत तूने मुझे बुलाया शेरावालिये..मैं आया मैं आया शेरावालिये, प्रेम से बोलो जय माता दी। इसके बाद उन्होंने आया आया बाबा का त्यौहार आया.. शिवरात्रि का त्यौहार आया.. सुना कर माहौल में रस घोल दिया। इसके बाद उन्होंने सुबह-सुबह ले शिव का नाम ऊँ नमः शिवाय.. सुना कर सभी को झुमने के लिए बाध्य कर दिया। अनुराधा पौड़वाल के साथ उनकी सुपुत्री कविता पौडवाल, जय पांडेय, सरदार मंजीत सिंह मन्नी संगत कर रहे थे। संगत कलाकारों में अशोक पांडेय (तबला), जस्सी (ढोलक), मोनू (तबला), दीपक (कीबोर्ड) पर रहे। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री नीलकंठ तिवारी, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा, पीआरओ पीयूष तिवारी, काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के ट्रस्टी पं. दीपक मालवीय, प्रो बृजभूषण ओझा पंडित वेंकटरमन घनपाठी, पं. प्रसाद दीक्षित, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी निखिलेश मिश्रा जी विशेष कार्य अधिकारी उमेश कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।





## संभव जनसुनवाई में 12 फरियादियों ने लगाई गुहार

**वाराणसी।** सिगरा स्थित नगर निगम कार्यालय पर मंगलवार को हुई संभव जनसुनवाई में 12 फरियादियों ने शिकायत दर्ज कराकर गुहार लगाई। जिसपर मौजूद निगम अधिकारियों ने आवेदन स्विकार कर शिकायतों के निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान गौरी देवी ने सुंदरपुर स्थित मां भागीरथी कॉलोनी में सीवर और पानी निकासी की समस्या से निगम अधिकारियों को अवगत कराया, बड़ी गैबी में अवैध पशुपालन की समस्या को लेकर कैलाश प्रकाश यादव ने उक्त स्थान पर कार्रवाई की गुहार लगाई, वहीं ओम प्रकाश तिवारी ने पटियां स्थित आर जानकी नगर कॉलोनी लेन नंबर छह में गलत तरीके से सड़क पर कब्जा किए जाने की शिकायत की। विवेक सिंह ने नदेसर पार्क की दुव्यवस्था और ज्योती ने क्रिश्चियन मिशन कांपाउंड सिगरा में चौका उखड़ने और मरम्मत की गुहार लगाई। इनके अलावा अन्य फरियादियों ने स्ट्रीट लाइट, फर्जी तरह से पीला कार्ड बनवाने सहित अन्य शिकायत दर्ज कराए गए।







# खिलाड़ियों की प्रतिभा से निखरा 'खेलो बनारस'


खेलो बनारस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु'


उद्घाटन समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं बालिकाएं

**प्रतियोगिता**

### सिगरा स्टेडियम में नौ तरह के खेलो का आयोजन हुआ शुरू

### प्रतिभागियों के बीच जबर्दस्त प्रतिस्पर्धा, हुनरमंदों ने मारी बाजी

**वाराणसी।** सिगरा स्थित डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम मगंलवार को खिलाड़ियों से गुलजार नजर आया। वजह, सांसद आदर्श खेल प्रतियोगिता 'खेलो बनारस-2022' की जिला स्तरीय प्रतियोगिता जो शुरू हुई थी। दो दिवसीय विविध खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रहे खिलाड़ियों की प्रतिभा निखर कर सामने आयी तो इससे 'खेलो बनारस' का स्वरूप और निखरा। प्रतियोगिता जिले के सभी 693 ग्राम पंचायतों से विभिन्न आयु वर्ग के 1888 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। खेल विभाग, युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग के संयुक्त बैनर तले आयोजित प्रतियोगिता के तहत एथलेटिक्स (100, 400, 1500) मीटर दौड़, भाला फेंक, ऊंचीकूद व लंबी कूद कुश्ती, भारोत्तोलन, खोखो, कबड्डी, वालीबॉल, पुशअप आदि को शामिल किया गया है। उद्घाटन कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने ध्वजारोहण कर किया। जिलाधिकारी एस. राजलिंगम, सीडीओ हिमांशु नागपाल एवं आईपीएस अधिकारी शिवा सिंह ने भी शिरकत कर प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। उद्घाटन कार्यक्रम में बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। तत्पश्चात मंत्री अनिल राजभर ने 1500 मीटर बालिका वर्ग (16 वर्ष से अधिक) दौड़ प्रतियोगिता में हरी झंडी दिखाया। इसमें बड़ागांव ब्लॉक की दीक्षा विजेता बनीं। जबकि राज्यमंत्री डॉ. दयालु ने चिरईगांव व काशी विद्यापीठ ब्लॉक के बीच बालीबाल प्रतियोगिता शुरू कराया।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं के ये रहे परिणाम

**दौड़ :** 11 से 16 वर्ष के बालक वर्ग की 100 मीटर प्रतियोगिता में हरहुआ ब्लॉक के रोहित कुमार, 400 मीटर में चोलापुर ब्लॉक के सनी पाल व 15 सौ मीटर में आराजीलाइन ब्लॉक के विकास यादव प्रथम स्थान पर रहे। जबकि बालिका वर्ग की 100 मीटर में चिरईगांव ब्लॉक की नैंसी राय, 400 मीटर में चिरईगांव ब्लॉक की रूमन यादव व 1500 मीटर में चोलापुर ब्लॉक की गुड़िया अव्वल रहीं। इसी प्रकार, 16 वर्ष से अधिक वर्ष के बालक वर्ग की 100 मीटर में हरहुआ ब्लॉक के अभिषेक कटारिया, 400 मीटर में काशी विद्यापीठ ब्लॉक के सूरज कुमार पटेल व 1500 मीटर में पिंडरा ब्लॉक के सत्यम मौर्य प्रथम स्थान पर रहे। इसी आयु में बालिका वर्ग की 100 मीटर में आराजीलाइन ब्लॉक की अंजली पाल, 400 मीटर में काशी विद्यापीठ की नेहा मिश्रा प्रथम स्थान पर रहीं।

**भारोत्तोलन :** बालक वर्ग के 56 किलो वर्ग में चोलापुर ब्लॉक के विशाल निषाद, 62 किलो वर्ग में सेवापुरी ब्लॉक के स्वतंत्र कुमार, 69 किलो वर्ग में आराजीलाइन ब्लॉक के विकास कुमार पटेल व 77 किलो वर्ग में आराजीलाइन ब्लॉक के आकाश कुमार पटेल प्रथम स्थान पर रहे। बालिका वर्ग की 48 किलो वर्ग में आराजीलाइन की आंचल, 53 किलो वर्ग में चोलापुर ब्लॉक की सौम्या निषाद, 58 किलो वर्ग में चोलापुर ब्लॉक की गीतांजलि यादव व 63 किलो वर्ग में आराजीलाइन ब्लॉक की सुषमा देवी प्रथम स्थान पर रहीं।

**जैवलिन थ्रो :** बालक वर्ग में पिंडरा ब्लॉक के सत्यम यादव और बालिका वर्ग में चिरईगांव ब्लॉक की खुशी पटेल प्रथम स्थान पर रहीं।

**भाला प्रक्षेपण :** इस प्रतियोगिता के बालक वर्ग में आराजीलाइन ब्लॉक के राणा सिंह व बालिका वर्ग में पिंडरा की शीतल प्रथम स्थान पर रहीं।

# बनारस रेलवे स्टेशन को मिला अंतर्राष्ट्रीय प्रमाणपत्र


प्रमाण पत्र लेते वाराणसी मंडल के डीआरएम रामाश्रय पांडेय

जनसंदेश न्यूज

**सम्मान**

### गुणवत्ता, पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति दिया गया पत्र

**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के बनारस स्टेशन को अंतर्राष्ट्रीय मानक पूर्ण करने के उपरांत आईएसओ 9001:2015,आईएसओ 14001:2015, एवं आईएसओ 45001:2018 का प्रतिष्ठित प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

संस्थान करेक्ट सर्टिफिकेशन के बिजनेस हेड मनीष श्रीवास्तव व एडमिन हेड तृप्ति सिंह द्वारा मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय को दिया गया। विश्व स्तरीय सुविधाओ से युक्त पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल का बनारस रेलवे स्टेशन पूर्व मे ही अपनी उच्च गुणवत्ता, साफ-सफाई के रख-रखाव एवं यात्री सेवाओं के लिए समर्पित है। बनारस स्टेशन को गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के लिए आईएसओ 9001:2015 पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली के लिए आईएसओ 14001:2015 सर्टिफिकेट तथा कार्य क्षेत्र में स्वास्थ्य व सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली के लिए आईएसओ 45001:2018 सर्टिफिकेट प्राप्त हुए हैं। जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि बनारस स्टेशन को ग्रीन स्टेशन के रूप में विकसित किया गया है, जिसके लिए उत्तर प्रदेश के प्रदुषण कंट्रोल बोर्ड द्वारा इस कार्य हेतु प्रक्रिया का अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है। मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी रामाश्रय पाण्डेय ने आई.एस.ओ. कार्य से सम्बंधित टीम व अधीनस्थ को इस अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि हेतु शुभकामनाएं दी।

# किसी कीमत पर बख्शे नहीं जायेंगे भ्रष्टाचारी : डीएम

**समीक्षा बैठक**

### कहा, पीएम आवास योजना के लाभार्थियों के चयन में बरती जाए पारदर्शिता


पीएम आवास योजना की समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी एस. राजलिंगम

**वाराणसी।** जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने पीएम आवास योजना शहरी के लाभार्थियों के चयन में पूरी पारदर्शिता बरतने का निर्देश दिया। चेतावनी दी कि यदि इस मामले में भ्रष्टाचार संज्ञान में आया तो जो भी इसमें लिप्त होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। वह मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित जिला राइफल क्लब में डूडा के शासी निकाय की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

बैठक में पीएम आवास योजना शहरी का लाभ ज्यादा से ज्यादा पात्र लाभार्थियों को दिए जाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि पीएम आवास योजना शहरी से जो लाभार्थी है। उनकी प्रथम, द्वितीय व तृतीय किस्त समय से उपलब्ध करा दिया जाए। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों के चयन में पारदर्शिता बरती जाए।

उन्होंने कहा कि सभी आवासों को समय से पूर्ण किया जाये तथा निमार्णाधीन आवासों में और तेजी के साथ कार्य किया जाये। उन्होंने समस्त अधिकारियों को चेतावनी भी दी कि यदि आवास वितरण में लाभार्थियों के चयन में किसी भी प्रकार की विसंगति या भ्रष्टाचार उनकी संज्ञान में आया तो कार्रवाई तय है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए।

## लोकार्पण की प्रथम वर्षगांठ पर चला स्वच्छता अभियान

**वाराणसी।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन क्लीन गंगा ग्रीन गंगा के तहत आज दशाश्वमेध घाट से लेकर हरिश्चंद्र मणिकर्णिका घाट तक स्वच्छता स्वच्छता अभियान चलाया गया । इसी क्रम में आज सुरेंद्र चौधरी पुलिस उप महानिरीक्षक एवं अनिल कुमार वृक्ष कमांडेंट 95 बटालियन के मार्गदर्शन में सृजन सामाजिक विकास न्यास व 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं विशाल टास्क फोर्स के संयुक्त तत्वावधान में वृहद रूप से स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सौरभ श्रीवास्तव विधायक कैंट कहा कि गंगा हमारी मां है और इसे स्वेच्छ और साफ रखना हम सभी का कर्तव्य है। इस अवसर पर निरीक्षक कमलेश यादव, महेंद्र कुमार जवानों के साथ प्रवीण सिंह, विशाल प्रोटक्शन फोर्स के अनिरुद्ध सिंह अपनी पूरी टीम के साथ आदि लोग उपस्थित रहे। वहीं सृजन सामाजिक संस्था के आनन्द विजय सिहं,शिवम अग्रहरि पीयूष सिहं अपनी अपनी टीम के साथ मिलकर स्वच्छता में हाथ बटाया।

# ठुमरी सम्राट पं. महादेव प्रसाद मिश्र के परिजनों का सम्मान



**वाराणसी।** ठुमरी सम्राट मूर्धन्य कलाकार एवं बनारस घराने के प्रख्यात गायक वादक कलाकार स्व. पं महादेव प्रसाद मिश्र की स्मृति में रामापुरा स्थित उनके आवास पं महादेव प्रसाद मिश्र संगीत संस्थान पर जाकर संस्कार भारती वाराणसी महानगर इकाई की ओर से चौखट कार्यक्रम के अंतर्गत के उनके परिवार के सदस्यों व परिवार जनों को सम्मानित किया गया । इस अवसर पर संस्कार भारती के प्रमोद पाठक ने पं महादेव प्रसाद मिश्र को एक संत कलाकार एवं भक्त ह्रदय पुण्यात्मा बताते हुये नमन किया । संस्कार भारती काशी प्रान्त के संगठन मंत्री दीपक शर्मा तथा संस्कार भारती वाराणसी महानगर के अध्यक्ष डॉ कुमार अम्बरीष चंचल महामंत्री सौरभ श्रीवास्तव, डॉ प्रीतेश आचार्य आदि ने पं महादेव प्रसाद मिश्र के सुपुत्र एवं सुयोग्य शिष्य पं गणेश प्रसाद मिश्र का सम्मान किया। उन्हें अंगवस्त्रम एवं माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में पं. गणेश प्रसाद मिश्र का गायन भी हुआ। इस अवसर पर पं महादेव प्रसाद मिश्र की पुत्रवधु श्रीमती नूतन मिश्र एवं पौत्र द्वय शुभ एवं स्वरांश मिश्र के अलावा समाजसेवी अभिषेक दीक्षित उपस्थित भी मौजूद थे।

## संक्षेप

### पुलिस उपायुक्त यातायात से मिले ट्रांसपोर्टर



**वाराणसी।** वाराणसी ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन एवं बनारस गुड्स ट्रांसपोर्ट का संयुक्त प्रतिनिधिमंडल पुलिस उपायुक्त यातायात दिनेश पुरी से मिला और पत्रक देकर लहतारा क्षेत्र में सड़क के दोनों ओर हो रही खोदाई पर आपत्ति दर्ज करायी। प्रतिनिधिमंडल ने मांग किया कि सर्वप्रथम ट्रांसपोर्टरों को ट्रांसपोर्ट नगर दिया जाए तथा ट्रकों के पार्किंग की व्यवस्था करायी जाए। उसके बाद लहरतारा क्षेत्र को नो एंट्री से मुक्त रखा जाए, ताकि परिवहन व्यवस्था सुचारू रूप से चलता रहे। ऐसा न होने पर बनारस का ट्रांसपोर्टेशन प्रभावित होगा तथा माल का आवागम ठप हो जाएगा। पुलिस उपायुक्त ने इस दिशा में सार्थक कदम उठाने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में में जयप्रकाश तिवारी, अश्वनी दुबे, सुनील कपूर, राजीत यादव, सूर्यमणि तिवारी, अखिलेश मिश्रा, संतोष सिंह आदि ट्रांसपोर्टर शामिल थे।

### राजर्षि हास्य दरबार का वार्षिकोत्सव सम्पन्न



**वाराणसी।** राजर्षि हास्य दरबार का 20वां वार्षिकोतसव उदय प्रताप कॉलेज परिसर में केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। हास्य दरबार में 50 साल से 90 साल आयु वर्ग के सदस्य शामिल है। इस दरबार में शामिल लोग प्रतिदिन विविध प्रकार के एक्सरसाइज कर अपने को जहां चुस्त-दुरुस्त रखते हैं। वहीं, दूसरों को ऐसा करने के लिए प्रेरित करते हैं। वार्षिकोत्सव का अंदाज भी बड़ा निराला था। हंसगुल्ले, चुटकुले के बीच गाने-बजाने का भी दौर चला। इसके पीछे की मंशा सिर्फ और सिर्फ लोगों के बीच आपसी बातचीत के बहाने उनको स्वस्थ रखना और उदासीनता से दूर करना है। संचालन आरपी गुप्ता ने किया। इस दौरान तारा सिंह, तेज बहादुर सिंह, नरेंद्र द्विवेदी, केके सिंह, योगनाथ सिंह, संजय त्रिपाठी, बृजेश चंद्र पांडेय, राजेंद्र विश्वकर्मा, कृष्ण कुमार प्रजापति आदि उपस्थित थे।

### जिले में 32 संकुल व 719 ग्राम संगठनों का गठन



वाराणसी। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिले में अब तक 32 संकुल एवं 719 ग्राम संगठनों का गठन हुआ है। चिरइगांव, चोलापुर, हरहुआ, आराजीलाइन व पिंडरा ब्लॉक में ग्राम संगठन के गठन और प्रशिक्षण के लिए टीम भेजी गयी है। इसी प्रकार, जौनपुर में ग्राम संगठन एवं पांच संकुल के गठन-प्रशिक्षण की खातिर 25 टीम रवाना हुई है। एक टीम में दो महिलाएं होती है, जो 10-10 दिन तक गांव में गठन व प्रशिक्षण देने का कार्य करती है। संकुल व ग्राम संगठन के गठन से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ रहा है और आमदनी भी हो रही है। एक ग्राम में पांच या उससे अधिक समूहों को संगठित कर ग्राम संगठन एवं एक क्लस्टर में पांच या उससे अधिक ग्राम संगठन को संगठित कर संकुल का गठन किया जाता है।

# यात्रियों की जान जोखिम में डाल रहे रोडवेज परिचालक

**मनमानी**

### लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज के लिए परिचालक तय करते हैं शुल्क

**वाराणसी।** दिन-मंगलवार, समय सुबह-8:20,स्थान-रोडवेज कार्यशाला, रोडवेज बस संख्या-यूपी 78 एचएच 2506 कानपुर जाने के लिए तैयार कर दी गयी, चालक गाड़ी स्टार्ट कर आगे बढ़ने लगा तभी एक लोगों ने एक पैकेट कानपुर के लिए दिया और बताया कि इसे वहां संबंधित व्यक्ति उतार लेगा, उक्त बस के परिचालक कानपुर पैकेट पहुंचाने के एवज में दो सौ रुपये की सुविधा शुल्क की मांग की। युवक ने थोड़ा कम करने की बात कही तो परिचालक राजी हो गया और सुविधा शुल्क के साथ पैकेट रख गंतव्य को रवाना हो गया।

दरअसल यह किसी एक बस व एक दिन की बात नहीं बल्कि रोडवेज से चलने वाली सभी बसों में रोजाना होता है। वाराणसी से कानपुर, लखनऊ सहित अन्य शहरों को जाने वाली बसों में उक्त स्थान तक के लिए यात्री के सफर के बिना ही पैकेट गंतव्य तक पहुंचाने की जिम्मेदारी परिचालक द्वारा ले ली जाती है। यह तब हुआ जब बस कार्यशाला में गंतव्य जाने को तैयार हो रही थी। वहां उस समय रोस्टर सहायक भी उपस्थित थे उन्हीं की देखरेख में गंतव्य तक जाने का रेट भी तय किया गया।

#### परिचालकों की चलती है मनमानी

रोडवेज बस के चालक के सापेक्ष परिचालकों की मनमानी खूब चलती है, पैकेट एक शहर से दूसरे शहर को ले जाने के लिए अपनी मर्जी के हिसाब से रेट तय करते हैं। पैकेट में क्या है इस पर कभी भी परिचालकों ने गौर नहीं किया। जबकि मुख्यालय का सख्त आदेश है कि यात्री के बिना माल ढोते चालक परिचालक मिले तो नौकरी तक जा सकती है। दबी जुबान से परिचालकों ने बताया कि इस शुल्क को कई लोगों में वितरित किया जाता है।

### रोडवेज में शामिल होंगी राजधानी एक्सप्रेस

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में जल्द ही राजधानी एक्सप्रेस शामिल होंगी। निगम में राजधानी एक्सप्रेस नामक बस को शामिल किया जायेगा। जिला मुख्यालय से राजधानी को सीधे तौर पर जोड़ने के लिए शासन की ओर से इस बस के लिए संकेत दिये गये हैं। नये साल में इसका शुभारम्भ कर दिया जायेगा। वाराणसी परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक गौरव वर्मा ने बताया कि राजधानी एक्सप्रेस नाम की बस साधारण होंगी और वह लखनऊ के लिए ही संचालित होगी। परिवहन मंत्री की ओर से इसके संचालन के लिए संकेत दिया गया है। जिलों से लखनऊ को सीधे तौर पर इस बस को जोड़ा जाएगा।

### चार अवैध बसें सीज, अन्य का चालान

वाराणसी। डग्गामारी के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों से कुल छह बसें सीज की गयी। रोडवेज के आसपास वाराणसी परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक गौरव वर्मा के निर्देशन में ग्रामीण डिपो के एआरएम विजय



श्रीवास्तव की ओर से डग्गामारी के खिलाफ नजर रखी जा रही है। इसी के तहत मंगलवार को संभागीय परिवहन विभाग को सूचित करते हुए एआरएम की ओर से दो बसों को सीज कराया गया। जो बिना परमिट के संचालित थी। इसके अलावा बिहार के लिए संचालित होने वली दो बसों को इंडस्ट्रियल एरिया से सीज की कार्रवाई की गयी, इन दोनों बसों के ना तो परिमिट था ना ही टैक्स जमा थे। विभाग की ओर से हाईवे पर एनएचएआई की सहायता से बस का चालान किया गया।

# बांग्लादेश के दल ने किया फोर्टिफाइड राइस वितरण व्यवस्था का अध्ययन

**दो दिनी दौरा**

### पुष्टाहार में शत-प्रतिशत हो रहा फोर्टिफाइड चावल का उपयोग : एस. राजलिंग


जिलाधिकारी एस. राजलिंगम से फोर्टिफाइड चावल वितरण की जानकारी हासिल करता बांग्लादेश का डेलिगेशन

**वाराणसी।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत फोर्टिफाइड राइस वितरण व राइस फोर्टिफिकेशन का अध्ययन करने दो दिवसीय दौरे पर बांग्लादेश का उच्चस्तरीय दल मंगलवार को यहां पहुंचा। यह दल जिलाधिकारी एस. राजलिंगम के साथ बैठक कर जिले में फोर्टिफाइड चावल के वितरण के संबंध में चर्चा की।

जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने डेलिगेशन को बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन की दुकानों से यह चावल वितरित किया जा रहा है। इसके अलावा स्कूलों में मध्याह्न भोजन व आईसीडीएस के तहत वितरित होने वाले पुष्टाहार में भी शत-प्रतिशत इसी चावल का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 में सबसे पहले सेवापुरी ब्लॉक में कोटेदारों के माध्यम से वितरण शुरू हुआ था। जबकि चालू वर्ष में मई माह से पूरे जिले में इसे लागू कर दिया गया। जिले के 1354 सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों से 601537 (अंत्योदय के 49498 व पात्र गृहस्थी के 552039) कार्डधारकों को यह चावल दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2020-21 में 781.169 मीट्रिक टन, वर्ष 2021-22 में 4634.058 मीट्रिक टन और वर्ष 2022-23 में (अक्टूबर तक) कुल 57066.770 मीट्रिक टन फोर्टिफाइड चावल का वितरण कराया जा चुका है। इस अवसर पर डेलिगेशन ने राइस फोर्टिफिकेशन, ट्रांसपोटेशन व डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क पर भी चर्चा की। बैठक में डायरेक्टर जनरल (एडिश्नल सेक्रेटरी) डिपार्टमेण्ट ऑफ वूमन अफेयर फरीदा परवीन, ज्वाइंट सेक्रेटरी (बजट एण्ड ऑडिट) मिनिस्टरी ऑफ वूमन एण्ड चिल्ड्रेन अफेयर फिरदौस बेगम, डिप्टी सेकेटरी (सप्लाई-2) मिनिस्टरी ऑफ फूड मकसूदा बेगम सिद्दीका, डिप्टी डायरेक्टर सप्लाई डिस्ट्रीब्यूसन एण्ड मार्केटिंग डिवीजन मो. अफीफ अल महमूद भुइयान, प्रोग्रामर पॉलिसी आफिसर (राइस फोर्टिफिकेशन) डब्ल्यूपीएफ बांग्लादेश कन्ट्री आफिस मो. महबोबोर रहमान, प्रोग्रामर आफिसर (राइस फोर्टिफिकेशन) न्यूट्रीशियन इण्टरनेशनल बांग्लादेश कन्ट्री आफिस मो. आकिब अबरार के अलावा संभागीय खाद्य नियंत्रक राजीव कुमार मिश्रा, जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र मिश्रा व सुनील कुमार भारती जिला खाद्य विपणन अधिकारी उपस्थित रहे।


# विश्वनाथ धाम में एक साल में सौ करोड़ से अधिक का चढ़ावा

**उपलब्धि**

### 50 करोड़ नकदी तो शेष सोना-चांदी व अन्य धातु

### एक साल में 7.35 लाख श्रद्धालु-सैलानी धाम पहुंचे

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** काशी विश्वनाथ धाम में एक साल में सौ करोड़ से अधिक का चढ़ावा चढ़ाया गया। लोकार्पण के बाद का एक साल भी कई मायने में काफी ऐतिहासिक माना जायेगा। इसमें सबसे खास यह कि एक साल में श्रद्धालुओं की संख्या का लगभग 20 गुना हो जाना रहा। पिछले साल 13 दिसंबर को धाम का नव्य स्वरूप लोकार्पित हुआ। उससे पहले यहां सालाना 40 लाख श्रद्धालु आते थे। इस एक साल में 7.35 लाख श्रद्धालु-सैलानी बाबा के दर्शन व धाम की छटा निहारने आए। आसपास समेत काशी के अन्य मंदिरों में भी इससे श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ गई। यही नहीं चढ़ावा भी लगभग पांच गुना बढ़ोतरी के साथ 100 करोड़ तक आ गया। इसमें लगभग 50 करोड़ नकदी तो शेष सोना-चांदी व अन्य धातु थी। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक डॉ. सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं-सैलानियों का रुझान तो पिछले साल क्रिसमस पर ही नजर आने लगा था, लेकिन नए साल पर दो दिनों में साढ़े पांच लाख श्रद्धालु आने के साथ उस दृष्टि से व्यवस्थापन किया जाने लगा। आज धाम विस्तार व सुंदरीकरण की परिकल्पना अनुसार श्रद्धालुओं के लिए समस्त सुविधाएं परिसर में उपलब्ध हैं। इसमें नित्य सुधार और व्यापकता आएगी। बाबा के भक्त यहां की व्यवस्था की तरह हाईटेक हो रहे हैं। साल भर में विभिन्न मदों में आए लगभग 50 करोड़ दान में 40 फीसद ऑनलाइन था। मंदिर गर्भगृह को स्वर्णमंडित करने के लिए मुंबई के श्रद्धालु ने 60 किलो सोना दान किया। अन्य मदों में लोग तैयार खड़े दिखे। श्रद्धालु व दान विस्तार को देखते हुए माना जा रहा है कि पांच साल में मंदिर विस्तार व सुंदरीकरण में खर्च 850 करोड़ से अधिक धनराशि चढ़ावे में आ जाएगी।

### गोलोकवासी हुए मौनी बाबा आश्रम के महात्मा

**चौबेपुर।** क्षेत्र के गौरा उपरवार स्थित मौनी बाबा आश्रम के पीठाधीश्वर ब्रह्मचारी महाराज जिनकी उम्र लगभग 75 की थी सोमवार को भोर में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। काशी हिंदू विश्वविद्यालय बीएचयू के सरसुंदरलाल अस्पताल में उन्होंने आखिरी सांस ली। बुधवार को चौबेपुर में स्थित गौरा उपरवार गांव के गंगा किनारे उन्हें मौनी बाबा के समाधि के पास समाधि दी जायेगी। ब्रह्मचारी बाबा मौनी बाबा के एकमात्र सक्रिय शिष्य और उत्तराधिकारी थे। उनके नाम एक अनोखा रिकॉर्ड भी है ब्रह्मचारी बाबा ने लगातार 12 साल तक अखंड कीर्तन करवाया था जनवरी 2007 से जनवरी 2019 तक लगातार 4386 दिन तक अखंड कीर्तन करवा कर सुर्खियां बटोरी थी। इसके अलावा वे अपने गुरु मौनी बाबा के नाम पर चंदौली सांसद केंद्रीय कैबिनेट मंत्री डॉक्टर महेंद्र नाथ पांडेय के प्रयास से चार करोड़ रुपए की लागत से गंगा किनारे गौरा उपरवार में 56 सीढ़ियों वाले घाट का निर्माण करा रहे थे। ब्रह्मचारी बाबा का मानना था कि यहां पर घाट बनने से गंगा के कटान पर अंकुश लग सकेगा।

# प्रतिभावान विद्यार्थियों को अभाविप ने किया सम्मानित


प्रमाण पत्र के साथ प्रतिभावान छात्राएं

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लक्ष्मणपुर के कार्यकर्ताओं ने सेवा संघ इंटर कालेज सोहांव के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया। विभाग संगठन मंत्री शिवम पाण्डेय ने कहा कि बलिया समेत देश में कहीं भी प्रतिभा की कोई कमी नही हैं। अगर युवा शक्ति कुछ भी तय करती हैं तो उसके लिए संकल्पित रहती हैं। हमेशा युवाओ के ही दम पर परिवर्तन हुआ है। जिला संयोजक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि विद्यार्थी परिषद अनुशासन व विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु समय-समय पर ऐसे आयोजन करती रहती हैं। आप लोगों को परिषद के साथ जुड़कर कार्य करना चाहिए। प्रधानाचार्य डॉ. वेदप्रकाश राय ने कहा कि विद्यार्थी परिषद का यह कार्यक्रम सराहनीय हैं। समाज को सही दिशा के लिए ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता है। इस अवसर पर सृष्टि सिंह, सुमन यादव, अंजली, अल्पना, शिवांगी, रोहित, शिवम राय आदि मौजूद रहे।

# काश्तकारों का तहसील पर धरना

जनसंदेश न्यूज

**बैरिया।** ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे की डगर कठिन होती दिख रही है। किसानों का आक्रोश कम होता नही दिख रहा है। बैरिया तहसील में मंगलवार को ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे में आने वाले जमीन के काश्तकारों ने धरना दिया। तत्पश्चात उप डीएम को पत्रक सौंपा। किसानों ने ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे में आने वाली अपनी जमीन का बैनामा करने से स्पष्ट इंकार कर दिया।

किसानों ने कहा कि किसी अधिकारी से वार्ता करने हम सब बैरिया तहसील तक तो आ सकते हैं, लेकिन हम बलिया किसी भी वार्ता में शामिल नहीं होने जाएंगे। जब तक हमारी शंका और समस्या का समाधान नहीं हो जाता, हम लोग अपनी जमीन का बैनामा नहीं करेंगे। प्रत्येक मंगलवार को बैरिया तहसील परिसर में सुबह 10 से अपराह्न दो बजे तक धरना देंगे और संदर्भित पत्रक उप जिलाधिकारी/तहसीलदार को सौंपेंगे।

**सौंपा पत्रक**

**ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे में जमीन का बैनामा करने से किया इनकार**

पत्रक में काश्तकारों ने ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए जमीन अधिग्रहण के संदर्भ में कार्यदाई संस्था की कार्यवाही पर क्षोभ व्यक्त करते हुए लिखा है कि कई बार हम लोगों ने प्रार्थना पत्र तहसीलदार बैरिया को दिया। हमसे एक सप्ताह का समय लिया गया, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। काश्तकारों का आरोप है कि एक षड्यंत्र के तहत हमारी भूमि को असंवैधानिक तरीके से औने-पौने कीमत पर अधिग्रहण करने का प्रयास किया जा रहा है। किसानों ने कहा कि अगले मंगलवार को भूमि पर जो पत्थर गाड़े गए हैं, उसे उखाड़ फेंकेंगे। इस मौके पर किसान संघर्ष समिति बैरिया के अध्यक्ष धनंजय सिंह, दयाशंकर सिंह, सुरेश चंद्र सिंह, जनार्दन कुंवर, अभय कुमार सिंह, इंद्रजीत पांडेय, विजय सिंह, श्रीभगवान सिंह, सुरेश चंद्र सिंह, सुभाष सिंह, बृजेंद्र कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।


एसडीएम को पत्रक देने के बाद वार्ता करते काश्तकार

## किसानों ने बलिया जाने से किया इनकार

**बैरिया।** उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने किसानों से पत्रक लिया। कहा कि बुधवार को बलिया में सीआरओ के साथ जिले भर के ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे में आने वाली जमीन के काश्तकारों की बैठक है। आप लोग वहीं चले जाएं। इस पर किसानों का कहना था कि हम बलिया नहीं जाएंगे। अगर किसी अधिकारी को बात करना है या हमें समझाना है तो वह पहले सूचना देकर बैरिया तहसील पर ही आकर हम काश्तकारों से बात कर लें। काश्तकारों का कहना था कि जब तक हमारी मांग पूरी नहीं हो जाती। हमें पारदर्शी तरीके से समझा कर संतुष्ट नहीं कर दिया जाता, तब तक हम अपनी जमीन का बैनामा नहीं करेंगे।

# संक्षेप

## नपा में लटका ताला, आंदोलन पर गये कर्मचारी



**बलिया।** इन दिनों नगर पालिका परिषद बलिया के सफाई कर्मचारी आंदोलन की राह पर हैं। मंगलवार को सफाई कर्मचारियों ने जुलूस निकाला और नगर पालिका परिषद कार्यालय पर पहुंचे। यहां उन्होंने अधिशासी अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह से वार्ता की। सफाई कर्मचारी ने बताया कि मेरे वेतन से जो भी धनराशि कटती है, उसकी धनराशि कहां है? सफाई कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन करके अपनी मांगों को अधिशासी अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह के सामने रखा। सफाई कर्मचारियों के नेताओं ने कहा कि लगभग पांच सौ सफाई कर्मचारियों का धनराशि से कटा है। यह धनराशि नगर पालिका के खाते से गायब है। वह धनराशि कहां हैं? यह कोई बता नही रहा है। इसे लेकर हमारा प्रदर्शन चल रह है।

## कटान स्थल पर पहुंचे पूर्व नेता प्रतिपक्ष



**बांसडीह।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के रामपुर नंबरी इलाका को घाघरा नदी अपनी आगोश में ले रही है। वजह जलस्तर जबसे कम हुआ, तबसे उपजाऊ मिट्टी कटान की जद में आ गया है। किसानों की लगभग सैकड़ों एकड़ उपजाऊ भूमि कटान की जद में है। इसकी सूचना मिलते ही पूर्व नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी मौके पर पहुंचे। इतना ही नही, आस्था में विश्वास कर लोगों ने दो दिन पहले पूजा पाठ किया, ताकि कटान रुक सके। सरयू नदी (घाघरा) के कटान से अब लोग दहशत में आ गए हैं। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी ने मंगलवार को मौके पर पहुंचकर लोगों का हालचाल जाना और जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल से बात की। इस पर जिलाधिकारी ने आश्वशन दिया कि गांव को बचाने और कटान रोकने के लिये जो भी होगा, किया जाएगा।

## वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार



**बलिया।** बांसडीह रोड पुलिस ने एक वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय चालान कर दिया। पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर द्वारा चलाये जा रहे धरपकड़ के सघन अभियान के तहत मंगलवार को उपनिरीक्षक रमेश चन्द्र द्विवेदी द्वारा हमराही फोर्स के साथ चेंकिग अभियान में लगे हुए थे। इसी बीच मुखबिर से मिली सूचना के आधर पर पुलिस ने न्यायालय से जारी एनबीडब्लू के अनुपालन में वारण्टी अभियुक्त पवन कुमार साहू पुत्र पारसनाथ साहू निवासी घोरौली, थाना बांसडीह रोड के घर पर दबिश दी, जिसमें अभियुक्त पवन कुमार साहू को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने भादवि की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को न्यायालय चालान कर दिया।

## जन्मदिन पर मरीजों में बांटा फल



**बलिया।** हनुमानगंज ब्लाक की प्रमुख उषा देवी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मंगलवार को सदर अस्पताल में जरूरतमंदों और मरीजों के बीच सामानों का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख प्रतिनिधि रितिक कुमार ने कहा कि जन्मदिन के मौके पर गरीबों की सेवा करके जो संतुष्टि मिलती है, वह और कही नहीं है। उन्होंने समाजसेवी संगठनों को गरीबों की सेवा के लिये आगे आने का आह्वान किया। इस अवसर पर सीएमएस बलिया, डा. संतोष चौधरी, अनिकेत वरधान सिंह आदि मौजूद रहे।

## 270 लोगों के आंखों की जांच कर दी दवा



**बलिया।** नगर के माल गोदाम रोड स्थित दुर्गा मंदिर के पास कामेश्वर चैरिटेबल ट्रस्ट बलिया के तत्वावधान में आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 270 लोगों ने अपने आंखों की जांच कराकर दवा एवं चश्मा प्राप्त किया। जनपद के सुप्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. अभिषेक गुप्ता ने 12 मरीजों को मोतियाबिंद आपरेशन के लिए चयनित किया। सभी मरीजों का आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क आंख आपरेशन होगा। ट्रस्ट के सचिव संतोष तिवारी ने बताया कि निःशुल्क नेत्र स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के माध्यम से आयुष्मान योजना के प्रति लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है, ताकि आयुष्मान योजना से लोग लाभ पा सकें। इस अवसर पर बीरबल, गोपाल, राजेश कुमार, सविता देवी, मु. रियाजुल अन्सारी, राजकुमार, संतोष, माया देवी आदि मौजूद रहे।

## 2016 के पहले के कोतवाल की नहीं मिली जानकारी

**बलिया।** वर्ष 2016 के पहले बलिया कोतवाली के कोतवाल कौन-कौन थे? इसकी जानकारी नहीं मिल पायी। मंगलवार को जब इसकी जानकारी के लिए जनसंदेश टाइम्स टीम बलिया कोतवाली पहुंची तो यह जानकारी मिली कि 2016 के बाद बलिया में जो कोतवाल रहे हैं, उनके नाम व नेम प्लेट लिखित है। वर्ष 2016 के पहले जो भी कोतवाल बलिया कोतवाली में रहे, उनके नाम बोर्ड पर नही है। यहां तक कि कोतवाली पुलिस भी कुछ नहीं बता पाई। वैसे, चर्चा का विषय यह बना हुआ है कि जिन-जिन जातियों के नगर विधायक बलिया में रहे, उन-उन जातियों के ही कोतवाल बलिया के कोतवाली में कार्यभार संभाले। बलिया कोतवाली में क्षत्रिय और ब्राह्मण कोतवाल ही रहे। हालांकि कायस्थ समाज से भी कोतवाल कोतवाली का कार्यभाल चुके हैं।

## निकायों के अध्यक्षों का कार्यकाल समाप्त

**बलिया।** बलिया जिले में कुल आठ नगर पंचायत व दो नगर पालिकाओं में अध्यक्षों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। शासन के निर्देश पर जब तक निकाय चुनाव संपन्न होकर नए चेयरमैन बोर्ड में नहीं पहुंचते हैं, तब तक अधिशासी अधिकारी एवं लेखाधिकारी ही काम काज देखेंगे। मंगलवार को अध्यक्षों के कार्यकाल की समाप्ति का आदेश समस्त नगर पंचायतों एवं नगर पालिका को भेज दिया गया है।

## दो आरोपियों को साढ़े तीन साल का कारावास

**बलिया।** अपर सत्र न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट ओमकार शुक्ला की अदालत ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में दो आरोपियों के खिलाफ दोष साबित पाते हुए तीन वर्ष छह माह के कारावास और प्रत्येक को 5000 के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर अभियुक्तों को 15 दिन का अतिरिक्तसाधारण कारावास भुगतना होगा। वादी मुकदमा प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार की ओर से थाना उभांव में 30 फरवरी 2019 को रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि अभियुक्तों का एक नाजायज गैंग है। इसके बल पर यह लोग आर्थिक एवं भौतिक लाभ ले रहे हैं। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने धर्मेंद्र पुत्र नरेश निवासी बलरामपुर निगोही, शाहजहांपुर एवं मंगल गोसाई पुत्र मोती निवासी निगोही, शाहजहांपुर के खिलाफ दोष साबित पाते हुए तीन वर्ष छह माह के सश्रम कारावास और 5000 के अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन के तरफ से अजय कुमार तिवारी विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट और बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने बहस की।

## प्री-बोर्ड प्रथम की परीक्षाएं प्रारंभ

**बैरिया।** नागाजी सरस्वती विद्या मंदिर भोजापुर में सोमवार से प्री-बोर्ड प्रथम की परीक्षाएं प्रारम्भ हो चुकी है। प्रथम दिवस पर विज्ञान प्रथम पेपर की परीक्षा में समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे। इसमे निरीक्षक प्रधानाचार्य डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय, परीक्षा प्रमुख रविन्द्र वर्मा, सहयोगी आदित्य पराशर, छत्रपति शिवाजी और अन्य आचार्य थे। विद्यार्थियों का कहना था कि पेपर का स्तर सामान्य था। अतः बच्चों ने परीक्षा में बहुत रुचि दिखाई। प्रधानाचार्य ने बताया कि बच्चों को बेहतर शिक्षा दी जा रही है। शिक्षा के साथ संस्कार, आचरण आदि पर भी बखूबी ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए समय-समय पर अभिभावकों से भी विचार-विमर्श किया जाता हैं।

# नगदी समेत आभूषण उठा ले गये चोर

**बेखौफ**

**मौका-मुआयना के बाद मामले की छानबीन में जुटी पुलिस**

जनसंदेश न्यूज

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मधुबनी गांव निवासी छितेश्वर वर्मा उर्फ खटाई वर्मा के घर से चोरों ने सोमवार की रात लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण तथा 15 हजार रुपये नगद पर उस समय हाथ साफ कर दिया, जब गृह स्वामी की पत्नी पानमती देवी अपने पुत्र डिग्री कुमार के साथ रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे।

छितेश्वर मकान में ताला बंद कर फसलों की रखवाली के लिए खेत में चले गए थे। चोरों ने घर के दो मुख्य दरवाजों पर लगे ताला को तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस मौका मुआयना के बाद मामले की छानबीन में जुट गई है। उल्लेखनीय है कि पत्नी व पुत्र के शादी समारोह में भाग लेने के लिए चले जाने के बाद खाना खाकर छितेश्वर उर्फ खटाई वर्मा मकान में ताला बंद कर खेत में चले गए थे। मंगलवार की भोर में जब खेत से वापस लौटे तो मकान के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। भीतर जाकर देखा तो कमरों में रखी आलमारी, ट्रंक व अन्य बक्सों के ताला टूटा हुआ था। बक्सों में रखे कपड़े बिखरे पड़े थे। ट्रंक में रखा आभूषणों से भरा बैग एवं आलमारी में रखे 15 हजार रुपये गायब थे। छितेश्वर वर्मा ने पुलिस को सूचना दी और अपनी पत्नी व पुत्र को रिश्तेदारी से वापस बुलाया। उन्होंने बताया कि चोर लाखों रुपये मूल्य के आभूषण एवं 15 हजार रुपये नगद चुरा ले गए। पड़ोस की एक लड़की पिंकी पुत्र वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि आधी रात को शौच के लिए मैं घर से बाहर निकली थी तो सात-आठ युवकों को मैंने भागते हुए देखा था। उसमें चार को मैं पहचानती हूं। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। चोर जल्द गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।


चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान

## मोबाइल झपटमारी की हो रही घटनाएं

**बैरिया।** मधुबनी गांव एवं सुरेमनपुर स्टेशन के आस-पास के इलाके में मोबाइल झपटमारी की घटनाएं काफी दिनों से हो रही है। इससे लोग परेशान है। ऊपर से चोरी की घटना से ग्रामीण चिंतित दिख रहे है। ग्रामीणों ने मोबाइल झपटमारी की घटना को रोकने का आग्रह किया है।

# गोंगपा का छठवें दिन जारी रहा धरना

**बलिया।** निकाय चुनाव-2022 में अनुसूचित जनजाति हेतु वार्ड सदस्य/सभासद की सीटें आरक्षित करने की मांग को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के तत्वावधान में कलेक्ट्रेट परिसर में चल रहा धरना मंगलवार को छठवें दिन भी जारी रहा। अरविंद गोंडवाना ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर आदिवासी जनजाति समुदाय के संवैधानिक मानवाधिकार का दमन करने का आरोप लगाया।

कहा कि भाजपा सरकार एक तरफ तो जनजातीय गौरव दिवस मनाने का दिखावा करती है, वही दूसरी तरफ आदिवासी जनजाति समुदाय के संवैधानिक अधिकारों को धीरे-धीरे समाप्त करने पर तुली हुई है। जनजाति गोंड, खरवार समुदाय के छात्रों का अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र भी सुगमतापूर्वक जारी नहीं किया जा रहा है। गोंड-खरवार का उत्पीड़न चरम पर है। ऐसी स्थिति में एकजुट होकर संगठित संघर्ष छेड़ने के अलावा दूसरा कोई रास्ता नजर नहीं आता है। सुमेर गोंड ने कहा कि निकाय चुनाव में सभासद की सीटों पर अनुसूचित जनजाति का आरक्षण सहित गोंड, खरवार छात्र-नौजवानों को सुगमतापूर्वक अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र जारी होने तक संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक तरीके से सत्याग्रह आन्दोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर रामपाल खरवार, दादा अलगू गोंड, ओमप्रकाश गोंड, रामचन्द्र गांड, शिवशंकर खरवार, रामसेवक खरवार, कृष्णा कुमार गोंड, अमित शाह, ओमप्रकाश खरवार, महेन्द्र गोंड, वीरेन्द्र गोंड, सरल गोंड, गोगा गोंड, रितिक शाह, विश्वेश्वर गोंड, शंकर गोंड, उमेश गोंड, श्रीमती माला देवी, सुरेश शाह आदि मौजूद रहे।

**नाराजगी**

**निकाय चुनाव में जनजाति के लिए सीटें आरक्षित करने की मांग**


कलेक्ट्रेट परिसर में धरना देते गोंगपा के कार्यकर्ता

# ज्ञानकुंज एकेडमी के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज

**सिकंदरपुर।** ज्ञानकुंज अकादमी बंशीबाजार सभी प्रतियोगिताओं में अपना वर्चस्व कायम रखता है। सीबीएसई द्वारा आयोजित क्षेत्रीय मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन मुगलसराय, चंदौली में स्थित जेएस पब्लिक स्कूल में सम्पन्न हुआ। इसमें कुल छह टीमों ने प्रतिभाग किया। बालक वर्ग की तीन टीमें और बालिका वर्ग की तीन टीमें रहीं। कड़े संघर्ष व कठिन मुकाबले के साथ बच्चों ने पूरे दमखम से अपने खेल का प्रदर्शन किया और पूरे जोन में ज्ञानकुंज के बालक वर्ग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह बच्चों के मनोबल एवं संघर्ष का परिणाम रहा, जिसमें उन्होंने सफलता हासिल की। इस जीत पर विद्यालय परिवार में हर्ष की लहर दौड़ गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सुधा पाण्डेय ने बच्चों की इस जीत पर बधाई दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वही, विद्यालय के प्रबंधक डॉ. देवेन्द्र सिंह ने बच्चों की इस जीत पर बधाई दी। कहा कि खेल अनुशासन का विषय है, जो हमारे विद्यालय परिवार का एक अहम हिस्सा है। यह जीत उसी का परिणाम है। विद्यालय के अध्यक्ष ज्योति स्वरूप पाण्डेय व उप प्रधानाचार्य शीला सिंह ने भी बच्चों को बधाई दी।


प्रमाण पत्र व मेडल के साथ ज्ञानकुंज एकेडमी के छात्र

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**बलिया।** उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल बलिया ने मंगलवार को जीएसटी विभाग द्वारा व्यापारियों पर किये जा रहे ताबड़तोड़ छापेमारी को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। जिलाध्यक्ष राधा रमण अग्रवाल ने कहा कि बलिया में व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी किया जा रहा है। इससे व्यापारियों में भय व्याप्त है। जीएसटी के रूप में व्यापारी सरकार को राजस्व देते है। प्रदीप रस्तोगी ने कहा कि व्यापारी किसी भी आपदा में प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मदद करता है। ऐसे में जीएसटी विभाग की कार्रवाई अनुचित है। व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। यदि व्यापारियों से जीएसटी विभाग की कोई शिकायत है तो नोटिस दिया जाय। व्यापारी से स्पष्टीकरण प्राप्त कर गुण-दोष के आधार पर कार्यवाही की जाय। चेताया कि यदि छापेमारी नहीं रोकी गई तो व्यापार मंडल विवश होकर मार्केट बंदी समेत अन्य कार्यवाही करने को विवश होगा। इस अवसर पर विक्रांत सिंह, संदीप गुप्त, राहुल राय, रंजीत गुप्त, दिलशाद, दिवाकर शाह, चंद्र सिंह, विक्की पांडेय, मिंटू खान आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम ने किया धान क्रय केंद्र का निरीक्षण

**जायजा**

**धान की खरीदारी सुस्त होने पर जतायी नाराजगी**

**बैरिया।** धान खरीद में सुस्ती की सूचना पर सरकारी धान क्रय केन्द्र का मंगलवार को उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने खरीदारी की रफ्तार सुस्त होने पर नाराजगी जताई। कहा कि तेजी से किसानों से धान खरीददारी होनी चाहिए। अन्यथा की स्थिति में जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी। लापरवाही क्षम्य नही है।

उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र हाट गोदाम रानीगंज (करमानपुर) पहुंचे, जहां किसानों से हो रहे धान खरीद के दस्तावेजों एवं क्रय केन्द्र की जांच की। उन्होंने हाट निरीक्षक रत्नाम कृष्णम से पूछा कि कितनी खरीदारी हुई है। हाट निरीक्षक ने बताया कि 25 हजार कुंतल का लक्ष्य है। अभी 52 किसानों से तीन हजार कुंतल की खरीदारी हुई है। धान से धूल-पतवार निकालने वाले मशीन के खराब होने के कारण दिक्कत आयी है। इससे खरीददारी प्रभावित हुई है। मशीन को ठीक कराने के लिए आरएफसी को पत्र लिखा गया है। जल्द ही धान खरीदारी की गति तेज होगी। एसडीएम ने कहा कि यह मात्र छह प्रतिशत खरीदारी हुई है, जो संतोषजनक नही है। इस पर हाट निरीक्षक ने खरीदारी में तेजी लाने की बात कही। राइस मिलों से सम्बन्धीकरण अभी नही हो पाया है। पत्रावली वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा गया है, जिससे यहां खरीदा गया धान डम्प पड़ा हुआ है। उप जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जल्द सभी बाधाओं को दूर कर धान खरीदारी में तेजी लाए। वहां मौजूद किसानों को भरोसा दिया कि सबका धान खरीदा जाएगा। किसी का धान बाकी नही रहेगा। आप परेशान न हो।


धान क्रय केन्द्र पर अभिलेख देखते एसडीएम

# तैयारियां पूरी, आज होगा सामूहिक विवाह समारोह

**आयोजन**

**समारोह की तैयारियों का अवलोकन करने पहुंची विधायक**

जनसंदेश न्यूज

**बांसडीह।** समाज कल्याण विभाग की ओर से 14 दिसम्बर, बुधवार को बांसडीह पीजी कालेज में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह को लेकर तैयारी जोर-शोर से चल रही हैं। मंगलवार को कालेज में पंहुची विधायक केतकी सिंह ने समारोह की तैयारियों का अवलोकन किया। बीडीओ दिनेश कुमार मौर्य ने विधायक को बताया कि लगभग सभी ब्लाक के तीन सौ हिन्दू जोड़े का विवाह के लिए सत्यापन हुआ हैं, जिनकी समारोह में विधि-विधान से शादी होगी।

विधायक केतकी सिंह ने प्रशासन के लोगों से कहा कि शादी समारोह में आने वाले सभी लोगों को कोई भी असुविधा न हो। शादी कार्यक्रम में आने वाले सभी वाहनों को महाविद्यालय के बाहर मुख्य सड़क के पश्चिम बगीचे में खड़ा कराश जाय। समारोह स्थल पर शादी मंडप के साथ ही अन्य कार्यक्रमों तथा खान-पान के लिए अलग-अलग पंडाल लगाया जा रहा हैं। समारोह में लगभग आठ हजार लोगों के भोजन की व्यवस्था किया गया हैं। विवाह में प्रत्येक जोड़े के परिवार से लगभग तीस से पचास लोगों के शामिल होने की उम्मीद हैं। शादी में प्रति जोड़े पर समाज कल्याण विभाग 51 हजार रुपए खर्च करेगा। दस हजार रुपया का सामान प्रति जोड़े को दिया जायेगा। छः हजार रूपया खान-पान एवं व्यवस्था पर खर्च होगा। शादी समारोह को यादगार बनाने के लिए टीडी कालेज बलिया से संगीत के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। इस मौके पर पूर्व प्रधान अभिजीत तिवारी बब्लू, अरूण सिंह, डा. विनोद सिंह, अवनीश मिश्र सिन्टू, गोपाल सिंह, दुर्गेश मिश्र आदि मौजूद रहे।


सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियों के बाबत जानकारी लेती विधायक केतकी सिंह

## पंजीकृत लाभार्थियों का हो रहा सत्यापन

**बलिया।** जिला समाज कल्याण अधिकारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम को लेकर तैयारियां चल रही हैं। पंजीकृत लाभार्थियों के सत्यापन कराए जा रहे हैं। शासन से धनराशि प्राप्त हो चुकी है। बताया कि 14 दिसंबर को बांसडीह स्थित महाविद्यालय परिसर में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियां की जा रही हैं। पहले चरण में कुल चार ब्लाकों बांसडीह, बेरुआरबारी, मनियर व रेवती के लाभार्थियों को शामिल किया जाएगा।

## सामूहिक विवाह में 500 जोड़ों की होगी शादी

### तैयारियों में जुटा विभाग, शासन से मिला 2.55 करोड़

**बलिया।** वर्ष 2017-18 में प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को लागू किया। सरकार का मानना था कि शादी अनुदान योजना के लाभ से अधिकांश गरीब परिवार वंचित रह जाते हैं। समारोह आयोजित कर गरीब बेटियों की धूमधाम से शादी कराए जाने से इस सरकारी योजना का लाभ अधिक से अधिक परिवार ले सकेंगे।

इस वर्ष कुल 500 जोड़ों की शादी कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। समाज कल्याण विभाग की ओर से सामूहिक विवाह समारोह कराने की तैयारी शुरू हो चुकी है। इसके लिए शासन में 2.55 करोड़ जारी कर दिया है। पहले चरण में कुल चार ब्लाकों के लाभार्थी होंगे। शुरुआत में योजना के प्रत्येक जोड़े की शादी पर कुल 35 हजार रुपये खर्च करने का प्रावधान किया गया। वर्ष 2018-19 में इस धनराशि में बढ़ोतरी कर कुल खर्च 51 हजार रुपये खर्च करने का प्रावधान किया गया। इसमें 35 हजार रुपये बेटी में खाते में और 10 हजार रुपये बेटी को उपहार सामग्री तथा छह हजार रुपये वर व वधू पक्ष के लोगों के खाने आदि खर्च किए जाएंगे। इस वर्ष कुल 500 गरीब बेटियों की शादी कराने का लक्ष्य जिले को मिला है।

## सफाई कर्मचारियों ने सीएम को भेजा स्पीड पोस्ट

**बलिया।** उप्र ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ बलिया के तत्वावधान में सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार को पांच सूत्रीय मांग पत्र स्पीड पोस्ट के माध्यम से मुख्यमंत्री, अपर मुख्य सचिव पंचायती राज विभाग लखनऊ एवं निदेशक पंचायती राज विभाग को प्रेषित किया। मांग किया कि 20/11/2013 को कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि ग्राम पंचायत सफाई कर्मियों की सेवा नियमावली शीघ्र बनवाया जाय। इसका शासनादेश जारी किया जाय। सफाई कर्मचारियों का प्रथम पदोन्नति सफाई नायक, ब्लाक प्रवेक्षक, जिला निरीक्षक पूर्व में संबंधित उच्चाधिकारी द्वारा भेजे गये प्रस्ताव पर शीघ्र शासनादेश जारी किया जाय। ग्राम प्रधानों के चंगुल से मुक्त कराया जाय। पेरोल व्यवस्था को समाप्त कराया जाय। ग्राम पंचायत प्रथम निधि से सफाई कार्य हेतु ट्रैक्टर ट्राली एवं अन्य सफाई उपकरण उपलब्ध कराया जाय। जिलाध्यक्ष ददन भारती ने कहा कि 20 दिसम्बर तक किसी भी डाकघर से स्पीड पोस्ट किया जा सकता है। इस अवसर पर हरेन्द्र कुमार चौहान, विजय शंकर यादव, नंदलाल भारती, शिवजी प्रसाद, मुन्ना प्रसाद, हरेन्द्र कुमार वर्मा, राकेश चौहान, संतोष कुमार यादव, उमाशंकर रावत, अशोक कुमार राम, मंगनी राम, मुनीर अहमद, अमीर अंसारी, गोवर्धन राम, चेंगन कुमार पासवान, मुन्नी देवी, ज्योति देवी, छोटेलाल राम, कन्हैया राम आदि मौजूद रहे।

# आर्थिक आय का साधन बनेगा सुरहा ताल

**बोले वीरेन्द्र सिंह मस्त**

**जल, जमीन व जलाशय को बचाने की जिम्मेदारी हम सबकी**



लोगों के साथ सुरहा ताल का नजारा लेते सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त एवं डीएम सौम्या अग्रवाल

**बलिया।** सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने सुरहा ताल पक्षी महोत्सव के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया कि प्रशासन ने उनकी बातों को गंभीरता से लिया और सुरहा ताल को विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी ने अपने प्रयास से यह कार्यक्रम कराया है। इसके लिए कहीं से भी बाहर से फंड की व्यवस्था नहीं की गई है।

सांसद ने कहा कि सुरहा ताल को विकसित करने के लिए संसद में भी बात उठाई थी। सुरहा ताल को विकसित करने के लिए केंद्र सरकार से आग्रह किया जायेगा। कहा कि हमें अपनी परंपराओं को मरने नहीं देना चाहिए। सुरहा ताल एक परंपरा है और हमें इसे बचाए रखना है। उन्होंने कहा कि जल, जमीन और जलाशय को बचाए रखने की जिम्मेदारी हम सबकी है। क्योंकि यह हमारे पर्यावरण से जुड़ा हुआ है। सुरहा ताल केवल एक ताल नहीं है। यह ताल कई ऐतिहासिक, आध्यात्मिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक घटनाओं से जुड़ा हुआ है।

सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भी सुरहा ताल का जिक्र उनसे किया था। सुरहा ताल केवल घूमने की जगह तक सीमित नहीं रहना चाहिए। इसको रोजगार से जोड़ना है। उन्होंने ददरी मेले का जिक्र करते हुए कहा कि कभी ददरी मेला मेला ना होकर एक यज्ञ स्थान था, जहां पर महर्षि दर्दर यज्ञ किया करते थे। धीरे-धीरे यह यज्ञ स्थान अर्थव्यवस्था का केंद्र बन गया और मेले के रूप में विकसित हुआ। आज यह मेला लोगों की आर्थिक आय का साधन बना हुआ है।

इसी प्रकार सुरहा ताल भी कभी मात्र जल स्थल के रूप में जाना जाता था, लेकिन अब यह आर्थिक आय का साधन बनेगा और मछुआरा समुदाय के लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगा। कहा कि पक्षी महोत्सव पर्यावरण की शुद्धता के लिए अति आवश्यक है।

पक्षियों के संरक्षण से न केवल हम परोपकार करेंगे, बल्कि पर्यावरण को भी बचाएंगे। क्योंकि पक्षी और पर्यावरण एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।

# ओबीसी जातियों की जनगणना के लिए महासभा ने सौंपा ज्ञापन

**मांग**

**पिछड़ी जातियों के विकास को जातिगत जनणना जरूरी**

**मऊ।** ओबीसी महासभा के जिला प्रभारी देवेन्द्र कुशवाहा के नेतृत्व में संगठन के सदस्यों का एक समूह जनपद के अतिरिक्त मजिस्ट्रेट के माध्यम से भारत के प्रधानमंत्री के नाम 16 बिन्दुओं पर पत्र भेज कर पिछड़ी जाती के समस्याओं का यथा शीघ्र निराकरण करने की अपील किया। देवेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि आज देश में सबसे बड़ी जरूरत जातिगत जनगणना करा कर पिछड़े वर्ग की वास्तविक स्थिति का जायजा लेने की जरूरत हैं साथ ही साथ उन कानूनों पर भी चर्चा कर क्रीमी लेयर वर्ग का मूल्यांकन किया जाना चाहिए क्योंकि मण्डल कमीशन की रिपोर्ट के जरिए ही पिछड़े वर्ग का विकास किया जा सकता हैं। आज देश में जातिगत समीकरण को साधने व पिछड़े वर्ग को कूट रचित तरीके से बहुत बड़े वर्ग को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। आज उत्तर प्रदेश में पिछड़ी जाती के हजारों छात्र कोर्ट का आदेश लेकर नौकरी के लिए दर दर भटक रहा हैं सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही हैं परन्तु पिछड़ा महासभा अनवरत इनके अधिकारो की लड़ाई लड़ता रहेगा। ज्ञापन में राज्य सरकार कैबिनेट एवं विधानसभा सत्र बुलाकर ओबीसी की जातिगत जनगणना कराये जाने का प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजते हुए ओबीसी महासभा (रजि.) की मांग से अवगत कराये मंडल आयेग की अनुशंसाओं को पूर्णतः लागू करते हुए राज्यवार विधानसभाओं में सीटें और लोकसभा मे 353 सीटें आरक्षित की जाए। सरकार द्वारा ओबीसी आरक्षण में असंवैधानिक क्रीमीलेयर की शर्तों में साजिशन सैलरी कृषि आय को जोड़कर भविष्य में ओबीसी वर्ग की बहुत बड़ी आबादी को ओबीसी आरक्षण से बाहर किये जाने की सरकार की मंशा अनुरूप बीपी शर्मा रिपोर्ट पर रोक लगाते हुए असंवैधानिक क्रीमीलेयर को हटाया जाए। शासकीय, अशासकीय, न्याय पालिका सहित समस्त क्षेत्रों में 54 प्रतिषत ओबीसी आरक्षण लागू कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## संक्षेप

### दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना का उठाएं लाभ

**मऊ।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया कि दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत युवक के दिव्यांग होने की दशा में रू0 15 हजार व युवती के दिव्यांग के दिव्यांग होने की दशा में रू0 20 हजार तथा युवक-युवती दोनों के दिव्यांग होने की दशा में रू0 35 हजार की एकमुश्त धनराशि दोनों के संयुक्त खाते में प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत इच्छुक दिव्यांग दम्पत्ति वर्तमान वर्ष एवं गत वित्तीय वर्ष में सम्पन्न शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन फार्म भरते समय आवेदक दम्पत्ति को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटो, विवाह पंजीकरण प्रमाण-पत्र, आय व जाति प्रमाण-पत्र, युवक एवं युवती का आयु का प्रमाण-पत्र (जिसमें जन्म तिथि का अंकन हो), सक्षम अधिकारी से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता, अधिवास का प्रमाण-पत्र एवं युवक एवं युवती की आधार कार्ड की छायाप्रति, आदि अभिलेखों के साथ आवेदन पत्र ऑनलाइन उपरोक्त वेबसाइट पर करना अनिवार्य है, साथ ही ऑनलाइन सबमिट आवेदन पत्र की प्रिंट प्रति एवं वांछित प्रपत्रों की हार्डकापी कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, मऊ कक्ष संख्या-12 कलेक्ट्रेट कैम्पस में जमा करें। जिससे आपको शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना का लाभ दिया जा सके।

### सांस्कृतिक प्रतिभा खोज कार्यक्रम का शुभारंभ



**बलिया।** सांस्कृतिक विभाग उत्तर प्रदेश के निर्देश पर सूचना विभाग द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित करने के बाद मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। बिरहा लोकगीत कलाकार रामभरोसा यादव ने सरस्वती बन्दना प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में जिले से आये सभी कलाकारों ने बारी-बारी से अपनी टीम के साथ अपने कलाओं का जोरदार प्रदर्शन दिखाया। इसमें लोक गायन, लोक नृत्य, लोक वादन, आदिवासी नृत्य, आल्हा गायन, लोक नाट्य, रामलीला, रासलीला, भजन एवं कीर्तन ललित कला भी प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सांस्कृतिक विभाग की तरफ से आजादी के अमृत महोत्सव पर पूरे जिले में तीन दिवसीय सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जिले के कलाकारों का चयन किया जाएगा। सरकार की मंशा है कि लुप्त होती विधाओं को फिर से पुनर्जीवित किया जाए। सांस्कृतिक प्रतिभा खोज उसी दिशा में एक प्रमुख पहल है। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी अनुराग रंजन, प्रधान सहायक मो. फजलुर्रहमान, देश दीपक यादव, कम्प्यूटर आपरेटर अरुण कुमार, उदित नारायण सिंह, प्रभुनाथ, हरिश चन्द्र, अभिषेक सिंह आदि उपस्थित रहे।

### मास्टर डिग्री में पूजा प्रथम, चहुंओर खुशी

**बलिया।** विकास खण्ड बेलहरी के सीताकुण्ड निवासी संजय पाण्डेय कि पुत्री पूजा पाण्डेय ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से मास्टर डिग्री में प्रथम स्थान हासिल करके अपने परिवार संग जिले का सम्मान बढ़ाया हैं। पूजा हमेशा से कुशाग्र प्रतिभा की धनी रहीं है। इनकी स्कूलिंग और स्नातक की पढ़ाई भी काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से ही हुआ। बताते चले कि पूजा पाण्डेय की बड़ी बहन डोली भी एमबीबीएस करने के बाद बीएचयू से पीजी कर रही हैं। परिवार को इनकी इस उपलब्धि पर गर्व है।

### पशुपालकों को किया गया जागरूक



**सिकंदरपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय विकास-खंड स्तरीय पशु आरोग्य मेला का आयोजन ग्राम पंचायत अजऊर में मंगलवार को संपन्न हुआ। मेले का शुभारंभ गौ-पूजन करके ग्राम प्रधान श्रीमती झुनिया देवी ने किया। मेले में आये गए पशुपालकों को पशुपालन प्रबंधन, टीकाकरण, पशु पंजीकरण, डी वार्मिंग, पशु केसीसी ऋण, बीमा इत्यादि महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी देकर जागरूक किया गया। साथ ही पशुपालकों में विभिन्न प्रकार की दवाएं भी निशुल्कः वितरित किया गया। इस मौके पर डा. केपी नारायण, डा. मनोज राव, डा. संजय कुमार, डा. संजीव कुमार, प्रेम शंकर सिंह, पूर्व प्रधान बच्चा सिंह, विजय बहादुर राजभर, भरत सिंह, शंभू सिंह, राजेश राजभर, रणजीत गिरी, हरिंदर राजभर इत्यादि उपस्थित रहे। संचालन अंजनी यादव ने किया।

### ग्राम प्रधान के दादाजी का निधन



**रेवती।** बिशुनपुरा के प्रधान, भाजयुमो के जिला महामंत्री एवं प्रधान संघ के ब्लाक महामंत्री अर्जुन सिंह चौहान के दादा जी इन्द्रदेव चौहान (92) का निधन सोमवार की रात्रि में हो गया। उनका अंतिम संस्कार हुकुम छपरा घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र योगेन्द्र चौहान ने दिया। ग्राम प्रधान के दादा के निधन का समाचार सुनते ही उसके आवास पर शोक संवेदना प्रकट करने वाले लोगों का तांता लग गया। भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य कौशल सिंह, हरेंद्र पाण्डेय, अशोक पाण्डेय, पूर्व प्रधान कुशजी सिंह, विरेन्द्र सिंह, रीगन सिंह, जंगली चौहान, विक्की सिंह, विश्वामित्र पाण्डेय, अजय वर्मा, सुकेन राजभर, अनूप ओझा, राजन केशरी, शुभम, सौरभ आदि ने शोक संवेदना प्रकट किया है।

### जिलाधिकारी ने वृद्धजनों में वितरित किया वस्त्र



**बलिया।** गड़वार स्थित वृद्धाश्रम में मुख्य अतिथि डीएम सौम्या अग्रवाल ने मंगलवार को बुजुर्गों में वस्त्र वितरित किया। इसके पहले मुख्य अतिथि को वृद्धाश्रम के प्रबंधक सुरेश सिंह और समाज कल्याण अधिकारी विनोद सिंह ने संयुक्त रूप से अंगवस्त्रम एवं बुके देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने वृद्धाश्रम में आवासित 59 वृद्धजनों को वस्त्र प्रदान किया। जिलाधिकारी ने कहा कि वृद्धाश्रम की व्यवस्था काफी अच्छी है। साफ-सफाई से लगायत समस्त व्यवस्था ठीक है। वृद्धजनों से कहा कि आप लोगों को किसी भी चीज की आवश्यकता हो या समस्या तो आप बिना संकोच बताइएगा। उसका त्वरित निस्तारण सम्बंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से कहकर कराया जाएगा। समाज कल्याण अधिकारी ने वृद्धजनों का नेत्र परीक्षण करवाने व आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु जिलाधिकारी से आग्रह किया। डीएम ने आश्वासन दिया कि तीन दिनों के अंदर नेत्र चिकित्सकों की टीम वृद्धाश्रम में जाकर समस्त वृद्धजनों का नेत्र परीक्षण करेगी। जिन वृद्ध को मोतियाबिंद होगा, उसका निःशुल्क आपरेशन जिला अस्पताल में होगा। वहीं, पंचायत सहायक वृद्धाश्रम में कैम्प लगाकर आयुष्मान कार्ड बनवाएंगे। इस मौके पर इंद्रजीत सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य तारा देवी, एएनएम रुक्मिणी देवी, नंदजी गुप्ता आदि मौजूद रहे। संचालन वृद्धाश्रम के अधीक्षक घनश्याम सिंह ने किया।

# विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**जनसंदेश न्यूज**



जागरूकता शिविर को सम्बोधित करते वक्ता

**मऊ।** राज्य विधिक सेवा प्राधिरकण के निर्देशन और जिला जज रामेश्वर के मार्गदर्शन में मंगलवार को सदर तहसील के सभागार में अपर जनपद न्यायाधीश अभिनय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

जागरूकता शिविर को सम्बोधित करते हुए अपर जनपद न्यायाधीश अभिनय मिश्रा ने विधवा महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं अक्षमता ग्रस्त व्यक्तियों के लिए संचालित योजनाओं के बारे में बताया और उनके, कानूनी अधिकारों के बारे में प्रकाश डाला साथ ही प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। अपनी बातों को आगे बढाते हुए कहा कि प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति को सुलभ न्याय दिलाना है। उपजिलाधिकारी सदर हेमन्त कुमार चैधरी ने सरकार द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक लोगों को बताया। सदर तहसीलदार संजीव यादव ने किसान दूर्घटना बीमा सहित शासन द्वारा संचालित अन्य योजनओं के बारे मे जानकारी देते हुए कहा कि अदालतो में लाखों मुकदमें ऐसे बड़े है जो आपसी बात चीत के माध्यम से स्थानीय स्तर पर ही हल किये जा सकते हैं।

महिला कल्याण अधिकारी अर्चना राय ने कन्या सुमंगला योजना के बारे में जानकारी दिया, सेंटर मैनेजर संध्या सिंह ने वन स्टाफ सेन्टर के कार्यो के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। जिला समन्यवक राखी राय ने मुख्यमत्री बाल सेवा योजना के बारे में बताया। स्थायी लोक अदालत के सदस्य अभिषेक कुमार गौरव ने स्थायी लोक अदालत के बारे में जानकारी दिया। अधिवक्ता हुमा रिजवी ने मीडिएशन एवं परिवारिक विवादों के निस्तारण के सम्बन्ध में बताया। कार्यक्रम का संचालन विकास सिंह निकुम्भ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार सीओ चकबन्दी, धीरज त्रिपाठी, चन्द्र प्रकाश तिवारी, पीएलवी अनिल चैहान, नीलम मिश्रा ने अपना तत्पर योगदान दिया।

# सिविल कोर्ट सेंट्रल बार एसोसिएशन का चुनाव



**मऊ।** सिविल कोर्ट सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के एक वर्षीय कार्यकारिणी के कुल 22 विभिन्न पदों पर नामांकन के पहले दिन मंगलवार को 21 उम्मीदवारो ने नामांकन किया। इस दौरान कचहरी परिसर में गहमागहमी और मिठाइयों का दौर जारी रहा।इल्डर कमेटी के चेयरमैन दीनानाथ यादव ने बताया कि पहले दिन अध्यक्ष पर लालजी पाण्डेय व शमसुल हसन ने अपने समर्थकों के हुजूम के साथ अपना नामांकन किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अशोक कुमार अश्क वह युगेश कुमार गुप्ता ने नामांकन किया। साधारण उपाध्यक्ष के दो पदों पर हरिनरायन यादव, सुनित श्रीवास्तव व अवनीश कुमार गौतम ने नामांकन किया। कनिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर अजय कुमार यादव ने पर्चा भरा। बार प्रतिष्ठात्मक पद पर पहले दिन केवल प्रदीप कुमार सिंह ने भारी लाल लश्कर के साथ अपना नामांकन दाखिल किया। संयुक्त मंत्री के तीन पदों पर राजेश कुमार राय,संजय कुमार, नीरज कुमार सिंह व लल्लन भारद्वाज ने तथा कोषाध्यक्ष पद पर आशीष कुमार चैधरी ने नामांकन किया। वरिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी के 6 पदो पर हरिश्चन्द्र चैहान व युसुफ खान तथा कनिष्ठ कार्यकारिणी के 6 पद पर मनीष चन्द्र श्रीवास्तव, धर्मराज कुमार भारती, दिलीप कुमार पाण्डेय, राजेश चैधरी व उमेश कुमार सिंह ने अपना पर्चा भरा। कल बुधवार को नामांकन का दूसरा व अन्तिम दिन है उक्त पदों पर अन्य कई उम्मीदवार नामांकन कर सकते हैं। नामांकन के अन्तिम दिन काफी गहमागहमी होने की संभावना है। चुनाव अधिकारी मुहम्मद इकबाल अहमद के अलावा इल्डर कमेटी के सदस्य रवीन्द्र लाल श्रीवास्तव, सैय्यद सादिक अख्तर, रविशंकर सिंह आदि ने नामांकन में सहयोग किया।

## पेड़ पर फंदे से लटककर युवक ने दी जान, हड़कंप

**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा फरीदपुर धर्मा में 28 वर्षीय अश्वनी यादव पुत्र स्वर्गीय त्रिभुवन यादव ने सोमवार को सायंकाल पेड़ में फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। इसकी जानकारी लगभग एक घंटे बाद गांव वाले को होने पर गांव वालों ने पुलिस को सूचना दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक 28 वर्षीय अश्वनी यादव जो सोमवार को साईकिल से बाजार गया हुआ था, वह लगभग 10 बजे रात में बाजार से घर आया। गांव के लोग अपने अपने घरों में सो रहे थे, उसने घर के कुछ दूरी पर एक पीपल के पेड़ से रस्सी लटकाकर अपने गले में बाध कर जान दे दी। कुछ समय के बाद गांव के ही लोगों ने जब देखा कि पेड़ से लटका हुआ कुछ दिखाई दे रहा है, तो गांव के लोग नजदीक पहुंचे तो देखा कि अश्वनी यादव ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी है। गांव के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दी। आधे घंटे के अंदर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अश्वनी यादव अपने घर का एकलौता लड़का था, इसके पिता की लगभग सात-आठ वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है। इसको लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चा व्याप्त है।

# पटरियों पर लाल निशान लगाकर दी गई चेतावनी

**जनसंदेश न्यूज**



**कोपागंज, मऊ।** हाईवे की पटरियों पर अतिक्रमण हटाने को लेकर मंगलवार को पुलिस व नगर पंचायत की टीम ने अभियान चलाकर अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते हुए हाईवे की पटरियों पर लाल निशान लगाया। चेतावनी देते हुए टीम ने कहां कि हाईवे की पटरियों पर अतिक्रमण करने वाले जो भी दोषी पाया गया उसके खिलाफ कार्रवाई के साथ जुमार्ना लगाने की कार्रवाई की जाएगी। हाईवे की पटरियों पर अतिक्रमण से आये दिन होने वाले हाईवे पर जाम और हो रही लोगों की परेशानियों को देखते हुए नगर पंचायत प्रशासन और पुलिस ने अनेकों बार अभियान चलाया। लेकिन हमेशा ही पुलिस नगर पंचायत प्रशासन का अभियान टांय-टांय फीस हो जाने से समस्या जस की तस बनी हुई थी। समस्या का कोई स्थाई हल नहीं होने से हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रहती थी। जिसके बाद अतिक्रमण के खिलाफ सख्त हुई पुलिस और नगर पंचायत प्रशासन की संयुक्त टीम ने मंगलवार को हाईवे की पटरियों पर लाल निशान लगाकर चेतावनी दी कि लाल निशान के आगे ठेला खमोचा लगाते हुए जो भी दुकानदार पाया गया उसके खिलाफ कार्रवाई के साथ जुमार्ने की भी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान अधिशासी अधिकारी जयप्रकाश सिंह यादव, कस्बा इंचार्ज राजनारायण पांडे व पुलिस के जवान व नगर पंचायत के दर्जनों कर्मी मौजूद थे।

## विद्युत विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान, मचा हड़कंप

**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** विद्युत विभाग द्वारा बकाया बिलों का भुगतान कराने एवं बिना कनेक्शन के विद्युत का उपयोग करते हुए पाए जाने पर उपभोक्ताओं को सख्त निर्देश दिया गया है कि कनेक्शन लेकर ही विद्युत का उपयोग करें अन्यथा जांच के दौरान विद्युत चोरी पाई गई तो विधिक कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में मंगलवार को एसडीओ विद्युत नीरज कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता राजेंद्र यादव, विवेक खरवार, चंद्र भूषण यादव, जितेंद्र यादव, अरविंद कुमार, आरपी सिंह समेत विद्युत विभाग के लाइनमैन ने स्टेशन रोड तथा मोहल्ला से ख्वाडा में कुल 27 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन चेक किए चेकिंग के दौरान 5 बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन काटते हुए 2 नए मीटर लगाए गए एवं राजस्व के रूप में 436856 रुपए की प्राप्ति हुई इस दौरान एसडीओ विद्युत में उपभोक्ताओं से अपील किया कि विद्युत कनेक्शन लेकर ही विद्युत का उपयोग करें सही समय पर बिलों का भुगतान करें जिससे होने वाली समस्याओं से बचे रहेंगे।

# किसानों से परंपरागत कृषि के साथ ही व्यावसायिक कृषि को अपनाने की सलाह



जिलाधिकारी ने मशरूम उत्पादन केंद्र पहुंचकर मशरूम उत्पादन से जुड़ी जानकारियों को किया साझा

**मऊ।** मंगलवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार ने श्री साईं मशरूम उत्पादन केंद्र पहुंचकर मशरूम उत्पादन से जुड़ी जानकारियों को साझा किया। यह मशरूम उत्पादन केंद्र अपर पुलिस अधीक्षक आवास के सामने मऊ-कोपागंज मार्ग पर स्थित है। इस दौरान उन्होंने वहां पर कार्यरत मजदूरों एवं उत्पादन केंद्र के मालिक से मशरूम उत्पादन से जुड़ी छोटी सी छोटी जानकारियों को साझा किया। इसके अलावा उत्पादन केंद्र की कुल लागत, उत्पादन की अवधि एवं उपलब्ध क्षेत्रफल में कुल उत्पादन के बारे में भी उन्होंने मशरूम उत्पादन केंद्र से जुड़े लोगों से जानकारियां ली।

मौके पर उपस्थित जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि परंपरागत कृषि के तहत जनपद में प्रति एकड़ गेहूं एवं धान की औसत उत्पादकता क्रमशः 16 एवं 15 कुंटल है,और इसमें साढ़े चार से पांच माह का समय भी लगता है। परंतु मशरूम उत्पादन हेतु कम जगह एवं समय में भी अच्छी उत्पादन कर आमदनी को बढ़ाया जा सकता है, क्योंकि मशरूम उत्पादन हेतु कम जगह में भी कई लेयर तैयार कर मशरूम उत्पादन का कार्य शुरू किया जा सकता है। इसके लिए किसी विशेष प्रशिक्षण की भी आवश्यकता नहीं पड़ती। उन्होंने बताया कि मशरूम उत्पादन का कार्य छोटे किसान भी कर सकते हैं, क्योंकि इसके लिए बहुत अधिक भूमि की आवश्यकता नहीं पड़ती। लागत के सापेक्ष अच्छी आमदनी की संभावना को देखते हुए जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी से जनपद के किसानों के साथ बैठक कर मशरूम उत्पादन से जुड़ी जानकारियों से अवगत कराने के साथ ही उन्हें प्रशिक्षित कर जनपद में मशरूम उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जनपद के किसानों से परंपरागत कृषि के साथ ही व्यवसाय कृषि भी अपनाने की सलाह दी, जिससे उनकी आमदनी में बढ़ोतरी हो सके। इस दौरान जिलाधिकारी ने मशरूम उत्पादन की प्रारंभिक प्रक्रिया से लेकर अंतिम अवस्था तक की सारी विधियों/प्रक्रियाओं को नजदीक से देखा और जाना।

# देश के विकास में करदाताओं का योगदान अहम : लियाकत



**बलिया।** वित्तीय वर्ष 2022-23 में अग्रिम कर की तीसरी किस्त जमा करने के आखिरी सप्ताह के अवसर पर आयकर विभाग बलिया अपने क्षेत्र के सभी आयकर दाताओं में जागरुकता फैलाने के लिए अग्रिम कर-समय पर कार्यक्रम का आयोजन आयकर कार्यालय, बलिया के सभागार में किया गया, जिसमें अपर आयकर आयुक्त, रेंज-1, वाराणसी लियाकत अली आफाकी ने कहा कि आपके टैक्स से ही देश का विकास हो रहा है। अगर आप अग्रिम टैक्स नहीं देंगे तो इतनी सुंदर सड़क कैसे बनेगी। देश के विकास में एक-एक आयकरदाता का योगदान है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह था कि सभी आयकरदाता अपनी आय का सही आकलन कर तीसरे त्रैमासिक हेतु अग्रिम कर समय पर अर्थात 15 दिसंबर, 2022 तक समुचित भुगतान कर सकें। कार्यक्रम में लियाकत अली आफाकी, अपर आयकर आयुक्त, रेंज-1, वाराणसी, अनिरुद्ध कुमार श्रीवास्तव, आयकर अधिकारी बलिया ने अग्रिम कर-समय पर विषय पर प्रकाश डाला। आयकर आयुक्त ने कहा कि जैसे कमाओ-वैसे चुकओ जैसा कराधान है अर्थात अपने देय आयकर को प्रत्येक तिमाही में अग्रिम रुप में ही जमा कर दें। सीए जेपी सिंह ने पोर्टल सम्बधी समस्याओं का जिक्र किया, उनका संतोषजनक जवाब दिया। इसके लिए सीए, टैक्स बार एसोसिएशन व व्यापार मंडल के माध्यम से जागरूकता फैलाकर समय से अग्रिम कर जमा करने का प्रयास किया जाय। आयकर अधिकारी अनिरुद्ध कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि गाजीपुर में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 9000 आयकर विवरणी अधिक दाखिल हुई है। कुल 52 हजार आयकर विवरणी दाखिल हुए है। हालांकि अग्रिम कर अधिक जमा है जोकि सराहनीय है। इस मौके पर सीए जेपी सिंह, पंकज सिंह, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, व्यापार मंडल अध्यक्ष मंजय सिंह, रजनीकांत सिंह, प्रदीप कुमार वर्मा, गुलाबचंद, बद्रीनाथ पांडेय, पप्पूजी, प्रदीप कुमार, उमेश प्रसाद, अजय शंकर, ईश्वरन श्री, शिखर सहगल, आफताब आलम, उपेंद्र तिवारी, प्रवीण किशोर, दीपक तिवारी, प्रिया कुमारी, रंजीत कुमार आदि ने स्वागत किया।

## बाइक चोरी

**बलिया।** नगर कोतवाली क्षेत्र के एलआईसी ऑफिस के बगल में 11 दिसम्बर को करीब 3:30 बजे यूपी 60 एए 3098 की बाइक चोरी हो गयी। बाइक मालिक रमेशचन्द सक्सेना स्वास्थ्य कर्मचारी ने इसकी जानकारी पुलिस कार्यालय को दी है।

# छितौनी स्थित आवास पर मनायी गई नौवीं पुण्यतिथि

**बोलीं देवकी सिंह**

**हमेशा दबे-कुचले लोगों की मदद करते रहे चंद्रदीप**



पूर्व ब्लाक प्रमुख चंद्रदीप सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते रमेश सिंह

**रसड़ा।** क्षेत्र के छितौनी स्थित आवास पर पूर्व ब्लाक प्रमुख चंद्रदीप सिंह की नौंवी पुण्यतिथि मंगलवार को मनायी गई। सर्वप्रथम उनके तैल चित्र पर पूर्व ब्लाक प्रमुख देवकी सिंह ने दीप प्रज्वलित करने के बाद श्रद्धांजलि अर्पित किया।

उन्होंने अपने पति पूर्व ब्लाक प्रमुख चंद्रदीप सिंह के जीवन के बारे में बताया। कहा कि वह केवल ब्लाक के ही नहीं, बल्कि रसड़ा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि हुआ करते थे। गरीबों, दबे-कुचले और अपने लोगों के लिए उनका दरवाजा बराबर खुला रहता था। जब भी कोई उनसे मिलना चाहता था। काम कराना चाहता था। वह कभी आ जाते थे। चाहे दिन हो या रात, वह हमेशा लोगों का कार्य करते थे। वह पूरे क्षेत्र में लोकप्रिय थे। विधायक उमाशंकर सिंह के अनुज छात्र शक्ति इंफ्रा कंस्ट्रक्शन के निदेशक एवं विधायक प्रतिनिधि रमेश सिंह ने कहा कि पूर्व ब्लाक प्रमुख चंद्रदीप सिंह ने समाज के लिए एक अच्छा कार्य किया है। वह अच्छे इंसान थे। वह लोगों के सुख-दुख में शामिल होते थे। इस अवसर पर सतीश सिंह, सुभाष सिंह, सुधीर सिंह, अनिल सिंह, अवधेश सिंह, बीरबल राम, राणा सिंह, विजय शंकर यादव, मतलूब अहमद, वशिष्ठ नारायण सोनी, बबलू सिंह, अनिल सिंह, गोपाल जी पांडेय, नथुनी सिंह आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख प्रभाकर राम तथा संचालन इंद्रजीत सिंह ने किया।

**ईओ मृदुल कुमार सिंह को मिला नगर पंचायत रतसर का अतिरिक्त प्रभार : बलिया।** आदर्श नगर पंचायत रेवती में तैनात अधिशासी अधिकारी मृदुल कुमार सिंह को नवसृजित नगर पंचायत रतसर कला का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। नगर निकाय चुनाव को देखते हुए शासन ने रिक्त चल रहे रतसर कला में ईओ के पद पर तैनाती की है। बताते चले कि सिकन्दरपुर में तैनात ईओ सीमा राय को अतिरिक्त प्रभार नवसृजित नगर पंचायत रतसर कला का मिला था।

कार्यालय नगर पंचायत खेतासराय, जौनपुर

पत्रांक: मेमो/न0पं0खेता/2022-23

विज्ञप्ति

दिनांक: 15.11.2022

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत खेतासराय जौनपुर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत निम्नलिखित वार्डों की सूची के अनुसार नगर पंचायत खेतासराय की सीमान्तर्गत नागरिकों के बहुमूल्य प्रयासों से सेप्टिक टैंकों से निकलने वाली गंदगी (Faecal Sludge) को खुले में या तालाब, पोखर, नदी में डालने की प्रथा को समाप्त करते हुए नगर पंचायत खेतासराय जनपद जौनपुर से समस्त 13 वार्डों को सेप्टिक टैंकों से निकने वाली गंदगी से मुक्त (Faecal Sludge) को खुले में या तालाब, पोखर, नदी में डालने की प्रथा से मुक्त (ODF++) करते हुए शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया जाना है जिसमें सभी वार्डों को (ODF++) घोषित किया जाता है यदि नगर पंचायत खेतासराय क्षेत्रान्तर्गत किसी भी कार्य आपत्ति/शिकायत है तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर कार्यालय में अपनी शिकायत प्रेषित कर सकते है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत खेतासराय
जौनपुर

अध्यक्ष
नगर पंचायत खेतासराय
जौनपुर

# पुलिस ने अजय हत्याकांड का किया खुलासा

**कामयाबी**

### प्रेम प्रसंग में भाइयों ने मिलकर उतारा था मौत के घाट

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** अजय हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया है। घटना में शामिल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। बदमाशों के पास से मृतक की मोबाइल और एक पिकअप बरामद किया है।

थाना जमानियां और स्वाट टीम रेवतीपुर थाना के गोपालपुर गांव निवासी अभियुक्त ओमनाथ यादव व पंकज यादव पुत्र रामनगीना यादव को मुखबीर की सूचना पर देवरिया चट्टी से गिरफ्तार किया है।

जमानियां थाना क्षेत्र के बघरी नहर के पास बीते सोमवार को रेवतीपुर थाना क्षेत्र के बहोरिक गांव निवासी अजय यादव पुत्र रामचन्द्र का शव मिला था।



कार्यालय में हत्यारोपी को मीडिया के समक्ष पेश करते एसपी ओमवीर सिंह।

मृतक के भाई सुनील यादव के लिखित तहरीर पर जांच के बाद अभियुक्त दिनेश यादव, ओमनाथ यादव,पंकज यादव, रणजीत उर्फ बब्बन यादव पुत्र रामनगीना यादव का नाम प्रकाश में आया। पुलिस के मुताबिक मृतक अजय यादव का अभियुक्त दिनेश यादव की पुत्री के बीच प्रेम-प्रसंग चल रहा था। रविवार की रात्रि में मृतक पिकअप से गोपालपुर अपनी प्रेमिका से मिलने गया था। जहां पर दोनो के मिलते समय ओमनाथ यादव ने देख लिया और मृतक को वही पर पकड़ लिया। तीनो भाईयों पंकज,दिनेश व रणजीत यादव को मौके पर बुलाया।

मृतक को मारे-पीटे, जिससे मृतक मौके पर बेहोश हो गया। तो उसे बांधकर उसी पीकअप पर लादकर बघरी नदी पर रात में ले गये और वहीं पर उतार कर पिकअप में रखे हुए लोहे के पाना से मारकर हत्या कर दी। मृतक की मोबाइल व पाना को घटना स्थल से कुछ दूर नहर में फेक दिये।

# धान क्रय केंद्र पर लाटरी सिस्टम से हुई खरीद



सेवराई विकास खंड पर लाटरी के दौरान किसान।

**सेवराई ।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के विकास खंड कार्यालय पर स्थित राजकीय धान क्रय केंद्र सेवराई पर किसानों के बड़ी प्रतीक्षा के बाद मंगलवार को लाटरी सिस्टम पर धान बेचने के लिए नंबर लगाया गया । धान बेचने के लिए किसानों द्वारा विकासखंड भदौरा स्थित धान क्रय केंद्र पर सुबह से ही नंबर लगाने के लिए किसानों की भारी भीड़ लगी रही । किसान अपना रजिस्ट्रेशन नंबर के साथ एक पर्ची पर अपना नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर लिखकर टीन के बक्से में डाल दे रहे थे । दोपहर 12 बजे क्रय केंद्र प्रबंधक राकेश तिवारी की देखरेख में बक्से में डाले गए सभी पर्चियों को मिलाकर बारी बारी से निकाला गया ।जिसका पर्ची पहले निकला उसका पहले नंबर और लॉटरी सिस्टम से जैसे जैसे पर्ची निकली वैसे लोगों का नंबर लगाया गया। इस संदर्भ में केंद्र प्रभारी राकेश तिवारी ने बताया कि किसानों की सहमति से लॉटरी सिस्टम से धान क्रय हेतु नंबर लगाया गया। धान की खरीद लगाये गए लाटरी सिस्टम के नंबर से बुधवार से शुरू कर दी जाएगी ।

# संदिग्ध हाल में विवाहिता की मौत

### पुलिस ने शव को कब्जे में लिया, जांच पड़ताल जारी

**सेवराई।** गहमर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बसूका गांव में मंगलवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस एवं फॉरेंसिक विभाग की टीम शव को कब्जे में लेते हुए घटनास्थल की जांच पड़ताल कर रही थी। जानकारी अनुसार गहमर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बसूका गांव निवासी हसनैन की पत्नी शगुफ्ता बेगम (35)मंगलवार की शाम अपने कमरे में मृत अवस्था में पाई गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक विवाहिता के गले में रस्सी के निशान थे तो वही वही कुछ लोगों का कहना था कि मृतका बेड पर पड़ी हुई थी और उसके बगल में एक उपयोग किया हुआ इंजेक्शन सिरिंज रखा हुआ था कुछ लोग इसे हत्या तो कुछ लोग इसे आत्महत्या करार दे रहे हैं। वहीं मृतका की बहन ने ग्राम प्रधान के चचेरे भाई के साथ मृतका के प्रेम प्रसंग के मामले को लेकर आए दिन धमकी देने एवं एक वीडियो को वायरल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम की कार्रवाई हेतु थाने लाई तो मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम घटनास्थल की बारीकी से निरीक्षण कर मौके से पर मौजूद जरूरी साक्ष्यों को एकत्रित किया। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी विजय आनंद शाही ने बताया कि एक विवाहिता की मौत की सूचना मिली थी घटनास्थल का मेरे द्वारा निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भेजा गया है। पुलिस अपना काम तत्परता के साथ कर रही है जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।



# जेल अधीक्षक पर भ्रष्टाचार का लगा आरोप

## जिला कारागार में मोबाइल का होता है प्रयोग, अधिकारी लेते हैं महीना

**आरोप**

### मुलाकात करने वालों से अवैध वसूली

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** जिला कारागार के बंदी रक्षक ने जेल अधीक्षक पर भ्रष्टाचार का बड़ा आरोप लगाया है। बंदी रक्षक ने आरोप लगाया है कि जेल में मोबाइल का प्रयोग होता है। बंदियों को खाना सही नहीं दिया जाता है। कैदियों से मिलने वाले मुलाकातियों से भी वसूली होता है।

जिला कारागार में तैनात बंदी रक्षक गोपाल पांडेय आत्महत्या की चेतावनी दी है। वह सोमवार से जेल गेट के बाहर अपनी मांग को लेकर धरने पर बैठे है। जेल अधीक्षक को पत्र भेजकर मांग किया है कि उनका स्थानांतरण किन कमियों के आधार पर की गई है। मंगलवार को धरने पर बैठे बंदी रक्षक गोपाल पांडेय ने आरोप लगाया कि जेल अधीक्षक भ्रष्टाचार में संलिप्त है। भ्रष्टाचार करने का बंदी रक्षकों पर दबाव बनाते है। दबाव में नहीं कार्य करने पर मेरा तबादला बरेली कर दिए है। जो मेरे पर आरोप लगाए है साबित हो जाएगा तो हम तबादले की जगह चले जाएगें। बंदी रक्षक ने आरोप लगाया कि जेल अधीक्षक सुबह से लेकर शाम तक खाने से लेकर नास्ता तक जेल के अंदर होता है। जेल के अंदर केंटीन चलाते है। जिससे सोलह हजार महीना लेते है। केंटीन में अवैध सामान बेचे जाते है जो जेल के मैनुअल के हिसाब से सही नहीं है। जेल के सभी अधिकारी अपना मोबाइल लेकर कारागार के अंदर जाते है। जबकि जेल के नियम के अनुसार सिर्फ सीयूजी नंबर होनी चाहिए। नाई से 25 हजार महीना लेते है। बंदियों के पास मोबाइल पकड़े जाने पर दंड देकर दो चार दिन में पैसे लेकर छोड़ देते है। उस मोबाइल को लेकर न ही मुकदमा दर्ज होता है और ना ही कोई कार्रवाई होती है। अभी डेढ़ महीने पहले डीएम ने दो से ढाई सौ मोबाइल पकड़ी थी। जिसे जेल अधीक्षक ने सभी कैदियों को दे दिया है। जो अभी भी जेल में मोबाइल चल रही है। बंदी रक्षक गोपाल पांडेय ने बताया कि डीएम और जिला जज के आने की सूचना मिलते ही जेल अधीक्षक सारा सामान छिपा देते है। बंदियों को सही खाना भी नहीं दिया जाता है। मुलाकात के नाम पर पैसे की वसूली होती है। जो मुलाकाती कोविड का टीका नहीं लगाए है उनसे अधिक पैसे की वसूली होती है। यह सब कार्य जेल अधीक्षक द्वारा कराया जाता है।



जिला कारागार गेट पर धरना पर बैठा बंदी रक्षक गोपाल पाण्डेय।

जेल अधीक्षक हरिओम शर्मा ने बताया कि वरिष्ठ अधीक्षक जिला कारागार मेरठ के आदेश पर वेतनवृद्धि अस्थाई प्रभाव से दो वर्ष के लिए रोके जाने का दण्ड से दंडित किया गया था। बताया कि जिला कारागार मेरठ में तैनाती अवधि में संवेदनशील बंदी विधायक विजय मिश्रा की अवैधानिक मदद करने व उप महा निरीक्षक कारागार मेरठ वैध आदेशों को नोट करने से मना करने के लिए निमित्त दंड दिया गया था।

# बिना लाइसेंस चल रहीं आरा मशीनें

## प्रतिबंधित लकड़ियों की हो रही कटान, अधिकारी बने अंजान

**जनसंदेश न्यूज**

**मनिहारी।** क्षेत्र में बिना लाइसेंस आरा मशीनों का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। वन विभाग की मिलीभगत से सरकार को लाखों रुपए का चूना लगाया जा रहा है। इन आरा मशीनों पर प्रतिबंधित लकड़ियों का भी कटान किया जा रहा है। वन विभाग पूरी तरह मौन साधे हुए हैं।

क्षेत्र के हंसराजपुर,सिखड़ी, छपरी, शादियाबाद,छतरमा,कटघरा सहित दुल्लहपुर, जखनियां में बिना लाईसेंस अवैध रूप से आरा मशीन चल रहें है। सरकार को प्रति वर्ष लाखों का चूना लगाया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट बिना लाइसेंस आरा मशीनों के संचालन पर पूरी तरह रोक लगा रखी है, लेकिन फिर भी कई जगहों पर चोरी छिपे आरा मशीनों का संचालन किया जा रहा है। ऐसी ही करीब एक दर्जन से अधिक आरा मशीनें बिना लाइसेंस धड़ल्ले से चलाई जा रही है। इन आरा मशीनों पर प्रतिबंधित लकड़ियों का भी कटान किया जा रहा है, जिनमें आम, शीशम, सागौन आदि कीमती पेड़ शामिल हैं। सुबह के समय टैक्टर ट्रालियों के माध्यम से लकड़ियों को आरा मशीनों पर लाया जाता है, जहां चोरी छिपे इन लकड़ियों का कटान किया जा रहा है। आरटीआई कार्यकर्ता डा.एम खालिद ने उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि इस पूरे कार्य में वन विभाग की पूरी मिलीभगत है। हर माह मोटी रकम मिलने के चलते वन विभाग के वन क्षेत्राधिकारी जखनियां ऐसी आरा मशीनों पर कार्रवाई करने के बजाय पूरी तरह मौन साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि कई बार मेरे द्वारा वन विभाग को शिकायत भी की गई,लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसके चलते प्रतिबंधित लकड़ियों का कटान धड़ल्ले से किया जा रहा है। जखनियां वन क्षेत्राधिकारी ए के त्रिपाठी ने बताया कि मेरे जानकारी में ऐसी कोई सूचना नहीं है। अगर अवैध आरा मशीनें चल रही है तो इसकी जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### लाइसेंस धारकों की भी नहीं हो रही चेकिंग

क्षेत्र में जो भी लाईसेंसी आरा मशीनों का संचालन हो रहा है। वन विभाग ऐसे आरा मशीनों पर जाकर भी लाइसेंस के मापदंडों की जांच नहीं करता। किस मशीन को कितने वजन तक की लकड़ी काटने का अधिकार है कौन सी लकड़ी काटी जा रही है। यह जांच नहीं की जाती। जिससे मनमाने तौर पर लकड़ी काटी जा रही है।



### विदेश में नौकरी के लिए करे प्रतिभाग

**गाजीपुर।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया है कि भारत के कार्यबल को कुशल बनाकर अंतर्राष्ट्रीय अवसरों से जोड़ने हेतु भारत सरकार के स्किल इण्डिया मिशन के तहत स्किल इण्डिया इंटरनेशल सेंटर के तत्वावधान में विदेशों में रोजगार के विभिन्न अवसर जिसमें आपकों आकर्षक वेतन, मुफ्त आवास, ट्रांसपोर्ट एवं स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा। दुबई, अबुधाबी, शारजाह, सऊदी अरब आदि देशों में इलेक्ट्रीशियन, फिटर, हल्पर, क्लीनर, माली, ए.सी. टेक्नीशियन, सिक्योरिटी गार्ड, कुक, वेटर, मैकेनिकल ड्राफ्टसमैन, मेसन, ड्राइवर इत्यादि जॉब रोल्स की मांग है। ऐसे उम्मीदवार जिनकी शैक्षिक योग्यता दशवीं पास एवं आईटीआई या डिप्लोमा धारित हैं एवं संबंधित जॉब रोल्स में 3 से 5 वर्ष का अनुभव तथा 21 से 35 वर्ष की आयु है, वे आवेदन कर सकते हैं। पासपोर्ट धारित उम्मीदवार को आवेदन में वरीयता दी जायेगी। विदेशों में रोजगार पाने के इच्छुक योग्यताधारी उम्मीदवारों की एक प्री-कॉउंसलिंग वाराणसी के टीम द्वारा की जायेगी । अतः जनपद के इच्छुक योग्यताधारी उम्मीदवार अपनी सीवी/रिज्यूम के साथ 15 दिसंबर को राजकीय आईटीआई के परिसर में प्रातः 10.30 बजे से प्री-कॉउंसलिंग हेतु प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# 16 से बंद होगा बैंडबाजा, एक माह इंतजार करेंगे दूल्हे राजा

**जनसंदेश न्यूज**

**गहमर।** लग्न और संक्रांति के राजा सूर्य हैं। हिंदुओं के वैवाहिक मुहूर्त भी इन्हीं की राशि पर पड़ने वाले प्रभाव से तय होते हैं। विद्वान ब्राह्मणों के अनुसार 16 दिसंबर की शाम 6:53 बजे से सूर्य धनु राशि में प्रवेश कर जाएंगे और इसके साथ एक माह के लिए खरमास लग जाएगा। वहीं, बैंड-बाजा की गूंज थम जाएगी। इसके बाद विवाह के लिए दूल्हे राजा को एक माह का इंतजार करना पड़ेगा।

इस बाबत आचार्य रामाकांत पाण्डेय व कामाख्या मंदिर के महंत पंडित आकाश राज तिवारी ने बताया कि पौष कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि दिन शुक्रवार से मूल नक्षत्र एवं धनु राशि का समागम सूर्य संक्रांति में शाम 6:53 बजे पर हो रहा है। वाराणसी पंचांग के हवाले से बताया कि अब अगले वर्ष माघ कृष्ण पक्ष की तिथि सप्तमी, दिन शनिवार 14 तारीख को शेष रात्रि 2:53 बजे पर सूर्य के मकर संक्रांति में प्रवेश लिए जाने के बाद 15 को मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाएगा। जनवरी में 15, 17, 18, 19, 25, 26, 27, 30 व 31 तारीख को फरवरी में 1, 6, 7, 8, 9, 10, 12, 13, 15, 16, 17, 18, 22, 23, 27 व 28 तारीख को मार्च में 1, 5, 6 तारीख को (दिवालग्न व होलिका दहन), 7, 8 (सर्वत्र होली), 9, 11 और 14 तारीख को ।



# तीन घंटे का मेगा ब्लॉक

**जनसंदेश न्यूज**

**गहमर।** दानापुर रेल मंडल के पंडित दीनदयाल उपाध्याय-बक्सर रेल खंड के गहमर स्टेशन लिमिट के डाउन लाइन में तीन घंटे का मेगा ब्लॉक लगाकर मंगलवार को रेलवे ट्रैक मेंटेनेंस का कार्य रेलपथ अभियंत्रण विभाग द्वारा किया गया। इससे तीन घंटे डाउन रेलवे लाइन में ट्रेनों का परिचालन बाधित रहा। ऐसे में विभिन्न स्टेशनों से यात्रा शुरू करने वाले यात्रियों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। इधर एहतियात के तौर पर स्टेशन पर आरपीएफ भ्रमण करती दिखाई पड़ी। दानापुर-पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलखंड के बीच पड़ने वाले गहमर स्टेशन के पास ट्रैकों की मरम्मत कार्य में बैलास्ट क्लीनिंग (गिट्टी सफाई मशीन),पाइंट्स एंड क्रासिंग टेपिंग मशीन (पैकिंग मशीन), वाइब्रेटिंग मशीन से कार्य रेलवे की ओर से किया जा रहा था। दोपहर करीब एक बजकर 10 मिनट से रेलपथ अभियंत्रण विभाग द्वारा गहमर स्टेशन के 81 बी 1 रेलवे फाटक के डाउन रेलवे लाईन पर मेगा ब्लाक लगाकर कार्य शुरू किया गया। रेलवे ट्रैक मरम्मत कार्य के बाद करीब 4.10 बजे मेगा ब्लाक समाप्त हुआ। तब जाकर ट्रेनों का परिचालन सुचारु रुप से बहाल कर दिया गया। मेगा ब्लाक रहने के कारण मेमो पैसेंजर ट्रेन घंटों बिलंब से गहमर स्टेशन पर पहुंचने से यात्री परेशान रहे। इस संबंध में गहमर सेक्सन के रेल पथ निरीक्षक उपेंद्र कुमार ने बताया की डाउन में गहमर स्टेशन लिमिट में रेल पटरी के मेंटेनेंस के कारण तीन घंटा तक ट्रेनों का परिचालन बाधित रहा। हालांकि इस दौरान कोई ट्रेन नहीं होने के कारण ट्रेनों के परिचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।



गहमर स्टेशन लिमिटेड में गिट्टी सफाई मशीन से कार्य करते।

# बिजली के खंभों पर चमक रही राजनीति शहर में लगे अवैध होर्डिंग-पोस्टर

**नगर निकाय चुनाव**

### शहर की खूबसूरती को बदनुमा बना रहे पोस्टर

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** शहर में अवैध तरीके से लगे होर्डिंग पोस्टर शहर की खूबसूरती बिगाड़ रहे हैं। शहर में ऐसा कोई चौक चौराहा नहीं जहां अवैध होर्डिंग्स की भरमार न हो। अवैध होर्डिंग व बिजली पोल लगातार हादसों का कारण बन रहे हैं। होर्डिंग्स लगाने में सुरक्षा मानकों का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है। नववर्ष नजदीक आते ही शहर बधाई संदेशों के होर्डिंग व पोस्टरों से अटा पड़ा है। चारों तरफ बधाई संदेशों के होर्डिंग्स की भरमार है। शहर में होर्डिंग्स का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। बधाई संदेशों के साथ व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, औद्योगिक इकाइयों, शैक्षिक संस्थाओं, निजी नर्सिंग होम, राजनीतिक दलों के होर्डिंग्स शामिल है। रसूखदार व ऊंची पहुंच के कारण इन पर जिला प्रशासन व नगर पालिका के अधिकारी भी कार्रवाई करने से बचते नजर आ रहे हैं।



चित्रगुप्त चौराहे पर लगे बिजली के पोल पर अवैध होर्डिंग।

शहर में अवैध होर्डिंग्स और पोस्टर शहर की सुंदरता को तो खराब कर ही रहे हैं, साथ ही ये खतरे को भी बढ़ावा दे रहे हैं। चुनावी सीजन और नव वर्ष के आगमन के चलते शहर में जगह-जगह बधाई संदेशों के होर्डिंग्स और पोस्टर नजर आ रहे हैं।प्रचार-प्रसार के लिए बिजली के खंभों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो कानूनन अवैध है। बाईपास मार्ग, लंका रोड, सिटी रेलवे स्टेशन, मालगोदाम रोड, महुआबाग से लेकर कचहरी और पीजी कॉलेज तक बिजली के खंभे नेताओं और व्यापारियों के प्रचार-प्रसार के काम आ रहे हैं।

शहर में होर्डिंग्स के लिए नगर पालिका ने कुछ स्थल चिह्नित किए हैं, जिसके लिए निकाय फीस वसूलता है, लेकिन बिजली विभाग की कथित मौन सहमति के चलते बिजली के खंभों पर होर्डिंग्स और पोस्टर नजर आ रहे हैं। लोक संपत्ति अधिनियम के तहत किसी भी सरकारी संपत्ति पर निजी प्रचार-प्रसार करना कानूनन अपराध है, जिसके लिए मुकदमे तक की कार्रवाई का प्रावधान है। बिजली के खंभों पर होर्डिंग्स लगाते समय हादसे का खतरा हमेशा बना रहता है। कई बार इस तरह के मामले सामने भी आए हैं। विघुत विभाग के अधिकारी भी मानते है कि बिजली के खंभों पर प्रचार सामग्री लगाना अवैध है। ऐसा करने पर पोस्टर लगाने वाले व्यक्ति को तो खतरा बना ही रहता है, साथ ही कई जगह लाइनमैन को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। विभाग समय-समय पर कार्रवाई करता रहता है, लेकिन स्टाफ की कमी होने के कारण विभाग इस दिशा में लगातार कार्रवाई नहीं कर पाता है।

## संक्षेप

### विद्युत विभाग की चेकिंग में हजारों की वसूली



**दिलदारनगर।** लगातार मिल रही बिजली की चोरी की शिकायत पर बिजली के विभागीय अधिकारियों ने लगातार चेकिंग अभियान चला रहे हैं। जिसमें छह लोगों पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है। वही पंच्चास हजार की राजस्व वसूली भी की गई है। दिलदारनगर की बिजली विभाग की एक टीम नगर के एक मोहल्ले में पहुंचकर बिजली चेकिंग करना शुरू किया। 6 लोगों पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कर किया गया है। वही पांच उपभोक्ताओं का लोड बढ़ाया गया। इस संबंध में जेई तापस कुमार ने बताया कि बिजली चोरी के खिलाफ लगातार अभियान चलता रहेगा। चेकिंग टीम में मनोज,कपिल, अशोक सुकेंदर मोनू मनोज इतियाद लोग साथ रहे।

### जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए डीएम ने की मंथना



**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में जनपद में नमामि गंगे परियोजना अन्तर्गत जैविक खेती योजना/यूपी डास्प अन्तर्गत शासी समिति की बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुआ। बैठक में बताया गया कि यूपी डास्प में संचालित नमामि गंगे योजनान्तर्गत चयनित पांच विकास खण्डो में 102 कलस्टर का गठन कर 3638 कृषकों का चयन कर 2040 हेक्टेयर क्षेत्रफल में जैविक खेती की जा रही हैं। योजना के प्रथम वर्ष में कृषकों को जैविक खेती हेतु प्रमाणीकरण संस्था द्वारा 3638 कृषकों को पीजीएस ग्रीन प्रमाण पत्र निर्गत किया गया है, साथ ही जैविक खेती में किये गये कार्यों व निवेश का प्रोत्साहन धनराशि भुगतान कर दिया गया हैं। द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष के खरीफ के कार्यों एवं निवेश का प्रोत्साहन धनराशि मुख्यालय से बजट प्राप्त नही होने के कारण अवशेष है। तृतीय वर्ष में खरीफ फसलो की जैविक खेती के मापदण्डो को अपनाते हुए सम्पन्न कर लिया गया तथा वर्तमान में रवी फसलो की बुवाई लगभग 90 प्रतिशत तक पूर्ण कर लिया गया है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रकाश गुप्ता , उप निदेशक कृषि , जिला कृषि अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र आँकुसपुर के वैज्ञानिक, मण्डी सचिव, सपोर्ट एजेंसी के परियोजना प्रभारी, प्रमाणीकरण संस्था के प्रभारी रामनन्द यादव उपस्थित थे।

### जल्द मिलेगी जल जमाव से निजात:बीडीओ

**गाजीपुर।** जल जमाव की समस्या को लेकर चंदन नगर सहित मिश्रवलिया गाँव के लोगों ने क्षेत्रीय नेताओं से लेकर जिलाधिकारी से गुहार लगाई गई थी। ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीएम आर्यका आखौरी ने निर्देशित किया गया कि क्षेत्र का सर्वे करा कर इस समस्या से जल्द निजात दिलाने के आदेश जारी किया गया। सदर ब्लॉक बीडीओ अनिल कुमार श्रीवास्तव द्वारा नाले का निर्माण कराकर पानी के निकासी की पहल शुरू की गई है। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि जहाँ नाले के निर्माण से जल निगम चंदन नगर सहित रौजा व आवास विकास के लोगों को जल जमाव से निजात मिलेगी। वही मानक में अनदेखी न हो सकें उसकी भी समय समय पर जांच की जा रहीं हैं। जांच टीम में बीडीओ अनिल कुमार श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत पवन कुमार पांडेय, सचिव शशिकांत राय, मुलायम यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

### भट्ठे का विनियमन शुल्क तत्काल जमा करें

**गाजीपुर।** विशेष सचिव, भूतत्व एवं खनिकर्म अनुभाग, लखनऊ द्वारा निर्देशित किया गया था कि भट्ठा वर्ष 2022-23 में संचालित ईट भट्ठे पर विगत 30 नवंबर तक जमा की गई विनियमन शुल्क की धनराशि पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा, जबकि व्यापक प्रचार प्रसार के बाद भी तय सीमा के अन्दर कुल 128 ईट भट्ठा स्वामियों द्वारा ही विनियमन शुल्क जमा किया गया है। इस आशय की जानकारी डीएम आर्यका अखौरी ने दी है। आगे कहा कि शासन द्वारा निधारित ब्याज छूट की सीमा समाप्त हो चुकी है, फिर भी जनपद के अधिकांश ईट भट्ठा स्वामियों द्वारा विनियमन शुल्क आज तक जमा नहीं किया गया है, जबकि शासनादेशानुसार बिना विनियमन शुल्क जमा किये ईट भट्ठों का संचालन नहीं किया जायेगा। उन्हों ने जनपद के बकाया ईट भट्ठे के स्वामियों को सूचित किया है कि भट्ठे का विनियमन शुल्क तत्काल जमा करें। अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिये आप स्वयं जिम्मेदार होगें।

### जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी का गठन

**गाजीपुर।** नगर निकाय निर्वाचन के अग्रिम तैयारियों के दृष्टिगत लाइसेंसी शस्त्रों के सत्यापन एवं जमा कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में राज्य निर्वाचन आयोग उप्र लखनऊ, द्वारा वर्णित व्यवस्था के अनुसार स्क्रीनिंग कमेटी गठन किये जाने का निर्देश दिया गया है, तद्क्रम में आगामी नगर निकाय निर्वाचन की अग्रिम तैयारियों के दृष्टिगत कार्य-सम्पादन हेतु जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें जिला मजिस्ट्रेट- अध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक- उपाध्यक्ष, आगामी नगर निकाय निर्वाचन से सम्बन्धित कार्य को सकुशल नियमानुसार विधिक रूप से सम्पन्न कराने के लिए निम्न अधिकारियों को नामित किया गया है। अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि/रा) -सदस्य, अपर पुलिस अधीक्षक, नगर/ग्रामीण- सदस्य, संयुक्त निदेशक, अभियोजन-सदस्य, नामित अधिकारीगण शस्त्र से सम्बन्धित प्राप्त प्रार्थनापत्रों को विधि सम्मत परीक्षणोपरान्त जिला स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रस्तुत करेंगे।

### आज होगा बैडमिंटन खिलाड़ियों का चयन

**गाजीपुर।** क्रिड़ा अधिकारी ने बताया है कि जिला खेल कार्यालय के तत्वावधान में जूनियर बालक/बालिकाओं की बैडमिण्टन का जिला स्तरीय चयन/ट्रायल्स 14 दिसंबर को प्रातः 09:00 बजे से नेहरू स्पोर्टस स्टेडियम गोराबाजार में किया जाना सुनिश्चित हुआ हैं। इच्छुक खिलाड़ी अपनी प्रविष्टि तक कार्यालय में दे सकते हैं। साथ ही पात्रता प्रमाण पत्र फोटोयुक्त व प्रधानाचार्य से प्रमाणित आयु प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड साथ में लाना अनिवार्य होगा। प्रवेश निःशुल्क होगा।

### खण्ड विकास अधिकारी ने विद्यालयों का किया निरीक्षण

**जखनिया।** खंड विकास अधिकारी जखनिया यशवंत कुमार ने जफरपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं चुरामन पुर प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शौचालय टाय लीकरण बच्चों की उपस्थिति साहित सभी बिन्दुओं का गहनता से निरीक्षण किया। जफरपुर में बालकों की उपस्थिति 109 और बालिकाओं कि उपस्थिति 99 रही जफरपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय में दिव्यांग शौचालय कार्य अधुरा मिलने पर सचिव व ग्रामप्रधान को निर्देश दिए कि तत्काल कार्य पूर्ण कराए। वही चुरामनपुर प्राथमिक विद्यालय पर टायलीकरण कार्य हुआ है कुछ कार्य अधूरा है जिस पर प्रधान को तत्काल पूर्ण कराने का निर्देश दिए विद्यालय में इंडिया मार्का हैंडपंप की भी मांग की गई ताकि बच्चों को पानी की समस्या का समाधान हो सके। दोनों विद्यालयों पर सफाई कर्मी आशा कर्मी एवं समस्त स्टाफ मौके पर उपस्थित पाए गए। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि जिलाधकारी के निर्देश पर विद्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है। जिसमें कायाकल्प के तहत सभी 19 बिंदुओं को पूर्ण कराया जाएगा।

### बीएससी की छात्रा ने लगाई फांसी, मौत

**मनिहारी।** शादियाबाद थाना क्षेत्र के कुतूबपुर गांव में सोमवार की देर शाम कंचन यादव(24)पुत्री रामलक्षन यादव ने अपने डुपट्टे का फंदे बनाकर झुलकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने शव कब्जे में लेकर रात में ही पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। सोमवार की शाम कंचन यादव ने कमरे का अंदर से दरवाजा बंद कर फंखे के हुक के सहारे अपने ठुपट्टे का फंदा बनाकर झुल गई। घरवालों को वह काफी समय तक नही दिखी तो घरवालों ने उसके कमरे का दरवाजा खटखटाया दरवाजा अंदर से बंद था कोई आहट न मिलने पर घरवालों ने कमरे का दरवाजा तोड़कर देखा तो अंदर कंचन डुपट्टे के सहारे झुल रही थी। कंचन यादव चार भाई बहनों में बड़ी थी व बीएससी की छात्रा थी उसने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही थी हालांकि की घरवाले कुछ भी बताने से इंकार कर रहे थे। थानाध्यक्ष शादियाबाद घनानंद मिश्रा ने बताया की जांच पड़ताल की जा रही है।

### 92 हजार की अवैध हेरोइन बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

**गाजीपुर।** दिलदारनगर पुलिस ने 92 हजार की 915 ग्राम अवैध हेरोइन के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए तस्करों के हौसले पस्त कर दिए है। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के के तहत प्रभारी निरीक्षक थाना दिलदारनगर ने टीम बनाकर सक्रिय अपराधियों संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इस बीच उ.नि. जितेन्द्र कुमार मुखबीर की सूचना पर कुशी बफासला तीन किमी दक्षिण पश्चिम अभियुक्त अब्दुल खाँ उर्फ रिंकू पुत्र स्व. नूर हशन निवासी सारीपुर थाना औद्योगिक जनपद बक्सर, अरशद खाँ पुत्र अब्बास खाँ निवासी ग्राम मुहम्मदपुर थाना जमानिया, नौरेज खाँ पुत्र शब्बीर खाँ निवासी ग्राम डुमरी थाना दुर्गावती जनपद भभुआ(कैमूर) को गिरफ्तार किया। तलाशी में अभियुक्त अब्दुल उर्फ रिंकू के कब्जे से 255 ग्राम, अरशद खाँ के कब्जे से 320 ग्राम व नौरेज खाँ के कब्जे से कुल 340 ग्राम कुल माल 915 ग्राम हेरोईन बरामद हुआ है।

## जनसंपादकीय

# स्त्री अत्याचारों से जुड़ी चिन्ताएं

इनदिनों स्त्रियों के घरेलू जीवन में उन पर अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं। विशेषतः कोरोना महामारी के लॉकडाउन के दौरान एवं उसके बाद महिलाओं पर हिंसा, मारपीट एवं प्रताड़ना की घटनाएं बढ़ी हैं। ऐसी ही पीलीभीत की एक घटना ने रोंगटे खड़े कर दिये। खाने में बाल निकलने के बाद पत्नी को पीलीभीत के युवक जहीरुद्दीन ने जिस बेरहमी, बर्बरता एवं क्रूरता से मारा, जमीन पर गिरा दिया, घर में रखी बाल काटने वाली मशीन (ट्रिमर) को पत्नी के सिर पर चला दिया, इन दुभाग्यपूर्ण एवं शर्मसार करने वाली नृशंसता की घटना की जितनी निन्दा की जाये, कम है। स्त्री को समानता का अधिकार देने और उसके स्त्रीत्व के प्रति आदर भाव रखने के मामले में आज भी पुरुषवादी सोच किस कदर समाज में हावी है,क इसकी पीलीभीत की यह ताजा घटना निन्दनीय एवं क्रूरतम निष्पत्ति है। दुभाग्यपूर्ण पहलू यह है कि जब एक स्त्री पर यह अनाचार हो रहा था तो दूसरी स्त्री यानी उसकी सास भी खड़ी थी और उसके बचाव में नहीं आई। जब उक्त युवक को अपने अपराध का अहसास हुआ तो भी वह पश्चाताप करने के बजाय पत्नी को ऐसे ही बंधा छोड़कर फरार हो गया। रह-रह कर समाज में घटित हो रही ये महिला अत्याचार, हिंसा, उत्पीड़न की घटनाएं चिन्तित करती एवं इन पर नियंत्रण के लिये कुछ प्रभावी कदमों की जरूरत व्यक्त करती है।

यह देखना भी दिलचस्प है कि जहां साल में दो बार लड़कियों को महत्व देने के लिए उसे पूजने के पर्व मनाए जाते हों, वहां लड़कियों को दोयम दर्जे का मानने वाले भी बहुत हैं, महिलाओं के अस्तित्व एवं अस्मिता को नौंचने वाले भी कम नहीं है, आये दिन ऐसी घटनाएं देखने और सुनने को मिलती हैं कि किस तरह आज भी महिलाओं के साथ हिंसा एवं अत्याचार किया जाता है। जबकि आधुनिक होते भारत में महिलाओं ने अपने प्रयास के दम पर कई उपलब्धियां हासिल की हैं। यह देखकर गर्व होता है लेकिन जब ऐसी घटनाएं होती हैं, जैसी पीलीभीत में हुई, तो यह सोचने को विवश होना पड़ता है कि समाज की वास्तविकता क्या है? महिला समानता आज का सच है या अपवाद? प्रगति के प्रतिमान लिखने वाली महिलाएं हमारे समाज का वास्तविक सच हैं या वह, जो पीलीभीत की पीड़िता के साथ हुआ। इस पर गंभीरता से चिंतन करना होगा।

महिलाओं के प्रति यह संवेदनहीनता एवं बर्बरता कब तक चलती रहेगी? भारत विकास के रास्ते पर तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन अभी भी कई हिस्सों में महिलाओं को लेकर गलत धारणा है कि महिलाएं या बेटियां परिवार पर एक बोझ की तरह हैं। एक विकृत मानसिकता भी कायम है कि वे भोग्य की वस्तु है? उन्हें पांव के नीचे रखा जाना चाहिए। यों यह घटना आए दिन होने वाले जघन्य अपराधों की ही अगली कड़ी है, मगर यह पुरुषवादी सोच और समाज के उस ढांचे को भी सामने करती है, जिसमें महिलाओं की सहज जिंदगी लगातार मुश्किल बनी हुई है, संकटग्रस्त एवं असुरक्षित है। भले ही महिलाओं ने अपनी जंजीरों के खिलाफ बगावत कर दी है, लेकिन देश में ऐसा वर्ग भी है जहां आज भी महिलाएं अत्याचार का शिकार होती है। भले एक खास महिला वर्ग ने आर्थिक मोर्चे पर आजादी हासिल की है, लेकिन एक बड़ा महिला वर्ग आज भी पुरुषप्रधान समाज की सोच की शिकार है। ऐसा कायम है तभी आजादी के अमृत महोत्सव मना चुके राष्ट्र की तमाम महिलाएं ह्यमुझे पति और पति के परिवार से बचाओह्ल की गुहार लगातीं हुई दिखाई देती है। इसलिये कि उन्हें सदियों से चली आ रही मानसिकता, साजिश एवं सजा के द्वारा भीतरी सुरंगों में धकेल दिया जाता है, अत्याचार भोगने को विवश किया जाता है।

महिलाएं सभी समाजों, सभी देशों और सभी कालों में महत्वपूर्ण भूमिका में रही है। चाहे वेदों की बात करें, जो महिलाओं को पूजनीय बताते हैं, या गांधीजी की बात करें जो उन्हें परिवार की धूरी बताते हैं, हर समय महिलायें महत्वपूर्ण रही हैं। वेद कहते हैं कि वह व्यवस्था सबसे उत्तम है, जहां महिलाओं का सम्मान होता है। गांधीजी मानते थे कि अगर पूरे परिवार को और आगे आने वाली पीढ़ी को सुसंस्कृत बनाना है, तो केवल उस परिवार की महिलाओं को शिक्षित कर देना चाहिये। साल 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्ल अभियान की शुरूआत हरियाणा के पानीपत जिले से की थी। इसके बाद भ्रूण हत्या को समाप्त करने व महिलाओं से जुड़े तमाम महत्वपूर्ण मुद्दों पर पुरुष मानसिकता में व्यापक परिवर्तन आया है। लेकिन व्यापक परिवर्तन ही नहीं, आमूल-चूल परिवर्तन की जरूरत है। प्रश्न है कि घर की चार-दीवारी के भीतर महिलाओं पर अत्याचार का सिलसिला कब रूकेगा?

आखिर कब तक महिलाओं की छोटी-छोटी भूलों के लिये पुरुष उनको पिटते रहेंगे? क्यों हर कदम पर पुरुष व्यवस्था द्वारा लगाये गये नियमों के पालन में थोड़ी-सी कोताही उसे अपराधिनी सिद्ध करने का आधार बनती रहेगी। सेवा, श्रम और सेक्स-ये तीन बातें स्त्री के जीवन के आधार स्तंभ है, जो उसे परिवार और पति के लिये समर्पित करने हैं। इनमें तनिक चूक के लिये वह हिंसा की शिकार बना दी जाती है। लेकिन इन अत्याचारों को सहते-सहते स्त्री टूट चुकी है। आज त्याग की जंजीरें और सहने की ताकत की कड़ियां बिखर चुकी है। स्त्री का विद्रोही स्वरूप सामने आ रहा है, विवाह का विधान डगमगाने लगा है, समाज के सामने खतरे की घंटी बज रही है। आखिर इसका जिम्मेदार पुरुष ही है, उसके बढ़ते अत्याचार है, स्त्री को दोयम दर्जा मानने की मानसिकता है। ऐसी मानसिकता चाहे पीलीभीत में कहर ढाये या अन्यत्र। असर पूरे महिला समाज पर होता है। सवाल यह है कि औरत को तरह-तरह से घेरने वाली सजायें एवं जुल्म जब गुजरते हैं तो ह्यऐसा तो होता ही रहता हैह्ल की मान्यता अब स्त्री को स्वीकार्य नहीं है। जुल्म भले एक महिला को झेलना पड़े लेकिन अनेक महिलाएं उससे जागरूक हो जाती है, कमर कस लेती है। निश्चिय ही यह पुनः एक प्रश्न को जन्म देता है कि क्या महिलायें अभी भी दोयम दर्जे की है?

नरेन्द्र मोदी की पहल पर निश्चित ही महिलाओं पर लगा दोयम दर्जा का लेबल हट रहा है। हिंसा एवं अत्याचार की घटनाओं में भी कमी आ रही है। बड़ी संख्या में छोटे शहरों और गांवों की लड़कियां पढ़-लिखकर देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वे उन क्षेत्रों में जा रही हैं, जहां उनके जाने की कल्पना तक नहीं की जा सकती थी। वे टैक्सी, बस, ट्रक से लेकर जेट तक चला-उड़ा रही हैं। सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा कर रही है। अपने दम पर व्यवसायी बन रही हैं। होटलों की मालिक हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की लाखों रुपये की नौकरी छोड़कर स्टार्टअप शुरू कर रही हैं। वे विदेशों में पढ़कर नौकरी नहीं, अपने गांव का सुधार करना चाहती हैं। अब सिर्फ अध्यापिका, नर्स, बैंकों की नौकरी, डॉक्टर आदि बनना ही लड़कियों के क्षेत्र नहीं रहे, वे अन्य क्षेत्रों में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। इस तरह नारी एवं बालिका शक्ति ने अपना महत्व तो दुनिया समझाया है, लेकिन नारी एवं बालिका के प्रति हो रहे अपराधों में कमी न आना, घरेलू हिंसा का बढ़ना- एक चिन्तनीय प्रश्न है। सरकार ने सख्ती बरती है, लेकिन आम पुरुष की सोच को बदलने बिना नारी एवं बालिका सम्मान की बात अधूरी ही रहेगी। इस अधूरी सोच को बदलना नये भारत का संकल्प हो, इसीलिये तो इस देश के सर्वोच्च पद पर द्रौपदी मुर्मू को आसीन किया गया हैं। वह प्रतिभा पाटिल के बाद देश की दूसरी महिला राष्ट्रपति हैं। अमेरिका आज तक किसी महिला को राष्ट्रपति नहीं बना सका, जबकि भारत में इंदिरा गांधी तो 1966 में ही प्रधानमंत्री बन गई थीं। असल में, यही तो स्त्री शक्ति की असली पूजा है। अब स्त्री शक्ति के प्रति सम्मान भावना ही नहीं, सह-अस्तित्व एवं सौहार्द की भावना जागे, तभी उनके प्रति हो रहे अपराधों में कमी आ सकेगी। तभी पीलीभीत जैसी बर्बर मानसिकता पर विराम लग सकेगा।



**ललित गर्ग**
**लेखक पत्रकार एवं स्तंभकार हैं,**
**संपर्क 9811051133**

करो प्रार्थना/कि टुच्चे लोगों से भले न बच सको/अपने टुच्चेपन से बचे रहो/और जीवन की तरह/मृत्यु में भी कुछ गरिमा हो

# सारी दिशाएं हमें अविश्वास से देख रहीं

## कभी-कभार



**अशोक वाजपेयी**

### अभय के लिए प्रार्थना

हम एक ऐसे समय में रह रहे हैं जहाँ हमें हर रोज कोई न कोई डराता रहता है। सत्तारूढ़ शक्तियों का तो जैसे बिना डराये काम ही नहीं चलता। फिर अखबार, टीवी चैनल, धर्मनेता, बाजार, गुण्डे-लफंगे आदि लगातार ऐसा कुछ न कुछ, लगभग नियमित रूप से, करते या कहते रहते हैं कि डर लगने लगता है। आस-पास के लोग, पड़ोसी और अजनबी सभी डर की चपेट में लगते हैं। ऐसे भयभ्रस्त वातावरण में अभय के लिए की गयी एक वैदिक प्रार्थना हाथ लग गयी जो अथर्ववेद से है। प्रार्थना मेरा एक प्रिय शब्द और भाव है, हालाँकि आस्था के वरदान से वंचित रहने के कारण, मुझे कभी यह समझ में नहीं आया कि किससे प्रार्थना करूँ! अपनी एक कविता का समापन मैंने इन शब्दों से किया हैः करो प्रार्थना/कि टुच्चे लोगों से भले न बच सको/अपने टुच्चेपन से बचे रहो/और जीवन की तरह/मृत्यु में भी कुछ गरिमा हो/करो प्रार्थना....।

हिन्दी अनुवाद में वैदिक प्रार्थना इस तरह हैः


अभय करो प्रभु, अभय करो हमें।
भूमि से न भय हो, आकाश से न भय हो;
मित्र से न भय हो, शत्रु से न भय हो;
भय हो न सामने से, पीछे से न भय हो;
दायें न भय हो, न बायें से ही भय हो;
दिन में न भय हो, न रात में भी भय हो;
शत्रु मेरा कोई न हो, सब ही दिशाएँ मेरी
मित्र बनें और मेरी मित्रता की जय हो।

ऐसा अभय मिल सके, ऐसी स्वस्ति और आश्वस्ति हमारे हिस्से आ आये ऐसी सम्भावना कम ही है। इसके लिए दोष और दायित्व हमारा ही है। हम ही तो हैं जो शत्रुता बढ़ाते रहते हैं और फिर उसी से भयाक्रान्त होते हैं। हम ही तो हैं जो पृथ्वी को लगातार क्षत-विक्षत-नष्ट कर रहे हैं और आकाश को हर पल दूषित। हम ही हैं जो दायें-बायें का खेल खेलते रहते हैं। हम स्वयं डरते-डराते हैं और दिन और रात दोनों में डर का चालीसा पढ़ते-गाते रहते हैं। सारी दिशाएँ हमें अविश्वास से देखती हैं। अभय आकाश से नहीं गिरेगाः वह इसी पृथ्वी पर हमारे लाये आयेगा। कई बार यह कुछ तीखेपन से पूछने का मन होता हैः हम खुद अपने से डरना, अपनों को डराना कब छोड़ेंगे?

### पेरिस में रजा

यों तो चित्रकार सैयद हैदर रजा ने पेरिस में 60 वर्ष रहते और चित्र बनाते बिताये और वहाँ की कई गैलरियों में उनकी समूह या एकल प्रदर्शनियाँ हुईं। पर उसी शहर में विश्व-विख्यात, आधुनिक कला के विश्व के मूर्धन्य संग्रहालयों में गिने जानेवाले पाम्पिदू संग्रहालय में अगले वर्ष उनके कला-जीवन की सबसे बड़ी प्रदर्शनी होने जा रही है। आयोजन रजा फाउण्डेशन के लगभग पाँच वर्षों के अथक प्रयास का प्रतिफल है। 14 फरवरी से शुरू होने वाली इस प्रदर्शनी में जो तीन महीने तक चलेगी, रजा की लगभग सौ कलाकृतियाँ प्रदर्शित होंगी जिनमें से लगभग साठ भारत के सार्वजनिक और निजी संग्रहों से चुनी गयी हैं। इनमें से कुछ कलाकृतियाँ ऐसी भी हैं जो इससे पहले किसी सार्वजनिक प्रदर्शनी में शामिल नहीं हुई हैं। रजा के दुखद देहावसान के लगभग सात वर्षों बाद आयोजित इस प्रदर्शनी में फ्रेंच, अमरीकी और ब्रिटिश कलाविदों के अलावा भारतीय कलाविद भी शामिल होंगे। यह फ्रांस में अब तक आयोजित किसी भारतीय कलाकार की सबसे बड़ी प्रदर्शनी भी होगी। शुभारम्भ के अवसर पर, जो रजा की 101वीं वर्षगाँठ से सिर्फ.एक सप्ताह पहले होगा, फ्रांस और भारत के, क्रमशः दिल्ली और पेरिस स्थित, राजदूत भी उपस्थित रहेंगे।

रजा फाउण्डेशन इस अवसर पर दो स्वतंत्र जिल्दों में कैटलाग, फ्रेंच और अंग्रेजी में, प्रकाशित कर रहा है जिसमें डॉ. होमी भाभा, यशोधरा डालमिया, रूबीना करोड़े, गीति सेन, अश्विन राजगोपालन, रणजीत होस्कोटे आदि के निबन्ध, रजा के कुछ कलाकारों-पत्रों और से लिये गये पत्र, अपनी पत्नी जानीन मोंजिला से पत्रकार के कुछ अंश, कई फ्रेंच कलाविदों द्वारा उन पर लिखे गये निबन्धों का एक संचयन शामिल है। इस कैटलाग का लोकार्पण भी शुभारम्भ के अवसर पर होगा। शुभारम्भ की पूर्वसंध्?या पर होमी भाभा व्याख्यान देंगे और फिर 15 फरवरी को वे रजा पर चित्रकार अतुल डोडिया से संवाद करेंगे। 16 फरवरी को भारतीय राजदूत के निवास पर अनी मोन्तो द्वारा फ्रेंच में संपादित पुस्तक रजा और प्रकृति की आत्मा का लोकार्पण होगा और 20 फरवरी को इनालको में रजा, प्रकृति और भारतीय आधुनिकता का विषय पर परिसंवाद होगा जिसमें शार्ल मलामूद, उदयन वाजपेयी, अनी मोन्तो आदि भाग लेंगे। उधर 17 फरवरी को संग्राहक कैथरीन दावीद के संयोजन में रजा और उनका समय विषय पर एक परिसंवाद होगा जिसेमं रूबीना करोड़े, रणजीत होस्कोटे, अश्विन राजगोपालन, दीपक अनत आदि भाग लेंगे। इसकी भी प्रबल सम्भावना है कि प्रदर्शनी के चलते, बाद में, पेरिस के एक और संग्रहालय म्यूजी द गिमे में कविता-संगीत-नृत्य पर एकाग्र एक रजा पर्व आयोजित हो। बड़ी संख्या में देश-विदेश से रजा के संग्राहक और प्रशंसक यह प्रदर्शनी देखने पेरिस आयेंगे ऐसी उम्मीद की जा रही है। प्रदर्शनी में फ्रांस, यूरोप और ब्रिटेन के संग्रहों से कला-कृतियाँ भी शामिल हैं।



14 फरवरी से शुरू होने वाली इस प्रदर्शनी में जो तीन महीने तक चलेगी, रजा की लगभग सौ कलाकृतियाँ प्रदर्शित होंगी जिनमें से लगभग साठ भारत के सार्वजनिक और निजी संग्रहों से चुनी गयी हैं। इनमें से कुछ कलाकृतियाँ ऐसी भी हैं जो इससे पहले किसी सार्वजनिक प्रदर्शनी में शामिल नहीं हुई हैं। रजा के दुखद देहावसान के लगभग सात वर्षों बाद आयोजित इस प्रदर्शनी में फ्रेंच, अमरीकी और ब्रिटिश कलाविदों के अलावा भारतीय कलाविद भी शामिल होंगे। यह फ्रांस में अब तक आयोजित किसी भारतीय कलाकार की सबसे बड़ी प्रदर्शनी भी होगी।

### अन्तिम नायक

हम ऐसे समय में रह रहे हैं जहाँ हम यह लगभग भूल चुके हैं कि अकसर साधारण लोग भी नायक हो सकते हैं, हुए हैंः साधारण की जिजीविषा, संघर्ष, गरिमा, कुछ असाधारण करने की क्षमता और अदम्यता हमारे ध्यान के भूगोल से बाहर हो गयी है। अब हमारे नायक बड़े धनिक-व्यापारी, अपराधी, फिल्म अभिनेता, वाक्शूर पर कर्महीन राजनेता होने लगे हैं। वे सब जो तरह-तरह से सत्ता हथियाते या उसके इर्दगिर्द घूमते रहते हैं। पी साईनाथ एक ऐसे पत्रकार हैं जिन्होंने हमारे समय में साधारण किसानों की दुखी आत्महन्ता जीवन की, गरीबों के संघर्ष की और दुर्भिक्ष की गाथा विस्तार और प्रामाणिकता के साथ लिखी है। इसी क्रम में उनकी नयी पुस्तक आयी है दि लास्ट हीरोजः फुट सोल्जर्स आ० इण्डियन फ्रीडम, जो पेंगुइन ने प्रकाशित की है।

आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत जो तमाशाई माहौल हे उसमें यह पुस्तक एक बहुत सार्थक हस्तक्षेप की तरह है क्योंकि वह उन कुछ स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की कथा कहती है जो इस संग्राम के आधिकारिक वृत्तान्त में कभी शामिल नहीं किये गये पर जिन्होंने नामहीनता में रहकर भी इस संग्राम में हिस्सा लिया था। उनमें आदिवासी, दलित, पिछड़ी जातिवाले, ब्राह्मण, मुसलमान, सिख और हिन्दू शामिल हैं। वे देश के विभिन्न अंचलों से आते हैं और अलग-अलग भाषाएँ बोलते हैं और उनमें आस्थावान और नास्तिक, वामपन्थी, गांधीवादी और अम्बेडकर के अनुयायी शामिल हैं। उनमें से किसी का भी कोई सत्तापरक जीवन नहीं रहा, न उन्हें कोई पद या सम्मान मिले। पर वे सभी ब्रिटिश राज्य के विरोध में रहे। कुछ नाम हैंः शोभाराम गहरवार, भगत सिंह झुग्गियाँ, एन शंकरैय्या, बाजी मोहम्मद, गणपति यादव, भवानी महतो, लक्ष्मी पण्डा, एच एस दोरैस्वामी, थैलू और लोक्खी महतो, एन नल्लूकण्णु, मल्लू स्वराज्यम, देमती देई सबर।

इन सबकी गाथा पुस्तक में कही गयी हैः उसमें उपन्यास जैसा स्वाद मिलता है। यह भी अहसास होता है कि हम अपने स्वतंत्रता-संग्राम में साधारण लोगों की हिस्सेदारी के बारे में कितना कम जानते हैं। यह वृत्तान्त हमें भारतीय साधारण की आभा से दीप्त करता है। महाराष्ट्र के सांगली से स्वतंत्रता-सैनिक और तूफान सेना के कैप्टेन भाऊ रामचन्द्र श्रीपति लाड कहते हैंः हम दो चीजों के लिए लड़े-स्वतंत्रता और मुक्ति के लिए। हमने स्वतंत्रता प्राप्त कर ली। जाहिर है कि मुक्ति का संग्राम अभी भी चल रहा है। इस पुस्तक को पढ़ने से यह अहसास भी गहरा होता है कि हम साधारण लोगों की मुक्ति की आकांक्षा और उसके लिए अब भी संघर्ष करने की जिम्मेदारी निभाने की इच्छा और कर्मठता को शायद ठीक से नहीं समझ पा रहे हैं। इस समय लगातार फैल रहे अधिनायकतावाद से यही साधारण लोग मुक्ति दिला सकते हैं। हमारी उम्मीद का केन्द्र वे ही हैं। इस सन्दर्भ में यह पुस्तक उम्मीद दिलाती पुस्तक भी है।

**(लेखक वरिष्ठ कवि एवं साहित्यिक, सांस्कृतिक चिंतक हैं)**

# किताबों के जरिये दूर तक रोशनी पहुंचाने का जज्बा

## प्रसंगवश



**अमरीक सिंह**

सुबह के सात बजने को हैं, जब यह पोस्ट लिख रहा हूं। डेढ़ साल की लंबी बीमारी के बाद यह मेरी पहली पोस्ट है। लिखने के बहानों में फिलवक्त एक ही शुमार है कि सुबह का इंजेक्शन देने वाले सहायक डॉक्टर और उनके कंपाउंडर का इंतजार कर रहा हूं। अपनी अलहदा पहचान रखने वाले पंचकूला/चंडीगढ़ के आधार प्रकाशन का स्थापना दिवस मनाए जाने की सूचना मिली थी। शिरकत करना संभव नहीं क्योंकि लीवर सिरोसिस, पैंक्रियाज, अनवरत जौंडिस, शुगर, सीओआरडी तथा न्यूरो की समस्याओं से बीते लगभग डेढ़ साल से जूझ रहा हूं। कुछ हफ्ते पहले लगा कि याददाश्त खो रहा हूं। डॉक्टरों को बताया। पहले काउंसलिंग और फिर मशीनी जांच के बाद डॉक्टरों ने दवाओं के लंबे-चौड़े प्रेसक्रिप्शन के बाद कहा कि लगभग 20 फीसदी याददाश्त जा चुकी है लेकिन फौरी तौर पर समझ नहीं आ रहा कि आधार प्रकाशन से वाबस्ता स्मृतियों ने कैसे मस्तिष्क के नाजुक कोने में जगह बना रखी है। तीन दशक से भी ज्यादा वक्त की बातें याद आ रही हैं। स्मृतिदोष की जो बीमारी है, उसमें अक्सर ऐसा होता है कि नई बातें याद नहीं रहतीं और पुरानी कई बार फिल्म की तरह चलने लगती हैं। इस संस्थान के पल प्रतिपल की आधारयात्रा मानों सामने खड़ी है। अभी आधार प्रकाशन की विधिवत नींव रखी जानी थी, जब तीन दशक से भी ज्यादा अरसा पहले देश भाई से मिलना- जुलना शुरू हुआ। वह उन दिनों सीएसडी की सरकारी मुलाजमत में थे और उनसे मामूली व औपचारिक मुलाकात के बाद मिलने अक्सर ऑफिस या उनके घर पंचकूला जाया करता था। वह भी अक्सर चंडीगढ़ मेरे फ्लैट में आते थे। उन दिनों श्रीमती मृणाल पांडे के संपादकत्व में निकलने वाली हिंदुस्तान टाइम्स ग्रुप की पत्रिका साप्ताहिक हिंदुस्तान के लिए रक्तरंजित पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के इलाकों में नियमित काम करता था। इन्हीं प्रदेशों की प्रमुख घटनाओं की जमीनी रिपोर्टिंग के लिए द संडे मेल का विशेष प्रतिनिधि था। जनसत्ता के लिए भी बदस्तूर लिखता था। बहरहाल, देश निमोर्ही से बातों का सिलसिला लंबा चलता था। उन दिनों निमोर्हीजी आधार प्रकाशन का ढांचा विधिवत खड़ा करने की प्रक्रिया में थे और अक्सर उन सपनों की बात किया करते थे--जो खुली और बंद आंखों से आधार के लिए देखे जा रहे थे या उनके पास चले आते थे। तब प्रकाशन जगत ने अबकी मानिंद संगठित माफिया की शक्ल अख्तियार नहीं की थी और रचनात्मकता, चिंतन व चेतना से जुड़ा यह काम एक किस्म का सामाजिक आंदोलन--सा था, जिसमें ईमानदारी एवं पवित्र आस्था जैसा भी कुछ था।

डॉ सत्यपाल सहगल, प्रमोद कौंसवाल, हरवंश दुआ, रुस्तम, डॉ रमेश कुंतल मेघ, निरुपमा दत्त और लाल्टू सहित कई प्रियजनों से भी वह इस प्रस्तावित और अति महत्वाकांक्षी प्रकाशन की रूपरेखा की बाबत अति गंभीर चर्चा किया करते थे। एक दिन उनके सरकारी ऑफिस गया तो पता चला कि देश भाई नौकरी से इस्तीफा दे रहे हैं और अपना तमाम सामर्थ्य-समय और पूंजी आधार प्रकाशन की स्थापना व उसे सशक्त करने में लगाएंगे। उनकी (बल्कि हम सबकी) पत्रिका पल प्रतिपल भी नया आकार लेने लगी थी। उन्होंने सरकारी नौकरी त्याग कर, अकेले चलने का बहुत बड़ा जोखिम उठाया था और कुछ मित्र उनके इस फैसले से असहमत थे। समर्थकों में मैं भी था। पत्रिका के कामकाज के सिलसिले में उनके दिल्ली दौरों ने रफ्तार पकड़ ली थी। वहां पत्रिका तथा आधार प्रकाशन को लेकर उनकी चर्चा दिवंगत मंगलेश डबराल, असद जैदी, विष्णु नागर और प्रयाग शुक्लजी से होती थी। ज्ञानरंजनजी से भी इस बाबत उनका संपर्क बना हुआ था। देश भाई तब युवा थे और उनके सपनों का आकाश अनंत था लेकिन धरती को छू रहा था।

सीमित साधनों तथा आंदोलनकारी तार्किक जिद के साथ आधार प्रकाशन बाकायदा वजूद में आ गया। मैंने खुद देखा है कि उन दिनों (इन दिनों की मैं नहीं जानता), देश भाई पांडुलिपियां ऐसे लेते व संभालते, जैसे मां नवजात शिशु को गले लगाती है या गोद में लेती है। एकाएक पंचकूला/चंडीगढ़ का आधार प्रकाशन चौतरफा चर्चा का विषय बन गया। उसने अपना अलहदा जनपक्षीय, प्रगतिशील और जनवादी सांचा बनाया। नई पहचान और नक्श--नुहार के साथ सुदूर प्रदेशों के जाने-माने बड़े लेखक देश निमोर्ही की इस मुहिम का हिस्सा बने। कुछ नाम--कुछ चेहरे याद आ रहे हैं। सर्वश्री विनोद कुमार शुक्ल, मंगलेश डबराल, ज्ञानरंजन, विष्णु नागर, कुमार विकल, डॉक्टर चमन लाल, राजकुमार राकेश, लक्ष्मेंद्र चोपड़ा, एसआर हरनोट, ज्ञानपीठ विजेता प्रोफेसर गुरुदयाल सिंह..ङ्क। फेहरिस्त लंबी है। आगे जाकर कतिपय लब्धनिष्ठ कहलाए कवि-कथाकारों की प्रथम कृतियों का जन्म आधार प्रकाशन से हुआ। बहुतेरों की संभावनाशील रचनात्मकता को निष्पक्ष होकर परखने वाले मुख्यधारा के नामवर आलोचकों के उल्लेखनीय नोटिस मिले। जिसके बलबूते वे गौरवशाली साहित्यिक संस्थाओं से सम्मानित होकर बहुचर्चित हुए। यकीनन उन्हें स्वाभाविक प्रशंसा, औपचारिक बड़े सम्मान तथा साहित्यिक--सांस्कृतिक दुनिया में पहले दर्जे की नागरिकता भी हासिल हुई। सामाजिक सरोकारों के लिहाज से उनकी स्कूलिंग में आधार घराने का बहुत बड़ा हाथ जग--जाहिर है। दीगर है कि इनमें से कुछेक आधार प्रकाशन और देश निमोर्ही की भूमिका को आज--अब बिसरा चुके हैं। पर इस सच/तथ्य की जड़ें बेहद गहरी हैं और जानने वााले जानते हैं। देश भाई के साथ-साथ उनके परिवार ने भी आधार और पत्रिका पल प्रतिपल के लिए जोरदार संघर्ष किया। गुरदयाल सिंह, नाटककार गुरशरण सिंह, कवि लाल सिंह दिल और पाश पंजाबी साहित्य की आधारयात्रा का गौरवशाली इतिहास हैं और संपूर्ण तौर पर इन्हें हिंदी साहित्यिक संसार के कोने-कोने तक पहुंचाने का श्रेय यकीनन आधार प्रकाशन को है। भगत सिंह, सांप्रदायिक जहरवाद, वैज्ञानिक सोच एवं शोध से लबरेज किताबें किफायती दाम पर पुस्तक प्रेमियों तक पहुंचाईं। हिंदी कविता के विश्व स्तरीय हस्ताक्षर रघुवीर सहाय पर किताब तो छापी ही, उनकी स्मृति में वार्षिक सम्मान भी संभावनाशील तथा स्थापित लेखकों को देना शुरू किया। रघुवीर सहाय स्मृति सम्मान से सम्मानित किए गए कुछ लेखक वह भी थे, जो खेमेबाजी से परे नागवार हालात और हाशिए को हासिल थे।

गुलेरीजी, यशपाल, उपेंद्रनाथ अश्क, मोहन राकेश, रवीन्द्र कालिया और रमेश बत्रा के बाद कुमार विकल, जगदीश चंद्र व विनोद शाही, डॉ सेवा सिंह और तरसेम गुजराल, डॉ राकेश कुमार आदि ने अपने-अपने तईं गौरवशाली परंपराओं को मौलिकता के साथ सच्चे साहित्यिक--सांस्कृतिक जनसरोकारी आधार रखे और अपनी अति महत्वपूर्ण एवं हस्तक्षेपकारी अभिव्यक्ति तथा उपस्थिति के लिए आधार प्रकाशन को चुना। कुमार विकल का संपूर्ण काव्य आधार प्रकाशन की देन है और इसी तरह जगदीश चंद्र रचनावली। विनोद शाही व डॉ सेवा सिंह का निरंतर शाब्दिक बहुआयामी चिंतन! अब कुछ नए नाम जुड़े हैं। निरंतरता के इस सिलसिले में विलक्षण प्रतिभास्तंभ श्री जंग बहादुर गोयल तथा देवेंद्र पाल। सबकी किताबें आधार प्रकाशन ने बेहद ऐहतराम के साथ हिंदी समाज को एक बड़े तोहफे की मानिंद उपलब्ध करवाईं हैं। आर्थिक दिक्कतों और सीमाओं के बावजूद देश निमोर्ही ने पंजाबी प्रकाशन जगत में भी कदम रखा है। इसके लिए अलग से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं। प्रसंगवश, मूल पंजाबी में लिखा (पंजाबी के मुक्तिबोध माने जाने वाले) नवतेज भारती का 1000 पृष्ठों का काव्य प्रबंध लीला हिंदी में (अनुवादः देवेंद्र पाल) देश निमोर्ही लेकर आ रहे हैं। यह उनकी हिम्मत और दूरदृष्टि है। लम्बी पोस्ट के लिए माफी चाहता हूं लेकिन बची हुई स्मृतियों में जो था उसे सामने रखना भी ईलाज का एक हिस्सा हो गया, ऐसा मुझे लगता है। बेहद--बेहद खुशी की बात है कि प्रियंवद और शिवमूर्ति जैसे विलक्षण लेखक भी आधार प्रकाशन का हिस्सा बन गए हैं। खुशी है कि मैं आधार प्रकाशन के सफर का एक अदना--सा ग्वाह रहा हूं। लगभग मौत की कगार पर बैठा, इसके लिए अपनी सारी शुभकामनाएं, शुभेच्छाएं देता हूं। दिल से।

**(लेखक पंजाब के जाने-माने पत्रकार हैं औरा जनसंदेश टाइम्स के लिए भी इन्होंने उल्लेखनीय काम किया है। इन दिनों गंभीर बीमारी के चलते कुछ निष्क्रिय हैं)**

बहुतेरों की संभावनाशील रचनात्मकता को निष्पक्ष होकर परखने वाले मुख्यधारा के नामवर आलोचकों के उल्लेखनीय नोटिस मिले। जिसके बलबूते वे गौरवशाली साहित्यिक संस्थाओं से सम्मानित होकर बहुचर्चित हुए। यकीनन उन्हें स्वाभाविक प्रशंसा, औपचारिक बड़े सम्मान तथा साहित्यिक--सांस्कृतिक दुनिया में पहले दर्जे की नागरिकता भी हासिल हुई। सामाजिक सरोकारों के लिहाज से उनकी स्कूलिंग में आधार घराने का बहुत बड़ा हाथ जग--जाहिर है।

## व्यंग्य



# फिर खरीदी गंजों ने कंघी

**अरविंद तिवारी**

दो राज्यों और दिल्ली निकाय के चुनाव हो लिए।हर दल के संकल्प पत्र में पहला बिंदु गंजों के सिर पर बाल उगाने का था।एक बार फिर सियासी लोगों ने गंजों को कंघी और अंधों को चश्मे बेच दिए!सियासत में बड़े पैमाने पर कंघियों का निर्माण हो रहा है।चश्मे भी बनाए जा रहे हैं।फैक्ट्रियों के लिए हिमाचल का शांत वातावरण और गुजरात का औद्योगिक माहौल काफी मुफीद है,इसलिए इस बार सियासत ने इन स्थानों पर कंघी और चश्मों की फैक्ट्रियां लगाई हैं।कई इलाकों में,जिनमें दिल्ली भी शामिल है,गंजों की तादाद बढ़ती चली जा रही है।गंजों को कंघी बेचना आसान नहीं है,इस तथ्य से हर सियासी दल वाकिफ है।हर दल की अपनी कंघियां और चश्में हैं।प्रतिस्पर्धा के इस युग में हर दल सफलता चाहता है।पहले सियासी फैक्ट्रियों में झूठे बयान,झूठे वादे,अनर्गल आरोप आदि बनाए जाते थे।पर

गंजों की बढ़ती तादाद देखकर अब कंघियां बनाई जा रही हैं।

इस बार भी एक्सपर्ट्स की मदद से इन दोनों आइटमों को बेचने की योजनाएं बनाई गईं थीं। गुजरात की अस्मिता, हिमाचल की ओ पी एस और नारी भत्ता के जरिए सत्ता आ गई।दिल्ली के कूड़े का पहाड़ सत्ता का जुगाड़ बन गया।बताया जा रहा है हिमाचल ने यह साबित कर दिया कि पुरानी पैंशन बहाली के बाद गंजों के बाल आना शुरू हो जाएंगे।वहां अधिकांश कर्मचारियों और सेब के बागान मालिकों के बाल उड़े हुए हैं।नई सरकार का पहला काम बाल उगाना है।इसके बिना वे कंघियां बेकार हो जाएंगी, पब्लिक ने जिन्हें इन चुनावों में खरीदा है।दरअसल चुनाव से बनी सरकारें बाल उगाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।शत प्रतिशत गंजापन दूर करने की गारंटी दी गई थी,उसी पर पहली केबिनेट बैठक में काम होना है।कंघियां बेचने का काम सरकार के अलावा उनके दलों के व्यापारी भी करते देखे गए।जैसे ही नारियों को प्रतिमाह डेढ़ हजार का भत्ता मिलना शुरू होगा,गंजों के बाल अपने आप निकलने लगेंगे!जब कर्मचारी रिटायर होगा तो उगे हुए बाल लेकर ही रिटायर होगा।

दिल्ली में फ्री बिजली पानी से पहले ही गंजों के बाल उगाए जा चुके हैं।इस बार का बाल उगाने का नुस्खा कूड़े के पहाड़ों पर निर्भर है।जैसे ही ये पहाड़ खिसकने लगेंगे, गंजों के सिर पर बाल उगने लगेंगे।कूड़े के पहाड़ बालों को उगने ही नहीं दे रहे।यों तो दिल्ली वाला नया नया अखिल भारतीय हुआ दल,गंजों को बिना बालों के ही कंघी करने को प्रेरित कर रहा है,पर बालों पर कंघी चलाने का सुख अलग ही है।यह दल केंद्र सरकार को चेतावनी भी दे रहा है,यदि उसने कूड़े के पहाड़ों को खिसकाने में मदद नहीं दी,तो वह दल पानी में रहने वाली जोंक पकड़कर तेल में तलेगा और उस तेल को गंजों के सिर पर लगाएगा।इस नुस्खे से तुरंत बाल उग आते हैं।मतदाताओं ने उनकी कंघी खरीदी है,तो उसका उपयोग भी जरूरी है।यदि इस प्रक्रिया में जीवों पर दया करने वाले विभाग के मंत्री नाराज हो जाएं,तो उनकी बला से।उनका दल हर हालत में कंघियों के उपयोग की व्यवस्था करेगा। गुजरात की बात अलग है।वहां जीतने वाले दल को प्रचंड बहुमत मिला है।मतलब जीत बहुत बड़ी है।इसलिए वहां कंघियों का प्रयोग तुरंत शुरू नहीं होता,तो बड़ी जीत का क्या फायदा?इसलिए वहां हर गंजे को विग दिया जायेगा, ताकि लोग तत्काल कंघियों का उपयोग कर सकें।वहां जो नेता पहले कंघियों को बेचने में ढिलाई बरत रहे थे,उन्हें पहले ही कंघियों वाली योजना से हटा दिया गया था।हिमाचल की तरह ये हटाए हुए नेता, इस व्यापार में कोई अवरोध खड़ा नहीं कर सके।बड़ी जीत की एक वजह यह भी है।

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# मध्यप्रदेश के पूर्वमंत्री का भाजपाइयों ने फूंका पुतला

**आक्रोश**

### पूर्वमंत्री ने दिया था प्रधानमंत्री के खिलाफ निंदनीय बयान

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** भाजपा जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा मिथिलेश चैरसिया के नेतृत्व में मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री राजा पटेरिया के अत्यंत गंभीर निंदनीय बयान अगर संविधान बचाना है तो नरेन्द्र मोदी की हत्या करने को तत्पर रहो बयान को लेकर कलेक्ट्रेट चैराहे पर पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया कार्यकताओं ने कांग्रेस मुदार्बाद का नारा लगाया।

मिथिलेश चैरसिया ने कहा कांग्रेस का असली चेहरा सामने आ गया उनके इस साजिश को देश की सुरक्षा में लगी राष्ट्रीय सुरक्षा समितियां पूरा नहीं होने देगें। देश को गुमराह बटवारा, जात-पात की राजनित करने वालों का असली चेहरा देश के सामने आ रहा है। मोदी देश की जनता के दिलों में रहते है कांग्रेस को पूरा विश्वास हो गया है कि हम मोदी के रहते कोई भी चुनाव जीत नहीं सकते उनका यह बयान इस बात को दशार्ता हैं। मोदी दलित, शोषित, पिछड़ा, असहाय, लाचार, सर्वसमाज के लोकप्रिय नेता है उनके नेतृत्व में पूरा देश विकास की ओर अग्रसर है। ऐसा घृणित बयान देने वाले नेता के उपर मोदी की हत्या की साजिश रचने की गंभीर धारा लगा तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजा जाय ताकि भविष्य में कोई नेता ऐसा निन्दनीय बयान न दें। पुतला दहन करने वालों में क्षेत्रिय उपाध्यक्ष अरविन्द जायसवाल, जिलाउपाध्यक्ष हरिबंश मिश्रा, हलदर दूबे आदि लोग उपस्थित थे। क्षेत्रिय मिडिया प्रभारी मोनू विश्वकर्मा, जिलाध्यक्ष एस0टी0 मोर्चा सौदागर भारतीय, जिला मंत्री हरेन्द्र चौहान, योगेन्द्र यादव, मृगान्ध शेखर सिन्हा, दीपक मौर्या, नन्दलाल चौहान, बृजेश, सौरभ सिंह, नितेश पाण्डेय अन्य लोग भी उपस्थित रहे।


एमपी के पूर्व मंत्री का पुतला फूंकते भाजपा कार्यकर्ता।

# कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** कोर्ट के आदेश पर सिधारी थाने में पांच दिसम्बर को तीन लोगों के खिलाफ धमकी व लूट का नामजद मुकदमा दर्ज हुआ।

सिधारी थाना में पांच दिसम्बर को कोर्ट के आदेश पर तीन लोगों के खिलाफ धारा 504,506,394 का मुकदमा दर्ज किया गया। न्यायलय सीजेएम कोर्ट के आदेश पर हरेन्द्र पाठक पुत्र स्व. विश्वनाथ पाठक निवासी बघौरा इनामपुर थाना निजामाबाद द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया था कोर्ट के आदेश पर रितेश गुप्त पुत्र गणेश गुप्त, गणेश प्रसाद पुत्र त्रिवेणी प्रसाद निवासी सदावर्ती पुरानी सब्जी मण्डी तथा राजेन्द्र प्रसाद लाल पुत्र स्व. अवधनरायन लाल मोहल्ला बागेश्वर नगर थाना कोतवाली के खिलाफ दर्ज किया गया। प्रार्थना पत्र के माध्यम से पीड़ित ने बताया कि वह दो माह पूर्व चैक से सामान खरीदकर अपने घर बघौरा इनामपुर जा रहा था कि हरबंशपुर से निजामाबाद जाने वाले रोड पर भदुली बाजार स्थित पेट्रोल पम्प के आगे पुरानी रंजिश को लेकर राजेन्द्र प्रसाद लाल श्रीवास्तव, गणेश प्रसाद गुप्त ने रोक लिया। रितेश गुप्त पुत्र गणेश गुप्त ने गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। राजेन्द्र प्रसाद लाल श्रीवास्तव ने गाली देते हुए कहा कि आज ही तुम्हारी कहानी समाप्त कर देता हूं। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि उसी दौरान तीन लोग मुंह बांधे हुए आये और जान मारने की नियत से कट्टा सटा दिया उसी दौरान राजेन्द्र लाल श्रीवास्तव ने गले से सोने की चेन खींच लिया तथा 2000 दाहिनी व 1100 रुपये बायी पाकेट से निकाल लिया। पीड़ित ने इसकी सूचना सिधारी थाने पर दिया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीड़ित ने कोर्ट का शरण लिया कोर्ट के आदेश पर पांच दिसम्बर को सिधारी थाने में मुकदमा पंजीकृत किया गया।

# प्रदर्शन कर व्यापारियों ने सीएम को भेजा पत्र


बिलरियागंज कस्बे में प्रदर्शन करते व्यापारी।

**बिलरियागंज (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर पालिका के व्यापार मंडल के आवाहन पर मंगलवार को दोपहर पूरे बाजार के लोगों ने अपनी दुकानें बंद करके जीएसटी के नाम पर उत्पीड़न के विरोध में एक रजिस्टर्ड ज्ञापन मुख्यमंत्री को प्रेषित किया।

व्यापार मंडल बिलरियागंज अध्यक्ष अमित गुप्ता के नेतृत्व में मंगलवार को व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद करके पूरे बाजार में भ्रमण किया और जीएसटी के नाम पर हो रहे उत्पीड़न का विरोध किया। व्यापारियों का कहना है कि 11 दिसंबर से लगातार जीएसटी अधिकारियों की टीम बाजार के छोटे छोटे दुकानदारों को जीएसटी के नाम पर उत्पीड़न कर रही है जिससे दुकानदारों में भय का माहौल बना हुआ है। जबकि जीएसटी के दायरे से छोटे दुकानदारों के बाहर होने के बाद भी इनको जीएसटी के नाम पर उत्पीड़ित किया जा रहा है। जिससे सरकार की छवि को व्यापारियों के प्रति धूमिल की जा रही है। व्यापारियों ने एक रजिस्टर्ड ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम पर भेजकर अपना विरोध प्रदर्शन दर्ज कराया। इस मौके पर विनय मद्धेशिया, सुदर्शन चैरसिया, अखिलेश कुमार गुप्ता, रामजन्म साहू, विपिन, आफाक मंजर, संदीप चैरसिया, अंबिका प्रजापति, दुर्गा गुप्त, अरविंद गुप्ता आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

### ठंड में रखें त्वचा का विशेष ख्याल : डॉ.अमरजीत

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** सर्दियों के मौसम में ठंड से बचाव के लिए खुद को गर्म कपड़ों से कवर रखना चाहिए। इस दौरान पैर, सिर और कानों को खासकर से ढंककर रखना चाहिए। सर्दियों में कम से कम 8 घंटे की नींद जरूर लेनी चाहिए। इस मौसम में त्वचा का ख्याल रखने के लिए बॉडी लोशन का उपयोग करें। उक्त बातें डा.अमरजीत यादव ने प्रेस को जारी एक बयान में कही। डा.यादव ने कहा कि ठंडक शुरू होते ही छोटे बच्चों का विशेष ख्याल रखना चाहिये, गर्म कपड़े से पूरे शरीर को हमेशा ढक कर रखें। उन्होंने बताया कि मौसम तेजी से बदल रहा है सुबह और शाम को ठंडक अत्यधिक लग रही है। धूप होने के बाद लोग कम कपड़े पहन रहे हैं जो बीमारियों को दावत दे रहा है। ठंड के मौसम में ज्यादा कपड़ों का इस्तेमाल करें। सर्दी खासी बुखार या जुकाम होने पर नजदीकी डॉक्टर को दिखाएं वही छोटे बच्चों का विशेष ख्याल रखें उन्हें हमेशा गर्म कपड़े पहनाए तथा धूप में न नहलाये। बंद कमरे में पानी को हल्का गुनगुना करके बच्चो को नहलाये। सर्दियों में त्वचा की बीमारियों का खतरा ज्यादा होता है ऐसे में विशेष ख्याल रखें।

# दो इनामियां अभियुक्त गिरफ्तार

## नगर कोतवाली व लखनऊ एसटीएफ ने की संयुक्त कार्रवाई

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की धर पकड़ के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना कोतवाली नगर व एसटीएफ लखनऊ की संयुक्त टीम ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 25-25 हजार के दो इनामिया अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

बीते 18 जनवरी 2021 को श्रीकान्त राय व पीयूष राय तथा अन्य द्वारा पुलिस पार्टी पर फायर किया गया जिसके सम्बन्ध में कोतवाली नगर में मुकदमा पंजीकृत किया गया तथा कब्जे से 2.5 किग्रा नाजायज गांजा बरामद होने के कारण धारा में बढ़ोत्तरी किया गया। थाना दीदारगंज में नाजायज गांजा बरामद होने पर श्रीकान्त के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। उपरोक्त घटना के आधार पर 9 अप्रैल 2022 को थाना कोतवाली नगर पर श्रीकान्त राय पुत्र स्व. राधेश्याम राय निवासी जानकीपुर थाना तहबरपुर, जिलाजीत पुत्र स्व.विदेशी राम निवासी तहबरपुर थाना तहबरपुर, प्रमोद यादव पुत्र राजेन्द्र यादव ग्राम बसही जरमजेपुर थाना तहबरपुर, लालू पुत्र शिवनाथ निवासी जानकीपुर थाना तहबरपुर, व पीयूष राय पुत्र राधेश्याम राय निवासी जानकीपुर थाना तहबरपुर पंजीकृत किया गया।

जिसकी विवेचना थाना सिधारी द्वारा की जा रही है। जिसमें अभियुक्त श्रीकान्त राय व पीयूष राय उपरोक्त वांछित थे। नगर कोतवाली पुलिस व एसटीएफ लखनऊ की संयुक्त टीम द्वारा रोडवेज के पीछे से गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 25-25 हजार रुपए के इनामिया अभियुक्त श्रीकान्त राय पुत्र स्व.राधेश्याम राय व पीयूष राय पुत्र स्व. राधेश्याम राय निवासीगण जानकीपुर थाना तहबरपुर को मंगलवार को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।


पुलिस की गिरफ्त में गैंगेस्टर ऐक्ट के इनामियां अभियुक्त।

# व्यापारियों के साथ छलावा कर रही सरकार

**बोले हवलदार**

### बसपा नेता सहित कइयों ने ली सपा की सदस्यता

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर जहां एक तरफ दूसरे दलों के लोग समाजवादी पार्टी की सदस्यता ले रहे थे तो वहीं और लोग समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार बनने के लिए अपने कार्यकताओं एवं समर्थकों के साथ आवेदन कर रहे थे। जिलाध्यक्ष हवलदार यादव के समक्ष फूलपुर नगर पंचायत के बहुजन समाज पार्टी के नेता निखिल जयसवाल ने जहां समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया तो वहीं नगर पालिका परिषद आजमगढ़ के अध्यक्ष पद के लिए समाजवादी पार्टी का उम्मीदवार बनने के लिए सरफराज आलम उर्फ मंसूर भाई ने भी अपने लाव लश्कर के साथ समाजवादी पार्टी कार्यालय पर नेताजी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर जिलाध्यक्ष के समक्ष अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत किया।


नगर पंचायत के लिए आवेदन देते कार्यकर्ता।

जिलाध्यक्ष हवलदार यादव ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की वर्तमान सरकार में छात्र, नौजवान, किसान, व्यापारी का उत्पीड़न हो रहा है। जिस तरह से विगत एक हफ्ते से जीएसटी विभाग के छापे व्यापारियों के यहां पड़ रहे हैं उससे छोटे और मझोले व्यापारियों में डर का माहौल व्याप्त हो गया।

वे अपनी दुकानें बंद करके इधर-उधर रहने को मजबूर हो रहे हैं। सरकार सिर्फ गरीबों और व्यापारियों के साथ छलावा कर रही है। सरफराज आलम उर्फ मंसूर ने कहा कि अगर समाजवादी पार्टी अपना उम्मीदवार बनाती है तो समाजवादी पार्टी के संगठन और नेताओं के बल पर निश्चित ही इस बार नगर पालिका परिषद आजमगढ़ में साइकिल दौड़ेगी। नगर पंचायत माहुल के नसीम अहमद, नगर पंचायत मार्टिनगंज से रामसकल यादव, जहानागंज से रामवृक्ष यादव आदि ने भी आवेदन पत्र जमा किए। इस मौके पर कमलाकांत राजभर विधायक दीदारगंज, विवेक सिंह, मुशीर अहमद, इसरार अहमद, जोरार खान, आबिद, आसिफ, अनिल यादव, निशांत राय, गिरीश यादव, वीरेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

## नई तकनीकी प्रशिक्षण में कृषकों को दी गयी जानकारी

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** कार्यालय उप कृषि निदेशक, कृषि रक्षा, आईपीएम प्रयोगशाला पर मंगलवार को एक दिवसीय विभिन्न पारिस्थितिकीय संसाधनों द्वारा कीट, रोग नियंत्रण योजनान्तर्गत आईपीएम तथा कृषि की नई तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डा.आरपी सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र कोटवा एवं विशिष्ट अतिथि डा.विजय लक्ष्मी राय सहायक प्राध्यापक, कृषि महाविद्यालय कोटवा एवं सुधीर कुमार जिला कृषि रक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में आईपीएम के विभिन्न तकनीकों के माध्यम से फसलों में कीट, रोग नियंत्रण की विस्तृत जानकारी दी गयी। उप कृषि निदेशक, कृषि रक्षा मुकेश कुमार की अध्यक्षता में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। अन्त में कृषि से सम्बन्धित प्रश्नोत्तरी प्रश्न पूछकर तकनीकी कर्मचारियों, किसानों को आश्वस्त किया गया।

# कैम्प लगाकर बनाया आयुष्मान कार्ड

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य व मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अभियान से आच्छादित आयुष्मान कार्ड विहीन लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड मंगलवार को हैदरपुर खाश सहित अन्य जगहों पर कैम्प लगाकर बनाया गया।


आयुष्मान कार्ड बनाते कर्मचारी।

आयुष्मान कार्ड अंत्योदय कार्डधारकों का ही बनाया जाएगा। इसके लिए विकास खंड में 10 स्थानो को चिन्हित कर जगह-जगह कैंप लगाया गया। इस योजना में ऐसे पात्र लाभार्थियों जिनके पास आयुष्मान कार्ड नहीं है, उनको चिह्नित करते हुए आयुष्मान कार्ड बनवाने की व्यवस्था कराने तथा पात्र व्यक्तियों को जागरूक करने के लिए प्रचार-प्रसार भी करना है। लक्षित लाभार्थियों की ग्रामवार, वार्डवार सूची ग्राम सभा, वार्ड के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करते हुए स्थानीय आशा कार्यकताओं को भी उपलब्ध कराने तथा कैंप की निर्धारित तिथि से पूर्व संबंधित आशा द्वारा गांव या वार्ड के चिह्नित लाभार्थी परिवारों को कैंप स्थल के संबंध में जानकारी भी पूर्व में दी गयी। आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए आधार कार्ड एवं मोबाईल नंबर कैंप में ले जाना अनिवार्य होगा। हैदरपुर खास के ग्राम सचिव अरूण कुमार ने बताया कि जितने भी अंत्योदय कार्डधारक है केवल उन्हीं लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा जो छूट गए थे। कुल 46 राशन कार्ड के सापेक्ष 187 यूनिट है जिसमे 120 लोगो का बनाया जा चुका है शेष लोगो का बनाया जा रहा जिसके लिए आधार कार्ड, मोबाईल नंबर के साथ परिवार के सदस्यों को आना होगा जिनका बायोमेट्रिक होना अनिवार्य है। दिव्यांग व्यक्ति के घर पर ही ये सुविधा दी जा रही है। इस मौके पर सचिव अरूण कुमार, रोजगार सेवक चन्द्र शेखर, पंचायत सहायक इजहार अहमद, कु. नीतू, संदीप, सफाई कर्मी मुन्ना, धर्मेंद्र मौजूद रहे।

# अव्वल खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** नेहरू युवा केंद्र आजमगढ़ के तत्वाधान में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन रामदेव मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय मोहम्मदपुर में किया गया। मुख्य अतिथि अभिषेक उपाध्याय तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डीसी यादव कार्यवाहक प्रबंधक रामदेव मेमोरियल पीजी कॉलेज मोहम्मदपुर उपस्थित रहे।


पुरस्कार व प्रमाण पत्र के साथ खिलाड़ी।

सर्वप्रथम अभिषेक उपाध्याय तथा डीसी यादव द्वारा फीता काटकर प्रतियोगिता प्रारंभ की गई। डीसी यादव ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता नेहरू युवा केंद्र द्वारा हर वर्ष कराया जाता है। उन्होने बताया कि ऐसी प्रतियोगिताओं से युवाओं का शरीर स्वस्थ तथा मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहते हैं। प्रतियोगिता में कबड्डी, वॉलीबॉल, दौड़, 100 मीटर, 400 मीटर, लंबी कूद, ऊंची कूद हुई। कबड्डी प्रतियोगिता में काशीनाथ को प्रथम तथा नूरुद्दीनपुर को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में रामदेव मेमोरियल पीजी कॉलेज प्रथम तथा नूरुद्दीनपुर को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। 100 मीटर दौड़ में गोलू यादव प्रथम, रोहित सोनकर द्वितीय, राजकुमार चैहान तृतीय तथा 400 मीटर दौड़ में अनुराग प्रथम, गोलू द्वितीय तथा रोहित सोनकर तृतीय और लंबी कूद प्रतियोगिता में विवेक राज प्रथम, गोलू यादव द्वितीय, अंकेश तृतीय और ऊंची कूद प्रतियोगिता में विशाल यादव प्रथम, अकबर द्वितीय और गोलू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को टी शर्ट एवं ट्रॉफी से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सौरभ मिश्रा, अजय मिश्रा, लकी, दीपक, कपिराज यादव, अविनाश यादव आदि उपस्थित रहे।

# भाईचारा कायम करने के उद्देश्य से निकाली गयी है यात्राः वीरेंद्र चौधरी

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष पूर्वी जोन वीरेंद्र चैधरी विधायक के नेतृत्व में कुशीनगर से चलकर मंगलवार को पांचवे दिन आजमगढ़ पहुंची भारत जोड़ो यात्रा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आरंभ हुई।

बाबा साहब की प्रतिमा पर प्रांतीय अध्यक्ष वीरेंद्र चैधरी विधायक उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव मणीन्द्र मिश्र सचिव मनोज कुमार गौतम एवं अहमद शमशाद तथा आजमगढ़ कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने माल्यार्पण किया। तत्पश्चात राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। भारत जोड़ो यात्रा डीएवी कालेज काली चौरा बड़ादेव चैक तकिया पहाड़पुर शिब्ली कालेज ब्रम्हस्थान भंवरनाथ अनवरगंज शेहदा मिरिया कंधरापुर होते हुए कप्तानगंज पहुंची। उसके बाद अंबेडकर नगर के लिये रवाना हो गयी। मीडिया से बातचीत करते हुए वीरेंद्र चैधरी विधायक ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी आपसी प्रेम सद्भाव भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं। विगत 8 वर्षो से जब से बीजेपी की सरकार बनी है पूरे देश में नफरत का माहौल है नफरत को समाप्त करने और भाईचारा कायम करने के उद्देश्य से यात्रा निकाली गयी है। जिस तरह राहुल गांधी की यात्रा में लाखों लोग प्रतिदिन जुड़ रहे हैं उससे ऐसा लग रहा है यह यात्रा अकेले राहुल गांधी की यात्रा नहीं पूरे देश की यात्रा बन गयी है।

मीडिया के एक प्रश्न के उत्तर में उन्होने कहा चुनाव में हार जीत लगी रहती है इस यात्रा को चुनाव से जोड़कर देखना उचित नहीं है। यात्रा के माध्यम से महंगाई बेरोजगारी आदि मुद्दों पर जनता से सीधा संवाद हो रहा है। लोकतंत्र में जब विपक्ष की आवाज दबायी जाने लगे और सरकार तानाशाही पर उतारू हो जाय। मीडिया का भी साथ नहीं मिल रहा हो ऐसे में जनता के बीच जाकर अपनी बात रखना ही एकमात्र रास्ता है। यह भारत जोड़ो यात्रा मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रवीण सिंह, सुशील सिंह, मुन्नू यादव, चन्द्रपाल यादव, मिर्जा शानेआलम वेग, रामअवध यादव, सुरेन्द्र सिंह, शीला भारती सहित भारी संख्या में काग्रेसी उपस्थित थे।


भारत जोड़ो यात्रा में शामिल विधायक वीरेन्द्र सिंह व कांग्रेसी नेतागण।

## संक्षेप

### उत्कृष्ट कार्य के लिए विजय प्रताप किये गये सम्मानित



**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** हिन्दी उर्दू साहित्य परिषद द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन एवं मुशायरा में लेखक एवं कवि अटेवा के प्रदेश मंत्री विजय प्रताप बूढ़नपुरी को उनके उत्कृष्ट लेखन कार्य, उत्कृष्ट रचनाओं, सामाजिक सहभागिता और समाज के लिए किए जा रहे अच्छे कार्यों के लिये हिन्दी उर्दू साहित्य परिषद द्वारा सम्मानित किया गया। उक्त साहित्य परिषद के अध्यक्ष राष्ट्रीय शायर एवं कवि ताज आजमी, इस परिषद के महामंत्री रोहित राही ने संयुक्त रूप से विजय प्रताप को सम्मानित किया। सम्मान को प्राप्त करते हुए विजय प्रताप ने कहा कि इस प्रकार के जो सम्मान मुझे मिल रहे हैं उसमें अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बन्धुजी का बहुत बड़ा योगदान है। कहीं न कहीं उन्हीं की प्रेरणा से हमारी रचनाएं कलम के रास्ते पर चल पड़ीं। इस अवसर पर कवि सोहन लाल गुप्ता, बैजनाथ गंवार, महेन्द्र मृदुल, रुद्रनाथ चैबे रुद्र, लाल बहादुर चैरसिया को भी सम्मानित किया गया। अध्यक्षता संजय पांडेय और संचालन गीतकार एवं शायर राजकुमार आशीर्वाद ने किया। कार्यक्रम का आयोजन प्रवक्ता इन्द्रसेन सिंह, राहुल सिंह, अतुल सिंह द्वारा किया गया।

### यज्ञ की परिक्रमा कर बन रहे पुण्य के भागी



**बिलरियागंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भैंसहा गांव के कम्पोजिक विद्यालय के प्रांगण में चल रहे शतचण्डी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुट रही है। बिलरियागंज क्षेत्र के भैंसहां गांव के कम्पोजिट विद्यालय के प्रांगण में नौ दिवस शतचण्डी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण महायज्ञ का आयोजन किया गया है जिसमें क्षेत्र के लोग यज्ञ मंडप की परिक्रमा सुबह से ही करना शुरू कर देते है। जिसमें महिला और पुरुष के साथ साथ कन्याएं भी यज्ञ मंडप की परिक्रमा पूरी भक्ति भाव से करती हैं। यज्ञ मंडप में तीर्थराज संगम प्रयागराज से चल कर आये वैदिक विद्वानों द्वारा किए गये मंत्र उच्चारण से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। वही महायज्ञ में केरल से चलकर आये कथा वाचक आचार्य पंडित राघवेंद्र शास्त्री ने बताया कि यदि यज्ञ स्थल की परिक्रमा किसी भी संकल्प को लेकर करने से आप जिसकी इच्छा रखेंगे वह इच्छा अवश्य ही पूरी होती है, ऐसी मान्यता पुराणों में बताई गई है। परिक्रमा करते हुए श्रद्धालु सौरभ मिश्रा, अजय तिवारी, अभिनंदन, घनश्याम, कृष्णा, जैनी, दीपशिखा, पल्लवी, परी सहित दर्जनों लोग संकल्प लेकर परिक्रमा किये।

### लड़की को अगवा करने वाला गिरफ्तार



**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जीयनपुर पुलिस ने लड़की को अगवा करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया। बीते 28 जून को वादी मुकदमा थाना जीयनुर जनपद ने शिकायत किया कि वादी की लड़की घर से कहीं चली गयी है। उक्त के सम्बन्ध में पुलिस मुकदमा दर्ज की। विवेचना से अभियुक्त नन्दलाल भारती थाना कोतवाली जीयनपुर का नाम प्रकाश में आया व धारा 366 की बढ़ोत्तरी हुई। पुलिस उक्त आरोपी की तलाश में थी। मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त नन्दलाल भारती को कस्बा जीयनपुर के पास से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

### अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी मैदान में

**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए मंगलवार की सुबह मत पत्रों की जांच व वापसी की प्रक्रिया की गयी। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष निर्मल कुमार लाल श्रीवास्तव व चुनाव अधिकारी उमा शंकर पांडेय के नेतृत्व में मतपत्रों की जांच की गई जिसमें अध्यक्ष पद के लिए 3 प्रत्याशियों ने अपना पर्चा दाखिल किया था वहीं वीरेंद्र सिंह ने अपना पर्चा वापस ले लिया। इस प्रकार अध्यक्ष पद के लिए 2 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। रामनिवास सिंह सुभाष चतुर्वेदी, वहीं मंत्री पद के लिए 4 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन किया। मंत्री पद के एक प्रत्याशी पंकज लाल श्रीवास्तव द्वारा अपना पर्चा वापस ले लिया गया। इस प्रकार मंत्री पद के लिए तीन उम्मीदवार चुनाव मैदान में अजय कुमार श्रीवास्तव उपेंद्र पाठक रामहित शर्मा डटे हैं। शेष पदों पर प्रत्याशी निर्विरोध चुन लिए गए। चुनाव अधिकारी उमाशंकर पांडेय ने कहा कि 2 पदों के लिए चुनाव तथा मतगणना 22 दिसंबर को होगी। उन्होंने सभी प्रत्याशियों से आपसी सौहार्द और भाईचारे से मिलकर चुनाव लड़ने की अपील की। इस मौके पर मंत्री योगेंद्र नाथ यादव, सूर्य प्रकाश यादव, जगत नारायण तिवारी, सौरव, राजकुमार सिंह, मिथिलेश सिंह, सुरेंद्र प्रसाद पांडे, प्रदीप कुमार सिंह, विवेक कुमार सिंह, सुनील कुमार, इंद्र प्रसाद चैबे, अनिल गौड़, विजय प्रताप, दिग्विजय सिंह, अजय कुमार यादव, ओम प्रकाश लाल श्रीवास्तव, संतोष कुमार, राम प्रताप आदि मौजूद रहे।

### गरीब लगा रहे तहसील ब्लॉक का चक्कर

**फूलपुर (आजमगढ़)।** सरकार के आदेश के बाद गावो में पँचायत कार्यालय नहीं खुला पर कागज में पंचायत कार्यालय काम कर रहे हैं। पंचायत सहायक का रोना है कि अभिलेख ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा नहीं दिया गया जिसके कारण पंचायत सहायक ग्रामीणों का कोई सहयोग नहीं कर रहे हैं। ग्रामीण तहसील व ब्लाक का चक्कर लगा रहे हैं। कोरोना काल में गावो में दर्जनों मौत हुई पर सरकारी कर्मचारियों द्वारा न अभिलेखों में दर्ज किया गया न ही ग्रामीण इसे आवाश्यक समझे। भयंकर बीमारी के कारण एक दूसरे से मिलने की जहमत नहीं उठायी जिसके कारण उन परिवारों का नाम परिवार रजिस्टर में मृतक के रूप में अंकित नहीं हुआ न ही ग्राम पंचायत अधिकारी न ही प्रधान न ही रोजगार सेवक ने अपने दायित्वों का निर्वहन किया। वर्तमान में वारिस के रूप में मृतक के पुत्र पुत्रियां परिवार का वारिस में नाम नहीं चढ़ सका। आज की स्थिति यह है कि मृतक दर्ज कराना हो या नाम चढ़वाना हो पहले उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर निर्देशित करायें। कर्मचारियों अधिकारियों की उदासीनता के कारण सुदनीपुर बनवासी पुरवे के सुमिरन कुमारी सहित अन्य का नाम मृतक के रूप में दर्ज नहीं हुआ। इस संबंध में एडियो पंचायत फूलपुर चन्द्र प्रकाश दुबे ने बताया कि प्रार्थना पत्र की जांच ग्राम पंचायत अधिकारी कर लें आसपास पता कर लें सही हो तो नाम मृतक के रूप में दर्ज कर लें।

### वशिष्ठ अध्यक्ष तो जवाहरलाल चुने गये महामंत्री

**आजमगढ़।** लोकतंत्र सेनानी संघ आजमगढ़ की कार्यकारिणी का चुनाव प्रदेश कार्यालय लखनऊ के पदाधिकारी लोलार्क उपाध्याय व अखिल भारतीय लोकतंत्र सेनानी समन्वय समिति की कार्यकारिणी के सदस्य रमाशंकर सिंह की उपस्थिति में चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें सर्वसम्मति से संघ के पदाधिरियों का चुनाव किया गया। जिसमें वशिष्ठ पाण्डेय अध्यक्ष, जवाहर लाल सिंह महामंत्री, प्रभुनाथ सिंह संगठन महामंत्री लालसा पाण्डेय को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही राजेन्द्र त्रिपाठी, सुभाष गुप्ता, बालमुकुन्द, सरिता राय, व लालझरी देवी को कार्यकारिणी सदस्य मनोनित किया गया।

### राष्ट्रीय राजमार्ग से नहीं हटाई गई जली बस



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के तेजापुर स्थित एनएच 233 पर 20 नवंबर को दिल्ली जा रही एसी बस में मोटरसाइकिल सवार के टकराने से आग लग गई जिसके कारण एसी बस पूरी तरह से जलकर खाक हो गई, और मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्ति की जान चली गई थी। वहीं स्थानीय लोगों के सहयोग से किसी तरह यात्रियों को सुरक्षित बचाया गया। क्षतिग्रस्त हो चुकी बस 20 दिन हो जाने के बाद भी एनएच 233 पर उसी अवस्था में पड़ी हुई है जबकि न तो प्रशासन ध्यान दे रहा है और न ही एनएचआई के कर्मचारी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अगर जल्द से जल्द इस जली हुई बस को राष्ट्रीय राजमार्ग से हटाया नहीं गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है जबकि प्रत्येक दिन गोविंद साहब मेले के दौरान हजारों की संख्या में छोटी-बड़ी गाड़ियां राष्ट्रीय राजमार्ग से होकर गुजर रही हैं। ऐसे में राष्ट्रीय राजमार्ग पर पड़ी क्षतिग्रस्त बस की वजह से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, वहीं ठंड के मौसम में कोहरा होने की वजह से भी कोई भी बड़ी गाड़ी उससे टकराकर क्षतिग्रस्त हो सकती है, जिम्मेदार अधिकारी तथा प्रशासनिक अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे। स्थानीय लोगों का मानना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग से अविलंब अगर जली हुई बस को नहीं हटाया गया तो बड़ी दुर्घटना का जिम्मेदार कौन होगा, जबकि 2 दिन पहले ही ट्रैक्टर और ट्राली पलट गई थे। वहीं गोविंद दशमी से लगातार मेले में भीड़ बढ़ती जा रही है जिसके कारण सड़क पर आवागमन भी काफी बढ़ गया है ऐसे भी क्षतिग्रस्त बस की वजह से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# अंतरजनपदीय मादक पदार्थ गैंग के 6 तस्कर गिरफ्तार

**कामयाबी**

**2 कार 1 बाइक सीज**

**100 किलो गांजा समेत 35 लाख का सामान बरामद**



पत्रकार वार्ता में जानकारी देते एसपी

**मीरजापुर।** जनपद पुलिस ने 35 लाख का अवैध गांजा व तस्करी में प्रयुक्त वाहन बरामद कर एक नाबालिक समेत 6 अन्तर्जनपदीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया हैं।

इसका खुलासा एसपी संतोष मिश्र ने पुलिस लाइन में किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है। स्वाट सर्विलांस, एसओजी व थाना कछवां की संयुक्त पुलिस टीम ने कछवां थाना क्षेत्र से कार व मोटरसाइकिल सवार 6 अभियुक्तों सभी मीरजापुर निवासी चन्द्रमणि उर्फ डब्लू पुत्र स्व0देवीशंकर पाण्डेय भटेवरा थाना विन्ध्याचल, इमरान अली पुत्र करीमुल्ला कंतित गजिया थाना विन्ध्याचल, आशुतोष उर्फ प्रिंस मिश्रा पुत्र सुशील मिश्रा सेमरी मगरदा थाना लालगंज, राहुल कुमार मिश्रा पुत्र आनन्द मिश्रा सेमरी मगरदा थाना लालगंज, फिरोज अहमद पुत्र भोला निवासी कंतित गजिया थाना विन्ध्याचल एवं बाल अपचारी को पकड़ा गया। इनके कब्जे से सेंट्रो कार व आई 20 वाहन में पैकेटो में रखा हुआ करीब 20 लाख की कीमत का 100 किग्रा गांजा बरामद किया गया। थाना कछवां पर मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गई। गांजा परिवहन में प्रयुक्त वाहन सेंट्रो कार व आई 20 वाहन तथा मोटर साइकिल हीरो एक्सट्रीम को एमवी एक्ट में सीज किया गया। पकड़े गये अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग कुछ दिनों से गांजा खरीद कर बिक्री करने का काम करते है।

गांजा को गोपालगंज बिहार से खरीद कर कार से लाते है। जिसे मीरजापुर, प्रयागराज व आसपास के जनपदों में बेंच कर पैसा कमाते है। गांजा कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए हम लोगो ने गांजा बिक्री के पैसो से ही पकड़ी गए वाहनों की खरीद की थी। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में कछवां थाना प्रभारी निरीक्षक रामस्वरूप वर्मा, प्रभारी निरीक्षक एसओजी सत्येन्द्र कुमार यादव तथा स्वाट सर्विलांस टीम प्रभारी राजेश जी चौबे दल बल के साथ शामिल थे। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को 20 हजार रुपया के पुरस्कार से पुरस्कृत किया।

# अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करे पुलिस : डीआईजी




डीआईजी

**मीरजापुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र के निर्देशन में परिक्षेत्र के तीनों जनपदों में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 02 दिसम्बर 2022 से अब तक चलाये गये अभियान के अन्तर्गत संगीन अपराधों में 14 वांछित अपराधियों को गिरफ्तार न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। सम्पत्ति सम्बन्धित अपराध एंव गैंगेस्टर एक्ट में वर्ष 2021 में जमानत पर छूटे अपराधियों का सत्यापन के अन्तर्गत मीरजापुर से 110, सोनभद्र से 67, भदोही से 55 अपराधियों का सत्यापन किया गया।

पाये गये इन अपराधियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए सतत निगरानी हेतु पुलिस अधीक्षकगणों को निर्देशित किया गया। इसी प्रकार से हिस्ट्रीशिटरों की चेकिंग मीरजापुर से 420, सोनभद्र से 311, भदोही से 355 अपराधियों की चेकिंग किया गया। चेकिंग के दौरान जो अपराधी बाहर पाये गये है उनके उपर सर्तक दृष्टि रखने हेतु निर्देशित किया। इसी क्रम में सक्रिय अपराधियों की चेकिंग किया गया तो जनपद मीरजापुर में 03 अपराधी फरार पाये गये, सोनभद्र में 01 अपराधी फरार पाया गया है तथा जनपद भदोही से 31 सक्रिय अपराधी मौजूद पाये उनके उपर सर्तक दृष्टि रखने हेतु निर्देशित किया तथा टाप-10 अपराधियों के विरुद्ध मीरजापुर से 167, सोनभद्र से 210 तथा भदोही से 60 अपराधियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही की गयी है, जिन अपराधियों के विरुद्ध अब तक निरोधात्मक कार्यवाही नही की गयी हैं उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही की करने हेतु निर्देशित किया।

## संक्षेप

### शासन की मंशा का पलीता निकाल रहे अधिकारी



**जमालपुर।** किसानों को नई खेती की तकनीक से अवगत कराने के लिए मंगलवार को खंड स्तरीय किसान गोष्ठी का लगा मेला ब्लाक परिसर में प्लाप शो साबित हुआ। प्रचार प्रसार की अभाव में किसान नदारद रहें। वहीं बाजार में आने जाने वालों को बैठाकर फर्ज की रश्म अदा की गई। यही नहीं कार्यक्रम का मुख्य अतिथि और अध्यक्षता कौन कर रहा है किसी को पता नहीं। कुछ लोगों को जबरदस्ती मंच पर बैठा कर उनको उन्नत शील किसान बना दिया गया। जनाब हम यह नहीं कह रहे बल्कि मंचासीन भाजपा के मंडल अध्यक्ष नरसिंह चौहान ने लोगों के बीच ध्वनि विस्तारक यंत्र की माध्यम से कहा। पूर्व प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष किसान सुजीत सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से घटिया व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्षेत्र के किसी भी किसान को उक्त कार्यक्रम की जानकारी नहीं दी गई जिसका मैं विरोध करता हूं। हालांकि कृषी विभाग के लोगों ने उपस्थित होने वाली रजिस्टर में सांय पांच बजे तक सैकड़ों की आमद को दशार्या गया।

### गरीब छात्रों को वितरित किया गया बैग



**मीरजापुर।** संगीता फाउंडेशन, शाखा कार्यालय कमासिन मीरजापुर के सौजन्य से फाउंडेशन द्वारा गोंद लिए गए निर्बल छात्र व छात्राओं को स्कूल बैग व कम्बल वितरण किया गया। यह शुभ कार्य अवकाश प्राप्त जिला न्यायाधीश पी के सिंह के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर अवकाश प्राप्त न्यायाधीश पीके सिंह के अलावा हरेंद्र बहादुर सिंह, नरसिंह बहादुर सिंह, योगेंद्र बहादुर सिंह, सुशील सिंह, अवकाश प्राप्त इंजीनियर अनिल सिंह, अधिवक्ता पंकज सिंह, शशांक सिंह, अवकाश प्राप्त सुपरवाइजर शैलेन्द्र सिंह समेत भारी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### जल्द पूरा करायें स्टेडियम का निर्माण : सीडीओ



**जिगना।** विकासखंड छानबे में मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी बीएस ने कलना गहरवार कामापुर कला मं विकासे कार्यों का औचक निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत कामापुर कला में अमृत सरोवर तालाब और बंधी का कार्य देखा। जिसमें मानक और गुणवत्ता सही पाए जाने पर ग्राम पंचायत में तैनात कर्मियों की प्रशंसा की। तत्पश्चात कलना गहरवार में बन रहे खेल मैदान को देखा और निर्देश दिया कि स्टेडियम के कार्य में तेजी लाकर कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाए। खेल मैदान संबंधित सभी जानकारी मुख्य विकास अधिकारी को तकनीकी सहायक संतोष कुमार सिंह के द्वारा बिंदुवार बताया गया। इस दौरान जिला मनरेगा अधिकारी नफीस आलम, खंड विकास अधिकारी हरिओम गुप्ता, सेक्रेटरी बृजेश सिंह, ग्राम विकास अधिकारी सौम्या सिंह, ग्राम प्रधान पूजा विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अभियोजन समिति की बैठक संपन्न

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में जिला अभियोजन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीकान्त प्रजापति, ज्वाइंट डायरेक्टर अभियोजन, सभी शासकीय अधिवक्तागण एवं जिला अभियोजन अधिकारी उपस्थित रहें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी शासकी अधिवक्ता पाक्सो एक्ट एवं गैंगेस्टर तथा महिला अपराधों के प्रति गम्भीर होकर प्राथमिकता के आधार पर दोषियों को सजा दिलाये। उन्होने कहा कि यदि किसी स्तर पर कोई समस्या उत्पन्न होती है तो उसे सम्पर्क कर अवगत कराया जाय ताकि मानिटरिंग सेल की बैठक में उसका निस्तारण कराया जा सकें। जिलाधिकारी द्वारा सभी मुकदमों की बिन्दुवार समीक्षा की गयी। तथा उसे प्राथमिकमता के आधार पर पैरवी करते हुये निस्तारण का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुये उपस्थित गवाहों का बयान अवश्य कराया जाय ताकि उन्हे बार-बार दौड़ना न पड़ें। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक माह में निस्तारित वादों की संख्या तथा कितने में सजा दिलायी गयी कितने में रिहाई, जमानत की कार्रवाई की गयी। पूरा विवरण सहित अगली बैठक में उपलब्ध कराया जाय।

### टोकन प्रणाली से चल रही खरीद प्रक्रिया को प्रभावित कर रहे किसान

**राजगढ़।** क्षेत्र के किसानों को सरकारी मूल्य का लाभ पहुंचाने के लिए जगह जगह क्रय केंद्र खोले गए हैं। जहां किसान अपने नजदीकी केंद्र पर जाकर पहले आओ पहले पाओ की नीति के अनुसार अपना नाम किसान उपस्थित पंजिका पर दर्ज कराता है और अपने नंबर पर धान का तौल कराता है। सुविधाजनक खरीद प्रक्रिया संचालित करने के लिए टोकन प्रणाली की नीति अपनाई जा रही है और पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर किसानों का धान खरीद किया जा रहा है। जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के पोर्टल पर पंजीकृत किसान अपने टोकन नंबर पर धान की तौल करा रहे हैं और सरकारी मूल्य का लाभ उठा रहे हैं। लेकिन ब्लाक मुख्यालय पर संचालित क्रय केंद्र प्रभारी राजेश सिंह से कुछ अराजक तत्व बेवजह दबाव बनाकर अपना धान बेचना चाहते हैं और सुचारू रूप से चल रही खरीद प्रक्रिया को प्रभावित करने पर तुले हुए हैं। इस संबंध में केंद्र प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि खरीद प्रक्रिया को प्रभावित करने तथा बेवजह विवाद करने की कोशिश की जा रही है लेकिन सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार ही खरीद प्रक्रिया संचालित की जाएगी। जिससे अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो सकें। लेकिन दबाव बनाकर सरकारी व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करना और बेवजह दबाव बनाना किसानों के हित में नहीं है। वहीं राजनैतिक व्यक्तियों का नाम लेकर उन्हें भी बदनाम किया जा रहा है तथा शासन की मंशा पर भी पानी फेरने का काम किया जा रहा है।

### 10 घंटे के अंदर बालकों को पुलिस ने किया बरामद

मीरजापुर। थाना को0देहात, मीरजापुर पर सोमवार को थाना को0देहात क्षेत्रान्तर्गत निवासी एक व्यक्ति द्वारा स्वयं के पुत्र उम्र करीब-14 वर्ष व एक अन्य बालक उम्र करीब-14 वर्ष के घर से कही चले जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना को0देहात पर धारा 363 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में दोनों बालकों की सकुशल बरामदगी कराये जाने हेतु प्रभारी निरीक्षक को0देहात को निर्देश दिया गया। उक्त निर्देश के अनुक्रम में उ0नि0 नरेन्द्र कुमार यादव मय पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 10 घण्टे के अन्दर दोनों बालकों को सकुशल बरामद कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

### दो घंटे बाधित रहा आवागमन, यात्री रहे हलकान

जमालपुर। क्षेत्र के हसौली गांव स्थित गरई नदी पुल के पास जल निधि के खोदें गए गड्ढे में भस्सी से लदा ट्रैक्टर ट्राली धंस गया जिससे आवागमन में लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। करीब दो घंटे के बाद आवागमन शुरू हो पाया। तब तक सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गयी। भस्सी लगा ट्रैक्टर ट्राली हसौली गांव के गरई नदी के पुल के पास पेयजल आपूर्ति विभाग की तरफ से बनवाये जा रहे वाटर सप्लाई ट्रीटमेंट प्लांट पर भस्सी गिराने जा रहा था कि पुल के पास सड़क पर पेयजल विभाग की ओर से डाले गये पाइप लाइन के पास धंस गया जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### 33 किसानों से की गई है 1824.80 क्विंटल धान की खरीद

**लालगंज।** खाद्य विभाग क्रय केन्द्र खजूरी के प्रथम क्रय केंद्र पर 20 हजार एमटी के सापेक्ष कुल 2361.20 क्विंटल धान की खरीद 32 किसानों से की गई है। खाद्य विभाग के तृतीय धान क्रय केंद्र पर 15 हजार एमटी. के सापेक्ष 1824.80 क्विंटल धान की खरीद 33 किसानों से की गई है। खाद्य विभाग प्रथम क्रय के केंद्र प्रभारी दशरथ लाल ने बताया कि धान की तौल के पहले डस्टर मशीन से सफाई व नमी मापक यंत्र से मापी के बाद धान की तौल कराई जा रही है। बताया कि इस वर्ष शासन स्तर पर व्यापक तरीके से पारदर्शिता होने के कारण किसी प्रकार की कठिनाई नही है। धान तौल के बाद किसानों के मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त होती है।

### पदम विभूषण पं. छन्नूलाल मिश्र ने किया बाबा बूढ़ेनाथ का सहस्त्रार्चन

**मीरजापुर।** नगर के अतिप्राचीन श्री बूढ़ेनाथ महादेव मन्दिर में पहुंची पदम विभूषण एवं संगीत रत्न से सम्मानित पं. छन्नूलाल मिश्र ने बाबा बूढ़ेनाथ का दर्शन पूजन किया। श्री मिश्र ने 1001 कमल पुष्प से महादेव का पूजन कर सहस्त्रार्चन किया। मंदिर के महन्त डॉ० योगानन्द गिरी से आध्यात्मिक चर्चा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। महाराज श्री ने संगीत साधक श्री मिश्र को अंगवस्त्रम एवं बाबा बूढ़ेनाथ का चित्र भेंट कर उज्वल भविष्य एवं उत्तम स्वास्थ्य का आशीष प्रदान किया। इस दौरान डॉ० कुलदीप पाण्डेय, डॉ० मुकेश उपाध्याय, डॉ० नम्रता मिश्रा, मृत्युंजय दुबे, सन्दर्भ पाण्डेय, सुधानंद गिरी, विवेक गिरी, हार्दिक केशरवानी एवं अश्वनी गुप्ता आदि बाबा बूढ़ेनाथ की कृपा कामना के साथ मौजूद थे।

# भाई की फीस चली गई दूसरे के खाते में

**सीओ सदर शैलेष त्रिपाठी ने कराया वापस**

**मीरजापुर।** बीटेक की पढ़ाई करने वाले छोटे भाई हरमन सिंह की 22 हजार रुपया फीस जमा करने के लिए पेट्रोल टंकी पर काम करने वाले मनजोत गूगल पे का सोमवार को सहारा लिया। डिजिट लिखने में जरा सी गलती हुई और रुपया जिले के नुआव गांव में दूसरे खाता धारक के खाते में चला गया।

जिस पर वार्ता किया गया तो युवक ने मोबाइल स्विच आफ कर दिया। वाहनों में तेल भरने का काम करके परिवार चलाने वाले युवक मनजोत ने पंजाब से उत्तर प्रदेश के मीरजापुर की पुलिस से गुहार लगाई। लिहाजा योगी आदित्यनाथ की पुलिस युवक की गुहार पर सक्रिय हो गई। मोबाइल आफ करने के बावजूद खाता धारक को दबोच लिया। सीओ सदर शैलेश त्रिपाठी ने बताया कि जल्द ही मनजोत के खाते में पैसा चला जाएगा। हुआ यह कि मनजोत खुद पेट्रोल पंप पर नौकरी करता है। वह अपने छोटे भाई हरमन सिंह को खूब पढ़ाना चाहता है। उसकी फीस जमा करने के लिए उसने अपने खाते से गूगल पर के द्वारा एक नंबर पर 22, 000 भेजना था। लिहाजा उसने पे करने के लिए सारे ऑप्शन को पूरा किया। लेकिन अंको के लास्ट डिजिट में उससे गलती हो गई। लिहाजा रुपया पंजाब के बजाय मीरजापुर में दूसरे खाते में आ गया। विभिन्न माध्यमों से पता करते हुए उसने एसपी से गुहार लगाई। मामला संवेदनशील होने के नाते एसपी ने सीओ सदर शैलेश त्रिपाठी को इसकी जिम्मेदारी सौंपी। श्री त्रिपाठी ने जवानों को पता लगाकर खाता धारक को लाने के लिए भेजा। अनायास 22000 खाते में आने पर युवक का मन डोल गया था। वह मोबाइल का स्विच ऑफ कर घूम रहा था। लेकिन पुलिस की चाह ने उसे युवक को थाने पहुंचा ही दिया।

लिहाजा अब पुलिस खाते में आए हुए रकम को मनजोत के खाते में रिटर्न कराने तैयारी में लगी है।

### धोखाधड़ी कर जमीन का बैनामा कराने वाले दो गिरफ्तार

**मीरजापुर।** धोखाधड़ी कर जमीन बैनामा कराने वाले 02 शातिर आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना को0शहर, मीरजापुर पर 05 मई 2022 को वादी रामसकल पुत्र स्व0सरजू प्रसाद निवासी बीरपुर थाना को0देहात मीरजापुर आदि 02 व्यक्तियों द्वारा नामजद आरोपियों के विरूद्ध धोखाधड़ी कर जमीन का बैनामा करा लेने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना को0शहर पर धारा 419,420,467,468,471,504,506 भादवि बनाम नन्दू आदि 15 नफर पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में घटना में संलिप्त आरोपियों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक को0शहर को निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में मंगलवार को मुकदमा की विवेचना के क्रम में उ0नि0 शैलेश कुमार सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना को0शहर क्षेत्र नामजद नन्दू, बनवारी पुत्रगण बचनू बिन्द निवासी शुक्लहा बिन्द बस्ती थाना को0कटरा मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

# नोडल अधिकारी नामित कर करायें अवगत : अपर जिलाधिकारी

**बैठक**

**फ्लू के प्रकोप से पूर्व बचाव की समस्त तैयारियों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी**

**जनसंदेश न्यूज**



बैठक को संबोधित करते एडीएम वित्त

**मीरजापुर।** अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल की अध्यक्षता में बर्ड फ्लू से सम्बन्धित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आहूत की गयी। बैठक अपर निदेशक पशुपालन ने अपर जिलाधिकारी को फ्लू के प्रकोप से पूर्व बचाव की समस्त तैयारियों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि जनपद में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है एवं अन्य विभागों के दायित्यों के विषय में विस्तार से बताया। अपर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी विभाग अपने-अपने विभाग के एक नोडल अधिकारी नामित कर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को अवगत करायें जिससें समन्वय स्थापित किया जा सकें।

बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी अरविन्द राज मिश्रा, उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभान सिंह, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय, अपर निदेशक पशुपालन डॉ वी0के0 सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ राजेश सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अंगद गुप्ता, क्षेत्राधिकारी सदर शैलेन्द्र त्रिपाठी, ईओ कछवां नवनीत कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# मानक के विपरीत बन रहे आवास

**आवास योजना**

**सरकारी नक्शे को दरकिनार कर बना रहे हवेली नुमा मकान**

**आवास लाभार्थी का चयन करने में धड़ल्ले से हो रहा पक्षपात**

**जनसंदेश न्यूज**



गांव में बन रहे आलीशान आवास

**राजगढ़।** स्थानीय विकास खंड क्षेत्र में शासन की अति महात्वाकांक्षी योजना में शामिल प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना अपने मूल सिद्धान्तों एवं मानक से भटक चुकी है।

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर गरीब को आवास देकर उनके सपनों को साकार करने की घोषणा किया है जिसके लिए ग्राम प्रधान एवं सचिवों को गांव के गरीब एवं अत्यंत जरुरतमंद व्यक्तियों का चयन करने की जिम्मेदारी तय किया गया है। वहीं आवास की सूची मिलने के बाद सेक्टर प्रभारी एवं खंड विकास अधिकारी के स्तर पर भौतिक सत्यापन कर अन्तिम रिपोर्ट शासन को भेजा जाता है लेकिन गांवों में आवास की शक्ल में बन रहे हवेली नुमा मकान देखकर उनके आर्थिक स्थिति का आकलन किया जा सकता है और उनके पात्रता पर भी संदेह खड़ा हो रहा है। वहीं दूसरी ओर पक्ष विपक्ष की राजनीति में सैकड़ों गरीब परिवार आज भी अपने आशियाने का सपना संजोए बैठे हैं लेकिन उनका चयन नहीं किया गया जो बेहद जरुरतमंद की श्रेणी में पहले पायदान पर खड़े हैं।

ऐसे में शासन की ओर से जारी शासनादेश की धज्जियां उड़ाते हुए पात्रता की परिभाषा एवं मानक सबकुछ ताक पर रखकर आवासों का निर्माण कराया जाना बेहद गंभीर विषय बना हुआ है तथा आवास की जगह हवेली बना रहे लाभार्थियों की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग किया जा रहा है।

### टीबी रोग उन्मूलन हेतु सीएचओ व एएनएम को दिया गया प्रशिक्षण

**हलिया।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में मंगलवार को डा0 अभिषेक जायसवाल की अध्यक्षता में टीबी रोग उन्मूलन अभियान के तहत प्रशिक्षक सौरभ द्विवेदी, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक शब्बीर अहमद, बीसीपीएम अनिल कुमार, द्वारा सीएचओ एवं एएनएम को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि प्रत्येक माह की 15 तारीख को क्षय दिवस संचालित किया जा रहा हैं जिसमें सभी एएनएम व आशाओं द्वारा आवंटित क्षेत्र में घर-घर जाकर कर संभावित टीबी रोगियों की पहचान कर उनके परिवार के सदस्यों की सूची बनाई जाएगी। टीबी रोगियों को नजदीकी जांच केंद्र पर संदर्भित किया जाएगा। असमर्थ मरीजों को आशा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रत्येक माह की 15 तारीख को निः क्षय दिवस के दिन आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर इकाई पर ले जाकर टीबी तथा डायबिटीज आदि की जांच कराई जाएगी। परीक्षण जांच व उपचार पोषण हेतु 500 रुपए की आर्थिक मदद शासन द्वारा दी जाएगी। मौके पर सीएचओ ज्ञानेंद्र सिंह, तीरथ राम, शिखा, सोनाली, अरुण, मोकिम अंसारी, उषा, मुनक्का आदि मौजूद रहीं।

# प्यासों को मुंह चिढ़ा रही है हर घर जल योजना

**पेयजल की शुरू हुई किल्लत, अमृत पेयजल योजना अधर में**

> ग्राम पंचायत में 22 सरकारी हैंडपम्प लगे है अभी तक सभी पानी दे रहे हैं लेकिन फरवरी प्रथम सप्ताह से 14 या 15 हैंडपंप पानी छोड़ देते है। अगर उसके पहले अमृत पेयजल योजना से पानी की आपूर्ति होने लगेगी तो जनता को परेशानी का सामना नही करना पड़ेगा।
>
> **उमेश केशरी , ग्राम प्रधान**

**कलवारी।** विकासखंड राजगढ़ के ग्राम सभा कलवारी माफी में पेयजल संकट गहरा गया है, क्षेत्र में हर वर्ष पेयजल संकट अप्रैल - जून के माह में होता था। लेकिन इस वर्ष अच्छी बरसात न होने के कारण क्षेत्र में पेयजल संकट गहरा गया है। कलवारी बाजारवासी पेयजल के लिए परेशान है। क्षेत्र के डीप बोरिंग भी पानी छोड़ दे रहे हैं। हैंडपंप तो कब का पानी देना बंद कर चुके है। पेयजल न मिलने से हाहाकार मचा है।

इस बार दिसंबर महीने में ही स्थिति दयनीय हो गयी है। सरकार के द्वारा क्षेत्र में अमृत पेयजल योजना के तहत हर घर को नल से पानी देने की योजना कागज तक ही सीमित है। इस योजना के तहत नल तो लगाए गए हैं लेकिन नल में पानी कब आएगा यह पता नहीं है। ग्रामीण पेयजल की किल्लत से परेशान है। उन्हें डर सता रहा है कि दिसंबर महीने में पेयजल संकट भयानक है तो मई- जून के महीने में पेयजल किल्लत विकराल रूप धारण न कर ले अन्यथा पीने तक का पानी मुश्किल से नसीब होगा। सरकार की अमृत पेयजल योजना धरातल पर कब आएगी व कब लोगों को नल से पानी मिलेगा।

जिससे पेयजल संकट दूर हो जाए। इस दौरान बाजारवासी शमशेर सिंह, शिव सूरत, विशाल गिरी, गुरु बाबा, संजय गिरि, विजई सेठ व अन्य बाजारवासियों ने जल्द से जल्द पानी की किल्लत को दूर करवाने की मांग की है।

# राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में उदित को मिला कांस्य पदक



छात्र को सम्मानित करते प्रधानाचार्य

**मीरजापुर।** नगर के लालडिग्गी मोहल्ला स्थित लायंस पब्लिक स्कूल के छात्रों ने नेशनल और राज्य स्तरीय खेलों में अपनी प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया। उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित 13 वां राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में उदित राज ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया।

युवा खिलाडी उदित ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में ताइक्वांडो में बेहतर प्रदर्शन कर रजत पदक हासिल किया था। वाराणसी में आयोजित सीबीएसई बोर्ड के कलस्टर 5 टेबल टेनिस प्रतियोगिता में विद्यालय के बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर कांस्य पदक प्राप्त किया। कोच सुमित घोष एवं पारसनाथ दुबे ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आए प्रतिभागियों के बीच विद्यालय के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा लोगों के सामने प्रदर्शित किया। कहा कि छोटे शहरों में भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है। शिक्षा के साथ ही खेलकूद बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए आवश्यक है। आवश्यकता इस बात की हैं कि बच्चों के अंदर की प्रतिभा को पहचान करने के बाद उन्हें सही दिशा के लिए इंगित किया जाय।

छात्रों की सफलता पर विद्यालय प्रबंधक विश्वनाथ अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन.के.पांडेय, उप प्रधानाचार्य विनय अग्रवाल, सुधा नेगी, निखिलेश एवं मीरा ने प्रसन्नता जताया।

# सामूहिक विवाह में एक दूजे के हुए 86 जोड़े

**जनसंदेश न्यूज**



नवविवाहिता को आशीर्वाद देते नगर विधायक व डीएम

**आयोजन**

**नगर विधायक, पालिकाध्यक्ष व जिलाधिकारी ने दिया आशीष**

**मीरजापुर।** बिसुन्दरपुर स्थित आदर्श इंटर कॉलेज के परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसमें विकास खण्ड कोन के 18, विकास खण्ड छानबे के 23, विकास खण्ड सीटी के 39, नगर पालिका मीरजापुर के 6, कुल 86 जोड़ों (अनु0जा0 के 62, अन्य पिछड़ा वर्ग के 23 एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 01) का सामूहिक विवाह सकुशल सम्पन्न कराया गया। बैण्ड बाजा और ढोल ताशा की धून पर खंड विकास अधिकारी समेत कई अधिकारियों ने ठुमका लगाया।

जिलाधिकारी ने कहा कि व्यवस्था की कमान सम्हालने वाले अधिकारी कन्या पक्ष के हैं। सभी को हंसी खुशी समारोह मनाने का हक सभी का बनता है। समारोह में सकुशल विवाह संपन्न होने पर सभी जोड़ों को दस हजार रुपए के आवश्यक सामग्री भी दी गयीं। जिसमे पायल, बिछिया, साड़ी, कूकर सहित अन्य दैनिक उपयोग वाले समान थे। इसके साथ ही कन्याओं के खाते में पैतीस हजार रुपए ट्रांसफर भी किया जायेगा। इस मौके पर नगर विधायक रत्नाकर मिश्र ने कहा कि बेटियां बोझ नही है। सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी के साथ हैं। नपाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देश पर सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया है। इस सामुहिक विवाह में बिना भेदभाव के गरीब तबके के लोगो के विवाह का कराया गया है। कहा कि अब गरीब कन्याओं का विवाह भी बडे धूमधाम से किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने गरीब मां बाप के कंधों से बेटी के हाथ पीले करने का बोझ कम कर दिया है। यह सब भाजपा की केन्द्र और प्रदेश सरकार की देन है। घर की बेटियां अब बहु बन जायेगी। वही घर का लड़का अब किसी परिवार का दामाद बन जायेगा।

इस मौके पर समाज कल्याण अधिकारी गिरीश चन्द दुबे, नगर पालिका जलकल अभियंता सुधीर कुमार वर्मा, अवर अभियंता जटाशंकर पटेल, खण्ड विकास अधिकारी सिटी विनोद सिंह, खण्ड विकास अधिकारी कोन आदि लोग उपस्थित रहे।

# अघोषित बिजली कटौती से तंग व्यवसाइयों का फूटा गुस्सा

**किया चक्काजाम**

**बोले व्यापारी जानबूझकर परेशान कर रहा प्रबंधन, टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी की वजह से उत्पन्न हुई समस्या**

जनसंदेश न्यूज


जाम लगाये व्यवसाइयों से वार्ता करती पुलिस

**बीजपुर।** अघोषित बिजली कटौती से गुस्साए व्यवसाइयों ने मंगलवार को श्रीराम चौक तिराहे के मुख्य मार्ग को जाम कर प्रबन्धन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी किया। जिससे घण्टों लोग आवागमन के लिए परेशान रहे। एम्बुलेंस को भी वापस जाना पड़ा। सूचना पर पहुंची पुलिस जाम खुलवाने का प्रयास करती रही लेकिन जाम कर रहे लोगों ने एक नही सुनी। एनटीपीसी प्रबन्धन से बात कर मामले का समाधान करने के लिए थाने में घन्टों वार्ता चली, जिसमें 16 दिसंबर तक का समय मांगा गया।

एनटीपीसी प्रबन्धन का कहना था कि ओवरलोड की समस्या है, इस पर ध्यान दिया जाय, जिससे विद्युत व्यवस्था में सुधार किया जा सके। व्यवसाइयों का आरोप है कि प्रबन्धन जानबूझ कर व्यवसाइयों को लगभग माह भर से विद्युत कटौती कर परेशान कर रहा है, जिससे बच्चों की पढ़ाई, पेयजल संकट उत्पन्न हो गई है।

आरोप है कि एनटीपीसी रिहन्द कई वर्षों से ठेकेदार के माध्यम से विद्युत आपूर्ति करवा रही है। टेंडर प्रक्रिया के गड़बड़ी की वजह से बिजली और पानी की बिकट समस्या उत्पन्न हो गई है। इसके समाधान के लिए प्रधान, जिला पंचायत सदस्य ने मुख्यमंत्री, एनटीपीसी उच्चाधिकारियों सहित जिला प्रशासन को पत्र भेज कर पखवाड़े भर पहले अवगत कराया था, लेकिन किसी जिम्मेदारों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

वहीं स्थानीय थाने में घन्टों एनटीपीसी प्रबन्धन व व्यवसाइयों के बीच हुई वार्ता में यह निर्णय हुआ कि 16 दिसम्बर तक समस्या समाधान के लिए पत्रक जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी के नाम प्रभारी निरीक्षक क्राइम अशोक यादव को सौंपा जायेगा। चेतावनी दिया कि उक्त तिथि तक सुधार नही हुआ तो 17 दिसम्बर को आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## ग्लोबल सेफ्टी ऑफिसर ने बच्चों को बांटा उपहार

**रेणुकूट।** आदित्य बिड़ला समूह के ग्लोबल सेफ्टी ऑफिसर रैंडी वासकुल ने मंगलवार को बिड़ला कार्बन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीएसआर विभाग द्वारा संचालित आदित्य बाल विद्या मंदिर कोडरी का निरीक्षण कर बच्चों से मुलाकात की और उन्हें उपहार बांटे।


बच्चों के साथ अधिकारीगण

बता दें कि आदित्य बिड़ला समूह के ग्लोबल सेफ्टी ऑफिसर ने कोडरी स्थित आदित्य बाल विद्या मंदिर का दौरा किया और यहां सीएसआर द्वारा संचालित विद्यालय का निरीक्षण किया।

उन्होंने बच्चों से सवाल पूछे और कक्षा एक में पढ़ रहे छोटे बच्चे राजकुमार की दक्षता पर आश्चर्य जताते हुए उसे शाबाशी दी। उन्होंने कहा कि वे मन मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने अभिभावकों के साथ-साथ क्षेत्र का नाम रोशन करें।

मानव संसाधन प्रमुख जय कोकाटे ने बताया कि कंपनी द्वारा सीएसआर के तहत इस अति पिछड़े क्षेत्र में तमाम तरह के कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं, ताकि ग्रामीणों का जीवन स्तर बेहतर हो सके। सीएसआर विभाग की निवेदिता मुखर्जी ने बताया कि यह स्कूल 19 वर्षों से संचालित हो रहा है और यहां पढ़ चुके कुछ छात्र अब इसी स्कूल के बच्चों को पढ़ा रहे हैं।

इस दौरान उन्होंने बच्चों में उपहार और यहां मौजूद तमाम जरूरतमंद ग्रामीणों व दिव्यांगों में कंबल का वितरण किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, विद्यालय के अध्यापक और छात्र मौजूद रहे।

## संक्षेप

### डॉक्टरों के लेट आने से मरीज परेशान



**दुद्धी।** दक्षिणांचल के अंतिम छोर पर तीन राज्यों के लिए वरदान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्यकर्मियों का लेट लतीफ आने से मरीजों को काफी दिक्कत होने का मामला प्रकाश में आया है। मरीजों ने मंगलवार को आरोप लगाया कि प्रातः साढ़े 10 बजे तक ओपीडी डॉक्टरों के दरवाजे का ताला लटका रहा और हम लाइन में डॉक्टरों के इंतजार में लगे रहे। बता दें कि सीएचसी में प्रातः कालीन समय से ही आदिवासी बाहुल्य मरीजों का आना जाना शुरू हो जाता है। इस बीच अस्पताल में कर्मचारियों का न पाया जाना क्षेत्र के लिए चिंता का विषय है। वर्तमान में अस्पताल आधुनिक सुविधाओं से लैस है, जहां विभिन्न प्रकार के जांच निःशुल्क समय से होने की आस में मरीज आते हैं। मरीजों को जरूरत की दवाइयां भी मिल जाती हैं। इन व्यवस्थाओं के मद्देनजर यदि डॉक्टर नदारत रहते है तो मरीजों का क्या होगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक शाह आलम ने बताया कि प्रातः कालीन इमरजेंसी में मरीजों की संख्या ज्यादा थी, जिसमें दो डाक्टर इमरजेंसी में थे। वहीं एक डॉक्टर ओपीडी में बैठे हुए थे। वर्तमान में यहां चार डॉक्टर तैनात रहते हैं।

### रोजगार के लिए करें ऑनलाइन पंजीकरण

**सोनभद्र।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि सेवायोजन विभाग द्वारा सेवामित्र पोर्टल, मोबाईल एप और कॉल सेन्टर टोल फ्री नं 155330 विकसित कराया गया है, जनपद के प्रशिक्षित युवाओं/स्किल्ड वर्कर को स्वतः रोजगार क्षेत्रों जैसे इलेक्ट्रीशियन, फीटर, प्लम्बर टेक्नीशियन, फोटो ग्राफर, कारपेन्टर, ड्राइवर, ब्यूटिशियन, पैथालॉजी आदि टेज्ड में रोजगार देने हेतु पंजीकरण कराया जाना है, जिससे एप पर उपलब्ध लोगों का डाटा देखकर कोई भी व्यक्ति कार्य कराने हेतु उनके मोबाइल पर सम्पर्क कर उन्हें अपने घर बुला सके। इच्छुक स्किल्ड वर्कर जो आईटीआई पास एवं अप्रेन्टिस अथवा किसी संस्थान से कार्य करने का कम से कम एक वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र हो वे सेवामित्र के वेबसाइड पर जाकर स्किल्ड वर्कर रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करने पर पंजीयन फार्म खुल जायेगा, जिसमें अपने अन्य विवरण भरने के साथ स्किल्ड प्रमाण–पत्र व कम से कम एक वर्ष का अनुभव/अप्रेन्टिस प्रमाण–पत्र अपलोड करते हुए सबमिट करना है। उन्होंने बताया कि जनपद के इच्छुक सेवा प्रदाता उक्त वेबसाइड पर जाकर सर्विस प्रोवाइडर रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करते हुए दिये गये निर्देश के अनुसार अपना पंजीकरण स्वयं कर सकते हैं।

### छात्रवृत्ति आवेदन के लिए समय सारिणी संशोधित

**सोनभद्र।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गिरिजा शंकर सरोज ने बताया कि संशोधित छात्रवृत्ति समय सारिणी के क्रम में शैक्षिक सत्र 2022–23 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत कक्षा 11–12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों का मास्टर डाटाबेस तैयार करने के लिए विश्वविद्यालय एवं एफिलियेटिंग एजेंसीएवं अन्य सत्यापन करने तथा छात्र–छात्राओं के लिए आवेदन से लेकर छात्रवृत्ति वितरण तक की समस्त सुसंगत कार्यवाही के लिए पुनः संशोधित समय सारिणी निर्गत की गयी है। उन्होंने बताया कि आनलाईन आवेदन करने की तिथि 12 से 26 दिसम्बर तक, आवेदन पत्र की हार्डकापी छात्र/छात्राओं द्वारा वांछित संलग्नकों सहित शिक्षण संस्था में जमा किये जाने की तिथि 13 से 30 दिसम्बर तक, आवेदन पत्र की हार्डकापी एवं संलग्न अभिलेखों से छात्र/छात्रा के समस्त विवरण का शिक्षण संस्थान द्वारा मिलान किया जाना एवं आनलाईन आवेदन प्राप्त करना, अपात्र छात्रों का आवेदन निरस्त करना तथा पात्र छात्रों का आवेदन आनलाईन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की तिथि 13 दिसम्बर से 2 जनवरी तक व जनपद स्तरीय विभागीय अधिकारी के डिजिटल सिग्नेचर से डाटा लॉक किये जाने की तिथि 17 फरवरी से 10 मार्च तक निर्धारित की गयी है।

### सेना में भर्ती होने को किया गया प्रेरित

**सोनभद्र।** राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज राबट्र्सगंज में मंगलवार को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के उपलक्ष्य में कैप्टन नौ सेना आशुतोष चौधरी जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी द्वारा गोष्ठी की गयी। इसमें छात्राओं को भारतीय थल/जल एवं वायु सेना की महत्ता के बारे में बताया गया। इस दौरान छात्राओं को सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया गया। कैप्टन ने झण्डा दिवस अनुदान की महत्ता बताते हुए कहा कि यह दिवस शहीद/बलिदानी सैनिकों के आश्रितों के सहायतार्थ के लिए एकत्रित किया जाता है एवं इस दिन लगाने वाला सशस्त्र सेना प्रतीक झण्डा अमूल्य है। इस मौके पर प्रधानाचार्या, शिक्षकगण, देवेन्द्र कुमार जैसवार आदि उपस्थित रहे।

### दहेज प्रतिषेध अधिनियम आरोपी का चालान

**बीजपुर।** अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस टीम ने मंगलवार को स्थानीय थाना के वांछित आरोपी अजीत कुमार सिंह पुत्र जमुना सिंह को मुखबीर की सूचना पर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस ने बताया कि आरोपी पर दहेज प्रतिशेध अधिनियम का मुकदमा दर्ज था। तभी से वह फरार चल रहा था। जिसका चालान कर दिया गया। टीम में उप निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह, नितेश भारती, संदीप कुमार यादव शामिल रहे।

### एसडीएम ने छापेमारी कर बिना लाइसेंस के खाद बीज की दुकान करायी सीज

**हलिया मीरजापुर।** विकास खंड के बंजारी कलां गांव में मंगलवार देर शाम ग्रामीणों की शिकायत पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम लालगंज नवनीत सेहरा ने जिला कृषि अधिकारी पवन कुमार प्रजापति आपूर्ति निरीक्षक विनोद तिवारी के साथ बिना लाइसेंस के खाद बीज तथा कीटनाशक दवाओं की बिक्री किए जाने पर दुकान को सील करवा दिया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम लालगंज नवनीत सेहरा को ग्रामीणों से सूचना मिली कि बंजारी कलां गांव में गांव निवासी धनंजय सिंह द्वारा बिना लाइसेंस के खाद, बीज कीटनाशक दवाएं तथा डीजल, पेट्रोल व गैस सिलेंडर की बिक्री की जाती है।शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने जिला कृषि अधिकारी व आपूर्ति निरीक्षक के साथ दुकान पर औचक छापेमारी की जहां दुकान में खाद बीज कीटनाशक दवाएं तथा खाली सिलेंडर तथा प्लास्टिक के दो खाली ड्रम मिले एसडीएम ने दुकानदार धनंजय सिंह के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दुकान को सील करवा दिया। इस संबंध में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम लालगंज नवनीत सेहरा ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर दुकान पर औचक छापेमारी की गई जहां बिना लाइसेंस के खाद बीज व कीटनाशक दवाओं की बिक्री की जा रही थी व दुकान में खाली गैस सिलेंडर पाए जाने पर दुकान को सील करवा दिया गया है अवैध रूप से दुकान संचालित करने वाले दुकानदार के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

### डिवाइडर से टकाराई बाइक, दो जख्मी

**गुरमा।** चोपन थाना क्षेत्र के मारकुडी घाटी में मंगलवार को अनियंत्रित बाइक डिवाइडर में टकराने से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। बताया गया कि विकास 26 पुत्र रामलखन निवासी पुसौली, राबट्र्सगंज व बबुन्दर 22 पुत्र लल्लन प्रसाद निवासी, सहिजन कला, राबट्र्सगंज एक बाइक से राबट्र्सगंज की तरफ जा रहे थे कि जैसे ही चोपन थाना क्षेत्र के मारकुंडी घाटी के पहले मोड़ पर पहुंचे की डिवाइडर से बाइक टकरा गयी। इस हादसे में बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गये। दोनों घायलों को पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से टेम्पो से जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। घायलों के जेब से मिले मोबाइल से उनके परिजनों को सूचित कर दिया गया।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**शक्तिनगर।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त राजेन्द्र कुमार दुबे पुत्र स्व. तेजबली दुबे, निवासी ककरी कलोनी, अनपरा, मूल पता–औड़ी, अनपरा को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी।

# पेशेवर अपराधियों को सूचीबद्ध कर करें प्रभावी कार्रवाई

जनसंदेश न्यूज

**बोले डीआईजी**

**डीआईजी ने कानून व्यवस्था व अपराध रोकथाम के संबंध में पुलिस लाइन में की समीक्षा बैठक**

**सोनभद्र।** पुलिस उप महानिरीक्षक, विंध्याचल परिक्षेत्र आर.पी. सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को जनपद में अपराध नियंत्रण/कानून व्यवस्था, आगामी नये वर्ष एवं स्थानीय नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत चुर्क पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध एवं कानून व्यवस्था के सम्बंध में समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान निकाय चुनाव को देखते हुए पेशेवर अपराधियों को सूचीबंद्ध कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

डीआईजी ने नये वर्ष को शांतिपूर्ण एवं सद्भाव के वातावरण में मनाये जाने हेतु कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मातहतों को निर्देशित किया। कहा कि कानून व्यवस्था बनाये रखने में शांति समितियों, संभ्रांत नागरिकों, डिजिटल वॉलिंटियर्स, शांति समितियों, नागरिक सुरक्षा संगठन के सदस्यों का सक्रिय सहयोग प्राप्त किया जाए। वहीं थाना समाधान दिवस व तहसील दिवस पर विशेष ध्यान देने, अवैध खनन व ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाने, जमीन सम्बन्धित विवाद में पुलिस व राजस्व की टीम द्वारा संयुक्त रुप से मिलकर विवाद को निस्तारित कराने, वन भूमि के मामले में पुलिस, राजस्व व वनविभाग को मिलकर काम करने के सम्बंध में चर्चा की गयी।

इसके अलावा डीआईजी ने पोर्टल पर प्राप्त होने वाले शिकायती प्रार्थनापत्रों का भली-भांति अवलोकन कर निष्पक्ष जांच कर उनको निस्तारित करने की ताकीद की। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के परिवहन करने वालों पर कार्रवाई करते हुए पशु तस्करी पर रोक लगायें।

गैंगेस्टर एक्ट के लंबित गम्भीर अपराधों में शीघ्र शेष कार्रवाईयां पूर्ण करते हुए शिकायतों का निस्तारण करायें। इसके अलावा कार्य योजना बनाकर आवश्यक कार्रवाई किये जाने, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने, जनपद व थाना स्तर पर टॉप-10 अपराधियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने, जमानत पर बाहर आए अपराधियों की निगरानी करने का निर्देश दिया। कहा कि थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए समाधान करायें। इसके अलावा महिला सम्बन्धी अपराधों पर अंकुश लगाने तथा महिलाओं की सुरक्षा व सहायता पर विशेष ध्यान देने, एंटी रोमियो स्क्वाड को सक्रिय करने, सभी मुख्य बाजार/मार्गों, चौराहों एवं हाइवे पर रात्रि गश्त एवं प्रभावी चेकिंग करने, नक्सली संचरण पर प्रभावी रोकथाम के दृष्टिगत नियमित रुप से सघन कॉम्बिंग करने का निर्देश दिया। नगर निकाय चुनाव सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत बैरियर लगाकर संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग कर अराजकतत्वों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करें। उन्होंने मतदान केन्द्रों/बूथों का निरीक्षण करने का निर्देश मातहतों को दिया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह, आपरेशन विजय शंकर मिश्र, समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष एवं समस्त शाखा प्रभारी मौजूद रहे।


पुलिस लाइन सभागार में अपराध समीक्षा बैठक करते डीआईजी

# स्कूल टाइम में अर्धनग्न होकर मास्टर कर रहे कार की सफाई

**यह है हाल**

**चोपन ब्लॉक के अबाड़ी प्राथमिक स्कूल का हाल, बीएसए बोले मामले की कराएंगे जांच**

जनसंदेश न्यूज


अर्ध नग्न होकर कार की सफाई करने जाते शिक्षक

**सोनभद्र।** कभी नमक रोटी तो कभी विद्यालय के गेट गिरने से बच्चे की मौत तो कभी तालाब से पानी पीते बच्चों के बाद अब तस्वीर सामने आयी है अधनंगे मास्टर की भारी-भरकम वेतन के बावजूद अध्यापक बच्चों के भविष्य से कैसे खिलवाड़ कर रहे हैं। जनपद के चोपन विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय आबाड़ी का है स्कूल टाइम में अध्यापक अपनी कार की सफाई कर रहे हैं।

बताया जा रहा है कि इस विद्यालय पर तीन अध्यापकों की तैनाती है। लेकिन सोमवार को मौके पर केवल प्रधानाध्यापक मिले और वह भी अपनी गाड़ी अधनंगे वेशभूषा में धो रहे थे। अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि केवल शरीर पर गमछा लपेट कर यह प्रधानाध्यापक बच्चों को कौन सी शिक्षा दे रहे हैं।

जब मास्टर को इस रूप में देखा तो उनकी तस्वीर लेनी चाही तो हाथों से उसे मास्टर ने सरेआम गुंडई करते हुए पत्रकार को ना सिर्फ फोटो लेने से रोका बल्कि बदतमीजी करने का अपना अधिकार जताते हुए बदतमीजी भी की और पत्रकार से वहां से चले जाने को कहा। ऐसे में सवाल उठता है ऐसे लापरवाह अध्यापक अपने बच्चों को क्या शिक्षा देते होंगे।

पता चला की यह प्रधानाध्यापक हैं जो विद्यालय में यदा-कदा ही आते हैं और पूरी दबंगई से नौकरी करते हैं। इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिबंश कुमार ने कहा कि मामले की जांच कराकर संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी।

## फुटबॉल प्रतियोगिता का कार्यकारी निदेशक ने किया उद्‌घाटन

**अनपरा।** एनटीपीसी विंध्याचल नैगम सामाजिक दायित्व एवं जिला फुटबाल संघ के तत्वाधान में अंबेडकर स्टेडियम विंध्यनगर में मंगलवार से जूनियर एवं सीनियर वर्ग समूह के ग्रामीण लड़कों एवं लड़कियों के लिए फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उदघाटन मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) सुभाष चन्द्र नायक द्वारा किया गया।

कार्यकारी निदेशक ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवा अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा एवं नई तकनीकी कौशल का प्रदर्शन करते हुये जिले एवं अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ई सत्य फनी कुमार, सुजय कर्मकर, प्रबीर कुमार विश्वास, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन स्नेहाशीष भट्टाचार्या, अध्यक्ष जिला फुटबाल संघ रघु पटेल समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## तहसील भवन निर्माण में सरकारी आदेश की हो रही उपेक्षा

जनसंदेश न्यूज

**ओबरा।** सरकारी गजट 4 सितंबर 2020 के अनुसार ओबरा विधानसभा क्षेत्र की आदिवासी वनवासी गरीब जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ओबरा तहसील का गठन किया गया। उक्त गजट के अनुसार तहसील मुख्यालय बिल्ली मारकुंडी में निश्चित किया गया। बावजूद इसके स्थानीय प्रशासन द्वारा उक्त गजट को धत्ता बताते हुए तहसील मुख्यालय हेतु जमीन का चयन राबट्र्सगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्थित एक खनन एवं प्रदूषित क्षेत्र में किया गया। विवादित स्थान तक काला पानी कहे जाने वाले रेणुका पार तथा भाट क्षेत्र के आदिवासी जनजातीय तथा निर्धन जनता को पहुंचने हेतु अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। इस मामले से समाज कल्याण मंत्री संजीव गौड़ को भी अवगत कराया गया। मंत्री ने धरना स्थल से घोषणा किया कि तहसील मुख्यालय राज्यपाल के शासनादेश के अनुसार बिल्ली मारकुंडी के अंतर्गत ही बनेगा। इसके बाद भी प्रशासन द्वारा सकारात्मक पहल नहीं की जा रही है। जिला प्रशासन के इस गैर जिम्मेदाराना एवं तानाशाही पूर्ण रवैया के खिलाफ तथा ओबरा तहसील मुख्यालय बिल्ली मारकुंडी में बनाने की मांग को लेकर 43वें दिन लगातार धरना प्रदर्शन के क्रम में अधिवक्ताओं तथा समाजसेवियों द्वारा चौबीस घंटे की क्रमिक भूख हड़ताल सातवें दिन भी जारी रही। मंगलवार को एड राजकुमार पांडे एवं समाजसेवी विकास दुबे का माल्यार्पण वरिष्ठ अधिवक्ता कमलेश यादव एवं त्रिपुरारी शंकर पांडे द्वारा किया गया। सभा में रमेश मिश्रा, कपूरचंद पांडे, रामपाल शास्त्री, एड अनिल चौधरी, दिनेश दुबे, एसके चौबे, नसीम खान, पुष्पराज पांडे, अवधेश अग्रवाल, हरिओम सेठ, सुशील पांडे, राजेश गौतम, गजेंद्र यादव, राजू पाठक आदि मौजूद रहे। संचालन उमेश शुक्ला ने किया।

## गृहणियों के लिए ऊर्जा संरक्षण क्विज का हुआ आयोजन



कार्यक्रम में शामिल गृहणियां

**रेणुकूट।** हिण्डाल्को इण्डस्ट्रीज लिमिटेड में इण्डस्ट्रीयल इन्जीनियरिंग एवं टेक्निकल सर्विसेज विभाग द्वारा मनाये जा रहे ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत गृहणियों के लिए ऊर्जा संरक्षण क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्लब हिण्डाल्को के हॉल में आयोजित हुए क्विज प्रतियोगिता में कार्यरत कर्मचारियों की धर्मपत्नीयों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रही लगभग 60 गृहणियों से घरों में उपयोग होने वाले गैस, बिजली, इंडक्शन चूल्हा, गैस सिलेण्डर, वाहन ईंधन, एल.ई.डी. लाईट आदि के उपयोग के दौरान ऊर्जा संरक्षण हेतु अपनाई जाने वाली क्रिया-कलापों से सम्बन्धित कई रोचक प्रश्न पूछे गए। विजेता गृहणियों को इन्जीनियरिंग एवं टेक्निकल सर्विसेज विभाग के विभागाध्यक्ष संजीव गुप्ता एवं राजश्री वर्मा द्वारा पुरस्कृत किया गया।

इसी के साथ सभी प्रतिभागी गृहणियों को एल.ई.डी. बल्ब भी प्रदान कर ऊर्जा संरक्षण हेतु प्रोत्साहित किया गया। संचालन हिण्डाल्को एनर्जी सेल के राजीव सिंह ने किया। कार्यक्रम में रजनीश सिंह, अनुज मौर्या, राजेश सिंह इण्डोलिया, संजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

# विद्यालय के रखरखाव के लिए पंचायत विभाग से तालमेल आवश्यक

## ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

जनसंदेश न्यूज


दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक

**दुद्धी।** ब्लाक संसाधन केंद्र पर मंगलवार को प्रधान स्थानीय प्राधिकारी/निकाय के सदस्यों का ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक रामदुलार सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर, दीप प्रजवल्लित कर किया। अतिथियों के स्वागत में सरस्वती वंदना व स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति बच्चों ने किया। शैला डांस व दहेज उत्पीड़न का मंचन आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान क्षेत्र के ग्राम पंचायत केवाल, मलदेवा, दीघुल, खजूरी व बुटबेड़वा के ग्राम प्रधानों को परिषदीय विद्यालयों के आपरेशन कायाकल्प को बेहतर ढंग से कराने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। वहीं मार्च 2023 तक 10 विद्यालयों के कायाकल्प करने के संकल्प लेने वाले अध्यापकों को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि शैला लोक नृत्य आदिवासी परंपराओं को जीवित रखता है। कायाकल्प के माध्यम से परिषदीय विद्यालय चमक रहे हैं, जिसकी देख रेख की जिम्मेदारी ग्राम प्रधानों सहित ग्रामीणों की भी बनती है। विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी सुनील सिंह ने कहा कि कायाकल्प के तहत परिषदीय विद्यालयों का सुंदरीकरण किया जा रहा है। जिन ग्राम पंचायतों का बजट कम है, वहां मनरेगा के तहत कायाकल्प कराया जाएगा। मार्च 2023 तक ब्लाक क्षेत्र के समस्त विद्यालयों को कायाकल्प योजना से जोड़ा जाएगा। विद्यालयों की भौतिक संसाधनों की रख रखाव की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान स्वयं लें। खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र मौर्या ने कहा कि विद्यालयों के विकास व रखरखाव के लिए पंचायत विभाग से तालमेल आवश्यक है। अंत में अतिथियों ने टीएलएम गैलरी का अवलोकन किया। संचालन श्रवण कुमार व अविनाश गुप्ता ने किया। इस मौके पर समर बहादुर सिंह, नीरज कनौजिया, शकील अहमद, ऋषि नारायण, मनोज जायसवाल, संतोष सिंह, नकक्षेदी यादव, बृजेश कुमार, मंजरी अग्रवाल सहित तमाम बच्चे उपस्थित रहे।

## अस्थायी रैन बसेरा व अलाव की हकीकत जानने डीएम ने किया औचक निरीक्षण

### मूलभूत सुविधाओं बारे में ली जानकारी

**मीरजापुर।** दिव्या मित्तल ने अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल के साथ अस्थायी रैन बसेरा रोडवेज परिसर मीरजापुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश किया कि वे अपने क्षेत्र में संचालित रैन बसेरा की समुचित व्यवस्था करना सुनिश्चित करे। निरीक्षण के दौरान संचालित रैन बसेरा में पानी, शौचालय, गद्दा, रजाई, तकिया, अलाव की समुचित व्यवस्था पायी गयी। उन्होने कहा कि रैन बसेरा में शिफ्टवार कर्मचारियो की ड्यूटी लगाते हुये रैन बसेरा में रजिस्टर रखा जाय रजिस्टर में रैन बसेरा में रूकने वाले व्यक्तियो के नाम, पिता का नाम पता एवं मोबाइल नम्बर अंकित किया जाय। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अंगद गुप्ता उपस्थित रहे।


रैन बसेरा का निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी साथ में हैं एडीएम वित्त

# मिल्कीपुर में तथागत विहार ट्रस्ट का अधिग्रहण पूरी तरह अवैध

**सौंपा ज्ञापन**

### महेंद्र यादव का आरोप पूंजीपतियों के लिए जमीन हड़पने का हो रहा षडयंत्र

जनसंदेश न्यूज



जिलाधिकारी को अपनी समस्याओं से अवगत कराते लोग।



तथागत विहार ट्रस्ट के अधिग्रहण के विरोध में मुख्यालय पर जुलूस निकालते ग्रामीण।

**चंदौली।** तथागत विहार चेरिटेबुल ट्रस्ट के साथ मिल्कीपुर व ताहिरपुर के किसानों ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर पैदल मार्च निकाला। इस दौरान भ्रमण करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। वहां जिला प्रशासन व सरकार के विरोध में नारेबाजी की। आरोप लगाया कि फ्रेट विलेज निर्माण के नाम पर प्रशासन अवैध तरीके से भूमि अधिग्रहण करने की फिराक में है। पीपीपी मॉडल पर बनाए जा रहे बंदरगाह व उसके स्टोर के किसानों व तथागत विहार की जमीन को जबरन जमीन लेने का प्रयास सामाजिक समाघात प्रभाव की धारा-4 का पूर्णतया उल्लंघन है।

इस बाबत मातीलाल शास्त्री ने कहा कि 2019 में अधिग्रहण को लेकर हुई बैठक में 70 से 80 प्रतिशत किसानों ने अपनी सहमति नहीं दी। बीते 29 अक्टूबर 2022 को अधिग्रहण को लेकर आपत्ति मांगी गयी। इस पर तथागत विहार व किसानों की ओर से 60 दिन के अंदर आपत्ति दी गई। बावजूद इसके अधिग्रहण कार्यवाही को स्थगित नहीं किया गया। जबकि अधिग्रहण के लिए 70 से 80 प्रतिशत किसानों की सहमति होना अनिवार्य है। मांग किया कि जिला प्रशासन शासन को अवगत कराए, ताकि इस योजना को सरकार वापस ले सके। जन अधिकार पार्टी के जिलाध्यक्ष डा. सुनील कुमार मौर्या ने कहा कि तथागत बिहार चैरिटेबुल ट्रस्ट मिल्कीपुर चंदौली में गंगा के तट पर 5 एकड़ में फैला है। इसे अंदर गौतम बुद्ध की प्रतिमा के साथ ही अशोक स्तम्भ, ध्यान केंद्र व कार्यालय स्थित है। वहीं एक हजार शीशम, सागौन, कदम आदि के वृक्ष मौजूद हैं, जो पर्यावरण की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। ट्रस्ट से 250 आजीवन सदस्य जुड़े हैं, वहीं प्रतिदिन पूर्वांचल के विभिन्न जिलों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होता है। यहां प्रतिदिनि धम्म देशना व विपश्ना होता है। ऐसे में फ्रेट विलेज योजना अंतर्गत जल प्राधिकरण बंदरगाह के लिए अधिग्रहा की कार्यवाही मिल्कीपुर व ताहिरपुर के किसान व परिवारों को प्रभावित करना अनुचित है। किसान न्याय मोर्चा के संयोजक व लीगल एडवाइजर महेंद्र यादव ने कहा कि सामाजिक समाघात प्रभाव का कानून की धारा-2 की उपधारा-2 के मुताबिक 70 से 80 प्रतिशत लोगों की सहमति की आवश्यकता है, जिसका उल्लंघन हो रहा है। कहा कि प्रस्तुत आपत्ति को स्वीकार करते हुए योजना के निरस्तीकरण हेतु शासन को अवगत कराया जाए। इस अवसर पर अमरेश कुशवाहा, गोपाल मौर्या, मोतीलाल शास्त्री, सुधाकर कुशवाहा, कन्हैया कुशवाहा, विनय मौर्य, विरेन्द्र मौर्य, चंद्र प्रकाश मौर्य, पवन मौर्य, हीरामन, रामललित सिंह, बनारसी प्रसाद, जितेंद्र कुमार, अजय मौर्या, देवीचरण कुशवाहा, श्रवण कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

## सदर कोतवाली क्षेत्र के नरसिंहपुर खुर्द नेशनल हाइवे पर हुआ हादसा




**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के नरसिंहपुर खुर्द गांव के नेशनल हाइवे पर मंगलवार को ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहीं मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई।

बताते हैं कि सदर कोतवाली के सुल्तानपुर गांव निवासी जितेंद्र चौबे 37 वर्ष अपने मित्र पड़या गांव निवासी अमित कुमार 28 वर्ष के साथ बाइक सवार होकर नई बाजार जा रहा था। जैसे ही दोनों नरसिंहपुर खुर्द गांव के समीप नेशनल हाइवे पहुंचेगी ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे गिरकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की भारी भीड़ जुट गई और जब तक लोग युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाते, लेकिन जितेंद्र चौबे नामक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज आगे की कार्रवाई में जुट गई। जैसे इसकी जानकारी परिजनों को भी में कोहराम मच गया और रोते बिलखते पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। वहीं घायल पड़े हैं गांव निवासी अमित कुमार को लोगों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था।

# मार्कण्डेय महादेव दर्शन करने गये तीन युवक गायब

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के चहनियां व प्रभुपुर के रहने वाले तीन युवक विगत तीन दिन पूर्व मार्कण्डेय महादेव स्नान व दर्शन करने गये गायब हो गए। परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद मंगलवार को बलुआ थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी है। चहनियां के खण्डवारी निवासी सुनील रस्तोगी का भतीजा नीतीश रस्तोगी 10 दिसम्बर को चहनियां में एक मिष्ठान की दुकान पर काम करने वाले प्रिंस खरवार उर्फ गोलू पुत्र महेंद्र प्रताप व प्रिंस कुमार पुत्र बिगडू ग्राम प्रभुपुर के साथ शनिवार को बाइक से मार्कण्डेय महादेव स्नान व दर्शन पूजन को गये थे। तीन दिन बीतने के बाद भी तीनों का पता नहीं चला। परिजन रिश्तेदार व सगे सम्बन्धियों के यहां पता कर चुके है। काफी तलाश के बाद थककहार कर मंगलवार को बलुआ थाने में गुमशुदगी की चाचा सुनील रस्तोगी ने रिपोर्ट दर्ज करा दी है। परिजनों का रोकर बुरा हाल है। इस संदर्भ में बलुआ इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह ने कहा कि गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा ली गयी है। तीनों की खोजबीन की जा रही है।

# प्राथमिक शिक्षक ब्लॉक इकाई चहनियां का हुआ विस्तार



मथेला बीआरसी पर शपथ लेते नवनियुक्त पदाधिकारी।

**चहनियां।** मथेला स्थित मंगलवार को बीआरसी के सभागार में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई चहनियां के कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। वहीं नवनियुक्त पदाधिकारियों ने शपथ लिया।

सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश प्रचार मंत्री देवेंद्र प्रताप सिंह यादव द्वारा पदधारियों को शपथ दिलाया गया। ब्लॉक अध्यक्ष पद पर पूर्व में राजीव कुमार यादव निर्वाचित हुए थे, जिसमें आज मंगलवार को ब्लॉक कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। मंत्री पद पर अखिलेश त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर अवधेश मौर्य, उपाध्यक्ष पद पर भगवती प्रसाद मिश्र, सत्यजीत सिंह, मनीष कुमार यादव, कुंदन कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष पैड पर पंकज सिंह, उमाशंकर राय, सुरेश कुमार मिश्र, मुहम्मद इजहार, पंकज यादव, संदीप यादव, उपाध्यक्ष महिला प्रमिला यादव, निवेदिता सिंह, सुशील कुमार श्रीवास्तव, इंद्रजीत पटेल मनोनीत हुए। ब्लॉक अध्यक्ष राजीव कुमार यादव ने कहा की एकता में बहुत शक्ति होती है।

यदि आप एकजुट हैं तो आपकी कोई समस्या आपकी नहीं बल्कि संगठन की रहेगी। कहा कि शिक्षकों की कोई समस्या अब व्यक्तिगत नहीं रहेगी। इसके लिए संगठन सदैव आपके साथ खड़ा रहेगा। अगर किसी शिक्षक साथी की कोई समस्या हो तो संगठन से मिलकर बताये। संगठन उसका त्वरित रिस्तारण करने काम करेगा। इस अवसर पर अजय कुमार सिंह, फैयाज अहमद, बीरेंद्र यादव, अमरेंद्र पाण्डेय, पंकज सिंह, विजय शंकर पांडेय, शाहिद जमाल, इंदल राम, पारस यादव, श्यामलाल यादव, विवेक श्रीवास्तव, ताहिर अली, काशीनाथ यादव, प्रवीण सिंह, सिराजुद्दीन, प्रदीप हरिहर त्रिपाठी, मिठाई मौर्य आदि शिक्षक उपस्थित रहे। अध्यक्षता हैदर अली तथा संचालन नंद कुमार शर्मा ने किया।

# मादक पदार्थों के निर्माण व बिक्री पर लगाएं प्रतिबंधः आईजी



पुलिस लाइन चंदौली का जायजा लेते आईजी के. सत्यनारायण।

**चंदौली।** आईजी परिक्षेत्र वाराणसी के. सत्यनारायण द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण कानून व्यवस्था एवं नगरीय निकाय चुनाव के दृष्टिगत पुलिस कार्यालय में समस्त अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक किया। इस दौरान समस्त तैयारियों को तय समय में पूर्ण करने सहित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं गंभीर अपराधों में शीघ्र शेष कार्यवाहियां पूर्ण करते हुए विवेचना निस्तारण किये जाने के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने थाना क्षेत्र में आने वाले शस्त्र धारकों से असलहों को जमा कराने और अवैध मादक पदार्थों के निर्माण व बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने व संलिप्त लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कहा कि जनपदीय व प्रांतीय सीमा पर लगातार चेकिंग की जाए। विवेचना की समीक्षा एवं उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया। कहा कि जनपद में अपराध नियंत्रण के बाबत प्रभावी फुट पेट्रोलिंग, संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग, बैंक चेकिंग, रात्रि गश्त किया जाए। थाने पर आने वाले प्रत्येक फरियादियों की समस्याओं को ध्यान से सुनने, शौम्य व्यवहार करने व शिकायत, समस्या का समाधान अविलम्ब कराने का निर्देश दिया।

कहा कि थानों पर संचालित महिला हेल्प डेस्क पर 24 घंटे महिला आरक्षी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। थाने पर आने वाली प्रत्येक महिलाओं के समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर कराने, शासन व मुख्यालय स्तर पर परिपत्रों के माध्यम से निर्गत निदेर्शों पर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त थाना कोतवाली चंदौली परिसर एवं कार्यालय का निरीक्षण किया।

उन्होंने विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन कर त्रुटियों व कमियों को अविलंब दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, एएसपी विनय कुमार सिंह, एएसपी आपरेशन सुखराम भारती, सीओ अनिरुद्ध सिंह, रामवीर सिंह, सहित अन्य अधिकारी व थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# छात्रवृत्ति के लिए 26 दिसंबर तक करें ऑनलाइन आवेदन

**चंदौली।** जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया कि प्रदेश के मूल निवासी छात्रों हेतु दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति कक्षा-11, 12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं सहित सम्बन्धित पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं हेतु ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। छात्र-छात्राएं 26 दिसंबर तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। छात्रों द्वारा भरे गए आवेदन पत्र को शिक्षण संस्थाओं द्वारा 13 दिसंबर दो जनवरी तक ऑनलाइन सत्यापन व अग्रसारित किया जायेगा। इसे देखते हुए जनपद में संचालित समस्त दशमोत्तर संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि छात्रों को निर्धारित समय-सारणी के अन्तर्गत छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भरने से वंचित अपने शिक्षण संस्थान में अध्ययनरत छात्रों को अवगत कराए, ताकि पात्र छात्र छात्रवृत्ति आवेदन पत्र ऑनलाईन पूर्ण कर सके।

# जिला अस्पताल में सीडीओ ने लोकार्पित किया सोलर प्लांट

जनसंदेश न्यूज




जिला अस्पताल में सोलर प्लांट का उद्घाटन करते सीडीओ साथ में सीएमओ व अन्य।अत

**चंदौली।** जिला चिकित्सालय में मंगलवार को एरेडा के सीएसआर मद से कराए गए सोलर प्लांट की स्थापना कार्य का मुख्य विकास अधिकारी अजीतेंद्र नारायण ने फीता काटकर लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि इरेडा द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 5 किलोवॉट, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 10 किलोवॉट एवं जिला अस्पतालों में 30 किलोवॉट हाइब्रिड सोलर पावर प्लांट का कार्य कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश स्टेट कंस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलवमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड वाराणसी को दिया गया। 30 किलोवाट के सोलर पावर प्लांट लगाने से जिला अस्पताल के लाइट, फैन एवं आदि उपकरण को कनेक्ट कर दिया गया है। सोलर के संयोजन से अस्पताल को सालाना लगभग 30,000 यूनिट एनर्जी सोलर एनर्जी सिस्टम से मिलेगा, जो लगभग 1500 पेड़ के बराबर ऑक्सीजन उत्पादन करेगा एवं 43.5 टन कार्बन डाईऑक्साइड का सालाना उत्सर्जन में कमी होगी। सोलर पावर प्लांट के साथ बैटरी का स्थापना किया गया है जिससे रात के समय में भी सोलर प्लांट से एनर्जी का सप्लाई अस्पताल को मिलेगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी वाईके राय, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, कार्यदायी संस्था यूपीसिडको के सहायक अभियंता केके वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# वार्षिक चुनाव को लेकर डेमोक्रेटिक बार ने किया मंथन

**चंदौली।** डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन की अध्यक्ष अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान 2023 के वार्षिक निर्वाचन को लेकर नए पदाधिकारियों के चयन व निर्वाचन को लेकर चर्चा की गई। चुनाव प्रक्रिया एवं उसकी रूपरेखा को लेकर विचार-विमर्श किया गया। निर्वाचक मंडल के गठन पर विचार विमर्श किया गया। विचारोपरान्त सर्वसम्मति से वर्ष 2023 के पदाधिकारियों के चयन एवं निर्वाचन हेतु प्रबंध समिति का गठन किया गया, जिसमें पंचानन पांडेय को मुख्य चुनाव अधिकारी, रमाकान्त सिंह, शहाबुद्दीन, राजेंद्र प्रसाद पाठक व आनन्द कुमार सिंह को सहायक चुनाव अधिकारी नामित किया गया। महामंत्री शमशुद्दीन द्वारा बताया गया कि निर्वाचक मंडल द्वारा चुनाव के संबंध में लिया गया निर्णय अंतिम होगा, जिसको चुनौती नहीं दी जा सकेगी।



डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार सभागार में बैठक करते अधिवक्ता।

निर्णय लिया गया कि पूर्व की भांति पदाधिकारियों का चयन पांच सदस्यीय एल्डर्स कमेटी द्वारा किया जाएगा।

स्वयं वर्तमान कार्य समिति ने साधारण सभा के समक्ष प्रस्ताव के माध्यम से आग्रह किया कि आगामी वर्ष 2023 ई0 के प्रबंध समिति का चुनाव कराया जाय। जिस पर साधारण सभा में विचार-विमर्श एवं चर्चा हुआ। साथ ही साथ आगामी चुनाव हेतु

इस अवसर पर विद्याचरण सिंह, हवलदार सिंह, जय प्रकाश सिंह, राघवेंद्र सिंह, सुल्तान अहमद, फिरोज खान, अभिनव आनन्द सिंह, योगेंद्र सिंह, योगेश सिंह, राजेश मिश्रा, जंग बहादुर यादव, इंद्रजीत सिंह, अनिल कुमार सिंह, लाल प्यारे श्रीवास्तव, संतोष सिंह, हजारी सिंह, परबिन्द विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

# समाज के सभी वर्ग के लिए है सरकार की योजनाएं

**बोले कैलाश**

### ब्लॉक मुख्यालय पर प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



शहाबगंज ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विधायक कैलाश खरवार।

**शहाबगंज।** जिलाधिकारी ईशा दुहन की पहल पर प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिस पर मंगलवार को ब्लाक परिसर में भी आयोजन किया गया, जहां जिले में संचालित 23 विभागों के स्टाल लगाकर, लोगों को योजनाओं के बाबत जानकारी दी। इसका शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक कैलाश आचार्य व सीडीओ अजितेन्द्र नारायण ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस दौरान विधायक कैलाश आचार्य ने कहा कि सरकार द्वारा समाज सभी वर्ग के लिए योजनाएं चलाई जा रही है। जिसका जरुरत के अनुसार ग्रामीण लाभ लेकर आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन सकें। प्रदेश की योगी सरकार सर्व समाज को ध्यान में रखकर ही योजना बनाती है, जिससे लोगों को आर्थिक रूप से मजबूत हो सके। मुख्य विकास अधिकारी अजितेन्द्र नारायण ने कहा कि आवास, पेंशन, मत्स्य पालन, बकरी पालन, मनरेगा, ग्रामीण आजीविका मिशन व कृषि सहित दर्जनों विभाग की योजनाओं का लाभ देकर लोगों के जीवन स्तर को उठाने का कार्य कर रही है। यदि कोई व्यक्ति इन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गया है।

सम्बंधित विभाग के पटल से मिलकर योजना का लाभ ले सकते हैं। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्रबली सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड दिया जा रहा है तो शिक्षा विभाग द्वारा निशुल्क किताब, बैंग, जूता, यूनिफार्म व मध्यान्ह भोजन भी प्रदान की जा रही है। आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से नौनिहालों को प्राथमिक शिक्षा का ज्ञान दिया जा रहा है। कार्यक्रम में आयुर्वेद, आजिविका मिशन, बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग व पशुधन विभाग के स्टाल आकर्षक के केन्द्र बने रहे। जहां ग्रामीणों ने पहुंचकर योजनाओं के बाबत जानकारी लिया। वहीं विभागों द्वारा प्रदर्शित उत्पादों का भी अवलोकन किया। इस दौरान 23 विभागों ने स्टाल लगाकर योजनाओं के बाबत जानकारी दिया। बाल विकास विभाग द्वारा पांच महिलाओं का गोदभराई,10 का अन्नप्राशन किया गया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख गीता देवी, जिला कृषि अधिकारी बसंत दुबे, समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र मौर्य, बीडीओ दिनेश सिंह, आशीष कुमार वर्मा, अजय कुमार, पंचायत अरविन्द सिंह, ज्योतिर्जय कुमार, नेहा गुप्ता, प्रेम प्रकाश आर्या, राकेश सिंह, सुनीता पाण्डेय, ज्योति वर्मा सहित आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### लोकतंत्र के पर्व में मतदान करना सबसे बड़ा अधिकार तहसीलदार



**सकलडीहा।** सकलडीहा इंटर कालेज में मंगलवार को मतदाता बनें व मतदान करें जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि तहसीलदार डा. वंदना मिश्रा व विशिष्ठ अतिथि अवधेश राय खंड शिक्षा अधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। इस दौरान वक्ताओं ने मतदान और मतदाता बनने के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। तहसीलदार डा. वंदना मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक युवा को जो 18 वर्ष आयु पूर्ण कर रहे। बीएलओ के माध्यम से मतदाता बनेंगे। आप सभी छात्र शक्ति के सहयोग से गांव के ग्रामीणों को प्रेरित कर मतदाता बनें और मतदान करें। लोकतंत्र के पर्व में मतदान करना सबका धर्म और अधिकार है। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी अवधेश नारायण राय ने अगर आप 18 वर्ष के हो गए तो आधार कार्ड की कापी लगाकर फॉर्म-6 भरकर मतदाता बन सकते हैं। लोकतंत्र की मजबूती के लिये मतदान जरूरी है। अंत में मतदाता गीत और मतदाता भाषण के माध्यम से युवाओं को जागरूक किया गया। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाचार्य जेपी शर्मा, लेफ्टिनेंट सत्यमूर्ति ओझा, घनश्याम त्रिपाठी, कमलापति पांडेय, बिनोद कुमार, अभिनन्दन यादव, धर्मेंद्र कुमार, वंशराज, मिथिलेश तिवारी, संजय मिश्र, दिलीप सिंह, अजय गुप्ता, अनिल कुमार, कैलाश पाठक, जयनारायण यादव उपस्थित रहे। अध्यक्षता जेपी शर्मा ने किया।

### कबड्डी व क्रिकेट में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



**धानापुर।** शहीद हीरा सिंह राजकीय महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित अंतर क्लास क्रिकेट पुरुष महिला कबड्डी प्रतियोगिता का मंगलवार को दूसरे दिन चला। इस दौरान क्रिकेट में बीए तृतीय वर्ष की टीम ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए बीए सेकंड सेमेस्टर को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस मैच में ऋषि व विवेक ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। बुधवार को इस प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच खेला जाएगा। महिला कबड्डी में बीए की प्रथम सेमेस्टर की टीम ने बीए सेकंड सेमेस्टर की टीम को हराते हुई अंतर क्लास कब्बड्डी प्रतियोगिता जीत कर अपना परचम लहराया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. रामनरेश शर्मा ने खिलाड़ियों को अच्छे खेल प्रदर्शन की प्रेरणा दी। इस अवसर पर डा.प्रदीप कुमार यादव, डा.संदीप कुमार यादव, डा.अंकित पटेल उपस्थित थे। इसके अलावा संध्या, जूही, निधि, सोनू सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सहयोग किया। यह जानकारी आयोजन सचिव डा. नौशाद अहमद ने दिया।

### रोवर्स रेंजर्स देश के एक अनुशासित देशभक्त सिपाहीः प्राचार्य



**सकलडीहा।** सकलडीहा पीजी कॉलेज में मंगलवार को पांच दिवसीय रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। बतौर मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय ने झंडा रोहण कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। इस दौरान रोवर्स रेंजर्स को सामाजिक और देशहित में कर्तव्यों से अवगत कराया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.प्रदीप कुमार पांडेय ने कहा कि रोवर्स रेंजर्स देश का अनुशासन एवं समाजसेवा के साथ देश प्रेम की भावना को प्रेरित करता है। उन्होंने रोवर्स-रेंजर के उद्देश्यों को विस्तार से बताया। वहीं रक्षा अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.विजेंद्र सिंह ने कहा कि विवेकानंद के आदर्शों पर चलने की शिक्षा रोवर्स-रेंजर्स को जाती है। जिससे समाज में नये भारत का निर्माण हो सके। इसके पूर्व डा. दयाशंकर सिंह यादव व रोवर प्रभारी डा. इंद्रजीत सिंह व रेंजर प्रभारी डा. प्रीतम उपाध्याय ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण से मनुष्य का सर्वांगीण विकास होता है। देशभक्ति व समाजसेवा अक्षुण्ण बनाये रखने में यह प्रक्षिक्षण एक सशक्त माध्यम है। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षक महेंद्र कुमार, पुजा कुमारी, प्रो.उदय शंकर झा, डा.राजेश कुमार यादव, अजय सिंह यादव, डा.संदीप कुमार सिंह, धर्मेन्द्र कुमार यादव, श्याम लखन उपस्थित रहे।

### जेएनयू में जाति विरोधी नारे पर परशुराम सेना में उबाल




**चंदौली।** जेएनयू में ब्राह्मण बनिया भारत छोड़ों के लिखे स्लोगन पर विरोध कम होने का नाम नहीं ले रहा। मंगलवार को परशुराम सेवा संघ (पीपीएस) के अध्यक्ष बमबम दुबे के नेतृत्व में एक दर्जन से ज्यादा कार्याकर्ताओं ने ना केवल इस कृत्य का विरोध किया बल्कि केंद्र सरकार से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। अध्यक्ष बमबम दूबे का कहना है कि ये देश सभी वर्गों और धर्मों का है ऐसे में शिक्षा की बगिया में देश विरोधी और समाज विरोध स्लोगन लिखना कार्रवाई की जद में आता है। ये कृत्य परशुराम सेवा संघ बर्दाश्त नहीं करेगा और जल्द ही दिल्ली स्थित जेएनयू पहुंचकर इसका पूरजोर विरोध किया जायेगा। प्रदर्शन करने वालों में शुभम उपाध्याय, अमित शुक्ला अभिषेक मिश्रा, अतुल पांडये, ओम तिवारी अभिमन्यु पांडेय, कृष्णकांत तिवारी, अशोक तिवारी, कन्हाया दुबे, हरिओम, आशु तिवारी, मृत्युंजय तिवारी, विकाश पांडेय, राकेश पांडेय, सत्यम मिश्रा आदि लोग थे।

### ग्रामीणों का अंगूठा लगवाकर खाते से निकाल लिए पैसे

**नियामताबाद।** क्षेत्र के ग्राम सभा चंदाइत में श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु चार व पांच की संख्या में महिलाएं गांव में आकर भोली भाली जनता को प्रधानमंत्री श्रम योजना का लाभ दिलाने के लिए उनका आधार कार्ड, पासबुक मांगा और उनका अंगूठा लगवाया। कुछ ग्रामीणों का अंगूठा लगवाया जिसमें शमसुद्दीन नाम के व्यक्ति का कुछ देर के बाद पैसा उनके अकाउंट से गायब हो गया। जब ग्रामीणों को इस बारे में जानकारी हुई तो पांडेयपुर स्थित केनरा बैंक में जाकर जानकारी लेनी चाहिए तो बैंक मैनेजर नितिन उपाध्याय ने बताया कि सुबह से कुछ ग्रामीण आए और बताया कि चार-पांच की संख्या में महिलाएं श्रम विभाग का कर्मचारी बन कर 1000 लाभ देने की बात कही और उसके बाद आधार कार्ड और अकाउंट नंबर लेकर पैसा देने की बात कही और कुछ देर के बाद एक ग्रामीण का पैसा कट गया। कुछ ग्राहकों ने अपना अकाउंट होल्ड करवाया, जिस भी ग्राहक का आधार कार्ड अकाउंट से लिंक नहीं था उसका पैसा नहीं कट पाया। इस बाबत क्षेत्रीय श्रम अधिकारी हिमानी भारद्वाज से जानकारी चाही तो उन्होंने बताया कि इस तरह का मामला अभी संज्ञान में नहीं है यदि आएगा तो तुरंत कार्रवाई कराया जाएगा। श्रम विभाग का कोई भी कर्मचारी गांव में जाकर आधार कार्ड और बैंक पासबुक नहीं मांगता यह धोखाधड़ी का मामला है।

### चौरहट में संदिग्ध परिस्थितियों में जल गयी बाइकें



**पड़ाव।** क्षेत्र के जलीलपुर चौकी अंतर्गत चौरहट गावं में घर के बाहर खड़ी तीन मोटरसाइकल संदिग्ध परिस्थिति में जलकर राख हुई। जानकारी के अनुसार नीरज और धीरज दोनों सगे भाई है ये अपनी गाड़ी दरवाजे के सामने खड़ा करते है और दो दिन पूर्व परिवार के साथ दर्शन करने मैहर देवी गए हुए हैं। सोमवार की रात को संदिग्ध परिस्थिति में तीन मोटरसाइकिल में आग लग गई जिससे आग से तीनों गाड़ी जलकर राख हो गई जिसमें की नीरज ने बताया की एक प्लेटीना गाड़ी बस तीन महीने पहले ही खरीदी थी घर के बगल मे रह रहे चन्दन केसरी नीरज और धीरज के रिश्ते मे आते है और घर के बगल मे ही रहते है तो सुबह आस पास के लोगों ने इस बात की जानकरी दी तब चन्दन केशरी ने इस बात की जानकारी मैहर गए। रिश्तेदार को दिया इसके बाद 112 नम्बर पर सूचना दिया डायल नम्बर के साथ स्थानीय चौकी जलीलपुर चौकी इंचार्ज को भी सूचना दिया। मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 3 गाड़ियां जली है छानबीन के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रेन से गिरकर अज्ञात युवक की मौत

**सकलडीहा।** तहसील क्षेत्र के तुलसी आश्रम व दुबौलिया गांव के बीच मंगलवार को सुबह करीब नौ बजे ट्रेन से गिरकर एक 24 वर्षीय अज्ञात युवक की मौत हो गई है। घटना की जानकारी होने पर पुलिस शव को कब्जे में लेकर के शिनाख्त करने के लिए जुटी है। देर शाम तक युवक की शिनाख्त नहीं हो पाया है। पुलिस शव को पीएम हाउस भेज दिया है। इस कोतवाल अनिल कुमार पांडे बताया कि तुलसी आश्रम स्टेशन के समीप एक अज्ञात युवक की शव मिली है। घटनास्थल धीना थाना क्षेत्र में पड़ता है। शव को कब्जे में लेकर पीएम हाउस के लिए भेज दिया गया है।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से महिला की मौत

**कंदवा।** थाना क्षेत्र के ककरैत गांव के समीप ट्रैक्टर के चपेट में आने से 45 वर्षीय महिला की मौत हो गई। आवाज सुनकर ग्रामीणों ने ट्रैक्टर का पीछाकर चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजकर अगली कार्रवाही में जुट गई। ककरैत गांव निवासी इंद्रजीत कुमार की पत्नी रीता देवी मंगलवार की दोपहर खाना लेकर खेत गई थी। अपने पति को खेत पर खाना देने के बाद वापस घर जा रही थी। अभी वह गांव के समीप पेट्रोल पंप के पास पहुंची थी कि ट्रैक्टर के चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। आवाज सुनकर ग्रामीणों ने पीछाकर चालक को ट्रैक्टर सहित पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना पर पुलिस ट्रैक्टर व चालक को थाने लाकर शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

## रुसी टेनिस स्टार सोफिया बनी आकर्षण का केन्द्र

**लंदन।** रुसी महिला टेनिस खिलाड़ी सोफिया झुक अब अपने ग्लैमरस फोटोशूट के कारण सबके आकर्षण का केन्द्र बनी हैं। सोफिया को शारीरिक परेशानियों के कारण टेनिस छोड़ना पड़ा था उसके बाद ही वह मॉडलिंग के पेशे में आ गयीं। सोफिया प्रशंसकों के लिए इंस्टाग्राम पोस्ट पर तस्वीरें पोस्ट किया करती रहती हैं। इसी क्रम में सोफिया ने अब अपनी कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर भेजी हैं। सोफिया के सोशल मीडिया इंस्टाग्रम पर करीब सवा लाख फॉलोअर्स हैं। जो उनकी तस्वीरें खूब पसंद कर रहे हैं। सोफिया उन टेनिस खिलाड़ियों में से एक हैं जो अपनी लोकप्रियता का लाभ उठाकर प्रायोजकों या सोशल मीडिया के जरिये से पैसा कमाना शुरू कर देते हैं। सोफिया ने साल 2015 में जूनियर विंबलडन एकल जीतकर सभी का ध्यान खींचा था।

# बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

## सुबह 9 बजे शुरू होगा मैच

**चटगांव।** भारतीय टीम बुधवार से यहां मेजबान बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट में जीत से शुरूआत करने के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम का लक्ष्य इस सीरीज को जीतकर एकदिवसीय में मिली हार से उबरना रहेगा। इसके साथ ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की खिताबी दौड़ में टीम बरकरार रहना चाहेगी। इसी सीरीज में भारतीय टीम के कार्यवाहक कप्तान लोकेश राहुल की नेतृत्व क्षमता की भी परीक्षा होगी। इसके साथ ही उनके ऊपर लंबी पारी खेलने का भी दवाब रहेगा। इस सीरीज में जीत से भारतीय टीम के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदें भी बनी रहेंगी। इस सीरीज में भारतीय टीम को नियमित कप्तान रोहित शर्मा के बिना ही उतरना पड़ रहा है। रोहित अंगुली में चोट से अभी तक नहीं उबरे हैं। रोहित के अलावा कई अन्य अनुभवी खिलाड़ी भी इस सीरीज से बाहर हैं। ऐसे में भारत की राह आसान नहीं रहेगी।

भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत जहूर अहमद स्टेडियम में करेगी। इसकी पिच पारंपरिक रूप से बल्लेबाजी की अनुकूल रहती है जबकि मैच के अंतिम दिनों को स्पिन गेंदबाजों को मदद भी मिलती है।



भारत टेस्ट प्रारूप में प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेगा पर रोहित शर्मा जसप्रीत बुमराह मोहम्मद शमी और रविंद्र जडेजा के नहीं रहने से टीम को जीत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। आंकड़ों पर नजर डालें तो बांग्लादेश इस प्रारूप में अब तक भारत को नहीं हरा पाया है। इस प्रकार के विकेटों पर जडेजा की कमी भारतीय टीम को खेलेगी। जडेजा और अनुभवी आर अश्विन की जोड़ी उपमहाद्वीप की पिचों पर विरोधी बल्लेबाजों पर भारी पड़ती थी। युवा स्पिनर अक्षर ने पिछले दो सत्र में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है और अगर वह फिट रहते हैं तो भारत के लिए आसानी रहेगी। । भारतीय टीम को यह तय करना है कि टीम तीन तेज गेंदबाजों के सात उतरेगी या तीसरे स्पिनर को वरीयता देगी। यह देखना होगा कि अगर भारत तीन स्पिनर के साथ उतरता है तो कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को मौका मिलेगा या फिर बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार को अवसर मिलेगा।

सौरभ ने बांग्लादेश ए के खिलाफ हाल में दो अनौपचारिक टेस्ट में सौरभ ने भारत ए के लिए 15 विकेट लिएथे। पिछले एक साल में राहुल अपनी कप्तानी से प्रभावित करने में काफी सफल नहीं रहे हैं और उनकी भविष्य की कप्तानी इस श्रृंखला में प्रदर्शन पर काफी हद तक निर्भर करेगी। राहुल ने कहा है कि उनकी टीम आक्रामक क्रिकेट खेलने की योजना बना रही है क्योंकि उन्हें पता है कि लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने के लिए यह जरूरी है।

भारतीय पारी की शुरूआत शुभमन गिल और राहुल करेंगे जबकि मध्यक्रम में चेतेश्वर पुजारा विराट कोहली और श्रेयस अय्यर खेलते हुए नजर आएंगे। ऋषभ पंत एक बार फिर विकेटकीपर की भूमिका में दिखेंगे। टेस्ट प्रारूप में उनका रिकाड अच्छा रहा है।

## पुजारा और विराट से बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी

**मुम्बई।** भारत ओर बांग्लादेश के बीच बुधवार से यहां दो टेस्ट मैच की सीरीज का पहला टेस्ट होगा। इसमें टीम इंडिया के कप्तान लोकेश राहुल के हाथों में है क्योंकि नियमित कप्तान रोहित शर्मा अपनी तक अपनी चोट से नहीं उबर पाये हैं। यह सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2021-23 के फाइनल को देखते हुए बेहद अहम मानी जा रही है। ऐसे में भारतीय टीम इसमें जीत के लिए पूरी ताकत लगा देगी। चटगांव टेस्ट में भारत को टेस्ट विशेषज्ञ बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा और पूर्व कप्तान विराट कोहली से बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। इस प्रारुप में भारतीय टीम का दावा मजबूत है क्योंकि मेजबान टीम बांग्लादेश आज तक भारत से कोई टेस्ट नहीं जीती है। ऐसे में टीम इंडिया का प्रयास अपने रिकार्ड को बनाये रखना रहेगा। चटगांव की पिच से स्पिनरों को सहायता मिलती है पर यहां रन भी काफी बनते हैं। भारतीय टीम को इस मैदान पर मेजबान टीम के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन से सावधान रहना होगा। यहां मौसम साफ रहने की उम्मीद है। इसे में खेल पूरे समय चलेगा।

# चटगांव के मैदान पर भारत का पलड़ा भारी

## मेजबान टीम का रिकॉर्ड रहा है बेहद खराब

**चटगांव।** भारतीय टीम बुधवार से मेजबान बांग्लादेश से दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। इस सीरीज का पहला टेस्ट यहां चटगांव के मैदान पर खेला जाएगा। इसमें भारतीय जीत की प्रबल दावेदार है क्योंकि इस मैदान पर मेजबान बांग्लादेश का रिकार्ड अच्छा नहीं रहा है। चटगांव में खेले गए 22 टेस्ट में बांग्लादेश को केवल 2 में जीत मिली है जबकि 13 टेस्ट में उसे हार का सामना करना पड़ा है। वहीं सात ड्रॉ रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर भारत ने 2007 और 2010 में चटगांव में दो टेस्ट मैच खेले हैं। 2007 का टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुआ था और भारत ने साल 2010 के मुकाबले को 113 रनों से जीता था। भारतीय टीम यहां जीत के साथ ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिनप (डब्लयूटीसी) अंकतालिका में अपनी स्थिति बेहतर कर सकती है। भारतीय टीम अभी चौथे स्थान पर है।

लोकेश राहुल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को अगर (डब्लयूटीसी) का फाइनल खेलना है तो उसे इस दौरे में अपनी दोनो मैच जीतने होंगे जिसकी शुरूआत टीम चटगांव में जीत के साथ कर सकती है। भारत को अभी डब्लयूटीसी के तहत छह टेस्ट खेलने हैं और वह अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। जून में होने वाले वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिनप फाइनल में पहुंचने के लिए भारतीय टीम को अपने सभी छह मैचों में जीत हासिल करनी है। नियमित कप्तान रोहित शर्मा के नहीं होने से अभी राहुल बांग्लादेश के खिलाफ टीम की कप्तानी करेंगे। ऑस्ट्रेलिया दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका फाइनल की दौड़ में अभी भारत से कहीं आगे हैं।

## नेशंस कप : भारतीय महिला हॉकी टीम ने अपने दूसरे मैच में जापान को हराया

**वेलेंशिया।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने यहां शानदार प्रदर्शन करते हुए चिली के बाद अपने दूसरे मैच में जापान को 2-1 से हरा दिया। इस प्रकार अब भारतीय टीम लगातार दूसरी जीत के साथ ही सबसे अधिक अंक लेकर पूल बी में नंबर एक पर पहुंच गयी है। भारतीय महिला टीम ने पहले मैच में चिली को 3-1 से हराया था। जापान के खिलाफ भारतीय टीम मैच में हावी रही। सलीमा टेटे ने चौथे ही मिनट में एक गोल दागकर टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। मध्यांतर तक भारत की एक गोल से बढ़त बनी रही। वहीं तीसरे क्वार्टर में ब्यूटी डुंगडुंग ने एक शानदार मैदानी गोल दागकर भारतीय टीम की बढ़त को 2-0 पहुंचा दिया। वहीं तीसरे क्वार्टर के तीसरे मिनट में जापान की ताकाशिमा रूइ ने एक गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया। इसके बाद दोनो ही टीमों ने गोल के प्रयास किये पर कोई भी टीम सफल नहीं हुई ओर भारतीय टीम ने मुकाबला जीत लिया। अब जापान की टीम दो मैचों में एक जीत और एक हार के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गयी है।

## बांग्लादेश के खिलाफ पहले ही टेस्ट में द्रविड़ का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं विराट

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली चेतेश्वर पुजारा और भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में नये रिकार्ड बना सकते हैं। विराट पहले ही क्रिकेट टेस्ट मैच में पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ का रिकार्ड तोड़ सकते हैं। कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ केवल पांच पारियों में ही 392 रन बनाए हैं। उनका औसत दो शतकों के साथ 78.40 है।



कोहली इस सूची में केवल द्रविड़ से पीछे हैं। कोहली को द्रविड़ से आगे निकलने के लिए केवल 169 रनों की जरूरत है। द्रविड़ ने बांग्लादेश के खिलाफ 10 पारियों में 560 रन बनाए हैं। ऐसे में विराट चटोग्राम में खेले जाने वाले पहले टेस्ट में भी अच्छी पारी खेलकर द्रविड़ का रिकॉर्ड तोड़ना चाहेंगे। वहीं इस टेस्ट सीरीज में बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा के पास भी एक रिकॉर्ड बनाने का अच्छा अवसर होगा। पुजारा टेस्ट क्रिकेट में सा हजार रन बनाने से केवल 208 रन दूर हैं। इसी तरह भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की भी नजरें 450 के आंकड़े पर नजर होगी। उनसे आगे अभी अनिल कुंबले (619) ही हैं।

वहीं भारत और बांग्लादेश टेस्ट सीरीज की बात की जाए तो दोनों टीमों में अब तक 11 टेस्ट मैच हुए हैं जिनमें से नौ में भारत ने जीत दर्ज की है जबकि दो ड्रॉ रहे हैं। भारत ने अपने अंतित तीन टेस्ट मैच जीते हैं। भारत ने ईडन गार्डन्स में 2019 के डे/नाइट टेस्ट में बांग्लादेश को हराया। उसके बाद टेस्ट सीरीज के दोनों टेस्ट उन्होंने पारी से जीते थे।

## हॉकी इंडिया ने विश्व कप मैचों के लिए घोषित की टिकटें

**भुवनेश्वर।** हॉकी इंडिया ने उड़ीसा में साल की शुरूआत में होने वाले पुरूष हॉकी विश्व कप के लिए टिकटों की घोषणा कर दी है। विश्व कप भुवनेश्वर और राउरकेला में 13 से 29 जनवरी के बीच खेला जाएगा। हॉकी इंडिया ने विश्वकप के लिए टिकटों की घोषणा करते हुए अपने बयान में कहाह्यह्यभारत के मैचों के लिये वेस्ट स्टैंड की टिकट 500 रुपए ईस्ट स्टैंड की 400 और नॉर्थ व साउथ स्टैंड की टिकट 200 रुपए की होगी। वहीं दूसरी टीमों के मैचों के लिये वेस्ट स्टैंड की टिकट 500 रुपए ईस्ट स्टैंड की 200 और नॉर्थ तथा साउथ स्टैंड की 100 रुपए की होगी। इसमें कहा गयाह्यह्यक्वालीफायर्स से फाइनल तक वेस्ट स्टैंड की टिकट 500 रुपए ईस्ट स्टैंड की 400 और नॉर्थ तथा साउथ स्टैंड की 200 रुपए की होगी। हॉकी इंडिया ने साथ ही कहाह्यह्यनौवें से 16वें स्थान के क्लासीफिकेशन मैचों के लिये वेस्ट स्टैंड की टिकट 500 रुपए ईस्ट स्टैंड की 200 और नॉर्थ तथा साउथ स्टैंड की 100 रुपए की होगी। दर्शक हर टिकट से उस दिन के सभी मैच देख सकेंगे।

## बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध पर फैसला 21 दिसंबर को

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) इस बार टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज आजिंक्य रहाणे और तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा को सालाना केन्द्रीय अनुबंध से बाहर कर सकता है। वहीं शानदार प्रदर्शन कर रहे बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव और शुभकन गिल को अनुबंध में प्रमोशन मिल सकता है। अनुबंध पर अंतिम फैसला 21 दिसंबर को केंद्रीय अनुबंध बोर्ड की शीर्ष परिषद की बैठक के दौरान लिया जाएगा। इस बैठक में 12 एजेंडे होंगे जिसे वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित किया जाएगा। वहीं पिछले कुछ समय से शानदार प्रदर्शन के साथ ही अवसर मिलने पर अच्छी कप्तानी करने वाले ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को ग्रुप सी से ग्रुप बी में प्रोमोट किया जा सकता है। टी20 विश्व कप और बांग्लादेश एकदिवसीय में भारतीय टीम के प्रदर्शन की समीक्षा एजेंडे का हिस्सा नहीं है पर अगर जरूरी समझा जाये तो गैर-सूचीबद्ध मुद्दों पर चर्चा के लिए विचार किया जा सकता है। इसके तहत पूर्व उप-कप्तान रहाणे और तेज गेंदबाज ईशांत को नई सूची से बाहर किया जाएगा। इसके अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा को भी सूची से बाहर कर दिया जाएगा क्योंकि अब उन्हें टीम में शामिल नहीं किया जाएगा।

**ग्रेडेशन सिस्टम :** वहीं ग्रेडेशन सिस्टम निर्धारित करने के लिए राष्ट्रीय चयनकताओं के परामर्श से बीसीसीआई द्वारा उपयोग किए जाने वाले कई मेट्रिक्स हैं। ए प्लस और ए दो श्रेणियां हैं जहां खिलाड़ी या तो ऑल-फॉर्मेट वाले होते हैं या टेस्ट में खेलते हैं और साथ ही दो व्हाइट-बॉल प्रारूपों में से एक में होते हैं। वहीं ग्रुप बी में होने के लिए एक क्रिकेटर को कम से कम दो प्रारूप खेलना होता हैं जबकि ग्रुप सी मुख्य रूप से सिंगल-फॉर्मेट खिलाड़ियों के लिए होता है।

## बॉलीवुड न्यूज

### टाइगर 3 और जवान में काम करने के अनुभव को रिद्धि डोगरा ने किया साझा



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रिद्धि डोगरा ने प्रमुख फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के साथ फिल्म उद्योग में अपनी एंट्री कर ली है। रिद्धि डोगरा की कई बड़ी परियोजनाओं में से कुछ के रिलीज के करीब होने की वजह से उनके लिए 2023 बहुत ही रोमांचक होने वाला है। रिद्धि डोगरा ने टेलीविजन उद्योग में उल्लेखनीय काम किया है और अपने करियर में कई दिलचस्प परियोजनाओं के साथ भारतीय परिवारों का मनोरंजन किया है। ऐसे में अब, अभिनेत्री एटली कुमार के निर्देशन में शाहरुख खान के साथ और टाइगर 3 में सलमान खान के साथ दिखाई देंगी। उन्हें आखिरी बार 'मैरिड वुमन' और 'असुर' जैसी बड़ी हिट सीरिज में देखा गया था, जिनमें उनके किरदार को काफी सराहा गया। और अब जब वह जवान और टाइगर 3 में आने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, तब उन्होंने बताया है कि वह 2023 को किस तरह से देख रही हैं। उसी के बारे में बात करते हुए, वह कहती हैं, ह्लमैं आने वाले साल के लिए बहुत उत्साहित हूं क्योंकि मैंने कुछ शानदार अभिनेताओं और कहानी में उनके साथ काम किया है। कुछ असल में बहुत ही रोमांचक स्टोरी टेलर परियोजनाएं हैं। अपने सह-कलाकारों के बारे में आगे बात करते हुए रिद्धि कहती हैं वे बहुत अच्छे और अविश्वसनीय रूप से विनम्र सह-कलाकार हैं।

### छोटे पर्दे पर फिर दिखी बी. आर. चोपड़ा की महाभारत



**इंदौर।** यदि आप भारतीय हैं, तो भले ही आपका जन्म देश में कहीं भी हुआ हो, आप यकीनन अद्भुत महाकाव्य 'महाभारत' से अच्छी तरह परिचित होंगे! एक ऐसी महागाथा, जो हर दौर, हर जमाने में सुनी और सुनाई जाती रही है। यह कथा हमारी भारतीय संस्कृति में गहरे तक समायी है और पीढ़ी दर पीढ़ी लोगों में उत्सुकता जगाती रही है। और अब, समय आ गया है इसी परंपरा को आगे बढ़ाने का, महाभारत की महा कथा फिर से सुनने और सुनाने का! जी हां, सबका पसंदीदा चैनल जी अनमोल सिनेमा अब एक बार फिर हमें टीवी पर यह महान कथा देखने का मौका दे रहा है। अब से हर शनिवार दोपहर 1 बजे जी अनमोल सिनेमा पर लगातार 3 घंटे तक बी. आर. चोपड़ा की यादगार प्रस्तुति महाभारत का प्रसारण किया जाएगा। इस शो में भीष्म पितामह की यादगार भूमिका निभाने वाले जाने-माने एक्टर मुकेश खन्ना बताते हैं, मेरा मानना है कि महाभारत एक सदाबहार शो है, जिसे देखते हुए कई पीढ़ियां जवान हुई हैं। इस महागाथा में मुकेश खन्ना के साथ-साथ अर्जुन, नितीश भारद्वाज, पुनीत इस्सर, रूपा गांगुली, प्रवीण सोबती, पंकज धीर और दारा सिंह ने भी ऐसे किरदार निभाए, जो हमेशा के लिए अमर हो गए। इन सभी कलाकारों ने अपने-अपने किरदारों को बखूबी पर्दे पर उतारा था।

## आईसीसी बल्लेबाजी रैंकिंग में ताहलिया शीर्ष पर पहुंची मंधाना को तीसरा स्थान

**दुबई।** अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा रैकिंग में ऑस्ट्रेलिया की ताहलिया मैकग्रा विश्व की नंबर एक बल्लेबाज बन गई हैं। ताहलिया अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाली ऑस्ट्रेलिया की दूसरी और कुल 12वीं बल्लेबाज बनीं। उन्होंने तीन पायदान ऊपर आते हुए अपने ही देश की मेग लेनिंग और बेथ मूनी को पीछे छोड़ते हुए नंबर एक स्थान हासिल किया। मूनी इस साल तीन अगस्त को लेनिंग को पीछे छोड़कर विश्व की नंबर एक खिलाड़ी बनने के बाद से ही शीर्ष पर थीं। अब मूनी दूसरे जबकि भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना तीसरे स्थान पर पहुंच गयी हैं।मंधाना ने महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में करियर की सर्वश्रेष्ठ 741 रेटिंग अंक हासिल किए। स्मृति को 11 रेटिंग अंक का लाभ हुआ है। वहीं भारत के खिलाफ इस श्रृंखला के शुरूआती दो मैच में शानदार प्रदर्शन की बदौलत ताहलिया दुनिया की नंबर एक बल्लेबाज बनी हैं। आईसीसी के अनुसार 40 और 70 रन की पारियों की बदौलत महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाली ताहलिया केवल 16 मैच खेलने के बाद दुनिया की नंबर एक बल्लेबाज बन गई हैं। इससे पहले 2010 में वेस्टइंडीज की स्टेफनी टेलर सिर्फ 15 मैच खेलने के बाद दुनिया की नंबर एक बल्लेबाज बनीं थी। वहीं भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली ने सबसे कम समय लिया था। शेफाली ने 18 मैच में यह उपलब्धि हासिल की है। भारत की शेफाली और जेमिमा रोड्रिग्स भी टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल हैं। जेमिमा को एक स्थान का लाभ हुआ है और वह छठे स्थान पर हैं। वहीं गेंदबाजों की टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में इंग्लैंड की लेग स्पिनर सारा ग्लेन एक स्थान के लाभ से हमवतन सोफी एकलेस्टोन के पीछे दूसरे स्थान पर हैं। भारत की दीप्ति शर्मा और रेणुका सिंह तीसरे और चौथे स्थान पर बनी हुई हैं।

## सूर्यकुमार की तरह खेलते हैं ईशान : रितेंदर

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के युवा सलामी बल्लेबाज ईशान किशान ने बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से सबका ध्यान खींचा है। ईशान ने इस मैच में दोहरा शतक लगाया। इस दोरान उन्होंने जमकर चौके और छक्के लगाये। ईशान ने 200 रन केवल 126 गेंद में ही बना दिये जिसमें 24 चौके और 10 छक्के शामिल थे। पूर्व भारतीय क्रिकेटर रितेंदर सिंह सोढ़ी ने ईशान की तुलना सूर्यकुमार यादव से की है। रितेंदर के अनुसार ईशान ने भी सूर्यकुमार जैसे शॉट ही लगाये। साथ ही कहा कि वह आने वाले समय में और बेहतर बल्लेबाज बनकर उभरेंगे और लंबे समय तक टीम के लिए उपयोगी। उन्होंने कहा ह्यहम सोच रहे थे कि ईशान एक युवा प्रतिभा है जो शायद अपनी क्षमता के साथ न्याय नहीं कर रहा है हालांकि उसने जो पारी खेली है वह हैरान करने वाली रही। इस पारी को आने वाले कई साल तक याद रखा जाएगा। इससे तय है कि वह सूर्यकुमार की तरह आक्रामक शॉट खेलने वाला खिलाड़ी है ह्ल उन्होंने साथ ही कहा कि इस मैच में जिस प्रकार भारतीय टीम ने एक ईकाई की तरह एकजुट होकर खेला उसका लाभ उसे आने वाले मैचों में मिलेगा।

## छात्रों को तकनीकी ज्ञान के लिए स्मार्टफोन भी जरूरी : सुनील ओझा

जनसंदेश न्यूज

**रोहनिया।** स्मार्टफोन वितरण योजना के तहत मंगलवार को जगतपुर पीजी कॉलेज में प्रबंधक रामसागर सिंह की अध्यक्षता और प्राचार्य अनिल प्रताप सिंह की देखरेख में स्मार्टफोन वितरण समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें अतिथि प्रदेश सह प्रभारी सुनील ओझा ने छात्रों को स्मार्टफोन वितरण किया गया।

उन्होंने कहा कि 21वीं सदी तकनीकी का युग है, जिससे छात्र-छात्राओं को पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ अन्य तकनीकी ज्ञान हो सके। कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों को एडवोकेट आलोक सिंह ने अंग वस्त्र के साथ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

संचालन डॉ. जेपी राय व धन्यवाद



जगतपुर पीजी कॉलेज में स्मार्टफोन देते अतिथि

ज्ञापन डॉ. संगीता गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में विनय पांडेय, प्रताप सिंह, डॉ. रवि पांडेय, डॉ. नंदलाल शर्मा, डॉ. अमिता श्रीवास्तव, डॉ. लक्ष्मी सिंह, प्रो. संगीता गुप्ता, प्रो. पुष्पा सिंह आदि मौजूद रहे।

## चंदौली समाचार

# जनहित याचिका पर स्थगन के बाद भी चल रहा चुनाव प्रचार

**निकाय चुनाव**

### हाईकोर्ट के स्टे आर्डर को लेकर चंदौली में रही चुनावी चर्चाएं

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना पर हाईकोर्ट की रोक से चचाओं का बाजार मंगलवार को गर्म नजर आया। स्थिति यह रही कि हाईकोर्ट के स्थगन आदेश को लेकर भावी प्रत्याशियों को असमंजस की स्थिति नजर आई। बावजूद इसके चुनाव प्रचार-प्रसार जोरों पर रहा। वहीं आरक्षण चक्र के बदलाव के इंतजार कर रहे लोगों में एक नई उम्मीद जगी है। फिलहाल कोर्ट का बुधवार तक स्थगत प्रभावी रहेगा। इसके बाद कोर्ट इस मसले पर अपना निर्णय देगा। फिलहाल कोर्ट की अगली कार्यवाही में



चंदौली पुरानी बाजार में मतदाताओं से संवाद स्थापित करते भावी उम्मीदवार।

क्या होगी, इसको लेकर लोगों में उत्सुकता अपने चरम पर है।

विदित हो कि नगर निकाय चुनाव के कार्यक्रम घोषणा पर हाईकोर्ट ने 12 दिसंबर को रोक लगा दिया। इस मसले पर कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई की और स्थगन आदेश को 14 दिसंबर तक प्रभावी रखा है। फिलहाल आचरण को लेकर दावा-आपत्ति करने वाले लोग वर्तमान आरक्षण व्यवस्था में बदलाव का दावा कर रहे हैं वहीं अपने चुनाव प्रचार को गति दे चुके लोग असमंजस की स्थिति में है। फिलहाल चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा पर रोक के आदेश से चुनावी सरगर्मी अचानक और बढ़ गयी और लोग तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। कुछ लोग जहां चुनावी चर्चा में वर्तमान आरक्षण चक्र पर अपनी आपत्ति दर्ज कराते नजर आ रहे हैं। वहीं चुनावी रण में कूद चुके लोग आचरण चक्र को सही बताने में पीछे नहीं है। वहीं मतदाताओं में भी चचाओं का बाजार गर्म है। आरक्षण चक्र को लेकर हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका और उसे संज्ञान में लेकर हाईकोर्ट द्वारा लगाए गए स्थगन आदेश के बावजूद चुनावी प्रचार-प्रसार का दौर मंगलवार को पूरे दिन और देर शाम तक अनवरत जारी रहा। इस दौरान कई भावी उम्मीदवार अपने वार्ड व नगर में मतदाताओं के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए नजर आए। दूसरी ओर चार-पान की दुकानों व गली-मोहल्लों में चुनावी चचाएं सुनने को मिली।

## आईसीसी ने रावलपिंडी की पिच को औसत से निचले दर्जे का करार दिया

**दुबई।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को करारा झटका लगा है। इसका कारण है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रावलपिंडी की पिच को औसत से नीचे का करार दिया है। इस पिच को आठ माह में दूसरी बार नकारात्मक अंक मिला है। इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच हुए मैच में इस पिच पर गेंदबाजों को किसी भी प्रकार की सहायता नहीं मिली थी। इसी कारण मैच में सात शतक लगे और इंग्लैंड ने 74 रन से जीत दर्ज की। इस स्टेडियम को एक नकारात्मक अंक भी मिला है। यह आठ महीने के अंदर दूसरी बार है जब स्टेडियम को नकारात्मक मिला है। अंक दिया गया है। इससे पहले पाक और आस्ट्रेलिया के बीच मार्च में हुए पहले टेस्ट में भी पिच को औसत से नीचे का माना गया था। आईसीसी के अनुसार ह्यआईसीसी एलीट पेनल के मैच रैफरी एंडी पायक्राफ्ट ने इस स्टेडियम की पिच को औसत से नीचे का बताया है। इसे एक नकारात्मक अंक दिया गया है।

# निराश्रित पशुओं को बीडीओ की तत्परता से मिला काउ कोट

**सकलडीहा।** जिलाधिकारी ईशा दुहन पशु आश्रय केंद्रों पर निराश्रित पशुओं को ठंड से बचाव के लिये बेहतर इंतजाम के निर्देश दिया है। इस क्रम में बीडीओ अरूण कुमार पांडेय की तत्परता से विकास खंड के तारापुर और पटपरा पशु आश्रय केन्द्र पर पहुंचकर गोशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों जगह सौ पशुओं को काऊ कोट पहनाया गया। इसके साथ ही चारा पानी आदि के निर्देश दिया गया है।

शासन की ओर से लगातार निराश्रित पशुओं को के रखरखाव को लेकर निर्देश है। इस क्रम में जिलाधिकारी द्वारा तीन दिन पूर्व अधिकारियों को पशु आश्रय केन्द्र पर बेहतर इंतजाम के निर्देश दिया गया था। डीएम के निर्देश के क्रम में बीडीओ सोमवार को पशु आश्रय केन्द्र पहुंचकर व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पशुओं को काउ कोट व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। निर्देश के क्रम में बीडीओ तत्परता दिखाते हुए स्वयं पशु चिकित्साधिकारी के साथ पहुंचकर पशुओं को सौ काउ कोट मुहैया कराया। इसके साथ ही प्रधान व सचिव को चारा पानी व अन्य व्यवस्था बेहतर रखने का निर्देश दिया। इस मौके पर एडीओ पंचायत बजरंगी पांडेय, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. एस के सिंह, पशु चिकित्साधिकारी डा. सूर्य प्रकाश, प्रधान बलवंत सिंह चौहान सहित अन्य मौजूद रहे।

### पशुओं को हरा चारा की नहीं हो पा रही व्यवस्था

**सकलडीहा।** पशु चिकित्साधिकारी सूर्यप्रकाश सदलपुरा ने बताया कि पटपरा में निर्माण कार्य होने के कारण वहां पर हरा चारा की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। वही तारापुर में जमीन की पैमाइश नहीं होने के कारण चारा की बोआई नहीं हो पा रहा है। पशुओं को भूसा व दाना दिया जाता है। कई बार नापी के लिये राजस्व विभाग के अधिकारियों को बताया गया, लेकिन जमीन का सीमांकन नहीं होने से पशुओं की हरा चारा की व्यवस्था नहीं हो पा रहा है।

### बोरिंग के लिए पंजीकरण कराना जरूरी

**चंदौली।** जिलाधिकारी ईशा दुहन के निदेर्शानुसार सहायक अभियंता लघु सिंचाई रामजी सिंह ने बताया कि भूमिगत जल की कृषि, घरेलू एवं उद्योग के उपयोग हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं रजिस्ट्रेशन भूगर्भ जल अधिनियम-2019 के अनुसार पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। इसके लिए आवेदन भूगर्भ-जल पोर्टल उपलब्ध है। पहले से उपलब्ध बोरिंग के रजिस्ट्रेशन के लिए फार्म भरा जाएगा।

# लक्ष्य प्राप्ति के लिए सकारात्मक होना जरूरी : डॉ. सावित्री स्वामीनाथन

जनसंदेश न्यूज



**कार्यक्रम**

**व्यक्तित्व विकास एक निरंतर प्रक्रिया : डॉ. डाली**

**सॉफ्ट स्किल पर्सनैलिटी डेवलपमेंट विषय पर हुई चर्चा**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल और छात्र अधिष्ठाता कल्याण विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन मंगलवार को बच्चों को सॉफ्ट स्किल पर्सनालिटी डेवलपमेंट विषय से रूबरू कराया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता डीन एकेडमिक्स गुरु नानक स्वशासी महाविद्यालय चेन्नई की डॉ. सावित्री स्वामीनाथन ने कहा कि जीवन में अगर लक्ष्य प्राप्ति करना है तो सदैव सकारात्मक बनिए। व्यक्ति में अगर नकारात्मकता है वह अपने साथ-साथ अपने घर और दोस्तों को भी नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने छात्रों को इंटरव्यू देने से पहले की तैयारियां के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि सदैव सकारात्मकता के साथ अपने जीवन में तय लक्ष्यों को पूरा करना चाहिए।

उन्होंने बॉडी लैंग्वेज के विविध पक्षों पर गहराई से चर्चा की। इसी क्रम में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. डॉली ने कहा कि हिंदी, अंग्रेजी या अन्य कोई भाषा हो उसमें आपकी पकड़ होनी चाहिए। जब कहीं इंटरव्यू के दौरान बोलते है तो उसमें आपका व्यक्तित्व भी झलकना चाहिए। व्यक्तित्व विकास एक निरंतर प्रक्रिया है। इस दो दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में ट्रेनिंग और प्लेसमेंट सेल के डायरेक्टर प्रोफेसर संदीप कुमार सिंह ने अतिथियों का परिचय एवं कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यशाला में इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रोफेसर बीबी तिवारी, डॉ. दीप प्रकाश सिंह, डॉ. शशांक दुबे, डॉ. हेमंत कुमार सिंह, डॉ. दिलीप यादव, डॉ. नवीन चौरसिया, डॉ. अंकुश गौरव, डॉक्टर सुबोध कुमार, डॉ. मोहम्मद रेहान, डॉ. कृष्ण कुमार यादव तथा अन्य विभागों के शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

# डीएम ने की हर घर नल योजना की समीक्षा बैठक

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा विकास भवन के सभागार में हर घर नल जल कार्य की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि जो भी सामग्री प्रयोग में लाई जा रही हो गुणवत्तापूर्ण हो। जिन कार्यों में थर्ड पार्टी के द्वारा अब ऑब्जेक्शन लगाया गया है उसका भुगतान किसी भी दशा में न हो। वेलस्पन कंपनी के द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन 260 कनेक्शन दिया जा रहा है जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए एक्सईएन जल निगम राजेश गुप्ता को कंपनी के ऊपर एफआईआर दर्ज कराए जाने के निर्देश दिए गए। पूर्व में कई बार निर्देश देने के बावजूद भी प्रगति नहीं हुई।



समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी

उन्होंने कहा कि कनेक्शन की संख्या बढ़ाई जाए। दिए जाने वाले कनेक्शन का टीम लगाकर सत्यापन कराए जाने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। वेलस्पन एवं एफकॉन के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया कि जिन जिन जगहों पर कार्य चल रहा है वहां पर निरीक्षण रजिस्टर अनिवार्य रूप से रखें। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी घर छूटना नहीं चाहिए। समस्त जेई को निर्देशित किया कि जल जीवन सर्वेक्षण के बिंदु का अध्ययन अवश्य कर लें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आरडी यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**केराकत।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पचवर अंडर पास के ऊपर से गुजर रही रेलवे लाइन पर सोमवार की शाम लगभग 6 बजे जौनपुर से ऑडीआर की तरफ जा रही पैसेंजर ट्रेन के काटकर युवक की मौत हो गई। गौरतलब हो कि हिमांशु पुत्र महेंद्र 19 वर्ष निवासी खेपतपुर पचवर अंडर पास के ऊपर से गुजर रही ट्रेन के कटकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया। घटना की जानकारी जब परिवार को हुई तो परिवार में मातम का माहौल छा गया। खबर लिखे जाने तक घटना की जानकारी का पता नहीं चल सका था।

### तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**पवांरा।** अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत सोमवार की रात्रि थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया पुलिस टीम के साथ अमोध पुलिया पर संदिग्ध वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे तभी एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया।



गिरफ्तार अभियुक्त के बारे में जानकारी देते थानाध्यक्ष

पकड़े गये अभियुक्त शिवम कुमार पुत्र राममूरत निवासी बीरकाजी थाना–फूलपुर जिला–प्रयागराज के पास से एक देशी तमंचा व कारतूस बरामद किया। पुलिस ने गिरफ्तार किये गये अभियुक्त के खिलाफ धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार किये गये अभियुक्त के खिलाफ फूलपुर थाने में चोरी का मुकदमा दर्ज है।

### कुंडी गांव में आई जांच टीम, मिली खामियां

**गौराबादशाहपुर।** मुफ्तीगंज विकास खण्ड के कुंडी गांव में कोटेदार की मनमानी और घटतौली का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने सोमवार को प्रदर्शन किया था। उपजिलाधिकारी केराकत माज अख्तर के आदेश पर खाद्यान निरीक्षक केराकत पंकज यादव जलालपुर खाद्य निरीक्षक और बाबु मैनुद्दीन समेत पांच सदस्यीय टीम गांव स्थित अम्बेडकर प्रतिमा के पास पहुंची जहां पर सैकड़ों ग्रामीण और महिलाएं इकठ्ठा थे। इस दौरान रूबी, शकुंतला, शशिकला, रुचि, कविता, प्रतिमा, मालती, विमला देवी समेत लगभग पचास कार्ड धारकों का बयान लिया जिसमें यह बात सामने आई कि कोटेदार द्वारा कार्ड धारकों को जो राशन वितरित किया जाता है उसमें घटतौली की जाती है। वहीं दूसरी तरफ कोटेदार के समर्थन में कई ग्रामीणों ने अपना बयान दर्ज करवाया।



मुफ्तीगंज के कुंडी गांव में कोटे की जांच करते मार्केटिंग इंस्पेक्टर

**कोटेदार पर गिर सकती है गाज**

### पति-पत्नी के झगड़े को पुलिस ने निपटाया

**जफराबाद।** क्षेत्र के किरतापुर गांव निवासी एक दम्पती के विवाद को मंगलवार को पुलिस के प्रयास से किसी प्रकार समाप्त कराया और एक बार फिर पति-पत्नी घर वापस हो गए। उक्त गांव निवासी संजय सोनकर पुत्र सूर्यबली सोनकर की शादी वाराणसी के सिंधौरा थाना क्षेत्र मंगारी अमऊर निवासी किशोर शंकर सोनकर की पुत्री अंजली सोनकर से 12 वर्ष पूर्व हुई थी। संजय पत्नी को अक्सर मारता-पीटता रहता था। दो दिन पहले उसने अंजली को बुरी तरह से मार-पीटकर घर से भगा दिया था। अंजली पांच बच्चों की मां है। वह तीन छोटे बच्चों को लेकर मायके चली गयी। मंगलवार को तहरीर मिलने पर पुलिस ने थाने बुलाया जहां पर एसआई आशीष पांडेय, सरिता यादव व महिला हेल्प डेस्क की प्रिया द्विवेदी आदि ने काफी प्रयास कर मामला शांत कराया।

### आग से एक बकरी मरी, किशोर व दो बकरियां झुलसी

**खेतासराय।** क्षेत्र के नौली गांव में मंगलवार को विक्रम राजभर के मड़हे में अचानक आग लग गई जिसमें पूरा मड़हा जलकर राख हो गया। मोहे में बंधी एक बकरी की मौत हो गई। जबकि बकरियां बचाने के चक्कर में एक किशोर और दो बकरियां झुलस गई। जानकारी के अनुसार गांव के विक्रम राजभर और उनका परिवार कहीं काम से गया था। उनका पुत्र अमित घर के पास गांव के लड़कों के साथ खेल रहा था। अचानक घर के मोहे से उठती आग की लपटें देख अमित बकरियों को बचाने के लिए दौड़ पड़ा। बकरियां बचाने के चक्कर में वह आग से झुलस गया। इस घटना में एक बकरी की मौत हो गई। जबकि दो बकरियां झुलस गई। इस घटना में गृहस्थी का सारा सामान भी आग के हवाले चला गया।



### हरित क्रांति के तहत भारतीय स्टेट बैंक ने किया पौधरोपण

**केराकत।** नगर में स्थित भारतीय स्टेट बैंक के मैनेजर रवि कुमार साहू के नेतृत्व में सोमवार की सुबह हरित क्रांति के तहत क्षेत्र के तीन विद्यालयों में पौधरोपण किया गया। गौरतलब हो कि देश में हरित क्रांति के तहत देश भर में पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में भारतीय स्टेट बैंक के नेतृत्व में क्षेत्र के एसडी पब्लिक स्कूल हुरहुरी, पब्लिक इंटर कालेज केराकत व शिराजे हिंद इंटर कालेज मुरकी में पौधरोपण कर हर विद्यालय को 50-50 पौधे भी वितरित किए गये। बैंक मैनेजर रवि कुमार साहू ने बताया कि वृक्ष हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं क्योंकि वृक्षों से हमें अक्सीजन मिलता है जो जीवन जीने के लिए अति आवश्यक होता है। मेरा मानना है कि हर किसी को एक वृक्ष जरूर लगाना चाहिए। इस अवसर पर फील्ड आफिसर धर्मेंद्र कुमार, एकाउंटेंट मंटू सिंह, सहायक नामेंद कुमार, पुनीत, रागिनी के साथ गामा यादव व पंचरतन चौबे मौजूद रहे।



विद्यालय में पौधरोपण करते एसबीआई के मैनेजर व कर्मचारी

# जीएसटी टीम की छापेमारी की अफवाह से बंद हो गई दुकानें



नगर की बंद दुकानें

**खेतासराय।** जीएसटी चोरी के खिलाफ छापेमारी की डर से मंगलवार को कस्बे की बड़ी दुकानें बंद हो गई। दोपहर में अचानक उठी अफवाह से दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर हट गये। व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय कुमार विश्वकर्मा ने दुकानदारों को समझाकर दुकानें खुलवायीं। रोज की भांति दुकानदारों ने अपनी दुकानें सुबह खोलकर अपने काम में लग गए। दोपहर होते होते अचानक बाजार में जीएसटी टीम के आने की अफवाहें फैल गई। देखते ही देखते बड़ी दुकानें धड़ाधड़ बंद हो गई। दुकानों में ताला लगाकर दुकानदार किनारे हट लिए और एक दूसरे दुकानदार से संपर्क कर यथास्थिति की जानकारी लेते रहे। इस दौरान जीएसटी टीम की छापेमारी की भी अफवाहें उड़ती रही। जीएसटी टीम के न आने पर दोपहर साढ़े तीन बजे के बाद एक एक करके दुकानें खुलने लगी। नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा ने बताया कि दुकानदारों को समझाया कि सिर्फ अफवाह है। राज्य सेवा कर विभाग ने जीएसटी चोरी के खिलाफ छापे की कार्रवाई को स्थगित कर दिया है।

# चुनावी रंजिश बनी हिस्ट्रीशीटर सभासद की हत्या की वजह

जनसंदेश न्यूज

**दहशत**

**बड़े भाई की तहरीर पर ग्राम प्रधान समेत 6 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज तलाश में दबिश**

**आधा दर्जन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही पुलिस**

**दीवानी कचहरी में वकालत भी करता था मृत योगेश कुमार यादव**

**बदलापुर।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 के सभासद, थाने के हिस्ट्रीशीटर और दीवानी न्यायालय में वकालत करने वाले 32 वर्षीय योगेश यादव की सोमवार की रात दुस्साहसिक हत्या के पीछे वजह पुलिस चुनावी बताई जा रही है। मृत योगेश के भाई सर्वेश कुमार यादव की तहरीर पर ग्राम प्रधान समेत पांच नामजद व एक अज्ञात आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुटी है। करीब आधा दर्जन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

बताया जाता है कि योगेश यादव बीती रात आठ बजे वाराणसी-लखनऊ हाईवे सुल्तानपुर स्थित राम-जानकी मोड़ तिराहा पर चाय की दुकान पर दो साथियों संग बैठकर चुनावी चर्चा कर रहा था। उसी समय बदलापुर की तरफ से बाइक पर सवार दो नकाबपोश बदमाश पहुंचे। कोई कुछ समझ पाता इससे पहले ही बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने उसे लक्ष्य कर तीन राउंड गोलियां दागीं। बुरी तरह से घायल योगेश पश्चिम दिशा में आबादी की ओर भागने लगा, किंतु करीब 50 मीटर दूर जाने के बाद गिरकर छटपटाने लगा। पीछा कर रहे बदमाशों ने गिरने के बाद योगेश के सिर में गोली मार दी और खेतों की पगडंडी से होते हुए फोरलेन बाईपास पर चढ़कर भाग गए। खबर लगते ही मौके पर पहुंचे सर्वेश यादव आनन-फानन योगेश को जिला अस्पताल ले गए। वहां डाक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। पता चलते ही घर में कोहराम मच गया। सर्वेश की तहरीर पर पुलिस ने पट्टी दयाल गांव के प्रधान पुष्पेंद्र दुबे उर्फ बंटी, पंकज शुक्ला, पिंटू शुक्ला, श्रीकांत शुक्ला, फूलचंद विश्वकर्मा निवासी सरोखनपुर व एक अज्ञात आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपितों की तलाश में पुलिस टीमें संभावित स्थानों पर दबिश दे रही हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने बताया कि मौका-ए-वारदात से 32 बोर के चार खोखे मिले हैं। आरोपितों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### योगेश के विरुद्ध दो थानों में दर्ज हैं 28 मुकदमें

मृत योगेश यादव के विरुद्ध बदलापुर व बक्शा थानों में हत्या के प्रयास, छिनैती, लूट, चोरी समेत विभिन्न धाराओं में 28 मुकदमे दर्ज हैं। पहला चोरी का मुकदमा वर्ष 2013 में बक्शा थाने में दर्ज हुआ था।

### एक दिसंबर को जेल से जमानत पर छूटा था योगेश

योगेश को तनिक भी आभास होता कि जेल के बाहर मौत उसका इंतजार कर रही है तो वह जमानत ही नहीं कराता। हत्या के प्रयास के मामले में 28 अक्टूबर को जेल गया योगेश एक दिसंबर को ही जमानत पर छूटकर आया था।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**पवांरा।** वांछित अभियुक्त रंजीत गौतम पुत्र छोटेलाल गौतम निवासी भसोट थाना पवांरा को पुलिस ने मंगलवार की सुबह करीब दस बजकर दस मिनट पर सरावां तिराहा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अभियुक्त रंजीत गौतम कई महीने से फरार चल रहा था और उसके खिलाफ 2016 में भी अपहरण का मुकदमा दर्ज हुआ था।

# दलित रसोइयां का बनाया खाना अध्यापिका ने फेंका

जनसंदेश न्यूज

**नाराजगी**

**भूख से बिलबिला रहे बच्चों ने मचाया शोर, नायब तहसीलदार और एबीएसए ने घटना की निंदा की**

**जौनपुर।** रामनगर विकासखंड के आदर्श प्राथमिक विद्यालय मड़ियाहूं प्रथम में अनुसूचित जाति के रसोइया द्वारा खाना बनाने पर महिला अध्यापिका ने मिड-डे-मील भोजन को मिट्टी में फेंक दिया और किसी भी बच्चे को खाने तक नहीं दिया। अध्यापिका ने विद्यालय परिसर में खाना फेंककर जमकर हंगामा किया जिसको देखते हुए काफी संख्या में विद्यालय में अभिभावक पहुंच गए। सूचना पर ग्राम प्रधान मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। नायब तहसीलदार और एबीएसए ने घटना की जांच करते हुए घटना को दुःखद बताया।

बताया जाता है कि आदर्श प्राथमिक विद्यालय मड़ियाहूं प्रथम में मिड-डे-मील योजना का भोजन बनाने के लिए अनुसूचित जाति की महिला सन्तरा देवी रसोइया रखी गई है। मंगलवार की सुबह दो सौ बच्चों के लिए मेन्यू के हिसाब से चावल एवं दाल बनाया गया था।

आरोप है कि विद्यालय की सहायक अध्यापिका सपना सिंह रसोई घर में पहुंची और रसोईया संतरा देवी को जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए खाने के लिए बनाये गये दाल चावल को मिट्टी में उलट दिया। जिसके बाद विद्यालय परिसर में बवाल मच गया। सूचना पर कई अध्यापक अभिभावक भी विद्यालय परिसर में पहुंचकर सहायक अध्यापक के इस करतूत की निंदा करने लगे। भूख से बिलबिला रहे बच्चों ने भी विद्यालय परिसर में चिल्लाना शुरू कर दिया।

विद्यालय में बवाल बढ़ता देख किसी अध्यापक ने ग्राम प्रधान पति राणा पुष्पेश यादव को सूचना दी। प्रधान पति ने पहुंचकर बिस्कुट लाकर बच्चों को खिलाया उसके बाद सूचना नायब तहसीलदार संतोष कुमार सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार सिंह को दिया। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने बच्चों की छुट्टी करवा कर घर भेज दिया। जब इस संबंध में अध्यापिका सपना सिंह से जानकारी चाही गई तो उन्होंने अपनी बात पर कायम रखते हुए खंड शिक्षा अधिकारी से अभिभावकों के सामने ही भिड़ गई और महिला को प्रताड़ित करने की धमकी खंड शिक्षाधिकारी को देने लगी। जिसके बाद खंड शिक्षाधिकारी ने उससे लिखित स्पष्टीकरण देने की बात कही। सहायक अध्यापक सपना सिंह ने इस संबंध में बताया कि खाना मैंने फेंका है इसका जो भी भुगतान होगा अधिकारी कहेंगे तो हम भर देंगे लेकिन जातिवाद का जो भी आरोप लगाया जा रहा है वह सरासर गलत है। खंड शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने कहा कि लिखित स्पष्टीकरण मांगा गया है जो भी विद्यालय परिसर में घटना हुई वह गलत है छात्रों से भेदभाव बर्दाश्त नहीं है। हम पूरी रिपोर्ट बेसिक शिक्षाधिकारी एवं जिलाधिकारी को दे देंगे कार्रवाई उन्हीं के द्वारा होगी।

# दुर्घटना में युवक व किशोर की गई जान




**गभिरन (जौनपुर)।** खुटहन थाना क्षेत्र के दो अलग अलग स्थानों पर मंगलवार को ट्रैक्टर से दबकर एक युवक व किशोर किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस शव को थाने में लाकर पीएम हेतु भेज दिया। चालक वाहन छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने दोनों ट्रैक्टर कब्जे में ले लिया है।

खलशापट्टी गांव निवासी 19 वर्षीय सुभम कश्यप पुत्र रमेश मंगलवार को खुटहन बाजार आया था।शाम को पैदल ही वह वापस घर लौट रहा था। जैसे ही वह चौराहे से आगे बढ़ा पीछे से ईंट लादकर जा रहा ट्रैक्टर की ट्राली के पहिए के नीचे आ गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई।इसी तरह अकबरपुर गांव स्थित खड़ंजे पर 11 वर्षीय जफर पुत्र इसरार खेल रहा था। सामने से तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर की ट्राली के नीचे दब गया। आनन फानन में उसे सीएससी लाया गया। जहां देखते ही चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों को अंत्य परीक्षण हेतु भेज दिया।

मृतक जफर मूल रूप से सरपतहा थाना क्षेत्र के लमिहा गांव का निवासी है। उसके होश संभालने से पूर्व ही उसकी माता हसीना बानो उसे लेकर अपना मायका अकबरपुर में रह रही है।

# पीयू महिला क्रिकेट में मोहम्मद हसन की टीम विजेता

**जौनपुर।** गाजीपुर-पूर्वांचल विश्वविद्यालय के अंतर महाविद्यालय महिला क्रिकेट चैंपियनशिप गाजीपुर में खेला गया जिसमें फाइनल मैच में मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज जौनपुर बनाम स्वामी सहजानंद पीजी कॉलेज गाजीपुर के बीच खेला गया।

**खेल**

**मोहम्मद हसन की महिला क्रिकेट टीम ने गाजीपुर को बड़े अंतर से हराया**



महिला टीम की कैप्टन को सम्मानित करते अतिथि

मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज की महिला वर्ग की टीम की कैप्टन शबाना रशीद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। बल्लेबाजी करते हुए मोहम्मद हसन की टीम की बल्लेबाज सुप्रिया ने 29 गेंदों पर 49 रन की दमदार पारी खेली जिसमें दूसरे छोर पर बन्ना 24 बॉल पर 38 रन बनाए। दोनों बल्लेबाजों के साझेदारी के साथ स्कोर 10 ओवर में 116 रन और सामने की टीम को 117 रन का लक्ष्य दिया। स्वामी सहजानंद पीजी कॉलेज बल्लेबाजी करने उतरी। गाजीपुर की टीम कुल 10 ओवर में मात्र 38 रन ही बना पाई जिसमें सुप्रिया ने मोहम्मद हसन की टीम से बॉलिंग करते हुए 2 ओवर में 5 रन देकर तीन विकेट हासिल किए और मैन ऑफ द मैच भी बनी। इसके बाद बड़े अंतर के साथ मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज की टीम वर्ष 2022 के इस चैंपियनशिप में विजेता घोषित हुई। इस जानकारी को अवगत होने के बाद कालेज प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने हर्ष व्यक्त किया और कहा कि आज के इस युग में बालिकाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। महिलाओं को सशक्त होना और मजबूत होना आज के इस युग में बहुत ही आवश्यक है और भविष्य में हर अभिभावक को अपने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेल में भी रुचि प्रदान कर आनी चाहिए। इस खबर के प्राप्त होते ही कालेज परिसर में खुशी मनाई गई। प्रतियोगिता स्थल पर कालेज खेल कोच मोहम्मद शफीक उर्फ किरमानी ने खुशी जाहिर की एवं जीत की सूचना को अवगत कराया।

# अधिवक्ता समिति चुनाव की निर्धारित तिथियों तक नहीं होगा न्यायिक कार्य

**मछलीशहर।** अधिवक्ता समिति चुनाव की निर्धारित तिथियों पर न्यायिक कार्य न करने का निर्णय एल्डर्स कमेटी ने लिया है। एल्डर्स कमेटी ने मंगलवार को सभी न्यायालयों को निर्णय से अवगत करा दिया है।

**30 दिसंबर तक न्यायिक कार्य ठप, एल्डर्स कमेटी ने सभी न्यायालयों में भेजी सूचना**

बताया जाता है कि अधिवक्ता समिति के चुनाव के लिये चुनाव समिति ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है जिसमें 13-14 दिसम्बर को मतदाता सूची में आपत्ति व 15 दिसंबर अन्तिम सूची प्रकाशन की तिथि नियत है। इसी प्रकार नामांकन 16-17 दिसंबर, नामांकन वापसी19 दिसंबर, नामांकन पत्रों की जांच 20 दिसंबर को होगा। मतदान व मतगणना के लिये 30 दिसंबर की तिथि निर्धारित है। उक्त तिथियों पर सभी न्यायालयों में न्यायिक कार्य ठप्प रहेगा।

# गरीबों की मदद करना दुनिया का सबसे बड़ा नेक कार्य

**सरायख्वाजा।** विकासखंड करंजाकला के पतहना ग्राम पंचायत में मंगलवार को नवयुवकों के सहयोग से प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख करंजाकला द्वारा 60 गरीबों को कंबल वितरण किया गया। ग्राम पंचायत पतहना में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख करंजाकला सुनील यादव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे राष्ट्रीय हिंदू भगवा वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अंजना सिंह व महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष सीमा तिवारी का माल्यार्पण करके समाजसेवी विनय कुमार तथा विशाल विश्वकर्मा द्वारा स्वागत किया गया।

लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुनील यादव ने कहा कि गरीब-असहायों की मदद करना दुनिया का सबसे नेक काम है और इस तरह के कार्य में सभी लोगों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। आज भारतीय जनता पार्टी के कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर देखा जा सकता है इससे गरीब किसान मजदूर सभी लाभान्वित हो रहे हैं। सरकारी योजनाओं को हर लाभार्थी तक पहुंचाने का कार्य अगर किसी सरकार ने किया है तो वह भाजपा सरकार ने किया है। आज करंजाकला विकास क्षेत्र के सबसे अधिक आवास योजना के लक्ष्य वाले गांव की सूची में पतहना ग्राम पंचायत प्रथम स्थान पर है यह हम सबके लिए बहुत ही गर्व की बात है। आज हर योजनाओं का लाभ बिना किसी बिचौलियों के हाथ में गए सीधा इसका लाभ लाभार्थी को मिल रहा है। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंची राष्ट्रीय हिंदू भगवा वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अंजना सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा जरूरतमंदों की मदद करना हम सब का कर्तव्य है और हम सबको मिलकर हर जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। अगली कड़ी में विशिष्ट अतिथि महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष सीमा तिवारी लोगों से संवाद करते हुए कहा हम सब का प्रयास है कि हर जरूरतमंदों की मदद की जाए और उनकी हर मूलभूत सुविधाओं को पूरा करने का प्रयास किया जाए और हम सब यह संकल्प लेते हैं कि हर संभव मदद करने के लिए सदा तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को मोमेंटो और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे मंगल विश्वकर्मा ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रधान संघ के अध्यक्ष चंदन यादव, मंडल महामंत्री प्रशांत सिंह दीपक, ग्राम प्रधान रीता देवी, ग्राम प्रधान मिथिलेश यादव, क्षेत्र पंचायत सदस्य शैलेश कुमार, पिंटू यादव, अनुज सिंह, पत्रकार एकता संघ के अध्यक्ष सुरेश शर्मा, संजीव कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील यादव को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते लोग

**बोले सुनील यादव**

**गरीब-असहायों में वितरण किया कंबल**

# डीएम व एसपी का थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश

## विवाद निस्तारण के दौरान कार्यवाही की हो फोटोग्राफी

जनसंदेश न्यूज

**ज्ञानपुर।** जिलाधिकारी गौरांग राठी एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने संयुक्त रुप से मंगलवार को पुलिस लाईन ज्ञानपुर सभागार कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक सहित समस्त क्षेत्राधिकारीगण, थाना प्रभारियों व शाखा प्रभारियों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी की। अपराध गोष्ठी से पूर्व सैनिक सम्मेलन कर पुलिस कर्मियों की समस्याओं से अवगत होकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया।

डीएम व एसपी ने समस्त क्षेत्राधिकारीगण व थाना प्रभारियों को अपराध पर नियंत्रण व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु सख्त निर्देश दिया। क्राइम मीटिंग में लुटेरे व

**क्राइम मीटिंग**

**जमीन सम्बंधी विवादों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीमों द्वारा किया जाय स्थलीय निरीक्षण**

पेशेवर अपराधियों की सूची तैयार कर उनका सत्यापन करते हुए उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी निकाय चुनाव के दौरान संवेदनशीलता के दृष्टिगत छोटी सी छोटी घटनाओं पर गंभीरता पूर्वक कार्यवाही की जाए। थाना समाधान दिवस व तहसील दिवस पर विशेष ध्यान देने, अवैध खनन व ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाने, जमीन सम्बन्धित विवाद में पुलिस व राजस्व की टीम द्वारा संयुक्त रुप से मिलकर विवाद को निस्तारित कराने व वन विभाग के जमीन सम्बन्धित मामले में पुलिस, राजस्व व वन विभाग को मिलकर काम करने के सम्बंध में विस्तृत रुप से चर्चा किया। एसपी ने वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने, जनपद व थाना स्तर पर टॉप टेन अपराधियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने, जमानत पर बाहर आए अपराधियों की लगातार निगरानी करने, बीट प्रभारी व बीट आरक्षी को नियमित रुप से अपने बीट में जाने, भ्रमण करने, लोगों से मिलने, आवश्यक सूचनाओं का संकलन करके उच्चाधिकारी को अवगत कराने हुए प्राप्त निर्देशों के अनुरूप कार्रवाई करने के सम्बन्ध में समस्त सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

## बाइक से गिरकर महिला हुई गंभीर रूप से घायल उपचार के दौरान हुई मौत

**गोपीगंज।** कोइरौना थाना क्षेत्र के ईनारगांव सेमराध नाथ मार्ग पर बाइक पर पीछे बैठी महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गयी। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गयी।घटना के बारे में बताया जाता है कि कोईरौना थाना क्षेत्र के दरवासी गांव निवासी कुसुम देव देवी 40 वर्ष पत्नी सुरेश चंद्र गौतम सोमवार को अपने बड़े पुत्र के साथ बाइक से कहीं जा रही थी और जैसे ही बाइक ईनार गांव बाजार के पास पहुंची सड़क पर बने ब्रेकर पर बाइक अनियंत्रित हो गया और पीछे बैठी महिला सड़क पर गिर गई, जिससे उसके सर पर गंभीर चोट आई। सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज ले आया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद परिजन शव को वापस घर ले गए वही महिला की मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा।

# जिला कारागार का डीएम व एसपी ने किया औचक निरीक्षण

**जायजा**

**निरीक्षण के दौरान बैरकों की ली गई तलाशी**

**परिसर, कार्यालय व मेस आदि की साफ सफाई का लिया जायजा**

जनसंदेश न्यूज



जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर बाहर आते डीएम गौरांग राठी व एसपी डॉ. अनिल कुमार

**ज्ञानपुर।** जिलाधिकारी गौरांग राठी एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने मंगलवार को संयुक्त रुप से समस्त क्षेत्राधिकारी सहित सभी थानों से आए भारी पुलिस बल के साथ जिला कारागार ज्ञानपुर का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान बैरकों, मेस, जेल परिसर आदि की सघन चेकिंग की गई, किन्तु कोई आपत्तिजनक तथ्य प्रकाश में नहीं आया। निरीक्षण के दौरान डीएम और एसपी ने कैदियों की समस्याओं व सुविधाओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित से जानकारी ली। जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री ना जाए तथा साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध में कारागार कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर समस्त थाना प्रभारियों सहित भारी पुलिस फोर्स एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### न्याय पंचायत पूरेमनोहर का बीडीओ ने किया निरीक्षण

सुरियावां। जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश के क्रमानुसार खंड विकास अधिकारी कमलजीत सिंह ने मंगलवार को न्याय पंचायत पूरेमनोहर के ग्राम पंचायत मनोहर के पंचायत भवन एवं खेलकूद का मैदान का निरीक्षण किया। इसके अलावा बीडीओ ने ग्रामसभा पूरे खुशहाल ग्रामसभा हरिपुर में खेलकूद का मैदान एवं पंचायत भवन का निरीक्षण किया और क्षेत्र के बरुणा नदी एवं विभिन्न स्थानों पर खुदाई का भी जायजा लिया।इस दौरान ग्राम प्रधान अनिल सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी विनय कुमार मौजूद रहें।

## अमर्यादित फोटो वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**ज्ञानपुर।** नाबालिग को जान से मारने की धमकी देते हुए अमर्यादित फोटो खींचकर व्हाट्सएप फेसबुक पर वायरल करने का आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार कर लिया गया। थाना ऊंज क्षेत्र अंतर्गत नाबालिग को जान से मारने की धमकी देते हुए अमर्यादित फोटो खींचकर व्हाट्सएप फेसबुक पर वायरल करने वाले आरोपी से पीड़ित परिवार द्वारा पूछे जाने पर मारपीट करने व गाली गुप्ता देने की घटना के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर धारा 323, 354ग, 504, 506भादवि 7/8 पॉक्सो एक्ट व आईटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। डॉ. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व महिला सम्बंधित अपराधों में त्वरित कार्यवाही के निर्देश के क्रम में स्थानीय पुलिस द्वारा उक्त अभियोग से सम्बंधित नामजद आरोपी को थाना ऊंज जनपद भदोही उम्र करीब 19 वर्ष को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय किया गया।

# विजय मिश्र के करीबी के दो वाहनों को किया गया जब्त

जनसंदेश न्यूज

**ज्ञानपुर।** कुख्यात पेशेवर अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत शासन स्तर पर चिन्हित माफिया विजय मिश्र गैंग के सदस्य गिरधारी पाठक की चल संपत्ति अंतर्गत धारा.14(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क कर ली गयी।

आर्थिक भौतिक एवं दुनियाबी लाभ हेतु आपराधिक कृत्यों के अर्जित धन से क्रय किए गए 2 वाहनों को जब्त किया गया है। कुर्क की गई चल सम्पत्ति की कुल अनुमानित कीमत 2 लाख 63 हजार रुपये है। गैंगस्टर अभियुक्त के विरुद्ध धोखाधड़ी, षड्यंत्र रचने, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने मारपीट गाली.गलौज धमकी देने व गैंगस्टर सहित गम्भीर अपराधों के कुल 4 अभियोग हैं पंजीकृत। शासन स्तर पर चिन्हित माफिया गैंगलीडर विजय मिश्र गैंग के सदस्य गिरधारी पाठक पुत्र जनार्दन पाठक निवासी महेरा थाना लालापुर जनपद प्रयागराज द्वारा अपने भौतिक आर्थिक एवं अनुचित दुनियाबी लाभ हेतु आपराधिक कृत्यों के अर्जित धन से दो वाहन पावरट्रेक ट्रैक्टर, अपाचे मोटरसाइकिल अनुमानित कीमत २ लाख ६३ हजार क्रय किया गया ताकि अवैध धन को वैध रुप दे सके।

आपराधिक कृत्यों के अर्जित धन से क्रय की गई उक्त संपत्ति को जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के अनुपालन में भदोही पुलिस द्वारा अन्तर्गत धारा.14(1) गैंगेस्टर एक्ट के तहत नियमानुसार जब्त किया गया।

गैंगस्टर अभियुक्त गिरधारी पाठक के विरुद्ध धोखाधड़ी षड्यंत्र रचने सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने मारपीट गाली.गलौज धमकी देने व गैंगस्टर सहित गम्भीर अपराधों के कुल 4 अभियोग पंजीकृत हैं।

# अनुसूचित जाति के लिए अध्यक्ष पद आरक्षित न होने से दावेदारों में मायूसी

**निकाय चुनाव**

**आरक्षण घोषित होने के बाद संभावित प्रत्याशियों को लगा बड़ा झटका**



विकास सोनकर



अंगद सोनकर



प्रभु सोनकर



माताप्रसाद सोनकर

**भदोही।** उत्तर प्रदेश की नगरीय निकाय विभाग द्वारा जिले के सभी नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत अध्यक्ष के आरक्षण की घोषणा कर दी गई है। लेकिन जिले में एक भी निकाय के अध्यक्ष की कुर्सी अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित नहीं किया गया है। इसके कारण इन जातियों के लोग जो चुनाव लड़ना चाहते थे। उनका पूरा समीकरण बिगड़ गया है। जिसको लेकर इन जातियों के लोगों में काफी रोष भी है। नगरीय निकाय विभाग द्वारा घोषित किए गए आरक्षण में भदोही नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद को अनारक्षित रखा गया है। ?गोपीगंज नगर पालिका परिषद का अध्यक्ष पद महिला के लिए आरक्षित किया गया है। जबकि ज्ञानपुर, खमरिया व घोसिया नगर पंचायत अध्यक्ष पद को अनारक्षित कर दिया गया।? इसके साथ ही नई बाजार व सुरियावां नगर पंचायत अध्यक्ष पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित हैं। जिले में किसी भी निकाय को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित नहीं किया गया।? हालांकि पिछले निकाय चुनाव में नगर पंचायत नई बाजार व सुरियावां का अध्यक्ष पद इनके लिए आरक्षित किया गया था। ऐसे में लोग कयास लगा रहे थे कि इस बार के चुनाव में जिले के एक निकाय को अनूसूचित जाति के लिए आरक्षित किया जाएगा। जिसमें सबसे ज्यादा कयास नई बाजार नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए लग रहा था। नगर पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव की तैयारी में लगे रहे विकास सोनकर ने कहा कि अगर नई बाजार क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित की जाती तो उनके पिता जरूर चुनाव लड़ते। इसी तरह अंगद सोनकर ने कहा कि कम से कम जनपद की एक सीट पुरुष अथवा महिला के लिए अनुसूचित जातियों के लिए भी आरक्षित होनी चाहिए थी। एक भी सीट अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित न होने से उनकी बिरादरी के लोगों के तैयारियों पर विराम लग गया है इसी तरह प्रभु सोनकर ने कहा कि इस बार नगर पालिका अध्यक्ष अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित होती तो जरूर दावेदारी पेश करते। नगर पंचायत अध्यक्ष पद की तैयारी में लगे माताप्रसाद सोनकर ने कहा कि शासन द्वारा सबका साथ सबका विकास कहे जाने की बात की जाती है किंतु जनपद में एक भी सीट अनुसूचित जातियों के आरक्षित ना होना सरकार की मंशा पर बड़ा सवाल खड़ा करता है उन्होंने कहा जनपद की एक भी सीट अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित नहीं कि गई।

# पीपा पुल का कार्य रोके जाने से आक्रोशित ग्रामीणों का प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज

**ज्ञानपुर।** सीतामढ़ी धनतुलसी डेंगूरपुर पीपा पुल का कार्य एक सप्ताह से रुक जाने के कारण ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। कार्य रोके जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों का कहना है कि उक्त पीपा पुल उत्तर प्रदेश के तीन जनपद ही नहीं बल्कि मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ को भी जोड़ता है। इस पीपा पुल से भदोही, प्रयागराज, मिजार्पुर व मध्यप्रदेश के भी लोग गमन ना गमन करते हैं। ग्रामीणों के अनुसार यह पीपा पुल नवंबर माह में ही संचालन शुरू हो जाता था। इस बार गंगा नदी में बाढ़ आने के कारण पीपा पुल निर्माण में देर हुआ परंतु अब तक पीपा पुल का संचालन शुरू हो जाना चाहिए था जो लोक निर्माण विभाग के आला अधिकारियों एवं पीपा पुल के ठेकेदार के उदासीनता के कारण पीपा पुल का संचालन नहीं हो पा रहा है।

**विरोध**

**शीघ्र पीपा पुल का संचालन न प्रारम्भ हुआ तो ग्रामीण करेंगे आंदोलन**

इधर पीपा पुल का कार्य बहुत ही तीव्र गति से हो रहा था परंतु ठेकेदार की लापरवाही का आलम यह है कि एक सप्ताह से पीपा पुल का कार्य बंद कर दिया गया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी भदोही का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उक्त पीपा पुल के संचालन को अविलंब शुरू कराने की मांग की है। अगर जल्द पीपा पुल को दुरुस्त करके संचालन शुरू नहीं हुआ तो ग्रामीण जिलाधिकारी कार्यालय पर भी प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। उधर इस संबंध में जब उप जिला अधिकारी ज्ञानपुर एवं लोक निर्माण विभाग के आला अधिकारियों से बात की गई तो अधिकारियों का कहना है कि पीपा पुल का नट बोल्ट नहीं मिल रहा है, जिससे पीपा पुल का कार्य बाधित है।

# लोकनाट्य मंचन कर दिया स्वच्छता का संदेश

**आयोजन**

**विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ लोकरंग महोत्सव का समापन**

जनसंदेश न्यूज



अवधी लोकरंग महोत्सव में नृत्य का जलवा बिखरेती कलाकार

**सुइथाकला।** विकासखण्ड स्थित अमारी गांव में सर्वांगीण विकास सेवा अकादमी के सौजन्य से संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित तीन दिवसीय अवधी लोकरंग महोत्सव विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हुआ। समापन दिवस पर विभिन्न लोक कलाकारों ने लोकनृत्य, गायन एवं नाट्यमंचन आदि कार्यक्रमों की प्रस्तति से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत सौरभ पाण्डेय एवं गौरव पाण्डेय के युगल गीत हम कथा सुनाते राम सकल गुनधाम की मनमोहक प्रस्तुति से हुई। लोकगायक बृजेश पाण्डेय के गीत अयोध्या का है सुन्दर नजारा पर खुशी भारती एवं मौसम भारती ने लोकनृत्य प्रस्तुत कर लोगों को भाव बिभोर कर दिया। अमेठी से आये संकल्प सेवा संस्थान इन्द्र कुमार एवं रीमा की टीम द्वारा स्वच्छता, बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ एवं आजादी का अमृत महोत्सव विषय पर लोकनाट्य प्रस्तुत कर सामाजिक बुराइयों को दूर करने की सीख दी गयी। क्षेत्रीय कलाकारों में पवन शर्मा, लालता प्रसाद विश्वकर्मा, बुद्धू कौव्वाल एवं अंकित मिश्रा ने भी अपने गीतों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। स्थानीय लोक कलाकार विजय कुमार, मो. इस्लाम, मो. नईम, लाल चन्द शर्मा, श्याम बहादुर, अनिल मिश्रा तथा लालचन्द पाण्डेय ने भी अपने सुरसंगीत से लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। अकादमी के अध्यक्ष पं. दयाशंकर पाण्डेय एवं सचिव इन्दु प्रकाश मिश्र ने कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुये आभार प्रकट किया। इस दौरान सूर्यमणि पाण्डेय, इन्द्रमणि पाण्डेय, फूलचन्द पाण्डेय, डा. दिलीप श्रीवास्तव, सुरेश पाण्डेय, दरोगा सिंह, श्रीपाल मौर्य, विकास आदि भारी संख्या में संगीत प्रेमी मौजूद रहे।

## जनपद में संपन्न हुई नैट परीक्षा

**जौनपुर।** निपुण आकलन परीक्षा जनपद में शुचितापूर्ण वातावरण में सम्पन्न करायी गयी। जनपद के प्रत्येक ब्लाक में परीक्षा संचालित हुई। शाहगंज के एआरपी प्रशांत मिश्र ने बताया कि डायट प्राचार्य डा. सच्चिदानंद यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल के कुशल मार्ग दर्शन में परीक्षा संचालित है। प्रत्येक विद्यालय पर पर्यवेक्षक अपनी भूमिका का निर्वाह कर रहे हैं। खंड शिक्षा अधिकारी शाहगंज अमरदीप जायसवाल सहित पूरी एआरपी टीम सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु सक्रिय रही। प्राथमिक विद्यालय कंदरापुर, प्राथमिक विद्यालय धौरइल, कम्पोजिट कयार, कम्पोजिट सोगर, उप्रावि मानीकलां सहित सभी विद्यालयों में परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई। कुल 86.67 प्रतिशत छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए। केराकत ब्लाक में 93% छात्र सम्मिलित हुए जो प्रथम स्थान पर रहा।



नैट की परीक्षा देते छात्र

# हजरत बदीउद्दीन जिंदाशाह मजार का मनाया गया उर्स मुबारक

**मांगी दुआ**

**मुल्क में अमन चैन के लिए जायरीनों ने मांगी मन्नत और दुआएं**

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** बदीउद्दीन जिंदाशाह मजार का सालाना उर्स मुबारक सोमवार को बड़े ही अकीदत के साथ मनाया गया। शहर के मोहल्ला अल्फस्टीनगंज कोतवाली के पीछे बाबा की मजार पर बड़ी संख्या में अकीदतमंद लोगों ने चादर पोशी की और मुल्क की तरक्की अमन चैन के लिए दुआ मांगी। उर्स में सभी धर्म के लोगों ने हिस्सा लिया।

उर्स का शुभारंभ सुबह सात बजे कुरानखानी से हुआ। बाद नमाज असर चादर पोशी हुई। रात्रि 10 बजे कुल शरीफ हुई। उर्स के एक दिन पहले जलसा सीरतउन नबी का आयोजन किया गया जो देर रात्रि तक चला जिसमे हजरत मौलाना क्यामुद्दीन व अन्य मौलानाओं ने तकरीर में कहाकि बदीउद्दीन जिंदाशाह मजार के दरबार में जब भी कोई आता है खाली हाथ नहीं जाता।

वह सबकी भलाई के लिए दुआ देते थे। नातख्वां हसीन मीरमस्ती ने नाते नबी का नजराना पेश किया और सरवरे कायनात पर दुरूद-ओ-सलाम भेजा गया। इस मौके पर प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी शकील मंसूरी, मुशीर जमाल, हफीज शाह सदर मरकजी सीरत कमेटी, गुड्डू, सलीम जमाल, डाक्टर जावेद, अब्दुल बसर, दीपक जायसवाल सभासद, नदीम, असलम, रईस, शुएब, मुन्ना, अनवर जमाल आदि लोग मौजूद रहे। बात खत्म जलसा लोगों में तबर्रुक वितरित किया गया।

# टीम भावना से असंभव कार्य भी हो जाता है संभव : सरदार मंजीत सिंह

जनसंदेश न्यूज

**कार्यक्रम**

**टीडी कालेज में आयोजित नैक विशेष सेमिनार में गुरु नानक कालेज के महासचिव ने कहा**



सेमिनार को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि सरदार मंजीत सिंह

**जौनपुर।** समर्पित टीम सफलता का आधार होती है। टीम भावना से असंभव कार्य भी संभव हो जाता है। महाविद्यालय के सभी अध्यापकों एवं कर्मचारियों को एक साथ मिलकर नैक की तैयारी करनी चाहिए। महाविद्यालय अपने प्रत्येक कार्य को सही ढंग से नैक के समक्ष प्रस्तुत करें। उक्त उद्धार गुरु नानक स्वायत्तशासी कॉलेज, चेन्नई एवं तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नैक विशेष सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में गुरु नानक कॉलेज के महासचिव सरदार मंजीत सिंह ने व्यक्त किए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि टीडी कॉलेज नैक से ए++ ग्रेड प्राप्त करेगा। इससे पूर्व कार्यक्रम के प्रारंभ में विशिष्ट अतिथि डॉ. स्वाति पालीवाल ने नैक की तैयारी के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि पुस्तकालय में प्रतिदिन संपूर्ण छात्र संख्या के 20% छात्र जरूर जाएं। यह छात्र भौतिक रूप से या इनफ्लिबनेट के माध्यम से पुस्तकों का अध्ययन कर सकते हैं। पुस्तकालय महाविद्यालय का प्राण होते हैं इसलिए पुस्तकालय की व्यवस्था सुदृढ़ होनी चाहिए। अपने विचार रखते हुए विशिष्ट अध्यक्ष पी. कृष्टि जयकुमार ने कहा कि हमें न एक में पिछले 5 वर्षों का डाटा भेजना है जिसमें प्रारंभिक 4 वर्ष का एक्यूआर के माध्यम से और अंतिम वर्ष का आईएसएसआर के माध्यम से भेजना होता है। आईएसएसआर बनाते समय संपूर्ण सावधानी बरतनी चाहिए। यह ध्यान देना चाहिए कि कोई भी डाटा छूटने ना पाए क्योंकि छोटे-बड़े हर कार्य पर नैक द्वारा अंक प्रदान किया जाता है। विशिष्ट अतिथियों में सौम्यकांत सारंगी ने कहा कि हमें इंटीग्रेटेड लाइब्रेरी मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित करना चाहिए जो छात्र या अध्यापक पुस्तकालय में सबसे ज्यादा जाता है उसको पुरस्कृत करना चाहिए तथा उनके माध्यम से अन्य लोगों को भी प्रेरित करना चाहिए। संगोष्ठी के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हम नैक निरीक्षण के लिए पूरी तैयारी कर रहे हैं। हमारी कोशिश है कि हमें नैक से उच्चतम ग्रेड ए++ प्राप्त हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि इतने विद्वान अतिथियों को मैं अपने महाविद्यालय में पाकर धन्य हूं और आशा करता हूं कि आप लोगों द्वारा नैक की तैयारी के संबंध में बताई गई एक-एक बात का अक्षरशः पालन होगा। कार्यक्रम में प्रबंध समिति के सदस्य संजय सिंह, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रो. मानस पांडेय, प्रो. वीके त्रिपाठी, प्रो. विनय कुमार सिंह, प्रो. ओमप्रकाश सिंह, प्रो. धर्मेंद्र कुमार सिंह, प्रो. आरएन ओझा, चीफ प्रॉक्टर प्रो. राजीव रतन सिंह, वंदना दुबे, प्रो. राजेंद्र कुमार सिंह, पुस्तकालय अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह, प्रो. दलसिंगार सिंह, प्रो. नरेंद्र राय, प्रो. रजनी सिंह, प्रो. रमेश सिंह, प्रो. मनोज कुमार सिंह, प्रो. सत्य प्रकाश सिंह, प्रो. अरविंद सिंह, आईक्यूएसी के संयोजक डॉ. सुदेश कुमार सिंह, डॉ. राजेंद्र गुप्त, शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. विजय सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. रामजीत सिंह, प्रो. सुषमा सिंह जिलाध्यक्ष डॉक्टर प्रदीप सिंह, डॉक्टर शैलेंद्र सिंह, डॉक्टर नीतू सिंह, डॉ. माया सिंह सहित समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बीएड विभाग की प्रो. श्रद्धा सिंह ने किया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## स्काउट गाइड का पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय प्रो. रामनाथ पांडेय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में स्काउट गाइड के पांच दिवसीय शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो. केके तिवारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इस दौरान छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, भजन एव सांस्कृतिक कार्यक्रम बीएड गाइड प्रशिक्षिकाओं द्वारा प्रस्तुत किए गए। इस दौरान स्काउट गाइड प्रशिक्षिक अजय चौहान, नितेश प्रजापति, धर्मराज विश्वकर्मा के दिशा निर्देश पर कार्यक्रम संचालित कराया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन बीएड विभागाध्यक्ष ज्योति पांडेय द्वारा किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रवक्ता दीपकमणि तिवारी, डा. कमलेश पाण्डेय, रविशंकर शुक्ल, परमेंद्र विक्रम सिंह, प्रीति तिवारी, लक्ष्मी मौर्य, धीरज गुप्त आदि लोग मौजूद रहे।

# 16 को निकलेगी भारत जोड़ो प्रांतीय यात्रा :प्रमोद सिंह

जनसंदेश न्यूज



**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. प्रमोद के. सिंह ने नगर कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'भारत जोड़ो यात्रा' एक ऐसा जन आंदोलन है जिसमें हर वर्ग, धर्म और समुदाय के लोग जुड़ रहे हैं। ये यात्रा जिले में 16 दिसंबर को निकाली जाएगी। जिसका उद्देश्य विभाजनकारी और ध्रुवीकरण की राजनीति के खिलाफ बड़ी मुहिम है। इसे मूल्य वृद्धि, बेरोजगारी, राजनीतिक केंद्रीयकरण और विशेष रूप से 'भय' की राजनीति और 'नफरत' के खिलाफ लड़ने के लिए बनाया गया है। उन्होंने कहाकि जिस तरह से लोग राहुल गांधी के विचार धाराओं से जुड़ रहे हैं उससे 'कट्टरता' और 'नफरत' की राजनीति खत्म हो जाएगी। श्री सिंह ने आगे कहा कि लोग इस बड़ी मुहिम में शामिल होकर एक बार पुनः जन चेतना को जागृत करें। प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय व जिलाध्यक्ष फैसल हसन तवरेज के नेतृत्व में 16 दिसंबर सुबह भारत जोड़ो प्रांतीय यात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष हाजी शहजादे व संचालन ब्लॉक अध्यक्ष बालकृष्ण शुक्ला ने किया। इस दौरान कार्यक्रम को शिक्षक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष श्याम शंकर उपाध्याय, राधेश्याम मल्लू, सौफीक लारी, जीशान अंसारी, जय प्रकाश तिवारी, चन्द्र शेखर शुक्ल, हृदय नारायण मुन्ना आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर नीरज सरोज, ललित चौरसिया, कृपा शंकर पटेल, नंद लाल यादव आदि उपस्थित रहे।



भूत प्रेत-पिशाच-काली संग सभी थिरके

राधा कृष्ण के रास बने आकर्षण का केन्द्र

शिव की बारात में शहरवासी बने साक्षी

काशी विश्वनाथ धाम के प्रथम लोकार्पण दिवस पर निकली शिव बारात

# कैलाश धुआं धुआं है...

राधेश्याम कमल

*वाराणसी। कैलाश धुआ-धुआं है... पर भूत-प्रेत-पिशाच-काली संग सभी थिरके। सड़क पर कहीं काली डांस के संग तो कहीं राधा-कृष्ण के रास पर थिरकते हुए लोग। कहीं पर भोलेनाथ का नृत्य चल रहा था तो कहीं शिव-पार्वती एक रथ पर विराजमान नजर आये। बड़ी वाली चिलम पर शिव बने एक स्वरूप धुआं छोड़ रहा था। एक ओर जहां बैण्ड बाजा पर लोग डांस कर रहे थे तो वहीं दूसरी ओर डीजे की धुन पर सभी थिरकते नजर आये। बारात में भभूत भी उड़ रहा था। इसमें युवाओं के अलावा महिलाएं व युवतियां भी शामिल थी। बच्चों के लिए तो आज का दिन उनके लिए खास बन गया था। काली के स्वरुप संग सेल्फी खिंचवाने के लिए लोगों की होड़ लगी रही। काली डांस में लोगों ने सर्वाधिक सेल्फी खिंचवायी। मैदागिन से लेकर चौक-गोदौलिया-गिरजाघर तक ऐसा लगा जैसे शिव बारात में साक्षी बनने के लिए पूरा बनारस ही सड़क पर उमड़ पड़ा हो। मौका था मंगलवार को दोपहर में काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के प्रथम वर्षगांठ पर शिव बारात समिति की ओर से निकाली गई शिव बारात का। वेशभूषा देख कर सड़कों पर हर-हर-महादेव का उद्घोष गूंजता रहा। आज ही के दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण किया था। इस मौके पर पूरे शहर में एक रौनक दिखने को मिली। शिव बारात में भगवान शिव के अलग-अलग गणों की वेशभूषा में कलाकार लोगों के बीच आकर्षण का केन्द्र बने रहे। कलाकार नृत्य करते हुए जिस भी रास्ते से गुजरे हर कोई थिरकता नजर आया। सड़कों पर खड़े लोग एकटक होकर इसे निहारते नजर आये।*



काली नृत्य

सभी फोटो शंकर चतुर्वेदी

पेज सज्जा सौरभ जायसवाल

दम मारो दम की मुद्रा में अड़भंगी





## भगवान श्रीराम के वनवास वापसी जैसा दृश्य दिखा

काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण दिवस के प्रथम वर्षगांठ पर लोक महोत्सव के तहत निकली शिव बारात ने बरबस ही मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के वनवास वापसी जैसा दृश्य दिखा दिया। जब भगवान श्रीराम की वनवास से अयोध्या वापसी हुई थी तब पूरी अयोध्या उनके स्वागत में सड़कों पर उतर आयी थी। यही स्थिति मंगलवार को मैदागिन से गोदौलिया तक देखने को मिली। शिव बारात की शोभायात्रा में सबसे आगे बैंड पार्टी इसके बाद फिर दूसरी बैंड पार्टी धुन पर सभी को लुभी रही थी। इसके बाद एक बड़े वाहन पर राधा-कृष्ण का स्वरूप धारण किये नर्तकियों का डांस चल रहा था। इस वाहन के पीछे-पीछे लोग सेल्फी लेने के लिए दौड़ रहे थे। इसके बाद भूत-प्रेत-पिशाच, काली के स्वरूप डांस करते चल रहे थे। काली के स्वरूप जहां भी रुक कर डांस कर रहे थे उनके साथ भी सभी सेल्फी लेने को उतावले थे। काली के स्वरूप भी उनको निराश न करके उनके साथ सेल्फी खिंचवा रहे थे। इनके पीछे महिलाओं का एक जत्था डांस करते हुए चल रहा था। इसके बाद राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न के स्वरूप घोड़े पर सवार होकर चल रहे थे। इसके साथ ही बालिकाओं का डांडिया डांस सभी भागीदारी कर रहे थे। मैदागिन चौराहे से आगे टाउनहाल गेट के पास विधायक डा. नीलकंठ तिवारी ने हरी झंडी दिखा कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। उनके साथ शिव बारात समिति के संयोजक दिलीप सिंह, संदीप चतुर्वेदी, जगदम्बा तुलस्यान, संजय केशरी, महेश माहेश्वरी, राजेश मिश्र, अशोक तिवारी समेत काफी लोग थे। इसके बाद शिव बारात की शोभायात्रा आगे बढ़ी। क्या राजा क्या रंक, अनाड़ी से लेकर खिलाड़ी तक सभी शोभायात्रा का हिस्सा बने।

## सड़क और छतें रहीं ठसाठस

शोभायात्रा में सड़कों की छतों पर लोग खड़े होकर इस भव्य बारात को निहारते रहे। आम लोगों के अलावा पुलिस के जवानों ने भी डांस कर रहे राधा-कृष्ण या फिर काली के स्वरूपों संग सेल्फी ली। पहली बार किसी शोभायात्रा में अपने घर का चूल्हा चौका छोड़ कर महिलाएं शिव बारात में शामिल हुई। ऐसा लग रहा था जैसे वह किसी शादी में शामिल हो रही हो। बारात में एक बग्घी पर सुदामा तिवारी उर्फ सांड़ बनारसी विराजमान थे। अघोरी, भूत-पिशाच, शिवलिंग, रास, डांडिया, देवी-देवता से सजी धजी बारात को देख कर हर कोई मंत्रमुग्ध था। क्या बच्चा, क्या बूढ़ा, क्या महिला सब अपने रंग में रंगे थे। अश्राम, सोनभद्र, वृंदावन, पूर्वांचल का धोबिया नृत्य बनारस के मसाने की होली सब कुछ देखने को मिला। पहली बार बनारस की सड़कों पर मिनी इंडिया का दृश्य देखने को मिला। शिवा बारात के संयोजक दिलीप सिंह, जगदम्बा तुलस्यान, वंदना रघुवंशी, सांड़ बनारसी, पवन खन्ना, अनुराग मौर्य, सीमा गौड़, प्रिया अग्रवाल, विमल त्रिपाठी आदि रहे।




## सांस्कृतिक सामाजिक संस्थाओं ने किया स्वागत

शोभायात्रा में नगर के प्रायः हर सामाजिक संस्थाओं ने भागीदारी की। यही नहीं हर चौराहे पर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में शामिल लोगों को शर्बत व जल पिलाने की भी होड़ लगी थी। काशी अग्रवाल समाज की ओर से आसभैरो स्थित अग्रवाल भवन के पास समाज के सभापति संतोष कुमार अग्रवाल एवं प्रधानमंत्री मंत्री संतोष अग्रवाल कर्णघण्टा उपसभापति अशोक अग्रवाल, नीरज अग्रवाल ने सभी पदाधिकारियों सहित पुष्प वर्षा कर शिव बारात एवं शोभायात्रा में शामिल सभी शिवभक्तों का भव्य स्वागत सत्कार किया। अग्रसेन महाजनी महाविद्यालय इंटर कॉलेज के स्काउट गाइड के छात्रों द्वारा बैंड बजाते हुए शोभायात्रा की अगवानी की। शोभायात्रा में शामिल हजारों भक्तों को पानी के बोतल भी वितरित किये गए। कार्यक्रम का संयोजन धर्मशाला मंत्री बृजकमल दास अग्रवाल एवं पवन मित्तल ने किया।

काशी विश्वनाथ धाम में प्रथम वर्षगांट पर पूजन करते विधायक डा. नीलकंठ तिवारी



श्रद्धालुओं की लगी कतारें



## विश्वनाथ धाम में प्रथम वर्षगांठ पर हुई भव्य सजावट

### फूलों व मालाओं से की गई थी सजावट
### बाबा का दर्शन करने को लगी रही कतारें

काशी विश्वनाथ धाम में लोकार्पण के प्रथम वर्षगांठ पर मंगलवार को धाम में भव्य सजावट की गई थी। मंदिर परिसर में स्थित चौक को गेंदा के फूलों से सजाया गया था। लोकार्पण का उत्सव मनाने के लिए बाबा का धाम सज-धज कर तैयार किया गया था। गंगा द्वार से लेकर विश्वनाथ द्वार तक पूरा परिसर रंग-बिरंगी रोशनी से नहा रहा था। ऐसा लगा जैसे आसमान से जमीं पर सितारे बाबा विश्वनाथ धाम में बाबा संग उत्सव मनाने आ गये हो। सुबह बाबा धाम में धार्मिक अनुष्ठान किया गया। गणेश पूजन के साथ ही नवग्रह पूजन व विद्वानों का पूजन हुआ। कार्यक्रम में कमिश्नर कौशलराज शर्मा, विधायक डा. नीलकंठ तिवारी, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, सीईओ सुनील कुमार वर्मा, रमन घनपाठी, पीयूष तिवारी समेत काफी लोग मौजूद थे। बाबा विश्वनाथ का दर्शन पूजन करने वालों की भी लंबी कतारें लगी रही।

## काशी विश्वनाथ धाम की परिकल्पना सनातन धर्म उत्थान का एक नया कदम

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ धाम के द्वितीय कार्यक्रम में धाम परिसर में बने त्रयंबकेश्वर हॉल में मंगलवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम की प्राचीनता एवं नवीनता का अनुशीलन विषयक विद्वत संगोष्ठी आहूत की गई। जिसमें सभी मूर्धन्य विद्वानों ने अपने अपने विचार रखे। विद्वानों ने इस धाम की परिकल्पना को सनातन धर्म के उत्थान का एक नया कदम बताया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंगलाचरण से कीगई। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के अध्यक्ष प्रो. नागेंद्र पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्वानों ने अपने अपने विचार श्रोताओं के समक्ष रखें। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित संपूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. नरेंद्र नाथ पांडेय और मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री डॉ नीलकंठ तिवारी ने इस धाम की परिकल्पना भव्यता दिव्यता के बारे में लोगों को बताया। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. चंद्रमौली उपाध्याय ने प्राचीनता एवं नवीनता की अनुशीलन को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के ट्रस्टी पं. दीपक मालवीय, वेंकटरमन घनपाठी, पातालपुरी मठ के महंत बालक दास, सुब्रह्मण्यम मणिजी, पं प्रसाद दीक्षित, प्रो. शत्रुघ्न त्रिपाठी, प्रो. कामेश्वर उपाध्याय, प्रो. उपेंद्र पांडेय, प्रो. रामचंद्र पांडेय सहित बड़ी संख्या में विद्वानों ने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में स्वागत मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा व पीआरओ पीयूष तिवारी एवं संचालन ब्रजभूषण ओझा ने किया।